www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 2 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –168 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



आज गांधी-शास्त्री जयंती

■ राहुल का साहसिक लेख : हिन्दू होने का मतलब निर्भय!
■ गांधी : युग से आगे तक
पृष्ठ 6

■ हाफिज सईद का करीबी सहयोगी कराची में ढेर
■ तुर्की में संसद भवन के पास विस्फोट
पृष्ठ 7

भारतीय तीरंदाजी टीम और ज्योति सुरेखा वेन्नम क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर
पृष्ठ 8

### राहुल गांधी ने हिंदू धर्म पर लिखा लेख

# निर्बल की रक्षा करना ही हिंदू धर्म

**नई दिल्ली**, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म को लेकर एक लेख लिखा। करीब डेढ़ पन्ने के इस लेख में राहुल ने हिंदू होने का मतलब बताया। राहुल ने सत्यम शिवम सुंदरम टाइटल वाले इस आर्टिकल में लिखा कि, निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है। हिंदू इतना कमजोर नहीं होता जो हिंसा का माध्यम बने। राहुल लिखते हैं, कि हिंदू वही है, जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है। उन्होंने लेख में कहा, यह कहना कि हिंदू धर्म केवल कुछ सांस्कृतिक मान्यताओं तक सीमित है उसका अल्प पाठ होगा। किसी राष्ट्र या भूभाग विशेष से बांधना भी उसकी अवमानना है। कांग्रेस नेता ने पूर्वाग्रह तथा भय से मुक्त होकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर सबको आत्मसात करना ही हिन्दू होने का एकमात्र रास्ता बताया गया है। श्री गांधी ने हिन्दू होने का मतलब दार्शनिक अंदाज में समझाते हुए कहा, एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवन रूपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं। भय का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है- वहीं हिंदू है। एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है। जीवन की यात्रा में वह भय रुपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है। एक हिंदू की आत्मा इतनी कमज़ोर नहीं होती कि वह अपने भय के वश में आकर किसी किस्म के क्रोध, घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाए।

■ सत्यम, शिवम, सुंदरम नाम से सोशल मीडिया पर किया साझा

> एक हिंदू की आत्मा इतनी कमज़ोर नहीं होती कि वह अपने भय के वश में आकर किसी किस्म के क्रोध, घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाए : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



**जिंदगी प्रेम और उल्लास का महासागर**

श्री गांधी ने जीवन के अर्थ को परिभाषित करते हुए अपने लेख में लिखा, कल्पना कीजिए, जिंदगी प्रेम और उल्लास का, भूख और भय का एक महासागर है और हम सब उसमें तैर रहे हैं। इसकी खुबसूरत और भयावह, शक्तिशाली और सतत परिवर्तनशील लहरों के बीचोंबीच हम जीने का प्रयत्न करते हैं। इस महासागर में जहां प्रेम, उल्लास और अथाह आनंद है- वहीं भय भी है। मृत्यु का भय, भूख का भय, दुखों का भय, लाभ-हानि का भय, भीड़ में खो जाने और असफल रह जाने का भय। इस महासागर में सामूहिक और निरंतर यात्रा का नाम जीवन है जिसकी भयावह गहराइयों में हम सब तैरते हैं। इसलिए, क्योंकि इस महासागर से आज तक न तो कोई बच पाया है, न ही बच पाएगा।

**सबको आत्मसात करता है हिंदू**

कमजोर वर्ग यानी ओबीसी की राजनीति को साधते हुए उन्होंने कहा हिन्दू धर्म कमजोरों की मदद कर और सबको आत्मसात करता है। एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है। सत्य और अहिंसा की शक्ति से संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

### एशियाई खेल

# एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने जीता सोना




**हांगझोउ**, 1 अक्टूबर (एजेंसी)। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में रविवार को भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ स्पर्धा में रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

**पुरुष निशानेबाजी टीम ने भी जीता स्वर्ण**



भारत के निशानेबाजों ने रविवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन को जारी रखा। पुरुष निशानेबाजी टीम ने स्वर्ण पदक जीता। पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर सिंह संधू और किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों की निशानेबाजी टीम ने शानदान प्रदर्शन कर 361 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में कुवैत को रजत पदक जबकि चीन को तीसरे स्थान का कांस्य पदक मिला।

**गोला फेंक में तेजिंदारपाल का स्वर्णिम प्रदर्शन**




भारत के तेजिंदारपाल सिंह तूर ने रविवार को एशियाई खेलों के गोला फेंक (शॉटपुट) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। तेजिंदारपाल तूर ने 20.36 मीटर के थ्रो में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों का उनका यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है।

## सार संक्षेप

**मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर किया नमन**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। वास्तव में वे सच्चे गांधीवादी थे।

**मोदी ने तेलंगाना को दी 13,500 करोड़ की सौगात**

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तेलंगाना के दौरे पर रहे। उन्होंने यहां 13,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव करने का मन बना लिया है। अब यहां पारदर्शी और ईमानदार सरकार की जरूरत है। राज्य के लोगों ने भाजपा को मजबूत किया है।

**असम के चार जिलों से अफ्सपा हटा**

**गुवाहाटी।** सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफ्सपा) को रविवार से असम के चार जिलों में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। असम पुलिस दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में, डीजीपी जी.पी. सिंह ने कहा कि डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, शिवसागर और चराइदेव जिले 'अशांत क्षेत्रों' के रूप में सूचीबद्ध रहेंगे।

**बीआरएस नेता कासिरेड्डी ने पार्टी से दिया इस्तीफा**

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधान परिषद सदस्य कासिरेड्डी नारायण रेड्डी ने कांग्रेस में शामिल होने का इरादा व्यक्त करते हुए रविवार को पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया। नारायण रेड्डी ने रविवार सुबह अपने आवास पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष , सांसद एन. रावेंथा रेड्डी, के साथ बैठक की और उसके बाद अपना औपचारिक त्याग पत्र जारी किया।

**तमिलनाडु में बस खाई में गिरी, 8 पर्यटकों की मौत**

उधगमंडलम। तमिलनाडु में ऊटी-मेट्टुपालयम घाट रोड पर शनिवार शाम एक बस के खाई में गिर जाने से आठ पर्यटकों की मौत हो गई और 40 से अधिक अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना मारापालम के पास 9वें हेयरपिन मोड़ के पास हुई जब 57 पर्यटकों को लेकर एक बस कोयंबटूर जिले के मेट्टुपालयम जा रही थी।

# मोदी 3 को आएंगे जगदलपुर

### शासकीय कार्यक्रम के बाद होगी लालबाग में सभा

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ) के जगदलपुर दौरा का मिनट टू मिनट कार्यक्रम आ गया है। पीएम मोदी 3 अक्टूबर को जगदलपुर आ रहे हैं। पीएम दिल्ली से सीधे जगदलपुर आएंगे। लगभग 2 घंटें वहां रुकने के बाद कर्नाटक रवाना हो जाएंगे।



प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मोदी का विशेष विमान 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजकर 35 मिनट पर दिल्ली से उड़ान भरेगा। सेना का यह विशेष विमान सुबह लगभग 10 बजकर 55 मिनट पर जगदलपुर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। जगदलपुर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री मोदी लाल बाग पहुंचेंगे। वहां सरकारी कार्यक्रम होगा, जो लगभग 35 मिनट तक चलेगा। 11 बजकर 35 मिनट पर प्रधानमंत्री लाल बाग से रवाना होंगे और पौने 12 बजे सभा स्थल पर पहुंचेंगे। मोदी की सभा दोपहर 12 बजकर 50 मिनट पर समाप्त होगी और इसके बाद वे कर्नाटक के लिए उड़ान भरेंगे।

**चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी ने देखी प्रधानमंत्री प्रवास की तैयारियां**

मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने रविवार को जगदलपुर में 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के बस्तर प्रवास की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए समय पर पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर एडीजी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के. एसएसपी जितेन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण नहीं करने मोदी करें घोषणा : भूपेश

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 3 अक्टूबर को बस्तर दौरे पर नगरनार संयंत्र का निजीकरण नहीं करने की घोषणा करने मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनता 2024 में इन्हें हराए, तब निजीकरण नहीं होगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नगरनार प्लांट के निजीकरण के विरोध में 3 अक्टूबर को बस्तर बंद का ऐलान किया है।

राजीव भवन में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरनार प्लांट के उद्घघाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन एनएमडीसी को दी गई। प्लांट में नौकरी के लिए आदिवासी लगातार आंदोलन करते रहे। हम जब विपक्ष में थे तब भी हमने पत्र लिखा था कि आदिवासियों के उचित व्यवस्थापन हो. सरकार में आने के बाद हमने विधानसभा में संकल्प पारित किया कि नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेश ना किया जाए। राज्य सरकार प्लांट का अधिग्रहण कर ले, लेकिन उसके अधिग्रहण को लेकर ऐसे बिंदु जोड़दिये गये हैंजिससे राज्य सरकार शामिल ना हो सके।



■ प्रधानमंत्री के आगमन पर बैज ने किया 3 को बस्तर बंद का ऐलान
■ केंद्र सरकार नगरनार प्लांट बेचने कर रही है साजिश : मुख्यमंत्री

**राज्य सरकार को दे अनुमति**- राज्य सरकार ने एक अशासकीय संकल्प विधानसभा में पेश किया था कि प्लांट का निजीकरण ना किया जाये और अगर करना ही है तो राज्य सरकार को इसका अधिग्रहण करने की अनुमति दी जाए। लेकिन केंद्र सरकार ने राज्य को बोली लगाने से ही वंचित कर दिया। इसका मतलब साफ़ है कि अपने चहेतों को फ़ायदा पहुँचाने के लिये ऐसा किया गया। आदिवासी समाज में भी इसे लेकर नाराज़गी है। समाज इसका विरोध करेगा।

**भाजपा के लोग रखें अपनी बात**

भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा के विधायकों ने भी विधानसभा में स्टील प्लांट के निजीकरण नहीं करने और अधिग्रहण की स्थिति में राज्य सरकार को दिये जाने के अशासकीय संकल्प पर सहमति दी थी।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## छत्तीसगढ़ में समरसता-सांप्रदायिक सद्भाव की जो अलख बापू ने जगाई वह आज भी प्रेरित कर रही है : सीएम

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया है। महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा है कि महात्मा गांधी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। उन्होंने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, छत्तीसगढ़ सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ में सुराजी गांव योजना शुरू कर नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी को नये रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत बने गौठान अब आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। गोधन न्याय योजना के माध्यम से पशुपालकों और ग्रामीणों से गोबर और गोमूत्र खरीदा जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिला है। श्री बघेल ने कहा कि गांधी जी ने सबकी अच्छी सेहत के लिए कई प्रयोग किए इसलिए हमने सार्वभौम स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिता दी है।

### फिर लगा महंगाई का झटका

# कमर्शियल सिलेंडर 209 रुपए महंगा हुआ

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की घोषणा की है। सूत्रों के मुताबिक एक अक्तूबर से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 209 रुपए बढ़ गई है।



इस बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1731.50 रुपए में मिलेगा। एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपए की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपए हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपए की कटौती की थी। इस तरह, पिछले दो महीनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब 258 रुपए की कटौती की गई थी।

**रेस्टोरेंट में चुकाने पड़ सकते हैं अधिक पैसे**- कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी से महंगाई पर असर पड़ सकता है। खास कर, रेस्टोरेंट में भोजन खाना के लिए आपको अधिक पैसे चुकाने पड़ सकते हैं। एक अक्टूबर 2023 से दिल्ली के अलावा अन्य महानगरों की बात करें तो, कोलकाता में 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1636 रुपये का नहीं बल्कि अब 1839.50 रुपए का मिलेगा। मुंबई में इसकी कीमत 1482 रुपए से बढ़कर 1684 रुपए, जबकि चेन्नई में ये 1898 रुपए में मिलेगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रामलीला मैदान में जुटी भीड़

■ 20 से अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में एकत्रित हुए

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को पुरानी पेंशन स्कीम की मांग को लेकर लगभग 20 से अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में एकत्रित हुए हैं। इस समय देश के 5 राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम लागू है जिसमें कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ व हिमाचल और महागठबंधन सरकार झारखंड शामिल है, वहीं 2022 में पंजाब में भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू है। कांग्रेस पार्टी भी इसे वापस लाने की मांग कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्मचारियों के इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि, वह कर्मचारियों के इस आंदोलन का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है, कर्मचारियों की मांगें जायज है, और सरकार को इसे लागू करना चाहिए। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर हम कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर तुरंत पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे।'




**टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी**

रैली से दिल्ली का रामलीला मैदान खचाखच भरा पड़ा था। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े संगठन इस रैली में शामिल हुए हैं। वहीं दिल्ली पुलिस ने मैदान में टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी है बावजूद इसके कर्मचारियों की भारी संख्या रैली में हिस्सा लेने पहुंची है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की मांग प्रमुख मुद्दा बन चुका है।

**दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे**-दिल्ली शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की देश भर से लाखों कर्मचारी दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों व प्रशासन के अनुसार सात लाख लोगों ने हिस्सा लेकर संख्या का इतिहास कायम किया। पेंशन शंखनाद महारैली में केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों रेल, ऑर्डिनेंस, हेल्थ सेक्टर और शिक्षा विभाग समेत कई अन्य विभागों के लाखों कर्मचारियों ने दिल्ली पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाल करने की हुंकार भरी हैं।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने किया ऐलान

# राजस्थान में पहली बार मिलेगी 'घर से वोट' देने की सुविधा

जयपुर, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की उच्च स्तरीय टीम पिछले तीन दिनों से जयपुर दौरे पर है। रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मैरियट होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में जनता को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'इस बार विधानसभा चुनाव में हम 'वोट फ्रॉम होम' की सुविधा देने जा रहे हैं, जिससे मतदाता बिना पोलिंग बूथ पर आए घर बैठे अपना वोट डाल सकेंगे। 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले मतदाताओं के लिए हम ये सुविधा शुरू करने जा रहे हैं. राज्य में ऐसे वोटर्स की संख्या 11.8 लाख है। इनके अलावा 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले 18,400 मतदाता भी हैं। इस सुविधा का लाभ लेने के ऐसे मतदाताओं को फॉर्म-12डी भरना होगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद 5 दिन के अंदर इसे भरा जा सकता है। मतदाताओं की फाइनल लिस्ट 4 अक्टूबर को जारी कर दी जाएगी।

राजीव कुमार ने आगे कहा, विधानसभा चुनाव के लिए पूरे राजस्थान में 51 हजार पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे. हर पोलिंग बूथ पर एवरेज 1002 मतदाता वोट डालेंगे। ज्यादातर पोलिंग स्टेशन ग्रामीण इलाकों में बनाए जाएंगे. इनमें से 50 प्रतिशत पोलिंग स्टेशन से वेब कास्टिंग होगी, ताकि कोई भी गड़बड़ी हो तो तुरंत सामने आ गाए। इनके अलावा 200 बूथ ऐसे जिनकी जिम्मेदारी दिव्यांग अधिकारी संभालेंगे।

### लखीमपुर खीरी हिंसा मामला | चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी

# दो साल बाद भी न्याय की बांट जोह रहे हैं पीड़ित

■ 171 गवाहों में से केवल चार ने बयान दर्ज कराए

**लखीमपुर खीरी, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी हिंसा के दो साल पूरे हो जाएंगे, जहां तिकुनिया पुलिस स्टेशन के तहत चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। लेकिन पीड़ित अभी तक न्याय की बाट जोह रहे हैं। हालांकि, मामला कछुआ गति से आगे बढ़ता दिख रहा है और पीड़ित न्याय के लिए अंतहीन इंतजार कर रहे हैं।**

*वहीं मामले को लेकर राजनेता आगे बढ़ गए हैं और मामले में रुचि खो दी है। चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्रीय मंत्री अकाय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा, जो इस मामले के आरोपियों में से एक हैं, उनके खिलाफ मामले में अब तक 171 गवाहों में से केवल चार ने अदालत के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए हैं। आशीष को तीन कृषि सुधार कानूनों (निरस्त होने के बाद) के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़कने और तत्कालीन यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के क्षेत्र के दौरे के छह दिन बाद 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।*

*यूपी पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, चार किसानों को एक एसयूवी ने कुचल दिया, जिसमें आशीष मिश्रा बैठे थे। इसके बाद, एसयूवी चला रहे व्यक्ति और दो भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर गुस्साए किसानों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। एफआईआर में कहा गया है कि हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी। जिला अदालत, लखीमपुर खीरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (प्रथम) सुनील कुमार वर्मा मामले की सुनवाई कर रहे हैं। पहले गवाह ने जनवरी 2023 में अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था। कोर्ट में किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील सुरेश सिंह ने कहा कि मामले को हर 8-10 दिन में एक बार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मुकदमा इस साल 12 जनवरी को शुरू हुआ क्योंकि अभियोजन और बचाव दोनों पक्षों की ओर से अदालत के सामने बड़ी संख्या में आरोपमुक्त करने के आवेदन आए। इस मामले में कई लोक सेवक भी गवाह हैं, जो हिंसा के समय लखीमपुर खीरी में तैनात थे। सिंह ने कहा, तत्कालीन डीएम, एसडीएम,*

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## राजकुमार संतोषी के साथ फिर काम करेंगे सनी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल, फिल्मकार राजकुमार संतोषी के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। सनी देओल ने राजकुमार संतोषी के साथ घायल, घातक और दामिनी जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। चर्चा है कि राजकुमार संतोषी के साथ सनी फिर काम करने जा रहे है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म लोकप्रिय पंजाबी नाटक जिस लाहौर नई देख्या ओ जम्याई नई पर आधारित होगी। यह घटना 1947 में भारत और पाकिस्तान के विभाजन के आसपास की है। इसकी कहानी एक मुस्लिम परिवार के बारे में है जो लखनऊ से लाहौर चला जाता है। वहां उन्हें शहर से भाग रहे एक हिंदू परिवार द्वारा छोड़ी गई एक बड़ी हवेली में आश्रय मिलता है। ड्रामा तब शुरू होता है जब बड़े महल जैसे घर में रहने वाली एक बूढ़ी हिंदू महिला प्रॉपर्टी छोड़ने से मना कर देती है।

# 'खतरों के खिलाड़ी' में मिला 'शेर खान' का टैग मेरे लिए गेम चेंजर हुआ साबित : हिना खान



**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 8 की फाइनलिस्ट 'शेर खान' के नाम से मशहूर एक्ट्रेस हिना खान ने अपने इस टैग के बारे में खुलकर कहा कि यह कितना अच्छा था और इसने वास्तव में उनकी दुनिया बदल दी। हिना ने 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 13 में चैलेंजर के तौर पर वापसी की है। स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो हर गुजरते हफ्ते के साथ डर को एक नए लेवल पर बढ़ा रहा है। एक्शन मास्टर और शो के होस्ट रोहित शेट्टी, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन के जंगल में पहले कभी नहीं देखे गए स्टंट और कंस्टेंट्स के साथ मौजूद हैं। चैलेंजर हिना ने शो में वापसी पर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। 'खतरों के खिलाड़ी 8' में फाइनलिस्ट बनने के बाद से वह एक व्यक्ति के रूप में कैसे विकसित हुई हैं, इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं हर मायने में ज्यादा साहसी हो गयी हूं, न केवल फिजिकल ट्रायल का सामना करने में बल्कि जीवन की अप्रत्याशितता को अपनाने में भी। मैंने वास्तविक दुनिया और रील दोनों में नई चुनौतियों का खुली बांहों से स्वागत करना सीख लिया है। हिना ने कहा, निडरता की इस नई भावना ने अवसरों और रोमांच की एक ऐसी दुनिया खोल दी है जिसे तलाशने में मुझे कभी झिझक होती थी।

### भारतीय-अमेरिकी शोधकर्ता के नेतृत्व में अध्ययन

# रक्त कैंसर के विकास को तेज कर सकता है मधुमेह

**वाशिंगटन,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए गए एक शोध से यह बात सामने आई है कि मल्टीपल मायलोमा (कैंसर कोशिकाओं द्वारा निर्मित खतरनाक एंटीबॉडी) से पीड़ित मरीज जिन्हें मधुमेह भी है, उनमें जीवित रहने की दर मधुमेह रहित लोगों की तुलना में कम होती है।

जांचकर्ता लंबे समय से मधुमेह के रोगियों में मल्टीपल मायलोमा (कैंसर कोशिकाओं द्वारा निर्मित खतरनाक एंटीबॉडी) के बढ़ते जोखिम के बारे में जानते हैं, इन स्थितियों के साथ रहने वाले लोगों के बीच जीवित रहने की दर की जांच करने वाला यह पहला अध्ययन है।

ब्लड एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, एक उपसमूह विश्लेषण में मधुमेह के कारण जीवित रहने में यह अंतर श्वेत रोगियों में देखा गया, लेकिन अश्वेत रोगियों में नहीं। मेमोरियल स्लोअन केटरिंग कैंसर सेंटर में मल्टीपल मायलोमा विशेषज्ञ उर्वी शाह ने कहा कि हम पूर्व अध्ययनों से जानते थे कि मल्टीपल मायलोमा और मधुमेह वाले रोगियों में जीवित रहने की दर कम होती है।

उन्होंने कहा कि हम यह नहीं जानते थे कि ये परिणाम अलग-अलग नस्लों में कैसे भिन्न होते हैं। श्वेत व्यक्तियों की तुलना में अश्वेत व्यक्तियों में मधुमेह अधिक आम है, और हम यह समझना चाहते थे कि क्या यह अंतर दोनों स्थितियों वाले रोगियों के स्वास्थ्य परिणामों में भूमिका निभा सकता है।





- **जीवित रहने की दर मधुमेह रहित लोगों की तुलना में कम**
- **मोटे मधुमेह वाले चूहों में गैर-मधुमेह वाले चूहों की तुलना में मल्टीपल मायलोमा ट्यूमर अधिक**

शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन किया, जिसमें मल्टीपल मायलोमा वाले 5,383 रोगियों के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य देखभाल रिकॉर्ड से डेटा एकत्र किया गया। इसमें शामिल पंद्रह प्रतिशत रोगियों को मधुमेह था। (श्वेत रोगियों में 12 प्रतिशत और अश्वेत रोगियों में 25 प्रतिशत)

डॉ. शाह और सहकर्मियों ने देखा कि मायलोमा वाले रोगियों जिन्हें मधुमेह भी है, उनमें जीवित रहने की दर मधुमेह रहित लोगों की तुलना में कम थी।

इस समूह में, 60 वर्ष से अधिक उम्र के श्वेत रोगियों की तुलना में 45-60 वर्ष के अश्वेत रोगियों में मधुमेह 50 प्रतिशत अधिक था। इन निष्कर्षों के पीछे के तंत्र की जांच करते समय डॉ. शाह और सहकर्मियों ने देखा कि माउस मॉडल में मोटे मधुमेह वाले चूहों में गैर-मधुमेह वाले चूहों की तुलना में मल्टीपल मायलोमा ट्यूमर अधिक तेजी से बढ़ा।

डॉ. शाह और सहकर्मियों का लक्ष्य उन उपचारों की पहचान करना है जो मल्टीपल मायलोमा और अतिसक्रिय इंसुलिन सिग्नलिंग मार्ग दोनों के विकास को रोकते हैं। उनका मानना है कि यह मल्टीपल मायलोमा और मधुमेह के रोगियों में प्रचलित हो सकता है। डॉ. शाह यह भी जांच कर रहे हैं कि कैंसर के परिणामों में सुधार के लिए माइक्रोबायोम (बैक्टीरिया) और आहार जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों को कैसे बदला जा सकता है।

# ग्लोबल इंडियन अवार्ड पाने वाली पहली महिला बनीं सुधा मूर्ति



**टोरंटो,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंफोसिस के सह-संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति की पत्नी प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति को इंडो-कैनेडियन समारोह में कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा 'ग्लोबल इंडियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। ग्लोबल इंडियन अवार्ड हर साल एक प्रमुख भारतीय को दिया जाता है जिसने अपने चुने हुए क्षेत्र में एक प्रमुख छाप छोड़ी है। अवार्ड की राशि 50,000 डॉलर है। कनाडा इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश ठक्कर ने शनिवार रात कहा कि हमें सुधा मूर्ति को ग्लोबल इंडियन अवार्ड प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने अपना पूरा करियर आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके द्वारा चुने गए क्षेत्र में सफलता पाने का मार्ग प्रशस्त करने में बिताया है और वह समाज को कुछ वापस देने के लिए उत्साहित हैं।

भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा से पुरस्कार स्वीकार करते हुए सुधा मूर्ति ने कहा कि आपके देश से यह पुरस्कार पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस पुरस्कार के लिए उन्हें चुनने के लिए कनाडा इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) को धन्यवाद देते हुए मूर्ति ने कहा कि सीआईएफ महाभारत में कृष्ण की तरह है। कृष्ण देवकी के भी पुत्र हैं और यशोदा के भी। देवकी उनको जन्म देने वाली मां थीं और यशोदा ने उनका पालन-पोषण किया। आप भारत में पैदा हुए हैं लेकिन यहीं बसे हैं, यह यशोदा है और आपकी माता भारत है। दोनों देशों के बीच एक सेतु के रूप में भारत-कनाडाई प्रवासियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आप एक अलग भूमि में भारतीय संस्कृति के वाहक हैं। कृपया इसे जारी रखें। जैसा कि उनके पति को भी 2014 में यही पुरस्कार दिया गया था, सुधा मूर्ति ने हंसी के बीच कहा कि इस पुरस्कार के बारे में एक मजेदार बात है क्योंकि नारायण मूर्ति को भी यह पुरस्कार 2014 में मिला था और मुझे यह 2023 में मिला है। इसलिए पुरस्कार प्राप्त करने वाले हम पहले जोड़े हैं। उन्होंने पुरस्कार राशि द फील्ड इंस्टीट्यूट (टोरंटो विश्वविद्यालय) को दान कर दी, जो गणित और कई विषयों में सहयोग, नवाचार और सीखने को मजबूत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है।



# 'मोह मोह के धागे' के गाने और फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी : भूमि पेडनेकर

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। आइकोनिक सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' में स्पेशल गेस्ट के तौर पर पहुंची बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' के गाने 'मोह मोह के धागे' के लिए म्यूजिक कंपोजर और सिंगर अनु मलिक को धन्यवाद दिया। भूमि ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित और शरत कटारिया द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी 'दम लगा के हईशा' से की थी। इस फिल्म में वह एक्टर आयुष्मान खुराना की पत्नी बनी थी, जो अपने पति से ज्यादा वजन की महिला थी। मोह मोह के धागे गाने का फीमेल वर्जन मोनाली ठाकुर ने गाया है और म्यूजिक अनु मलिक ने दिया है। मेल वर्जन पापोन द्वारा गाया गया है। शो के अपकमिंग एपिसोड में खूब मस्ती और खूबसूरती देखने को मिलेगी। भूमि पेडनेकर, शहनाज गिल, कुशा कपिला, डॉली सिंह और शिबानी बेदी शो में स्पेशल गेस्ट के तौर पर आएंगी। अपने पिछले सीजन की जबरदस्त सफलता के बाद, 'सा रे गा मा पा' धमाकेदार वापसी कर रहा है, जिसमें हिमेश रेशमिया, नीति मोहन और अनु मलिक जज हैं और होस्ट आदित्य नारायण हैं। शो में कंटेस्टेंट रानीता बनर्जी ने 'मोह मोह के धागे' गाया। उनकी इस परफॉर्मेंस से इंप्रेस होकर जज और भूमि ने जमकर सराहना की।

### वैज्ञानिकों ने शोध में किया खुलासा

# चैटजीपीटी हो सकता है ज्यादा असरदार साइकोथेरेपी

**न्यूयॉर्क,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में किए गए दो शोधों में खुलासा किया गया है कि ओपनएआई के चैटजीपीटी-4 किसी व्यक्ति की सोच, उसकी डेमोग्राफी के अनुसार उसके लिए उसकी शैली के अनुसार नैरेटिव बना सकता है। पिछले रिसर्च से पता चला है कि पर्सनल नैरेटिव्स आइडेंटिटी में महत्वपूर्ण रोल निभा सकते हैं और हमें अतीत और वर्तमान को समझने में मदद कर सकते हैं। यह लोगों की नैरेटिव को रिइन्टरप्रेट करने में मदद करके, थेरेपिस्ट्स मरीजों को स्वस्थ विचारों और व्यवहारों की ओर मार्गदर्शन कर सकते हैं। पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के पॉजिटिव साइकोलॉजी सेंटर के शोधकर्ताओं ने इंडिविजुअल पर्सनल नैरेटिव्स जनरेट करने के लिए चैटजीपीटी-4 की क्षमता का टेस्ट किया। जर्नल ऑफ पॉजिटिव साइकोलॉजी में प्रकाशित स्टडी के निष्कर्षों से पता चला है कि 26 में से 25 प्रतिभागियों ने एआई-जनरेटेड प्रतिक्रियाओं को पूरी तरह या अधिकतर सटीक बताया, 19 ने नैरेटिव को बहुत या कुछ हद तक आश्चर्यजनक बताया, और 19 ने संकेत दिया कि उन्होंने अपने बारे में कुछ नया सीखा है।




- **26 में से 25 प्रतिभागियों ने एआई-जनरेटेड प्रतिक्रियाओं को पूरी तरह सटीक बताया**

साइकोलॉजी प्रोफेसर और पॉजिटिव साइकोलॉजी सेंटर के निदेशक मार्टिन सेलिगमैन ने कहा कि साइंटिफिक साइकोलॉजी के इतिहास में यह एक दुर्लभ क्षण है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब अधिक प्रभावी साइकोथेरेपी और कोचिंग का वादा करती है। प्रत्येक प्रतिभागी के लिए, शोधकर्ताओं ने चैटजीपीटी-4 रिकॉर्ड को दर्ज किया, जिसकी तुलना 'मैं भूखा हूं' या 'मैं थक गया हूं' जैसे सरल विचारों वाली डायरी एंट्री से की गई थी।

द जर्नल ऑफ पॉजिटिव साइकोलॉजी में समवर्ती रूप से प्रकाशित एक अलग स्टडी में, टीम ने चैटजीपीटी-4 में पूरी तरह से सटीक रेटिंग वाले पांच नैरेटिव को फीड किया और स्पेसिफिक इंटरवेंशन्स के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने पाया कि चैटबॉट ने अत्यधिक प्रशंसनीय कोचिंग स्ट्रेटजी और इंटरवेंशन्स को जनरेट किया। शोधकर्ताओं ने कहा कि चूंकि कोचिंग और थेरेपी में आम तौर पर ऐसी पहचान को विकसित करने में शुरुआती समय का एक बड़ा हिस्सा खर्च होता है, इसलिए इसे 50 विचारों से स्वचालित रूप से प्राप्त करना एक बड़ी बचत का प्रतिनिधित्व करता है। टीम ने पाया कि चैटजीपीटी केवल 50 स्ट्रीम-ऑफ-कांशसनेस विचारों और बुनियादी डेमोग्राफी जानकारी के साथ, अत्यधिक सटीक और विस्तृत पर्सनल नैरेटिव देने में सक्षम है।

# अर्जुन रामपाल ने गोवा में मिरामार बीच की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेता अर्जुन रामपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक तारीख एक घंटा एक साथ' के राष्ट्रीय आह्वान को लेकर गोवा के मीरामार बीच पर सफाई अभियान का नेतृत्व किया। गोवा में अर्जुन और फिल्म निर्माता-अभिनेता राहुल मित्रा स्वच्छता अभियान में का हिस्सा बने। गोवा पर्यटन विकास निगम, रोटरी क्लब और एल शादाई के सहयोग से पणजी के प्रधान आयकर निदेशक (जांच) द्वारा आयोजित इस सफाई अभियान में बॉलीवुड हस्तियों के साथ बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमी, स्कूली बच्चे और युवा शामिल हुए।

इस विशेष अभियान में अर्जुन ने कहा कि अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ ग्रह छोड़ना हमारी जिम्मेदारी है। अर्जुन ने सोशल मीडिया पर भी ड्राइव से तस्वीरें साझा कीं।

उन्होंने लिखा कि एक सुबह हमारी गंदगी साफ करने में अच्छी तरह बीती। माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की समुद्र तट सफाई पहल में स्वच्छता के लिए एक तारीख एक घंटा एक साथ के तहत श्रमदान किया गया। अर्जुन ने कहा, बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और पर्यावरण प्रेमी जुड़े। सभी ने बढ़िया काम किया।

# खान पान में अनियमितता के कारण बढ़ रहे हृदय हार्ट रोग के मामले



- **हृदय रोग पर कार्यक्रम आयोजित**

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। हर साल की तरह इस बार भी विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कालरा अस्पताल के सौजन्य से हार्ट रोग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालरा अस्पताल के हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. आर एन कालरा ने कहा कि तेजी से बदलती जीवन शैली और खान पान में अनियमितता के कारण हार्ट रोग के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से व्यायाम करें खान पान पर विशेष ध्यान जिसमे तलीय पदार्थों का सेवन कम से कम हो। उन्होंने कहा कि मोटापा और हाई कोलेस्ट्राल के साथ-साथ मानसिक तनाव के कारण हार्ट रोग के मामले बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित कालरा ने कहा कि हार्ट रोगियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए और समय समय पर हार्ट की जांच करवानी चाहिए ताकि हार्ट रोग से बचाया जा सके। इस अवसर पर तमाम हार्ट रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया और हार्ट रोग से बचाव की जानकारी दी है।

# 'इंटरनेशनल कॉफी डे' पर अभिषेक बच्चन ने कहा कि हर घूंट इंतजार के लायक है

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। रविवार को 'इंटरनेशनल कॉफी डे' के अवसर पर अभिनेता अभिषेक बच्चन ने पेय पदार्थ के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। कॉफी को पेय पदार्थ के रूप में बढ़ावा देने के लिए 'अंतरराष्ट्रीय कॉफी दिवस' मनाया जाता है। इस दिन का उपयोग कॉफी व्यापार को बढ़ावा देने और कॉफी उत्पादकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। फोटो-शेयरिंग एप्लिकेशन का सहारा लेते हुए, अभिषेक ने कई तस्वीरें साझा की, जिसमें उन्हें गहरी सोच में देखा जा सकता है।



पहली तस्वीर में एक नोट है, जिसमें लिखा है 'रास्ते में...'। दूसरी तस्वीर, जो उनके प्रोजेक्ट से ली गई है, उसमें वह चिड़चिड़े मूड में हैं। नोट में लिखा है, 'अभी भी रास्ते में...' आखिरी तस्वीर में वह तांबे के गिलास में कॉफी पीते दिख रहे हैं। नोट में लिखा था, 'डिलीवर्ड।' अभिषेक ने पोस्ट को कैप्शन दिया कि हर घूंट इंतजार के लायक है। इंटरनेशनल कॉफी डे। प्रशंसकों ने लिखा 'कॉफी- मिठास की चुस्की', 'हैप्पी अक्टूबर।' अभिषेक को हाल ही में 'घूमर' में देखा गया था। आर बाल्की द्वारा निर्देशित इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में सैयामी खेर, शबाना आजमी और अंगद बेदी भी हैं। 'घूमर' में सैयामी एक लकवाग्रस्त खिलाड़ी की भूमिका निभा रही हैं।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

# 'बुजुर्ग बोझ नहीं, मार्गदर्शक हैं'

**प्रयागराज,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को अनुभवों का खजाना के साथ-साथ संस्कृति एवं सभ्यता का ध्वजवाहक माना जाता है लेकिन पारिवारिक संरचना में क्रमिक बदलाव, संयुक्त से एकल परिवारों में परिवर्तन के कारण परिवार में बुजुर्गों की उपेक्षा बढ़ रही है।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रयागराज की 'आधारशिला वृद्धाश्रम' के निदेशक गोस्वामी शशांक भारती ने बताया कि बुजुर्ग हमारी संस्कृति एवं सभ्यता के ध्वजवाहक हैं, हमारी सम्पदा हैं। उनका अनुभव और ज्ञान हमारे लिए मार्गदर्शन का काम करता है। आधुनिक जीवन शैली, पीढ़ियों में अंतर, विचारों में भिन्नता के कारण आजकल की युवा पीढ़ी कि कर्तव्यहीनता और निष्ठुरता के कारण उन्हें उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि परिवार के बुजुर्ग अनुभव की भट्ठी में तपकर सही मार्ग दिखाने वाले सच्चे पथ प्रदर्शक हैं। वे व्यापक व्यवहारिक प्रशिक्षण के बल पर परिवार के सबसे ज्यादा हितकर सदस्य होते है। महिलाओं और बच्चों से कैसा व्यवहार होना चाहिए इस पर जागरूकता हो रही है लेकिन बुजुर्गों से कैसा व्यवहार और आचरण होना चाहिए, समाज में इस दिशा में कोई जागरूकता नहीं दिखलाई पड़ रही है। जब हम उनकी भावनाओं को समझेंगे, उनके साथ दो पल बिताएंगे और अपनेपन का एहसास जगाएंगे तो वृद्धाआश्रम की अवधारण समाज से समाप्त हो जाएगी। यह वृद्धाआश्रम परित्यक्त और निराश्रित बुजुर्गों को शांतिपूर्ण और सुखी जीवन जीने में सहायक है।

भारती ने बताया कि यहां पर वर्तमान में 105 बुजुर्ग सदस्य रह रहे हैं, जिसमें 45 महिलाएं और 60 पुरूष हैं। यह वृद्धाआश्रम परित्यक्त और निराश्रित बुजुर्गों को शांतिपूर्ण और सुखी जीवन जीने में सहायक है। इनकी अब यही एक नई दुनिया है और यही इनका परिवार। न किसी से कोई शिकवा और न ही किसी से शिकायत। खुशहाली पूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

- **निराश्रित बुजुर्गों को शांतिपूर्ण और सुखी जीवन जीने में सहायक**

निदेशक ने बताया कि पारिवारिक रिश्तों के अर्थ एवं उनकी मर्यादा एक संयुक्त परिवार में आसानी से समझी जा सकती है। संयुक्त परिवार व्यवस्था में सहनशीलता, धैर्य, सामंजस्य समस्याओं को सुलझाना, सामाजिकता, आत्म अनुशासन, संवेदनशीलता जैसे गुण स्वत: विकसित हो जाते हैं। वर्तमान में स्वतंत्रता एवं स्वच्छन्दता की आड़ में बहुत सारे संयुक्त परिवार, एकल परिवारों में परिवर्तित होते जा रहे हैं। ऐसे परिवारों में पलने वाले बच्चे अपने व्यक्तित्व के विकास एवं संवर्धन के लिए कुछ न कुछ महत्वपूर्ण घटक खो रहे हैं।



संयुक्त परिवार की परम्परा अपने आप में एक पाठशाला है। यहां एक छोटे बच्चे से लेकर एक बुजुर्ग तक शिक्षक न होते हुए भी जीवन का पाठ देते हैं। वट वृक्ष की भांति प्रतिष्ठित परिवार के बड़े बुजुर्ग न केवल संरक्षण प्रदान करते हैं, अपितु नई पीढ़ी को अपने अनुभवों के द्वारा जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं।

शहीद उधम सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद सारिक ने बताया कि भारतीय संस्कृति में संयुक्त परिवार को एक आदर्श परिवार का दर्जा प्राप्त है। मानवीय शरीर की क्षीण काया भी परिवार की मजबूत नींव के रूप में स्थान रखती है। जिस प्रकार पुरानी एवं मजबूत नींव मकान की विशालता का सबूत देती है। ठीक उसी तरह परिवार के वृद्धजन उस परिवार की संगठन शक्ति का उदाहरण है। जिन परिवारों में वृद्धों का आशीर्वाद बना रहता है, उन परिवारों की संपन्नता और सुख शांति अनुशासन की कहानी कहती दिखाई पड़ती है। परिवार के बुजुर्गों को बोझ मानने वाले अपने जीवन का सही रूप में आनंद नहीं ले पाते हैं। उनकी संघर्ष यात्रा ही वह ताकत है, जिसके बल पर एक परिवार बुलंदी पर पहुंच सकता है। परिवार का मुखिया ही वह मार्ग दिखाता रहता है, जहां ऐश्वर्य के साथ आनंद की प्राप्ति होती रही है। हमारी भारतीय संस्कृति और परंपरा में हमें ऐसी जवाबदारी का अहसास भी कराया गया है। वृद्धावस्था के प्रति उपेक्षा, अवमानना एवं घृणा का भाव पाश्विक सभ्यता का ही परिचायक हो सकता है। आज दूषित और बदली हुई परिस्थितियों में लोग असभ्यता के उफान जैसे चक्रवात में फंसकर घर के अतिविशिष्ट सम्माननीय बुजुर्गो को अपनी रंगीन जीवनचर्या के बीच भार मानने लगे है। उनके लिए भरण पोषण की व्यवस्था को बड़ा उपकार समझ रहे है, उनके सुख दुख को, भावनात्मक उतार चढ़ाव को समझने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे है, एक दिन वही उन्हें भी वापस मिलेगा।

# फ्लाइट में 6 महीने के बच्चे की अटकी सांसें, आईएएस डॉ. नितिन कुलकर्णी ने बचाई जान

**नई दिल्ली**, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 6 महीने के बच्चे को शनिवार को रांची-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट में सांस लेने में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा। दो साथी यात्री जो डॉक्टर थे, बच्चे की मदद के लिए आगे आए और उसकी जान बचाई। आईएएस अधिकारी और प्रशिक्षण प्राप्त डॉक्टर डॉ. नितिन कुलकर्णी तथा रांची सदर अस्पताल के एक डॉक्टर ने इमरजेंसी चिकित्सा सहायता के रूप में वयस्कों के लिए बने मास्क और अन्य दवाओं का उपयोग करके ऑक्सीजन की आपूर्ति की और बच्चे का उपचार किया। सुबह 9.25 बजे फ्लाइट के लैंड होने के बाद मेडिकल टीम ने बच्चे को अपनी देखरेख में लिया और ऑक्सीजन सपोर्ट दिया। बच्चे को एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एक यात्री ए.एस देओल जो उसी फ्लाइट में यात्रा कर रहा था, अपने एक्स अकाउंट से झारखंड गवर्नर को टैग करते हुए पोस्ट किया। यात्री ने लिखा, 'डॉक्टर भगवान के भेजे हुए फरिश्ते हैं। आज सइंडिगो फ्लाइट में एक 6 महीने के बच्चे को बचाते हुए देखा। आईएएस डॉ. नितिन कुलकर्णी ने एक डॉक्टर के रूप में अपनी भूमिका निभाई और बच्चे को बचाया। आपको सलाम सर।'

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार 2 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## गांधी को स्वीकारने-नकारने की ऊहापोह

अपनी मृत्यु के 76 वर्षों के बाद भी सारी दुनिया जिस व्यक्ति के आगे नतमस्तक होती है, उनका अपना देश एक बार फिर उनकी जयंती मना रहा है। पिछले लगभग एक दशक से महात्मा गांधी की जयंती हो अथवा पुण्यतिथि, उन्हें याद करते वक्त देश के सामने यह द्वंद्व बराबर खड़ा होता है कि बापू को स्वीकारें या अब वे त्याज्य हैं? ऊहापोह की यह स्थिति तैयार की गई है, कृत्रिम है; वरना जैसे व जितने लम्बे समय से गांधी जी के नाम को मिटाने के प्रयास हुए हैं, वे सफल हो जाते तो उनके नाम पर होने वाले आयोजन कब के रुक गये होते। उनकी नश्वर काया को मिटाने वाले लोगों, विचारधाराओं और संगठनों ने सोचा भी न होगा कि शरीर छोड़ देने के बाद भी वे ऐसी लम्बी पारी खेलेंगे जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। उल्टे, उनका नामो-निशान मिटाने की जितनी कोशिशें हो रही हैं, गांधी का नाम उतना ही बोल्ड और ज़ूम होता जा रहा है। खैर, गांधी को सहेजने और निपटाने की इस रस्साकशी में देश सोमवार को उन्हें फिर से याद कर रहा है। उनके नाम पर होने वाले छोटे-बड़े आयोजनों में उन्हें भी शामिल होना पड़ता है जो यह करना कतई नहीं चाहते। करते भी हैं तो अनिच्छा से।

तो भी, गांधी का केवल नाम बचाये रखना काफी नहीं है। उनके विचारों को अमल में लाना आज भी भारतीय समाज के सामने एक बड़ा टास्क बना हुआ है। गांधी खुद का नाम अमर करने या देश भर में अपनी बड़ाई के किस्से प्रसारित करने के पक्ष में बिलकुल नहीं थे परन्तु उनके रहते और उनके बाद की दुनिया ने उनका कहा नहीं माना। ऐसा इसलिये क्योंकि गांधी विश्व के लिये ज़रूरी हैं। मानवीयता के लिये अपरिहार्य भी।

गांधी जी को इस हयात से रुख़सत हुए तकरीबन उतने ही साल हुए हैं जितनी पुरानी हमारी आजादी है। स्वतंत्र भारत ने अभी अपनी आंखें ठीक से खोली भी न थीं, कि उसके सामने यकायक बड़ा अंधेरा छा गया था- 30 जनवरी, 1948 को। फिर भी, वे ही रोशनी बने जिनकी अदृश्य ऊंगलियां थामकर हमारे रहनुमाओं ने देश को आगे बढ़ाया। कई सरकारें आईं और गईं। ऐसा नहीं कि इनमें सारे गांधीवादी थे। यहां तक कि उनके तत्काल बाद आई सरकारों ने तो गांधीवादियों की बीज-पुस्तिका 'हिन्द स्वराज' के कई सिद्धातों व विचारों को काटते हुए आधुनिकता का रास्ता अपनाया। बड़े कल-कारखाने, विशालकाय बांध तो उनके राजनैतिक वारिस और प्रिय शिष्य जवाहरलाल नेहरू ने बनवाये। इनके पूर्ण होने के काफी पहले ही बापू जा चुके थे। अगर वे होते भी या ऊपर से देख सकते तो वे खुश ही होते कि उनका पट्टशिष्य ये सारे उपक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के लिये कर रहा है। फिर, नेहरू ने गांधी के अमृत तत्वों को सहेजकर रखा और सियासत को उन पर हावी नहीं होने दिया। कमोवेश, यह सिलसिला वर्तमान सरकार के पहले तक जारी रहा और गांधी हर तरह की व्यवस्थाओं के बीच भी बच गये- 1991 में आई वैश्विक अर्थव्यवस्था की बाढ़ भी उस उपजाऊ मिट्टी को बहाकर नहीं ले जा सकी जिसमें गांधी विचारों के बीज छिड़के हुए थे। पीवी नरसिम्हा राव हों या आर्थिक सुधारों के पुरोधा डॉ. मनमोहन सिंह अथवा संचार क्रांति के प्रणेता राजीव गांधी- किसी ने भी अपनी कार्य प्रणाली से इस पवित्र नाम को दफ़्न नहीं किया।

गांधी को बचकानी व हास्यास्पद चुनौतियां देना हालिया राजनीति की देन हैं जिसने इसके लिये लम्बा इंतज़ार किया था। जितनी पुरानी हमारी स्वतंत्रता है या जितने साल बापू को जाकर हो गये हैं- उससे करीब 25 साल ज्यादा का। 1924 में बने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वतंत्रता आंदोलन का रास्ता अलग था, यह भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि ऐसी किसी राह पर यह संगठन चला ही नहीं। उलटे, वह गांधी जी के नेतृत्व में जारी संघर्ष का मुख्य अवरोध रहा। फिर भी, गांधी को लोग ससम्मान रास्ता देते गये और जनसामान्य को वे ही अपनी मुक्ति का मार्ग महसूस होते रहे। अब परिस्थितियां बदली हुई हैं। एक ओर भरी लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी बसपा सदस्य दानिश अली को सम्प्रदायकसूचक अपशब्द कहकर पार्टी के भीतर बड़ी जिम्मेदारी पा जाते हैं और गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहने वाली प्रज्ञा ठाकुर को वे (मोदी) चाहें दिल से माफ न कर पाये हों, पर उन्हें बरास्ता भोपाल लोकसभा तक पहुंचाते हैं, वहीं पीएम जी-20 सम्मेलन में आये मेहमानों को राजघाट पर एकत्र कर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि भारत आज भी गांधी का देश है। यह मोदी को हैरान से ज्यादा व्यथित करने वाला होता होगा कि दुनिया में वे जहां भी जाते हैं, गांधी जी उनका पीछा नहीं छोड़ते। उन्हें वहां के चौक-चौराहों पर लगी गांधी प्रतिमाओं के सामने शीश नवाना होता है- सिर्फ फोटोबाजी के लिये नहीं वरन स्वयं को एक मानवीय समाज का हिस्सा बतलाने के लिये। मेजबान हों या भारत आने वाले विदेशी मेहमान, उनकी पीड़ा को यह कहकर बढ़ाते हैं कि भारत की पहचान गांधी से है।

दिलचस्प यह है कि भारत में राजनीति करने वाले गांधी विरोधियों को भी अपनी प्रासंगिकता साबित करने के लिये गांधी का जपनाम करना पड़ता है। गांधी को अपशब्द कहकर वे कुछ सनसनी फैला सकते हैं, मनोरंजन भी करते हैं परन्तु इससे वे अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खो बैठते हैं। वह इसलिये क्योंकि आज भी बापू आदर्शों व मूल्यों के अल्टीमेट मानक बनकर ऐसी आसमानी ऊंचाई पर विराजमान हैं कि उन्हें धकियाकर कोई व्यक्ति या विचारधारा सभ्य समाज में चल-फिर नहीं सकती।

# राहुल का साहसिक लेख : हिन्दू होने का मतलब निर्भय!

गांधी जयंती से ठीक पहले राहुल गांधी ने बेमिसाल काम किया है। कठिन दार्शनिक एवं आध्यात्मिक विषय पर लिखने का। परिवारवाद का आरोप हमें तो यहां बिल्कुल सही लगता है। अपने पूर्वजों की तरह लिखने पढ़ने से नाता जोड़े रखने की परंपरा कायम रखने को ही तो यह लोग परिवारवाद कहते हैं!

नेहरू ने कई किताबें लिखी हैं। बहुत गहन विषयों पर। इतिहास और संस्कृति पर। मगर यहां उद्देश्य नेहरू पर बात करना नहीं है। नेहरू तो इस प्रसंगवश आ गए कि राहुल उस परिवार के हैं तो वह डीएनए जो शब्द हमारे प्रधानमंत्री जी को बहुत प्रिय है और वह पूरे एक राज्य बिहार का बता रहे थे तो वह डीएनए लिखने पढ़ने का सत्य और साहस का देशप्रेम का तो आएगा ही।

मगर यहां बात शुरू की थी हमने गांधी जयंती से। तो गांधी जयंती पर राहुल ने लिखा है सत्यम शिवम सुन्दरम। हिन्दू होने का अर्थ। भय की तलहटी तक जाकर सत्य को देखने का साहस। यही तो गांधी जी कहते थे। हिन्दू होने का मतलब है- दया सहिष्णुता समावेश। गांधी जी के यंग इन्डिया, हरिजन और नवजीवन में छपे लेखों का एक संग्रह है हिन्दू धर्म क्या है! इसमें गांधी वही ढूंढ़ते हैं जो राहुल ने अपने इस लेख में तलाशने की कोशिश की है। और नेहरू फिर यहां आएंगे। अपने उन विचारों के लिए जिन पर सब से कम लिखा गया है और वह हैं- उनके अपने धर्म हिन्दू पर उनके विचार। हिन्दू पर वे कहते हैं कि बाकी सभी धर्मों की बातों की तरह यहां भी कई रुढ़ियां हैं। मगर हिन्दू धर्म क्रान्तिकारी और मौलिक विचारों पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जब सारी राजनीति हिन्दू पर की जा रही है और उसे एक वोट बैंक में बदलने की कोशिश की जा रही है तो गांधी-नेहरू की परंपरा में राहुल के इस विषय पर विचार बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। राजनीति और धर्म को अलग रखने की बात बहुत पुरानी है। और जिसने यह कर लिया वह विकसित भी हो गया। यूरोप ने सबसे पहले किया था। चर्च ने खुद माना था कि राजनीति उसका विषय नहीं है और वह खुद को केवल धार्मिक कार्यकलापों तक ही सीमित रखेगी। यह दो सौ साल पुरानी बात है। फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद।

उसके बहुत बाद इन्डिया और पाकिस्तान दो देश एक साथ बने। इन्डिया ने राजनीति को धर्म से अलग रखा और उधर पाकिस्तान ने राजनीति पर धर्म हावी कर दिया। दोनों के परिणाम आप देख सकते हैं। किसी उदाहरण की जरूरत नहीं।

भक्त क्या कहते हैं कहने दीजिए। खुद प्रधानमंत्री भी कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। इन बातों को दुनिया में कोई गंभीरता से नहीं लेता। मजाक का विषय है। असली बात यह कि दुनिया भर में भारत के पढ़े-लिखे लड़के और लड़कियां जो नेहरू के बनाए आईआईटी, एम्स, आईआईएम और दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़े थे पहुंच गए। और वहां अपने प्रोफेशनल काम से भारत का नाम ऊंचा किया। आज तो हम इस मानसिक दिवालिएपन का शिकार हो रहे हैं कि देश को इन्डिया नहीं भारत कहें। जैसे भारत कहने से दुनिया मान जाएगी कि मणिपुर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित हैं। वहां सैंकड़ों चर्च नहीं जलाए गए। जिस पार्टी भाजपा की वहां दो-दो सरकारें हैं। केन्द्र और राज्य दोनों की जिन्हें वे गर्व से डबल इंजन कहते हैं उसके मणिपुर से केन्द्र में मंत्री जो विदेशी मामलों के मंत्री हैं आर के रंजन उनका घर दो बार जला दिया। और कहां राजधानी इंफाल में! खुद पार्टी भाजपा का प्रदेश कार्यालय जला दिया गया। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर पथराव हुआ। वे कह रही हैं कि मेरा घर जला देगें। ये सब सरकार के लोग कह रहें हैं कि राज्य में कोई कानून व्यवस्था नहीं हैं।

मगर हम हर जगह प्रधानमंत्री विदेश मंत्री के सामने लगी नेम प्लेटों में भारत लिखवाकर ऐसे खुश हो रहे हैं जैसे इससे मणिपुर की खबरें दब जाएंगीं। दुनिया कहेगी टुरिज्म के लिए बेस्ट शांत और सुरक्षित जगह! खासतौर से महिलाओं के लिए!

संसद में जो आज तक नहीं हुआ। वहां खुले आम गालियां दी जा रही हैं। और देने वाले भाजपा सांसद को इनाम दिया जा रहा है। और हम सोच रहे हैं कि अगर नाम भारत हो जाए तो यह खबर कहीं नहीं पहुंचेगी कि भारत में धर्म के आधार पर सत्तारुढ़ पार्टी का सांसद गालियां देता है। और पार्टी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बदले उसे राजस्थान के टोंक में जो एक पुरानी नवाबी रियासत रही है वहां का इन्चार्ज बनाकर गाली अभियान को और आगे बढ़ाने के लिए भेज देती है।



शकील अख्तर

> हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है।

अरब देशों से भारत के बहुत अच्छे संबंध हैं। वहां लाखों भारतीय काम करते हैं। बड़ी तादाद में विदेशी मुद्रा यहां भेजते हैं। उन देशों से और मधुर संबंध बनाने के लिए लोकसभा में दी गालियों का अरबी और अंग्रेजी में ट्रांसलेशन सिखा कर इन सांसद महोदय को वहां विशेष दूत बनाकर भेजना चाहिए।

तो ऐसे समय में जब सब कुछ वोटों के लिए हो रहा हो। देश की संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, विदेश में उसके सम्मान किसी की कोई चिन्ता न हो। वोट चुनाव जीतना ही सिद्धांत निष्ठा सब बन जाए तब राहुल का यह लिखना साहस का काम है कि निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही हिन्दू धर्म है। संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

उनके पास चुनाव जीतने का एक ही तरीका है। नफरत और विभाजन की राजनीति। मणिपुर में चर्च जल रहे हैं। ट्रेन में नाम पूछकर ड्यूटी पर सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही मुसलमानों को गोली मार रहा है। स्कूल में एक जगह शिक्षिका एक मुसलमान लड़के को दूसरे लड़कों से पिटवाती है। तो दूसरी जगह टीचर लड़कियों को जातिसूचक नाम से पुकार कर रोज उनका अपमान करते हैं। मध्य प्रदेश में एक आदिवासी के सिर पर भाजपा का नेता पेशाब करता है। ऐसी जाने कितनी घटनाएं पिछले साढ़े 9 साल में हुई हैं। मुसलमानों की लिंचिग, दलितों को गुजरात में कपड़े उतार कर खंबे से बांध कर मारना। दलित छात्र रोहित वेमुला को इतना सताना कि उसे होस्टल से बाहर निकलना पड़े और फिर आत्महत्या करना पड़े। कितनी एक से एक अमानवीय घटनाएं हैं। भयावह! पूरे देश को भय के अंधे कुएं में धकेल देने की कोशिश।

इसी के खिलाफ राहुल बोलते हैं। लड़ रहे हैं। और अभी यह लेख लिखा है। भय को पहचानने और उसे जीतने की कोशिश का। सबको साथ लेकर चलने का। सभी धर्मों का सार यही है। राहुल ने इसे हिन्दू धर्म के आइने में लिखा है। और सही है अपने धर्म का सही स्वरूप लोगों को बताना। ऐसे समय में तो बहुत जरूरी है जब धर्म के नाम पर ही राजनीति की जा रही हो। लेकिन जैसा कि इस लेख में राहुल ने लिखा धर्म को कुछ चीजों तक सीमित करना उसका अल्प पाठ होगा।

हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है। देश कल कौन सा रूप लेगा यह हिन्दू ही तय करेंगे। एक तरफ भाजपा है जो धर्म का विकृत रूप पेश करने की कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ राहुल हैं जो लिखकर उसका सौन्दर्य उदारता और करूणामयी रूप दिखा रहे हैं।

तय देश को करना है कि वह गांधी के धर्म के रास्ते जिसे राहुल ने बताने की कोशिश की है उस पर चलेगा या गोडसे के रास्ते पर जहां अब गोलियों के बाद गालियां हिंसक भाषा क्रूरता और विभाजन है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# गांधी : युग से आगे तक

**■ शैलेन्द्र भाटिया**

श्रेयान स्वधर्मो विगुण: परधर्मात्सवनुश्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह: ।।

अर्थात ऊंचे परधर्म से नीचा स्वधर्म अच्छा है। स्वधर्म में मौत भी अच्छी है, परधर्म भयावह है। गीता के उक्त श्लोक का उल्लेख बापू गांधी ने अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में करते हुए कहा है कि देशभक्त को देश सेवा के एक भी अंग की यथासम्भव उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। गांधी का आविर्भाव एक युग का आविर्भाव है। बचपन में 'श्रवण-पितृभक्ति नाटक' और हरिश्चन्द्र की कथा को आत्मसात करने वाले मोहनदास ने पग-पग प्रयोग किये एवं सत्य को चुनते गये। विलायत में आर्नल्ड का 'गीता जी' का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ने वाले मोहनदास को 'गीता' के इस श्लोक ने एक रास्ता दिखाया -

ध्यायतो विशयान्पुंस: संगस्तेशूपजायते
संगात्संजायते काम: कामात्क्रोधो भिजायते।।
क्रोधाद् भवति सम्मोह: सम्मोहत्स्मृतिविभ्रम:।
स्मृतिभ्रंषाद् बुद्धिनाषो बुद्धिनाषात्प्रणष्यति।।

अर्थात विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष को उन विषयों में आसक्ति पैदा होती है, फिर आसक्ति से कामना पैदा होती है और कामना से क्रोध पैदा होता है। क्रोध से मूढ़ता पैदा होती है, मूढ़ता से स्मृति का लोप होता है और स्मृति लोप से बुद्धि नष्ट होती है, जिसकी बुद्धि नष्ट हो जाती है, उसका स्वयं का नाश हो जाता है। उपरोक्त दोनों श्लोक गांधी जी के अन्तर्मन में अन्त तक समाया रहा एवं एक पथ प्रदर्शक की तरह कार्य करता रहा। गांधी जी 10 जून सन् 1891 को बैरिस्टर बने थे। मोहनदास सितम्बर सन् 1888 में जब विलायत में बैरिस्टर पढ़ने के लिये रवाना हुए तो उनकी उम्र मात्र 18 वर्ष थी। इस युवावस्था में ही इन्होंने एडविन आर्नल्ड की 'गीता' व 'बुद्धिचरित' पढ़ा, मैडम बलवास्तकी की पुस्तक 'की टू थियोसाफी', बाईबिल (ओल्ड टेस्टामेण्ट एवं न्यू टेस्टामेण्ट) पढ़ी, यहीं पर इन्होंने ईसा के 'गिरि-प्रवचन' की 'गीता' से तुलना की।" जो तुझसे कुर्ता मांगे, उसे अंगरखा भी दे दे, ' जो तेरे दाहिने गाल पर तमाचा मारे, बायों गाल भी उसके आगे कर दे' के संबंध में पढ़कर ये यहीं आनन्दित हुए। यहीं पर इन्होंने कार्लाइल की 'हीरो एण्ड हीरो वरशिप' पढ़कर पैगम्बर हजरत मौहम्मद के जीवन से अवगत हुये। नास्तिकता व आस्तिकता के बीच द्वंद भी इसी युवावस्था में विलायत रहने के दौरान हुआ। यहीं पर इन्होंने स्तुति, उपासना, प्रार्थना के संबंध में ज्ञान प्राप्त किया। लैटिन व फ्रेंच भाषा के जानकार मोहनदास ने यहीं पर ब्रम का 'कामन-ला', स्नेल की 'इक्विटी', विलियम्स और एडव्रर्ज की 'स्थावर संपत्ति', गुदीप की 'जंगम संपत्ति' और मेडन का 'हिन्दू-ला' पढ़ा। विलायत में बैरिस्टर की शिक्षा ने श्रवण कुमार, हरिश्चन्द्र, रामायण का ज्ञान रखने वाले मोहनदास को जहां विश्व के अनेक धर्मों से रूबरू कराया वहीं आधुनिक कानून की पढ़ाई का समन्वय कराकर एक 'तार्किक' मोहनदास का उदय हुआ। मोहनदास बैरिस्टर बनकर 12 जून सन् 1891 में 'आसाम' जहाज से, भारत के लिए रवाना हुए। अब मोहनदास लौटे तो 22 वर्ष के थे और फिरोजशाह मेहता या बदरूद्दीन तैय्यब जी जैसे कड़क वकील बनना चाहते थे। परन्तु मि. फ्रेडरिक पिंकट ने कुछ व्यवहारिक ज्ञान लेने के लिये और मेलेसन की पुस्तक ' सन् 1857 के गदर की' किताब पढ़ने की सलाह दी। भारत लौटने पर पहला मुकदमा 'ममीबाई' का मिला। मुकदमें लड़ने की हिम्मत न आने व जज के सामने घबराकर मुकदमा छोडकर मेहनताना के 30 रूपये लौटाने वाले मोहनदास देश से अंग्रेजों को भगाने का सबसे बड़ा मुकदमा (आन्दोलन) लड़ेंगे, यह किसी को आभास नही था। मोहनदास पोरबन्दर की एक मेमन फर्म का दक्षिण अफ्रीका के चालीस हजार पौण्ड के दावे का मुकदमा लडने वाले वकील-बैरिस्टर के मदद के लिये दादा अब्दुल्ला के साझी सेठ अब्दुल करीम के प्रस्ताव पर द. अफ्रीका जाने के लिये राजी हुये। यह एक प्रकार की नौकरी थी, बदले में निवास तथा भोजन खर्च के अलावा 105 पौण्ड मिलना था। मोहनदास अप्रैल सन् 1893 में जब द. अफ्रीका गये तो 24 वर्ष के थे, जब लौटे तो 46 वर्ष के थे। 22 वर्ष द. अफ्रीका प्रवास रंगभेद के कड़वे अनुभवों से शुरू हुआ था जो बहुत कुछ भारत में प्रचलित छुआछूत जैसा ही था। नेटाल की राजधानी मेरित्सबर्ग में रेल के प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद भी गोरे-काले के भेद के आधार पर ट्रेन से उतार देने की घटना मोहनदास को अपने अधिकारों के लिये लड़ने की सबसे बड़ी प्रेरक घटना बनी। सन् 1893 के बाद बीच में गांधी जी सन् 1896, सन् 1901 में भारत लौटे थे। भेंट में मिली वस्तुओं व कीमती गहनों को कस्तूरबा से लेकर ट्रस्टियों के हवाले कर बैंक में रखने की घटना एक उल्लेखनीय घटना है। इन्होंने इसे इस धारणा से लौटा दिया था कि कौम की सेवा मैं पैसे लेकर नहीं करता। अपने राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले के हस्तक्षेप से कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में प्रवेश पाने वाले गांधी आने वाले दिनों में देश के पर्याय बनने वाले हैं, इसका किसी को रंचमात्र भी यकीन नहीं था। गाय-भैंस का दूध त्याग कर केवल बकरी का दूध पीने वाले गांधी, मिट्टी के प्रयोग से पेट का कब्ज दूर करने वाले गांधी, सुबह का ब्रेकफास्ट न करने वाले गांधी, ज्ञान के लिये अनेकोनेक पुस्तकों का अध्ययन करने वाले गांधी अब मोहनदास से बदलकर मि0 गांधी हो चुके थे, वे पहचाने जाने लगे थे। देखने वालों की भीड जमा होनी शुरू हो चुकी थी। द. अफ्रीका अब आन्दोलन की नर्सरी बन चुका था। नये नये प्रयोग गांधीजी शुरू कर चुके थे। गांधी जी का कहना था कि सत्य की शोध के मूल में अहिंसा है। जब तक अहिंसा हाथ में नहीं आती, तब तक सत्य मिल ही नहीं सकता।

'यंग इंडिया', 'नवजीवन' व इण्डियन ओपिनियन जैसे समाचार पत्रों से अपने मौलिक विचार रखकर 'सत्याग्रह' की लड़ाई प्रारम्भ करने वाले गांधी जी कलम की शक्ति व इसके निरंकुशता को भलीभांति जानते थे। रस्किन बाण्ड की पुस्तक 'अण्टू दिस लास्ट' ने ऐसा प्रभाव डाला कि यह 'सर्वोदय' के जन्म का कारण बन गया। गांधीजी सर्वोदय के सिद्धान्त में निम्न को निहित मानते थे-

1. सबकी भलाई में हमारी भलाई निहित है।
2. वकील और नाई के काम की कीमत एक सी होनी चाहिये, क्योंकि आजीविका का अधिकार सबको समान है।
3. सादा मेहनत-मजदूरी का, किसान का जीवन ही सच्चा जीवन है।

> सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे।

भारतीय इतिहास में तीन महत्वपूर्ण वर्ष है, सन् 1757, सन् 1857 एवं सन् 1947। अंग्रेजो ने सन् 1757 से सन् 1947 तक कुल 190 वर्षों तक हिन्दुस्तान पर शासन किये। इन 190 वर्षों में से 158 वर्ष ऐसे समय में राज्य किया था, जब गांधी एक आन्दोलन बन नहीं उभरे थे। जब गोखले के निमंत्रण पर गांधीजी सन् 1915 में हिन्दुस्तान पहुंचे तो यह एक बड़ी और उल्लेखनीय घटना थी। उल्लेखनीय इसलिये कि स्वतंत्रता के लिये नरम-गरम दल अपने-अपने ढंग से लड़ाई लड़ रहे थे, कई क्रान्तिकारी फांसी पर झूल गये थे, तो कई जगह करों को न देने के लिये विद्रोह हो रहा था, पर पूरे देश में स्वतंत्रता के लिये एकल नेतृत्व या अखिल भारतीय नेतृत्व किसी एक नेता को प्राप्त नहीं था। गांधी के आगमन से एक आन्दोलन के लिए एक पृष्ठ भूमि का आधार तैयार होना शुरू हुआ। क्रान्तिकारी विचार के देशभक्तों ने भी गांधीजी के व्यक्तित्व के सामने अपनी स्वीकारोक्ति दी। सन् 1915 से लेकर भारत छोड़ो आन्दोलन सन् 1942 तक 27 वर्षों के आन्दोलन अवधि में गांधी कई रूपों में अवतरित हुए। भारतीयों के मन को टटोलना, आन्दोलन की गति को देखना, आन्दोलन के लिये उचित समय का इंतजार करना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा बनाये रखना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा की पहचान करना आदि कई ऐसे विशिष्ट गुण थे, जो गांधी जी को अन्य से अद्वितीय बनाते है। आन्दोलन के इस पारखी प्राणी ने पूरे देश को एक कर दिया था। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत तक अब एक भारत, एक आवाज, एक आन्दोलन बन गया था। चम्पारन सत्याग्रह, खेडा आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा के लिये दाण्डी मार्च, भारत छोड़ो आन्दोलन गांधी जी द्वारा विभिन्न समय काल परिस्थिति में चलाये गये ऐसे आन्दोलन थे, जिसने स्वतंत्रता के लिये मार्ग प्रशस्त किये। सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे। पूरा विश्व एक नया पाठ पढ़ रहा था कि 'सत्याग्रह' के बल पर अपनी बात मनवाई जा सकती है, शान्तिपूर्वक उपवास रखकर आन्दोलन करने से अपने हक की लड़ाई लड़ी जा सकती है, यह एक क्रान्तिकारी विचार था। क्रांतिकारी इसलिये कि सुविधाहीन कई देशों में 20वीं सदी के प्रारम्भ में स्वतंत्रता की बात वो भी, बिना रक्तपात के सोचना एक आश्चर्य से कम नहीं था। कई देशों में नये चमकने वाले सूर्य की रोशनी का केन्द्र महात्मा गांधी बने। चरखा, खादी, बकरी, गांव, हरिजन, किसान, उपवास, सर्वोदय, अहिंसा, सत्याग्रह आदि शब्दों में पिरोये हुए महात्मा गांधी ने गरिमापूर्ण जीवन जीने एवं दूसरे की गरिमा का सम्मान करने के लिये एक प्रकार का 'कोड ऑफ कन्डॅक्ट' रचा है। आज भारत विश्व में जो कुछ नामों से जाना जाता है, उसमें महात्मा गांधी एक प्रमुख नाम है। मेरे विचार से गौतम बुद्ध के बाद यदि किसी एक भारतीय व्यक्ति को सारा विश्व जानता है, तो वह महात्मा गांधी है। अपने युग से कई युग आगे तक।

(लेखक, विशेष कार्याधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण)

## जयंती

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री

सहजता, सरलता और ईमानदारी के पर्याय लाल बहादुर शास्त्री कोटिश: नमन। 2 अक्टूबर को दो महान नेताओं का जन्म हुआ- एक महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री।

आज की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि- यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा', भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश के दूसरे प्रधानमंत्री मनोनीत किए गए। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आ रहा जातिसूचक शब्द 'श्रीवास्तव' हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से सुशोभित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया।

शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी। प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था।

**संजीव ठाकुर**

## भूल सुधार

1 अक्टूबर 2023 के अंक में साहित्य पेज पर प्रकाशित कहानी 'जीवन से विदा लेती ध्वनि' में भूलवश लेखक का नाम रमेश शर्मा के स्थान पर उमाकांत मालवीय प्रकाशित हो गया है। इसलिए लेखक के नाम को उमाकांत मालवीय के स्थान पर रमेश शर्मा पढ़ा जाए।

## आपके पत्र

## संसद में बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा सदस्यों की मानसिकता का प्रतिबिंब

मुसलमानों के खिलाफ घृणास्पद भाषण, जो समाज में व्याप्त हो गया है, अब संसद पर भी प्रवेश कर चुका है। नये संसद भवन में आयोजित विशेष सत्र के आखिरी दिन, दिल्ली से भाजपा संसद सदस्य रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली, जो कि बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं, के खिलाफ लोक सभा में बेहद गंदे और भद्दे मुस्लिम विरोधी विशेषणों का इस्तेमाल किया। बिधूड़ी द्वारा बार-बार दानिश अली को निशाना बनाते हुए 'मुल्ला आतंकवादी' और इससे बदतर शब्द कहे गये जो संसद में पहले कभी नहीं सुने गये थे। ऐसी आपत्तिजनक बातें कहते हुए बिधूड़ी के वीडियो को देश भर में हजारों लोगों ने देखा, जिससे व्यापक निराशा और आक्रोश फैल गया है।

सबको उम्मीद यही थी कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व आपत्तिजनक बातें कहने वाले सदस्य के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई करेंगे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष की भावनाओं को ठेस पहुंचने पर खेद व्यक्त किया। इसके अलावा, मुस्लिम विरोधी दुर्व्यवहार की कोई निंदा नहीं की गई और न ही दानिश अली से कोई माफ़ी मांगी गई।

लोक सभा अध्यक्ष, जिन्हें बिधूड़ी को सदन से निलंबित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए थी, उन्होंने खुद को बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी देने और यह कहने तक ही सीमित रखा कि इस तरह के व्यवहार की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

यह उस तरीके के बिल्कुल विपरीत है जिस तरह से लोकसभा और राज्यसभा दोनों के पीठासीन अधिकारियों ने विपक्षी सदस्यों के साथ व्यवहार किया है जब भी उन्होंने लगातार मुद्दों को उठाने या सरकार से सवाल करने की कोशिश की है। राज्यसभा में आप सांसद संजय सिंह पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित रहे और निलंबन तब तक जारी रहेगा जब तक विशेषाधिकार समिति उनके खिलाफ शिकायत पर फैसला नहीं कर लेती।

पिछले सत्र के दौरान आप के एक अन्य सांसद राघव चड्ढा को भी निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा में, आपसदस्य सुशील कुमार राठी को मानसून सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित कर दिया गया, जबकि लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को विशेषाधिकार समिति की बैठक होने और उनकी सिफारिश करने तक निलंबित कर दिया गया।

बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाले दानिश अली के पत्र का स्पीकर ने कोई जवाब नहीं दिया है। भाजपा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, भाजपा को उनका बचाव करने की अधिक चिंता है। निशिकांत दुबे जैसे भाजपा सांसदों ने स्पीकर को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि यह दानिश अली ही थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ 'अशोभनीय' टिप्पणी करके बिधूड़ी को उकसाया था। बिधूड़ी के खिलाफ संसद में सख्त कार्रवाई करने में विफलता ने संसदीय संस्था को अपमानित किया है और सत्तारूढ़ दल द्वारा पोषित इस्लामोफोबिया की वैधता की मुहर लगा दी है। इससे पता चलता है कि बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा की समग्र मानसिकता का हिस्सा है।

**पी.सुधीर**

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 25 लोगों को अगवा किया

**अबुजा।** नाइजीरिया में दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओन्डो के ओसे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने अंतिम संस्कार के लिए जा रहे एक स्थानीय चर्च के गायक मंडल के कम से कम 25 सदस्यों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ओन्डो में पुलिस के प्रवक्ता ओलुफुनमिलायो ओडुनलामी-ओमिसन्या ने शुक्रवार को घटित हुई घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ितों को बचाने और अपराध में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के अपहरण विरोधी दस्ते और अन्य सामरिक टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है।

# हाफिज सईद का करीबी सहयोगी कराची में ढेर

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के हाफिज सईद के करीबी सहयोगी मुफ्ती कैसर फारूक की पाकिस्तान के कराची में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। भारत में 26/11

■ **अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या की**



हमले के पीछे हाफिज सईद को मास्टरमाइंड माना जाता है। इस महीने की शुरुआत में, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक अन्य मौलवी मौलाना जिया उर रहमान की भी कराची में दो बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया था जब वह नियमित शाम की सैर थे। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी एजेंसियां जिया उर रहमान और मुफ्ती कैसर दोनों को धार्मिक मौलवियों के रूप में दर्शाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं, जिनका हाफिज सईद और लश्कर से कोई संबंध नहीं है। इससे पहले, आईएसआई से जुड़ा एक अन्य व्यक्ति परमजीत सिंह पंजवार भी मारा गया था। परमजीत सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का नेता था। फरवरी में, हिजबुल मुजाहिदीन को उस समय झटका लगा जब उसके लॉन्च कमांडर और सैयद सलाहुद्दीन के करीबी सहयोगी बशीर पीर को रावलपिंडी में आईएसआई मुख्यालय और सैन्य चौकी के पास अज्ञात हमलावरों ने मार डाला था। हमलावरों ने उसे नजदीक से गोली मारी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इन हालिया हत्याओं के बाद, पाकिस्तान की आईएसआई ने अपनी कई संपत्तियों को सुरक्षित स्थानों पर रख दिया है, जिससे देश के सैन्य-औद्योगिक परिसर में बेचैनी पैदा हो गई है। सितंबर में लश्कर गुर्गों क्रमश- रावलकोट में अबू कासिम कश्मीरी और नाज़िमाबाद में कारी खुर्रम शहजाद की हत्याओं के कारण इन संपत्तियों की सुरक्षा में सावधानी की आवश्यकता और भी अधिक स्पष्ट हो गई।

## इस साल 386 पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जान गंवाई : मीडिया रिपोर्ट



**इस्लामाबाद।** एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 2023 के पहले नौ महीनों के दौरान लगभग 386 पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जान गंवाई है। इनमें 137 सेना के जवान और 208 पुलिसकर्मी शामिल हैं। यह आंकड़ा आठ साल के उच्चतम स्तर पर है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष के दौरान अब तक हिंसा से संबंधित 1,087 मौतें दर्ज की गईं, जिनमें से 368 (34 प्रतिशत) अपराधियों को झेलनी पड़ीं, इसके बाद 333 (31 प्रतिशत) मौतें नागरिकों को हुईं। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हिंसा में लगातार और चिंताजनक वृद्धि हुई है। उतनी ही बड़ी चिंता इन दोनों प्रांतों में दर्ज की गई हिंसा से संबंधित मौतों का सामूहिक प्रतिशत है जो पिछले पांच वर्षों में चिंताजनक वृद्धि की प्रवृत्ति का संकेत देता है। कुल मिलाकर, उन्हें 2019 में सभी मौतों में से 72 प्रतिशत का सामना करना पड़ा, और यह अस्थिर आंकड़ा 2023 के पहले नौ महीनों में आश्चर्यजनक रूप से 92 प्रतिशत तक बढ़ गया। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 की तीसरी तिमाही के दौरान 190 आतंकी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों में लगभग 445 लोगों की जान चली गई और 440 घायल हो गए।

# तुर्की में संसद भवन के पास विस्फोट



**अंकारा,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की सरकार ने कहा है कि राजधानी अंकारा में गृह मंत्रालय की इमारतों के सामने दो आतंकवादियों ने बम हमला किया, जिसमें से एक की विस्फोट में मौत हो गई और दूसरे को अधिकारियों द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। 2016 के बाद तुर्की की राजधानी में यह पहला विस्फोट था जो संसद भवन से एक मील से भी कम की दूरी पर हुआ। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्?स पर बताया कि दो आतंकवादी स्थानीय समय के अनुसार रविवार सुबह 9:30 बजे के आसपास एक वाणिज्यिक वाहन में आम सुरक्षा निदेशालय भवन पहुंचे थे। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, येरलिकाया ने बताया कि एक ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि दूसरा इमारत के बाहर तैनात सुरक्षा बलों की गोलीबारी में मारा गया।

■ **एक आतंकवादी की मौत, दूसरा भी मार गिराया गया**

उन्होंने बताया कि घटना में दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गये। अधिकारियों ने संसद भवन सहित कई सरकारी संस्थानों के करीब से गुजरने वाले एक मुख्य मार्ग पर यातायात बंद कर दिया। पुलिस ने यह भी घोषणा की कि वह शहर के अन्य हिस्सों में संदिग्ध पैकेजों के लिए नियंत्रित विस्फोट करेगी। राज्य संचालित अनादोलु समाचार एजेंसी के अनुसार, अंकारा में तुर्की की आपराधिक शांति अदालत ने मीडिया की पहुंच और हमले के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया।

## सुडोकू 6334

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | 6 | | | 5 | 9 |
| 8 | 6 | | | | | | | |
| 2 | | | | | 1 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | | 1 | 6 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 2 | 7 |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 5 |
| | | | 7 | | 9 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6334

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अतृप्त, अप्रसन्न
३. कोषागा, खजाना
५. पागल, विक्षिप्त
६. किसी वस्तु के बनाने में होने वाला खर्च
७. क्षतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति की राशि (उर्दू)
९. अंजन
१०. वह कल्पित पर्वत जिसके पीछे सूर्य का डूबना माना जाता है
१२. किसी गीत के मुखड़े के अन्य अतिरिक्त पद,
१३. प्रारब्ध, भाग्य
१४. किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाने वाला राजकीय पत्र (चार्टर)
१६. अंत:करण, चित्त
१८. कांटा
२०. रामचंद्र
२१. पत्र प्रसिद्ध रूसी उपन्यास लेखक तथा समाज सुधारक
२३. सोने का कमरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुनाफाखोरी
२. फौरन
३. शोरगुल
४. बोलने का ढंग, बोलचाल (उर्दू)
५. बचपन
८. जिसकी कामनाएं पूरी न हुई हो (उर्दू)
१०. बड़ा भाई
११. आचरण, स्वभाव, शील
१२. आखिरी
१३. बिलकुल, पूरी तरह
१४. जिसका शासनकाल सुखमय और खुशहाली का हो (उपमा)
१५. दूसरे के अधीन, पराधीन
१७. जिसकी नाक कटी हुई हो
१८. स्त्रियों के हाथ में पहनने का एक गहना
१९. व्यंग्य, ताना
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6333

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | न्न | २ य | न | ■ | ■ | ३ अ | भि | ४ क | र्ता |
| पा | ■ | था | ■ | ५ ख | स | म | ■ | च्छ | ■ |
| ६ स | र्व | नि | यं | ता | ■ | ७ रा | ष्ट्र | प | ८ ति |
| ना | ■ | र्दि | ■ | ९ वा | क | ई | ■ | ■ | क |
| ■ | १० क | ष्ट | ११ क | र | ■ | ■ | १२ रो | क | ड़ |
| ■ | म | ■ | मा | ■ | १३ पा | ठ | क | ■ | म |
| १४ उ | ला | १५ ह | ना | ■ | व | ■ | १६ ना | १७ थ | ■ |
| प | ■ | म | ■ | १८ ता | क | १९ ना | ■ | र्रा | ■ |
| २० यो | ज | ना | ■ | रि | ■ | २१ प | ह | ना | २२ वा |
| ग | ■ | २३ म | नो | का | म | ना | ■ | ■ | णी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 2 अक्टूबर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 4

### राशिफल

मेष -आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृषभ -आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी नहीं है। अनेक प्रकार की चिंता आपको हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है।

मिथुन -व्यापारीवर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। व्यापार तथा आय में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा। नौकरी में अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति भी संभव है।

कर्क -आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति का योग है। परिवार में वातावरण अच्छा बना रहेगा। घर की साज-सजावट कर उसे सुंदर बना सकेंगे। माता से भी लाभ मिलेगा।

सिंह -आज का दिन आलस्य तथा थकान में गुजरेगा। स्वभाव में उग्रता के कारण मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट दर्द के कारण परेशानी होगी। सफलता प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

कन्या -आज के दिन नए काम की शुरूआत न करें। बाहरी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहेगी। गुस्सा अधिक रहेगा, अत: बोलने पर संयम रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला -आपका आज का दिन सफलता और आमोद- प्रमोद से भरा होगा, जिससे पूरे दिन मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में सफलता और सिद्धि प्राप्त करेंगे। दोस्तों के मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक -परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा। शारीरिक-मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। खर्च पर नियंत्रण होगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता हुआ प्रतीत होगा। विरोधियों और दुश्मनों को पराजित कर सकेंगे।

धनु -आज कार्य सिद्धि और सफलता न मिले तो हताश न हो। आप अपने काम करते रहें। क्रोध पर संयम रखें। संतान से सम्बंधित विषय से मन चिंताग्रस्त रहेगा। आज कोई यात्रा न करें। हो सकें तो आज ज्यादातर समय मौन रहकर गुजारें।

मकर -आज आपकी मन:स्थिति और स्वास्थ्य कुछ अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में क्लेशमय वातावरण से मन खिन्न रहेगा। शरीर में ताजगी एवं प्रफुल्लता का अभाव रहेगा। अपनों से मनमुटाव का प्रसंग हो सकता है।

कुंभ -मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। घर में भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे।

मीन -अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। किसी के साथ संघर्ष हो सकता है। वित्तीय मामले और लेन-देन में सावधानी रखनी पड़ेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। मन पर नकारात्मकता हावी होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**



## वियतनाम में बाढ़ के कारण नौ लोगों की मौत

**हनोई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। वियतनाम के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में 26 सितंबर से 28 सितंबर तक आई बाढ़ में नौ लोगों की मौत हो गई,जबकि एक व्यक्ति लापता है और 10 अन्य घायल हुए हैं। प्राकृतिक आपदा रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने बताया कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने घरों, सड़कों, धान और अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। साथ ही मुर्गियां और मवेशी भी मारे गए। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार इस वर्ष के पहले नौ महीनों में देश में प्राकृतिक आपदाओं (मुख्य रूप से बाढ़ और भूस्खलन) में 98 लोग मारे गए या लापता हो गए और 103 अन्य घायल हुए हैं।

## दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा 'उत्तर कोरिया को कभी भी परमाणु हथियार संपन्न देश की मान्यता नहीं मिलेगी'

**सियोल,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया को कभी भी परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में मान्यता नहीं दी जाएगी। साथ ही कहा, परमाणु हथियारों के चलते वहां की सरकार के खिलाफ और अधिक प्रतिबंध लगेंगे। मंत्रालय ने यह टिप्पणी उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चोए सोन-हुई द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के जवाब में की, जिसमें दावा किया गया कि उत्तर कोरिया के पास परमाणु हथियार होना वैध है।

दक्षिण कोरियाई मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय स्पष्ट रूप से उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल विकास और उकसावे पर प्रतिबंध लगाता है। उत्तर कोरिया के कार्यों और दावों के बावजूद, उसके परमाणु हथियारों को कभी मान्यता नहीं दी जाएगी, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रतिबंध और भी गहरे हो जाएंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, चोए ने अपने बयान में प्योंगयांग द्वारा अपने



संविधान में परमाणु बल नीति को मजबूत करने के नवीनतम उपाय के जवाब में पिछले सप्ताह बुलाई गई यूएनएससी बैठक की आलोचना की।

पिछले सप्ताह नेता किम जोंग-उन की उपस्थिति में, उत्तर कोरिया ने 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली (एसपीए) का एक सत्र आयोजित किया। सत्र में सर्वसम्मति से देश के अस्तित्व और विकास के अधिकार को सुनिश्चित करने, युद्ध को रोकने और उच्च स्तर पर परमाणु हथियारों को तेजी से विकसित करने का निर्णय लिया गया।

# मालदीव में मुइज्जू ने जीता राष्ट्रपति पद का चुनाव'

**माले,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। मालदीव में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) गठबंधन के उम्मीदवार मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत दर्ज की है। स्थानीय मीडिया द्वारा संकलित प्रारंभिक परिणाम में यह जानकारी दी गई है।



राष्ट्रपति पद के चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और मुइज्जू के बीच आमने-सामने की प्रतिस्पर्धा थी। गौरतलब है कि श्री मुइज्जू , राजधानी शहर माले के मेयर भी हैं। प्रारंभिक परिणाम के अनुसार श्री मुइज्जू ने मतगणना प्रक्रिया के दौरान बढ़त बना ली और अंत में 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए। प्रारंभिक परिणाम के आधार पर श्री मुइज्जू पांच साल के लिए मालदीव के नए राष्ट्रपति के रूप में काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि नौ सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले थे। उस दौरान श्री मुइज्जू ने 46 प्रतिशत से अधिक और श्री सोलिह 39 फीसदी मत हासिल किया था।

■ **चुनाव में राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और मुइज्जू के बीच थी प्रतिस्पर्धा**

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण...**

पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने भी इस संदर्भ में एक पत्र लिखा था। अब भाजपा के लोग भी इस पर खुलकर अपनी बात रखें।

**टाटा, जिंदल जैसी कंपनियां आ रही**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट के अधिग्रहण को लेकर ईओआई में टाटा, जिंदल, अदाणी, जैसी कंपनियाँ आ रही हैं। निजी हाथों में नहीं बिकेगा, क्योंकि यहां की ज़मीन आदिवासियों की है।वहां सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल खोलने की भी बात कही गई थी, लेकिन अब तक नहीं खोला गया।

इसके साथ ही भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री भी आ रहे हैं। जगदलपुर से जबलपुर और दिल्ली तक की उड़ान शुरू करने की मांग करता हूँ।एक करोड़ की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार देने को तैयार है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केन्द्र सरकार नगरनार संयंत्र को अपने चहेते उद्योगपति को बेचना चाह रही है। बस्तर का पूरा आदिवासी समाज इसके विरोध में है।यही कारण है कि कांग्रेस 3 अक्टूबर को बस्तर बंद करने जा रही है। हमारी मांग है कि नगरनार संयंत्र निजी हाथों में न दिया जाए। साथ ही एनएमडीसी का मुख्यालय जगदलपुर में किया जाए।

**दो साल बाद भी ...**

एडीएम, एसपी, एएसपी, एस-आई और अन्य लोग मामले में गवाह हैं। हिंसा में मारे गए किसानों में से एक के पिता जगजीत सिंह 12 जनवरी, 2023 को अदालत में पेश होने वाले अभियोजन पक्ष के पहले गवाह थे। वह मामले में शिकायतकर्ता भी हैं।

## आज का इतिहास

1869- महात्मा गांधी का गुजरात के पोरबंदर में जन्म।
1904- भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ।
1929- गांधी जी ने नवजीवन कार्यालय को एक सार्वजनिक न्यास बनाया।
1951- श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना की।
1952- भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत 1952 में हुई।
1961- बम्बई (अब मुंबई) में शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का गठन 1961 में हुआ।
1968- मेक्सिको सिटी में ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले छात्रों के खूनी आंदोलन के दौरान पुलिस के साथ संघर्ष में 25 लोगों की मौत।
1971- राष्ट्रपति ने बिरला सदन को देश को समर्पित किया।
1982- ईरान की राजधानी तेहरान में बम विस्फोट से 60 मरे, 700 घायल।
1985- दहेज निषेधाज्ञा संशोधन कानून अस्तित्व में आया।
1988- मंडपम और पंबन को जोड़ने वाले समुद्र के ऊपर बने उस समय के सबसे बड़े सड़क पुल को यातायात के लिए खोला गया।
1989- तमिलनाडु में मंडपम और पम्बन के बीच समुद्र के ऊपर सबसे लंबा पुल खुला।
2001- 19 देशों के संगठन नाटो ने अफगानिस्तान पर हमले के लिए हरी झंडी दी।
2004- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कांगों में 5900 सैनिक भेजने का प्रस्ताव मंजूर किया।
2006- दक्षिण अफ्रीका ने परमाणु ईंधन आपूर्ति मामले पर भारत को समर्थन देने का फैसला किया।
2007- उत्तर कोरिया तथा दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरी शिखर बैठक सम्पन्न हुई।
2012- नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 20 छात्रों की हत्या की।
2014- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत की।

**प्रक्रिया** अमेरिकी सीनेट ने स्टॉपगैप फंडिंग विधेयक को दी मंजूरी

# अमेरिकी कांग्रेस ने अंतिम क्षणों में सरकार को शटडाउन से बचाया

**वाशिंगटन, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी सीनेट ने संघीय सरकार के शटडाउन को रोकने के आखिरी मिनट के प्रयास में, शनिवार रात को सदन द्वारा पारित 45-दिवसीय स्टॉपगैप फंडिंग विधेयक को मंजूरी दे दी।**

**बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार को नवंबर के मध्य तक वित्त पोषित रखने वाले विधेयक को सीनेट में नौ के मुकाबले 88 वोटों से मंजूरी दे दी गई। सदन को नियंत्रित करने वाले कट्टरपंथी साथी रिपब्लिकन के विद्रोह के बाद हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी द्वारा 45-दिवसीय प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया था।**

न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया, इसके पारित होने से कैपिटल हिल पर एक नाटकीय दिन समाप्त हो गया, जिसकी शुरुआत सरकार के लगभग निश्चित शटडाउन की ओर बढ़ती दिखाई दे रही थी। खर्च समाधान पर डेमोक्रेट के साथ काम करने की मांगों को हफ्तों तक खारिज करने वाले हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी एक अस्थायी पैच सामने लाए, जो केवल पर्याप्त डेमोक्रेटिक मदद से ही पारित हो सकता था। रविवार से शुरू होने



वाले शटडाउन से हजारों संघीय कर्मचारियों को बिना वेतन के रहना पड़ता विभिन्न सरकारी सेवाएं निलंबित हो जाती। सीनेट की मंजूरी के बाद जारी एक बयान में, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, आज रात, सदन और सीनेट में द्विदलीय बहुमत ने सरकार को खुला रखने के लिए मतदान किया, इसस एक अनावश्यक संकट को रोका जा सका, जिससे लाखों मेहनती अमेरिकियों को अनावश्यक पीड़ा हो सकती थी। उन्होंने कहा, यह बिल सुनिश्चित करता है कि सैनिकों को भुगतान मिलता रहेगा, यात्रियों को हवाई अड्डे पर देरी से बचाया जाएगा, लाखों महिलाओं और बच्चों को पोषण सहायता मिलती रहेगी।

## बिडेन ने स्टॉपगैप फंडिंग बिल पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने शनिवार देर रात इस वित्तीय वर्ष के लिए संघीय सरकार की फंडिंग समाप्त होने से कुछ मिनट पहले 45-दिवसीय स्टॉपगैप फंडिंग विधेयक पर हस्ताक्षर किए। सरकारी शटडाउन को टालने के आखिरी मिनट के प्रयास में, हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने शनिवार सुबह नया बिल जारी किया, जो नवंबर के मध्य तक संघीय एजेंसियों को मौजूदा स्तर पर वित्त पोषित रखेगा और इसमें 16 अरब अमेरिकी डॉलर शामिल हैं जो आपदा राहत के लिए राष्ट्रपति द्वारा अनुरोधित डॉलर की धनराशि है। नए विधेयक में रूढ़िवादी रिपब्लिकन द्वारा मांगे गए भारी खर्च कटौती और सीमा सुरक्षा प्रावधानों को हटा दिया गया है। साथ ही इसमें यूक्रेन के लिए डेमोक्रेट द्वारा मांगी गई अतिरिक्त सहायता शामिल नहीं है।

## दुनिया को जानें

### चैटजीपीटी हो सकता है ज्यादा असरदार साइकोथेरेपी : शोध

**न्यूयॉर्क,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में किए गए दो शोधों में खुलासा किया गया है कि ओपनएआई के चैटजीपीटी-4 किसी व्यक्ति की सोच, उसकी डेमोग्राफी के अनुसार उसके लिए उसकी शैली के अनुसार नैरेटिव बना सकता है। पिछले रिसर्च से पता चला है कि पर्सनल नैरेटिव्स आइडेंटिटी में महत्वपूर्ण रोल निभा सकते हैं और हमें अतीत और वर्तमान को समझने में मदद कर सकते हैं। यह लोगों की नैरेटिव को रिइन्टरप्रेट करने में मदद करके, थेरेपिस्ट्स मरीजों को स्वस्थ विचारों और व्यवहारों की ओर मार्गदर्शन कर सकते हैं। पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के पॉजिटिव साइकोलॉजी सेंटर के शोधकर्ताओं ने इंडिविजुअल पर्सनल नैरेटिव्स जनरेट करने के लिए चैटजीपीटी-4 की क्षमता का टेस्ट किया। जर्नल ऑफ पॉजिटिव साइकोलॉजी में प्रकाशित स्टडी के निष्कर्षों से पता चला है कि 26 में से 25 प्रतिभागियों ने एआई-जनरेटेड प्रतिक्रियाओं को पूरी तरह या अधिकतर सटीक बताया, 19 ने नैरेटिव को बहुत या कुछ हद तक आश्चर्यजनक बताया, और 19 ने संकेत दिया कि उन्होंने अपने बारे में कुछ नया सीखा है।

# खेल जगत

## अदिति ने गोल्फ व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता रजत, पुरुष टीम हारी

**हांगझोउ** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष गोल्फर अदिति अशोक ने रविवार को एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 अंडर पार के स्कोर के साथ व्यक्तिगत महिला गोल्फ स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया वहीं अनिर्बान लाहिरी और उनकी पुरुष टीम अपने मुकाबले हार गई। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज हुए महिला गोल्फ व्यक्तिगत मुकाबले में अदिति अशोक ने अंतिम राउंड से पहले सात शॉट की बढ़त बना ली थी। हालांकि अदिति ने आज चार बोगी और एक डबल बोगी लगाई, जिससे थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने दो शॉट की बढ़त बना ली और स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की ह्युनजो ने छह स्थान की बढ़त बनाते हुए कांस्य पदक जीता। प्रणवी उर्स चार अंडर पार के साथ 13वें स्थान पर रहीं, जबकि अवनि प्रशांत तीन ओवर पार के साथ संयुक्त रूप से 18वें स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष गोल्फ मुकाबले में अनिर्बान लाहिरी और पुरुष टीम पदक जीतने में असफल रही।



## एशियाड में स्वर्ण, रजत व कांस्य के साथ निशानेबाजी अभियान समाप्त

हांगझोउ 01 अक्टूबर (वार्ता) भारतीय निशानेबाजों का रविवार को टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और व्यक्ति मुकाबले में कांस्य पदक जीतने के साथ एशियाई खेलों में उनका अभियान समाप्त हो गया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर सिंह संधू और किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों की निशानेबाजी टीम ने शानदान प्रदर्शन कर 361 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इसके अलावा किनान चेनाई ने पुरुषों के व्यक्तिगत ट्रैप में कांस्य पदक भी जीता। दूसरी ओर राजेश्वरी कुमारी, कीर मनीषा और रजक प्रीति की महिला निशानेबाजी टीम ने स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम को 337 के स्कोर के साथ रजत पदक मिला। क्वालीफाइंग राउंड में किनान चेनाई सिर्फ तीन शॉट से चूके और 122/125 के साथ शीर्ष पर रहे। 46 वर्षीय जोरावर सिंह संधू क्वालीफाइंग राउंड में 120 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पृथ्वीराज टोंडाइमान ने 119 अंकों के साथ 11वां स्थान हासिल किया। किनान चेनाई ने फाइनल में 32/40 का स्कोर बनाकर व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जबकि जोरावर सिंह संधू 23/30 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग राउंड में सिर्फ शीर्ष छह निशानेबाजों ने ही व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। चीन के यिंग की ने अपने 50 में से 46 शॉट निशाने पर लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि कुवैत के तलाल अल-रशीदी ने 45/50 के साथ रजत पदक जीता। मनीषा कीर ने चौथे सेट में परफेक्ट 25 का स्कोर किया और 114/125 के स्कोर के साथ महिला ट्रैप में व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज रहीं। हालांकि, वह छह निशानेबाजों के बीच बाहर होने वाली पहली महिला थीं। उनके 20 में से चार शॉट निशाने से चूक गए। इस साल की शुरुआत में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली राजेश्वरी कुमारी ने क्वालीफाइंग राउंड में 111 स्कोर करने के बाद 11वें स्थान पर रहीं। प्रीति रजक 112 के साथ नौवें स्थान पर रहीं। इस बार एशियाई खेलों में भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 22 पदक जीते।



### एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने जीता स्वर्ण पदक



चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में रविवार को भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ स्पर्धा में रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।
अविनाश साबले ने आज एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में 8:19:53 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।
इस जीत के साथ अविनाश साबले एशियाई खेलों के इतिहास में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं।
एशियाई खेलों यह भारत का 12वां स्वण पदक है तथा एथलेटिक्स के स्पर्धा में तीसरा पदक है।

### गोला फेंक स्पर्धा में तेजिंदारपाल सिंह तूर ने जीता स्वर्ण पदक



भारत के तेजिंदारपाल सिंह तूर ने रविवार को एशियाई खेलों के गोला फेंक (शॉटपुट) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में तेजिंदारपाल तूर ने 20.36 मीटर के थ्रो में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों का उनका यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। आज हुए मुकाबले में तेजिंदारपाल ने पहले दो प्रयास में फाउल करने के बाद तीसरे प्रयास में 19.51 मीटर का थ्रो लगाया। उनका चौथा थ्रो 20.06 मीटर का रहा लेकिन पांचवां थ्रो फिर फाउल हो गया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास आखिरी थ्रो पर 20.36 मीटर था जिसने उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया। स्पर्धा में सउदी अरब के मोहम्मद डोडा टोलो ने 20.18 मीटर के साथ रजत पदक जीता जबकि चीन के लियू यांग को 19.97 मीटर के साथ कांस्य पदक मिला।

## भारतीय तीरंदाजी टीम और ज्योति सुरेखा वेन्नम क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर



**हांगझोउ** 01 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम ने रविवार को हुए मुकाबलों में व्यक्तिगत महिला कंपाउंड तीरंदाजी के क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय महिला कंपाउंड टीम भी पहले स्थान पर रही।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में प्रतिस्पर्धा करते हुए ज्योति सुरेखा वेन्नम (704 अंक) ने दक्षिण कोरियाई जोड़ी चैवोन सो (699 अंक) और योह्युन ओह (697 अंक) को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला कंपाउं की मौजूदा विश्व चैंपियन भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी चौथे (696 अंक) स्थान पर रहीं जबकि परनीत कौर (687 अंक) और अवनीत कौर (685 अंक) ने क्रमशः 12वां और 15वां स्थान हासिल किया।

इस बीच, भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने एलिमिनेशन राउंड का कट हासिल करने के लिए 2087 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की कंपाउंड क्वालिफिकेशन में, भारत के ओजस प्रवीण देवताले (709 अंक) और अभिषेक वर्मा (708 अंक) व्यक्तिगत रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। भारतीय कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश जावकर (700 अंक) और रजत चौहान (698 अंक) ने क्रमशः 10वां और 16वां स्थान हासिल किया। भारत की पुरुष कंपाउंड टीम 2117 अंकों के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही।

कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में, ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवताले की भारतीय जोड़ी ने 1413 के कुल स्कोर के साथ टॉप-सीडिंग हासिल की।

इस बीच, पुरुष रिकर्व क्वालिफिकेशन स्पर्धा में, अतानु दास की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2022 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही और एलिमिनेशन राउंड तक पहुंचने में सफल रही।

व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में ओलंपियन अतानु दास (678 अंक) चौथे स्थान पर रहे, जबकि धीरज बोम्मदेवरा (675 अंक), तुषार शेल्के (669 अंक) और मृणाल चौहान (667 अंक) क्रमशः 7वें और 15वें और 17वें स्थान पर रहे।

महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में, सभी चार भारतीय तीरंदाज शीर्ष दस से बाहर रहे। 14वें स्थान के स्थान अंकिता भक्त (649 अंक) सर्वश्रेष्ठ भारतीय तीरंदाज रहीं। भजन कौर (640 अंक), सिमरनजीत कौर (640 अंक) और प्राची सिंह (593 अंक) क्रमशः 18वें, 19वें और 55वें स्थान पर रहीं। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में, अंकिता भक्त और अतानु दास की भारतीय जोड़ी 1327 के कुल अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। उल्लेखनीय है कि भारत ने इस बार एशियाई खेलों में 16 सदस्यीय भारतीय तीरंदाजी टीम भेजी है। एशियाई खेल में तीरंदाजी स्पर्धाएं सात अक्टूबर तक आयोजित होंगी।

## भारत ने चारों पूल मैच जीत सेमीफाइनल में स्थान बना स्वर्ण का दावा और मजबूत किया


■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 30 सितंबर (देशबन्धु)। कप्तान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत, वरुण कुमार और स्ट्राइकर मनदीप सिंह के अब तक आठ-आठ तथा अभिषेक और ललित उपाध्याय के पांच-पांच गोल की बदौलत दुनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त भारत की पुरुष हॉकी टीम ने अब तक दे दनादन कुल 46 गोल (27 मैदानी, 16 पेनल्टी कॉर्नर, तीन मैदानी) कर हंगजू(चीन)में 19 वें एशियाई खेलों में पूल ए में अपने शुरू के चारों मैच जीत कुल 12 अंकों के साथ सबसे पहले सेमीफाइनल में स्थान बना अपना इस बार स्वर्ण पदक जीतने का दावा और मजूबत किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ इतिहास की शनिवार को 10-1 से सबसे बड़ी जीत के साथ अपने घर में 1982 में नई दिल्ली में एशियाई खेलों में राष्ट्रीय स्टेडियम में अपनी जफर इकबाल की अगुआई वाली टीम को मिली 1-7 की हार की कसक बहुत हद तक मिटा दी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की ताकत मौजूदा एशियाई खेलों में तेज आगाज, अग्रिम पंक्ति का बेहतरीन तालमेल और आखिरी मिनट तक गोल करने की ललक है। ऐसे में पूरे रंग में चल रही विजयरथ पर सवाल भारत की पुरुष हॉकी टीम को अब सोमवार को पूल ए में अंतिम मैच में बांग्लादेश के लिए रोकना लगभग नामुमकिन है। बांग्लादेश अब तक चार में से दो ही मैच जीत पाई है। भारत के लिए सबसे सुखद यह है कि उसके लिए उसके दोनों गोलरक्षकों पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक तथा जर्मनप्रीत सिंह व नीलकांत शर्मा को छोड़ उसके लिए 14 अलग-अलग खिलाडियों ने गोल किए हैं। भारत ने मौजूदा चैंपियन जापान के खिलाफ पूल मैच में 4-0 की बढ़त लेने के बाद अंतिम समय की जरा सी ढील सहित दो गोल खाने सहित चार मैचों में मात्र पांच गोल ही खाए हैं। भारत ने अब तक जो पांच में से चार गोल पेनल्टी कॉर्नर पर खाए हैं और उसके खिलाफ मात्र एक मैदानी गोल हुआ।

भारत के पूल ए में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम के लिए उससे अपना अपना मैच हारने वाली मौजूदा चैंपियन जापान और पाकिस्तान अंतिम पूल मैच से फैसला होगा। जापान और पाकिस्तान ने तीन तीन मैच जीते हैं और दोनों के समान रूप से नौ नौ अंक हैं लेकिन अपने बेहतर गोल अंतर के कारण जापान फिलहाल दूसरे स्थान पर है। जापान के लिए ऐसें ड्रॉ ही काफी जबकि पाकिस्तान के लिए हर हाल में जीत जरूरी है। भारत का ऐसे में सेमीफाइनल में पिछली बार की तरह एक फिर मलयेशिया से मुकाबला संभव है। मलयेशिया को पूल बी में शीर्ष पर रहने के लिए अपने अब तक चारों मैच जीतने वाली मेजबान चीन को पीछे छोड़ने के लिए उससे अंतिम मैच कितने गोल अंतर से जीतना है यह उसके खिलाफ उतरने से पहले ही मालूम हो जाएगा क्योंकि तब तक दक्षिण कोरिया भी ओमान के खिलाफ पूल बी में अपना अंतिम मैच खेल चुकी होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद के लंबे स्कूप पर भारतीय लिंकमैन शमशेर, स्ट्राइकर मनदीप, ललित उपाध्याय, गुरजंट व अभिषेक के लिए डी में गेंद पहुंचाने का जवाब अब तक तो इन खेलों में किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम के पास फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। भारत की मध्यपंक्ति में हमेशा की तरह आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह, अनुभवी मनप्रीत सिंह व विवेक सागर प्रसाद के साथ शमशेर सिंह लिंकमैन के रूप में खेलते हुए बराबर आगे अषिभेक ,मनदीप, गुरजंट व सुखजीत सिंह के लिए गेंद आगे बढ़ा दबाव बनाने की रणनीति अपनाई है वह उसका बतौर टीम मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है।

## लगातार तीसरे वर्ल्ड कप से बाहर युजवेंद्र चहल का छलका दर्द



**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि अब ड्रॉप होने की आदत सी हो गई है। ये उनकी जिंदगी का हिस्सा हो चुका है। ये पहला मौका नहीं है जब चहल को टीम मैनेजमेंट ने नजरअंदाद किया है। इससे पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है।

हालांकि, कोच और कप्तान ने इस फैसले के पीछे वजह बल्लेबाजी में गहराई लाना बताया है, लेकिन घरेलू सरजमीं पर युजवेंद्र चहल जैसे शानदार स्पिन गेंदबाज को बाहर रखने के फैसले पर कई क्रिकेट दिग्गज ने भी हैरानी जताई है। अब, इस मुद्दे पर चहल ने खुलकर अपनी बात रखी है। चहल को 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक घरेलू धरती पर होने वाले विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली।

विजडन इंडिया ने चहल के हवाले से कहा, मैं समझता हूं कि केवल 15 खिलाड़ी ही इसका हिस्सा हो सकते हैं, क्योंकि यह एक विश्व कप है। जहां आप 17 या 18 को नहीं ले सकते। मुझे थोड़ा बुरा लगता है, लेकिन जीवन में मेरा उद्देश्य आगे बढ़ना है। उन्होंने हंसते हुए कहा, मुझे अब इसकी आदत हो गई है...तीन विश्व कप हो गए हैं।

2019 के बाद से चहल आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेने में कामयाब नहीं हुए हैं। 2016 में अपने डेब्यू के बाद से भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से चहल ने खेला था। उन्हें इंग्लैंड में 2019 विश्व कप में 12 विकेट लिए थे। विश्व कप से उनका बाहर होना एक बड़ी चर्चा का विषय था। महान ऑफ-स्पिनर हरभजन सिंह जैसे कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा कि चहल को टीम में लिया जाना चाहिए था। इस बीच, चहल केंट के साथ तीन मैचों की काउंटी चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड चले गए और अब उनका ध्यान भारत के लिए टेस्ट खेलने का मौका पाने पर है।

चहल ने कहा, मैं यहां (केंट में) खेलने आया हूं क्योंकि मैं किसी भी तरह कहीं न कहीं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मुझे यहां लाल गेंद से मौका मिल रहा है और मैं गंभीरता से भारत के लिए लाल गेंद से खेलना चाहता हूं। इसलिए यह मेरे लिए एक अच्छा अनुभव था। टीम में अन्य स्पिन गेंदबाजों और भारत के वर्ल्ड कप सफर पर चहल ने कहा, निश्चित रूप से वे अच्छा कर रहे हैं और मैं इसकी सराहना करता हूं। मुख्य लक्ष्य यह है कि भारत जीते, क्योंकि यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। मैं टीम का हिस्सा हूं या नहीं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे चुनौती पसंद है और यह मुझे बताती है कि मुझे कड़ी मेहनत करने की ज़रूरत है ताकि मैं टीम में वापसी कर सकूं।

## लुइस सुआरेज ने फोर्टलेज़ा के खिलाफ ग्रेमियो के लिए अंक हासिल किया

**रियो डी जनेरियो,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। लुइस सुआरेज के गोल की मदद से ग्रेमियो ने ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में फोर्टालेजा को 1-1 से बराबरी पर रोका और एक अंक हासिल किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुभवी थियागो गैलार्डो ने हाफटाइम से ठीक पहले पेनल्टी स्पॉट से फोर्टलेज़ा को बढ़त दिला दी, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा ग्रेमियो अधिक एकजुट दिखे और दूसरे हाफ में कई मौकों के साथ गोल करने के करीब पहुंच गए। फिर, सुआरेज़ ने अंतिम क्षणों में मेजबान टीम के डिफेंस को तोड़ते हुए गोल दागा। ग्रेमियो ब्राज़ील की 20-टीम सीरी ए तालिका में 25 खेलों में 44 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, वह शीर्ष पर चल रहे बोटाफोगो से सात अंक पीछे है।

## निकहत जरीन को मुक्केबाजी में मिला कांस्य



**हांगझोउ** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को रविवार को एशियाई खेलों के मुक्केबाजी मुकाबले के सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत की स्टार महिला मुक्केबाज निकहत को महिलाओं की 50 किलोग्राम मुक्केबाजी के सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की चुथामात रक्सत के खिलाफ 3-2 से हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जरीन और रक्सत का आमना- सामना हुआ था और तब भारतीय मुक्केबाज शीर्ष पर रहीं थी।

निकहत जरीन और थाईलैंड की मुक्केबाज के बीच काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दोनों मुक्केबाज शुरुआत से ही एक दूसरे पर हावी रहे। निकहत ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए अपने हमले और बचाव पर खासा ध्यान दिया और बीच-बीच में उन्होंने कई पंच भी जड़े, लेकिन अंत में भारतीय मुक्केबाज को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दिन के अन्य मुकाबले में भारत की परवीन हुड्डा ने उज्बेकिस्तान की सितोरा टर्डिबेकोवा को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस 23 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पहले एशियाई खेलों के पदक के साथ-साथ अगले साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारत के लिए कोटा भी हासिल कर लिया है।

## नवनीत कौर के गोल से भारत की महिला टीम ने पिछड़ने के बाद द. कोरिया को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर के तीसरे क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर दागे एकमात्र गोल की बदौलत पिछले उपविजेता भारत की महिला हॉकी टीम ने पिछड़ने के बाद पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों के पूल ए के अहम तीसरे मैच में रविवार को एक एक गोल की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। हाईजिन चू ने 11 वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर दक्षिण कोरिया को 1-0 से आगे कर भारत को चौंका दिया था। भारत और दक्षिण कोरिया ,दोनों के तीन तीन मैचों में दो-दो जीत और एक एक ड्रॉ के साथ समान रूप से साथ सात सात अंक हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के कारण पूल ए में अभी भी शीर्ष पर है। दुनिया के सातवें नंबर की टीम भारत को अपना अंतिम पूल मैच मंगलवार को कमजोर हांगकांग के कारण खेलना और

■ **भारत का शीर्ष रह सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय**

इसमें जीत के साथ उसके पूल ए में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय है। वहीं दक्षिण कोरिया और मलयेशिया के बीच अंतिम पूल ए के मैच से इसमें दूसरे स्थान पर रहने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा।

दक्षिण कोरिया ने रणनीति के तहत यह जानते हुए कि भारत की बड़ी ताकत दीपिका, वंदना कटारिया, ललरेमसिमयाी , संगीता के रूप में उसकी अग्रिम पंक्ति है रविवार को उसके हमले नाकाम बीच में नाकाम करने लगाया। भारत को रविवार को रफ खेल खेलने वाले दक्षिण कोरिया के खिलाफ जो चार पेनल्टी कॉर्नर मिले भी उनका उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ठीक से लाभ नहीं उठा पाई। हाईजून चू ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर बहुत ही चतुराई



से गेंद को गोल में डाल दक्षिण कोरिया को 1-0 से आगे कर भारत को चौंकाने के साथ उस पर दबाव बढ़ा दिया। रविवार के मैच में भारत की नवनीत कौर को मैच के 47 वें गलत ढंग से दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी को अपनी डी में बढने पर पीला कार्ड दखा मैदान से बाहर भेज दिया। नवनीत कौर ने तीसरे पेनल्टी कॉर्नर खेल पर तीसरा क्वॉर्टर पर उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का के पुश पर गेंद को संभाल कर भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। नवनीत कौर को गोल कर भारत को बराबरी दिलाने के तीन मिनट बाद रफ टैकल पर पीला कार्ड दिखा पांच मिनट के लिए मैदान से बाहर भेज दिया। जब वह पांच मैदान पर वापस लौटी तो बराबरी पाने के लिए विजयदाई गोल के लिए अपनशे हमले तेज कर देने वाली भारतीय टीम की स्ट्राइकर को गलत ढंग से रोकने पर दक्षिण कोरिया के लिए एकमात्र गोल करने वाली हाईजून चू को पीला कार्ड दिखा कर नाजुक वक्त पर पांच मिनट के लिए मैदान भेज दिया। भारत ने आखिरी क्वॉर्टर में दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन इनमें वह किसी को गोल में बदलने और विजयदाई गोल करने में नाकाम रहा और मैच एक एक गोल की बराबरी पर खत्म हुआ।

## सार संक्षेप

### हमें विश्वास है कि टीम वर्ल्ड कप में कुछ खास कर सकती है : मिलर

**नई दिल्ली।** मिडिल ऑर्डर द.अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि मौजूदा टीम भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले विश्व कप में कुछ खास करने में सक्षम है। दक्षिण अफ्रीका अपने घर में ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से सीरीज जीतकर वर्ल्ड कप के लिए आई है। वनडे क्रिकेट में अब तक सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने से चूकने वाली प्रोटियाज टीम 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। मिलर ने बीबीसी से कहा, हम वास्तव में विश्वास करते हैं कि हम कुछ विशेष कर सकते हैं। वास्तविकता यह है कि हमने विश्व कप नहीं जीता है। इसलिए, इस सच्चाई को नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। हालांकि, इससे हमारे खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह इस बारे में है कि आपके सामने क्या है...अगली गेंद, आपका अगला पल। मैं जानता हूं कि बाकी लोग भी इसी मानसिकता के हैं। हम इसे इतिहास रचने के मौके के तौर पर देख रहे हैं। यह कितना शानदार मौका है। अगर हम अच्छा खेलते हैं, तो हम जानते हैं कि हमारे पास शानदार मौका है। दक्षिण अफ्रीका पुरुषों की वनडे रैंकिंग में चौथी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में मेगा इवेंट में प्रवेश करेगा और शीर्ष 15 व्यक्तिगत रैंकिंग सूची में मिलर सहित पांच बल्लेबाज हैं। पिछले विश्व कप चक्र में मिलर का औसत 60.7 और स्ट्राइक रेट 114.15 है। वह भारतीय परिस्थितियों में अपने बल्लेबाजी समूह को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समर्थन दे रहे हैं।

### हांगझोऊ एशियाड में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से माहौल रोमांचक : प्रवक्ता

**हांगझोऊ।** एशियाई खेलों के खेल संचालन केंद्र के प्रवक्ता झू किनान ने रविवार को कहा कि हांगझोऊ एशियाई खेलों में आधा सफर पूरा हो चुका है और सभी खिलाड़ियों ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ से पूर्व ओलंपिक शूटिंग चैंपियन ने कहा, मैचों की प्रगति सभी पहलुओं में सुचारू रही है।

### सुडोकू 6334 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 |

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# झारखंड में लिथियम का भंडार, देश के ईवी उद्योग को मिलेगा मजबूत आधार

**रांची,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के कोडरमा और गिरिडीह की धरती से निकलने वाले अभ्रक की चमक कभी पूरी दुनिया तक पहुंचती थी। अब इंटरनेशनल मार्केट में न तो अभ्रक की डिमांड रही और न ही उसकी खदानें बचीं। लेकिन इसी धरती के भीतर खोजे गए बेशकीमती खनिज लिथियम के बड़े भंडार ने देश में बैटरी आधारित इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए अपार संभावनाएं जगाई हैं। नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमईटी) ने भू-तात्विक सर्वेक्षण में पाया है कि कोडरमा और गिरिडीह में लिथियम के अलावा कई दुर्लभ खनिजों का बड़ा भंडार है। पूरी दुनिया में आने वाले वर्षों में जीरो कार्बन ग्रीन एनर्जी के जिन लक्ष्यों पर काम चल रहा है, उसमें लिथियम को गेमचेंजर मिनरल के तौर पर देखा जा रहा है। लिथियम का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा मेडिकल टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, मोबाइल फोन, सौर पैनल, पवन टरबाइन और अन्य रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी में किया जाता है। जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने हाल में कर्नाटक में 1600 टन और इसके बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में 59 लाख टन लिथियम का भंडार खोजा था। अब झारखंड के कोडरमा, गिरिडीह के अलावा पूर्वी सिंहभूम और हजारीबाग में इस बेशकीमती धातु के उत्खनन की संभावनाओं पर काम चल रहा है।



खोजे गए बेशकीमती खनिज लिथियम के बड़े भंडार ने देश में बैटरी आधारित इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए अपार संभावनाएं जगाई

झारखंड के कोडरमा जिले के तिलैया ब्लॉक और उसके आसपास जियोकेमिकल मैपिंग में यहां उपलब्ध लिथियम, सीज़ियम और अन्य तत्वों में हाई कन्स्ट्रेशन (उच्च सांद्रता) पाया गया है। फिलहाल देश का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग अभी भी अपनी लिथियम आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। अभी हम लिथियम का आयात मुख्य तौर पर चीन से करते हैं। भारत सरकार ने 2030 तक ईवी को 30 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में लिथियम सबसे आवश्यक धातु है। इसलिए लिथियम के उत्खनन की संभावनाओं पर सरकार का खास तौर पर फोकस है। ऐसे में कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बाद झारखंड में लिथियम के भंडार की खोज को भविष्य की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। जीएसआई के सर्वे के अनुसार झारखंड के कोडरमा के तिलैया ब्लॉक और ढोढ़ाकोला-कुसुमा बेल्ट में लिथियम के अलावा सिजियम, गिरिडीह के गांवा ब्लॉक और कोडरमा के पिहरा बेल्ट में एलआई (ली), सिजियम, आरईई और आरएम जैसे धातुओं का भंडार होने की संभावनाएं हैं। विगत 29 सितंबर को झारखंड सरकार के भूतात्विक पर्षद की उच्चस्तरीय बैठक में राज्य में लिथियम की खोज के परिणामों पर चर्चा की गई। सरकार ने राज्य में लिथियम खनन की संभावनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। निवेशकों ने भी इसे लेकर अपनी रुचि प्रदर्शित की है।

बीते जून महीने में पैन एशिया मेटल्स लि0 के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी और झारखंड में लिथियम खनन के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की थी। सीएम ने कहा था कि झारखंड सरकार नियमों के अनुसार लिथियम प्रोडक्शन की संभावनाओं पर योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी।

# फ्रीलांसरों व स्टार्टअप्स ने बेंगलुरु में बढ़ाई सह-कार्यशील स्थानों की मांग

बेंगलुरु, 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्टार्टअप्स के गढ़ आईटी सिटी बेंगलुरु में स्टार्टअप्स द्वारा अधिक लचीले कार्यालयों को चुनने का चलन देखा जा रहा है, जिन्हें को-वर्किंग स्पेस के रूप में जाना जाता है। शहर में को-वर्किंग स्पेस की मांग बढ़ रही है। बेंगलुरु में एचएसआर लेआउट में दुनिया का सबसे बड़ा सह-कार्यशील परिसर है। सह-कार्यशील स्थान स्टार्टअप के लिए काम आ रहे हैं क्योंकि वे कार्यालय स्थान को किराए पर लेने, पट्टे पर देने या खरीदने में होने वाले भारी निवेश को बचाते हैं। वे आवश्यकता, बजट और समय के अनुसार कार्यालय स्थान उपलब्ध कराते हैं।

**स्टार्टअप्स के गढ़ आईटी सिटी बेंगलुरु में स्टार्टअप्स द्वारा अधिक लचीले कार्यालयों को चुनने का चलन देखा जा रहा है, जिन्हें को-वर्किंग स्पेस के रूप में जाना जाता है**

जैसे-जैसे यह चलन जोर पकड़ रहा है, उद्यमी यह भी समझा रहे हैं कि सह-कार्यशील स्थान भी महत्वपूर्ण नेटवर्किंग में मदद कर रहे हैं। सह-कार्य पट्टे के अनुबंधों और विभिन्न विकल्पों के संदर्भ में लचीलापन प्रस्तुत करता है। भौगोलिक लचीलापन भी एक महत्वपूर्ण संपत्ति है, क्योंकि सह-कार्यस्थल प्रीमियम और आसानी से सुलभ स्थानों में उपलब्ध हैं। स्टार्टअप ऐसे प्रशासनिक और परिचालन कार्यों से मुक्त हो सकते हैं और व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इसलिए, सह-कार्य उनके इच्छित लचीलेपन को पूरा कर सकता है। न केवल प्रक्रियाएं, बल्कि सह-कार्य पारंपरिक कार्यालय पट्टों, किराया, उपयोगिताओं, रखरखाव और कार्यालय साज-सज्जा से जुड़ी प्रारंभिक लागत को भी काफी हद तक कम कर सकता है। एंजाइम ऑफिस स्पेस के सह-संस्थापक और सीईओ आशीष अग्रवाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'भारत में लचीले कार्यालयों की बढ़ती मांग, काम की बदलती आदतों और स्टार्टअप और फ्रीलांसरों की वृद्धि ने बेंगलुरु को 39 प्रतिशत के साथ शीर्ष शहर बना दिया है।. इसके बाद दिल्ली एनसीआर का स्थान आता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 590.7 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.6 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 523.4 अरब डॉलर रह गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 30.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 44.3 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

## ऋण डिफॉल्टर हीरा व्यापारी गुजरात में बनवा रहा अस्पताल, एचडीएफसी बैंक ने भेजा नोटिस

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक विचित्र घटनाक्रम में, मुंबई का एक प्रमुख ऋण डिफॉल्टर हीरा व्यापारी - गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी, गांधीनगर में एक मेगा-अस्पताल का निर्माण कर रहा है। व्यापारी को ऋण प्रदान करने वाले एचडीएफसी बैंक ने मामले में लीलावती कीर्तिलाल मेहता एंड फैमिली मेडिकल ट्रस्ट (एलकेएमएफएम ट्रस्ट) के ट्रस्टियों को नोटिस भेजा है, जो बांद्रा के प्रसिद्ध लीलावती अस्पताल का संचालन करता है। एचडीएफसी बैंक ने 2002 में ट्रस्टी किशोर के. मेहता, उनके बेटे राजेश के. मेहता से 14.75 करोड़ रुपए का बकाया व उनके दूसरे बेटे और ट्रस्टी राजीव के. मेहता से 23.50 करोड़ रुपए से अधिक की राशि के साथ ब्याज



और जुर्माना वसूलने के लिए स्प्लेंडर जेम्स लिमिटेड (पहले ब्यूटीफुल डायमंड्स लिमिटेड) के खिलाफ डीआरटी-2 में कार्यवाही दायर की थी। राजीव के. मेहता एक अन्य प्रमुख हीरा कारोबारी भरत शाह के दामाद हैं, जो कभी बॉलीवुड के शीर्ष फाइनेंसर थे।

21 वर्षों से, एचडीएफसी बैंक लीलावती अस्पताल के इन तीन ट्रस्टियों से अपना कुल बकाया वसूलने के लिए संघर्ष कर रहा है, जो डीआरटी-2 के समक्ष स्प्लेंडर जेम्स लिमिटेड मामले में डिफॉल्टर हैं, साथ ही सुप्रीम कोर्ट में कार्यवाही और मुंबई में चेक बाउंस मामले का गिरगांव कोर्ट में सामना कर रहे हैं। फरवरी 2020 में, रिकवरी ऑफिसर ने एंटवर्प, बेल्जियम में रहने वाले राजेश के. मेहता सहित मेहता तिकड़ी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट, उनके शेयरों, बैंक खातों और लॉकरों की कुर्की, उनकी विदेश यात्राओं पर प्रतिबंध, उनके खातों के फोरेंसिक ऑडिट का आदेश दिया था। वसूली अधिकारी के आदेश को किशोर के मेहता और राजेश के मेहता ने अदालत में चुनौती दी और किशोर के मेहता ने गिफ्ट सिटी (गुजरात) स्थित लीलावती अस्पताल पर एक हलफनामा दायर किया।

हलफनामे में, किशोर के. मेहता ने कहा कि गुजरात का लीलावती अस्पताल, जिसकी लागत लगभग 300 करोड़ रुपये है, पूरी तरह से व्यक्तियों के दान पर बनाया जाएगा, और दावा किया कि वह उस परियोजना में किसी भी तरह से शामिल नहीं हैं, न ही धन का निवेश कर रहे हैं। इसमें हालांकि उन्हें इसमें 'प्रमोटरों' में से एक के रूप में दिखाया गया है। एचडीएफसी बैंक के नोटिस में कहा है कि एलकेएमएफएम ट्रस्ट के ट्रस्टी किशोर के. मेहता और उनकी पत्नी चारू मेहता और लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट (एलकेएमएम ट्रस्ट) के ट्रस्टी किशोर के. मेहता, उनकी पत्नी चारू मेहता और उनके ट्रस्टी हैं। बेटे प्रशांत और राजेश, गिफ्ट सिटी में अत्याधुनिक लीलावती अस्पताल बनाने की योजना बना रहे हैं।

**सार संक्षेप**

### एयर इंडिया 23 अक्टूबर से कोच्चि से दोहा के लिए दैनिक फ्लाइट्स शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** एयरलाइन अधिकारियों ने रविवार को बताया कि एयर इंडिया 23 अक्टूबर से कोच्चि को कतर की राजधानी दोहा से दैनिक नॉन-स्टॉप सेवा के साथ जोड़ने के लिए तैयार है। फ्लाइट एआई953 दोपहर 1:30 बजे (आईएसटी) प्रस्थान करेगी और 3:45 बजे दोहा पहुंचेगी। वापसी फ्लाइट एआई954 दोहा से शाम 4:45 बजे उड़ान भरेगी और रात 11:35 बजे (ऑल लोकल टाइम पर) कोच्चि में उतरेगी। अधिकारी ने कहा, 'ए320नियो एयरक्रॉफ्ट से संचालित इस फ्लाइट में 162 सीटें होंगी, जिसमें 150 इकोनॉमी और बिजनेस क्लास में 12 हैं।' एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, 'नया लॉन्च घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में कनेक्टिविटी का विस्तार करने और फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की एयर इंडिया की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।' यह सर्विस मध्य पूर्व में हमारे परिचालन को और सघन और मजबूत करेगी। सभी चैनलों पर उड़ानों के लिए बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है।

### कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भारतीय बाजार में रहेगा उथल पुथल

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण घरेलू मुद्रास्फीति के बढ़ने के जोखिम को देखते हुए आने वाले समय में अस्थिरता बनी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि निवेशक अन्य संकेतकों के अलावा घरेलू, अमेरिकी और चीनी पीएमआई डेटा की रिलीज पर बारीकी से नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति के दबाव के कारण बढ़ती चिंताओं के बीच, जो फेड द्वारा दरों में एक और बढ़ोतरी की आशंकाओं से बढ़ी है, घरेलू बाजार में पूरे सप्ताह उथल पुथल जारी रहेगा। अमेरिकी बांड यील्ड में वृद्धि और भारतीय रुपये में अस्थिरता ने विदेशी निवेशकों के लिए घरेलू सूचकांकों के आकर्षण को और कम कर दिया है। इसके अलावा, कम तरलता और खरीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए उत्प्रेरकों की कमी के कारण, बाजार को उच्च स्तर पर मजबूत प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। पूरे सप्ताह, आईटी शेयरों ने प्रतिकूल वैश्विक संकेतों के कारण कमजोर प्रदर्शन किया, जबकि फार्मा क्षेत्र में मजबूत खरीददारी देखी गई। निवेशकों ने वैश्विक अनिश्चितताओं के जवाब में रक्षात्मक रणनीति अपनाई है। उन्होंने कहा, फिर भी बाजार ने औद्योगिक विकास की स्वस्थ गति के कारण सकारात्मक रुख के साथ सप्ताह का समापन किया। कोर सेक्टर में सालाना आधार पर 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय बाजार बंद रहेंगे। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर हम उम्मीद करते हैं कि आगे बाजार व्यापक दायरे में कारोबार करेगा क्योंकि तेल की ऊंची कीमत ने मुद्रास्फीति पर चिंता को फिर से बढ़ा दिया है और इसके चलते लंबे समय तक उच्च ब्याज दर का माहौल बना रह सकता है।

# आरबीआई बैठक का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुख से हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह मामूली गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुझान के साथ ही रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 180.74 अंक टूटकर सप्ताहांत पर 65828.41 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 35.95 अंक गिरकर 19638.30 अंक पर रहा। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत बाजार को समर्थन मिला। इस दौरान मिडकैप 391.95 अंक की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 32340.71 अंक और स्मॉलकैप 504.75 अंक उछलकर 37562.23 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक 04 से 06 अक्टूबर को होना प्रस्तावित है। अगस्त की बैठक में केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दरों को यथावत रखा था लेकिन अगले सप्ताह होने वाली बैठक में रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती किये जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका असर बाजार पर अगले सप्ताह देखा जा सकेगा।

इसके अलावा दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति और विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतों की अगले सप्ताह शेयर बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश रुख का भी बाजार पर असर रहेगा। एफआईआई ने सितंबर में 26,692.16 करोड़



**साप्ताहिक समीक्षा**

रुपये की बिकवाली की है। वहीं, आलोच्य अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशक 20,312.65 करोड़ रुपये के लिवाल रहे हैं, जिससे बाजार को बल मिला है।विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और कोटक बैंक समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में साढ़े चार प्रतिशत से अधिक तक की तेजी के बावजूद इंफोसिस, एसबीआई, रिलायंस और टाटा मोटर्स समेत 15 अन्य कंपनियों में करीब डेढ़ प्रतिशत तक की गिरावट से सोमवार को सेंसेक्स 14.54 अंक बढ़कर 66023.69 अंक और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19674.55 अंक पर सपाट रहा। वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 78.22 अंक की गिरावट लेकर 65945.47 अंक और निफ्टी 9.85 अंक फिसलकर 19664.70 अंक रह गया। एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 173.22 अंक की तेजी लेकर 66118.69 अंक और निफ्टी 51.75 अंक की बढ़त के साथ 19716.45 अंक पर पहुंच गया। विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में गुरूवार को सेंसेक्स 610.37 अंक का गोता लगाकर 65508.32 अंक और निफ्टी 192.90 अंक की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, धातु, कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर समेत 18 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 320.09 अंक की तेजी के साथ 65828.41 अंक और निफ्टी 114.75 अंक उछलकर 19638.30 अंक पर पहुंच गया।

एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 173.22 अंक की तेजी लेकर 66118.69 अंक और निफ्टी 51.75 अंक की बढ़त के साथ 19716.45 अंक पर पहुंच गया। विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में गुरूवार को सेंसेक्स 610.37 अंक का गोता लगाकर 65508.32 अंक और निफ्टी 192.90 अंक की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया।

## एयरटेल के यूनीक 5जी ग्राहकों की संख्या पांच करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने शनिवार को घोषणा की कि देश में उसके नेटवर्क पर पांच करोड़ से अधिक यूनीक 5जी ग्राहक हैं। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं देश के सभी जिलों में उपलब्ध हैं। कंपनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बलिया से लेकर ओडिशा के ऐतिहासिक कटक तक, झारखंड के सबसे छोटे जिले रामगढ़ से राजस्थान के वन्यजीव प्रेमियों के लिए बिश्नोई भूमि तक, केरल के शांत सराय से कश्मीर के गांवों तक, एयरटेल के ग्राहक अब डिजिटल सुपरहाइवे पर हैं और तेज गति का आनंद ले रहे हैं। भारती एयरटेल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, रणदीप सेखों ने एक बयान में कहा, यह एयरटेल के 5जी कवरेज के एक बड़े विस्तार का प्रतीक है, जो 2022 के अक्टूबर में 10 लाख से लॉन्च के केवल 12 महीनों में पांच करोड़ तक पहुंच गया है। विस्तार पूरी गति से जारी है और मुझे यकीन है कि हम हमारे सभी ग्राहकों को 5जी युग में प्रवेश करने में सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी कवरेज की दिशा में काम करते हुए तेजी से बढ़ना जारी रखेंगे।' देश में 5जी सेवाएं पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च की गई थीं। शुरुआत में एयरटेल ने दिल्ली, मुंबई, वाराणसी और बेंगलुरु सहित आठ शहरों में यह सेवा शुरू की थी।




एयरटेल एक वैश्विक संचार समाधान प्रदाता है जिसके दक्षिण एशिया और अफ्रीका के 17 देशों में 50 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं। कंपनी वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन मोबाइल ऑपरेटरों में शुमार है, और इसका नेटवर्क दो अरब से अधिक लोगों को कवर करता है।

## खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के अलावा दाल-दलहन में भी मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा सप्ताहांत पर 63 रिंगिट उबलकर 3705 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.63 सेंट की गिरावट लेकर 56.86 सेंट प्रति पौंड रह गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 147 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए, सोया रिफाइंड 146 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20292 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12820 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11575 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8866 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10533 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# प्रोडक्शन में कटौती के कारण सैमसंग को तीसरी तिमाही में चिप घाटा कम होने की संभावना

**सोल,** 1 अक्टूबर (एजेंसियां)। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स को तीसरी तिमाही में अपने चिप घाटे को कम करने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण इसके चिप आउटपुट में निरंतर कटौती है। दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निर्माता कंपनी सैमसंग ने इस साल की शुरुआत में अपने चिप उत्पादन में कटौती की और देर से ही सही, एसके हाइनिक्स इंक और माइक्रोन टेक्नोलॉजी इंक जैसे अपने साथियों के साथ शामिल हो गई, जिन्होंने लगातार आपूर्ति की समस्या को हल करने के लिए पिछले साल के अंत में उत्पादन में कटौती शुरू कर दी थी। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, केबी सिक्योरिटीज के विश्लेषक किम डोंग-वॉन ने अनुमान लगाया है कि सैमसंग के डिवाइस सॉल्यूशंस (डीएस) डिवीजन को तीसरी तिमाही में लगभग 4 ट्रिलियन वॉन (2.96 बिलियन) का घाटा होगा, जो दूसरी तिमाही के 4.35 ट्रिलियन वॉन से कम है। उन्होंने कहा कि सैमसंग ने दूसरी छमाही से अपने उत्पादन में कटौती को पहली छमाही के क्रमश: 20 प्रतिशत और 30 प्रतिशत से




बढ़ाकर डीआरएएम के लिए 30 प्रतिशत और एनएएनडी फ्लैश के लिए 40 प्रतिशत कर दिया है।

सैमसंग के डीएस डिवीजन ने पहली तिमाही में 4.6 ट्रिलियन वॉन का परिचालन घाटा दर्ज किया, जो 14 सालों में इसका पहला वित्तीय घाटा था, क्योंकि वैश्विक मांग में कमी के बीच चिप इन्वेंट्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इससे पहले, डिवीजन ने 2009 की पहली तिमाही में घाटा दर्ज किया था। क्योबो सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक चोई बो-यंग ने कहा कि उत्पादन में कटौती, और अधिक संतुलित आपूर्ति और मांग की गतिशीलता ने मेमोरी चिप की कीमतों को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है, निष्क्रिय पड़ी विनिर्माण सुविधाओं से निपटने के लिए बढ़ी हुई निश्चित कीमतों ने भी मुनाफे पर असर डाला है। हनवा इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के विश्लेषक किम क्वांग-जिन ने सैमसंग के चिप प्रदर्शन को बाजार की उम्मीदों से कम रहने का अनुमान लगाया है, क्योंकि कंपनी को अपने चिप व्यवसाय को पूरी तरह से ठीक करने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लग रहा है। किम ने अनुमान लगाया कि तीसरी तिमाही में डीएस डिवीजन को 3.7 ट्रिलियन वॉन का नुकसान होगा। हुंडई मोटर सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख ग्रेग रोह ने कहा कि सैमसंग के उत्पादन में कटौती का अब तक 'न्यूनतम' प्रभाव पड़ा है, और इसके प्योंगटेक कैंपस में एक नई चिप उत्पादन लाइन के रैंप-अप से उत्पन्न मूल्यह्रास लागत में वृद्धि ने मुनाफा कम कर दिया है। उन्होंने डीएस डिवीजन के नुकसान का अनुमान इसी तरह 3.6 ट्रिलियन वॉन पर लगाया। मार्केट ट्रैकर ट्रेंडफोर्स ने कहा कि सैमसंग ओवरसप्लाई की समस्या से निपटने के लिए पहले की अपेक्षा कहीं अधिक आगे बढ़ गया है।

# किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र के पांच सहकारी समितियों में किसान कुटीर का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने यहां किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि किसान कुटीर बनने से किसानों को सहुलियत होगी। ग्राम खट्टी, पटेवा, बनपचरी, रायतुम व सरेकेल सहकारी समितियों में किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, खोम सिन्हा, रमन ठाकुर, रामजी ध्रुव, लमकेश्वर साहू, आरिन चंद्राकर, रोशन पटेल, अभय कुम्भकार, घांसु दीवान मौजूद थे। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने किसान कुटीर की सौगात मिलने पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि इससे धान बेचने आने वाले किसानों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से किसानों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हो रही है। भूपेश सरकार द्वारा लगातार किसानों के हित में फैसले लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं को देखते हुए महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में आठ नए धान खरीदी केंद्र की स्वीकृति दिलाई गई है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने की बात कहते हुए प्रदेश में चहुंमुखी विकास के लिए फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से राजू ध्रुव, दीपक सिन्हा, खिलावन ध्रुव, रूपेंद्र त्रिपाठी, मनबोधी, सत्यभान, डोमन महानन्द, विनोद सेन, तोषण निषाद, डिगेश ध्रुव, ईश्वर साहू, देवलाल साहू, पुरण गजेंद्र, जनक कुम्भकार, समेलाल कुम्भकार, टीका राम ध्रुव, मोतीलाल ध्रुव, संतोष आदि उपस्थित थे।

# विध्न बाधाओं को हरकर, धमतरी के विकास का हो श्रीगणेश : आनंद पवार



**धमतरी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। युवा नेता आनंद पवार ने श्री राम हिंदू संगठन द्वारा आयोजित गणेश विसर्जन झाँकी का शुभारंभ श्री गणेश जी की पूजा अर्चना करके किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री राम हिन्दू संगठन का यह आयोजन प्रत्येक वर्ष एक नयापन लिए हुए आता है, जिसके लिए श्री राम हिन्दू संगठन के सभी युवा बधाई के पात्र है, उन्होंने इस बार युवाओं को नशे से दूर रहने की जो अपील की है वह बेहद सराहनीय है।

भगवान श्री गणेश विध्नहर्ता होने के साथ ऋद्धि-सिद्धि के स्वामी एवं बुद्धि के देवता है। आज के कार्यक्रम में पहुँचे जागरूक धमतरीवासियों ने यह बात सिद्ध कर दी है कि भगवान गणेश जी ने हम सब को ऋद्धि सिद्धि और बुद्धि से सम्पन्न किया है और आज की इस झाँकी में आए भगवान गणेश जी के विभिन्न रुपों को देखकर मुझे यह विश्वास हो गया है कि वे अब हमारे क्षेत्र के सभी विघ्न हर चुके है, अब धमतरी का भविष्य नएपन और चहुमुखी विकास को लेकर आने वाला है। भगवान विघ्नहर्ता हमारे सभी विघ्न दूर करके हम सबको अपनी कृपापात्र बनाएंगे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत खरोरा स्कूल में हुआ विविध आयोजन



**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, एक नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से नगर मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा में मेरी माटी मेरा देशष् अभियान तहत् विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीरों का वंदन करते हुए शालेय विद्यार्थियों द्वारा भव्य कलश, पोस्टर व नारों के साथ रैली निकाली गई। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में देश की मिट्टी का वंदन कर संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि ष्ऐसे कार्यक्रमों से जुड़कर आमजन माटी के महत्व समझते हैं तथा मन में देशभक्ति की भावना पैदा होती है। कार्यक्रम के आयोजन में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक डोमार राम साहू, रामेश्वरी ध्रुव, मोना चन्द्राकर, दुबे कुमार पटेल, गायत्री चन्द्राकर, ओमप्रकाश शर्मा, डिगेश्वरी कुर्रे, नीलम कोसरे, तनु चन्द्राकर, भूमिका विश्वकर्मा, लता चन्द्राकर, वैष्णवी कुर्रे, माधुरी पटेल, पूर्व माध्यमिक शालाए प्राथमिक शाला एवं गंगा गंगा पब्लिक स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए काम करने के लिए प्रेरित ही धार्मिक आयोजन का अभिप्राय : रंजना



**धमतरी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नवयुवक गणेश उत्सव समिति शकरवारा के युवा साथियों के द्वारा प्रथम पूज्य श्री गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर हवन कार्यक्रम के दिन रात्रि कालीन बेला में जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली नगर पंचायत आमदी के कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, इस पावन कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू कार्यक्रम में शामिल होकर सर्वप्रथम प्रथम पूज्य गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विधायक एवं उनके साथ गए सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए तिलक लगाकर स्वागत किए। अतिथि उद्बोधन में विधायक रंजना साहू ने नवयुवकों के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं का धार्मिक आयोजनों में योगदान प्रशंसनीय है, निरंतर क्षेत्र में युवा साथियों के द्वारा धार्मिक आयोजन की जा रही है जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया है।

**धार्मिक आस्था से जीवन में संस्कारों का विकास होता है : प्रकाश गोलछा**

श्रीमती साहू ने बताया कि मोक्ष प्राप्ति से पहले धर्म का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सहयोग का संबंध, दया का भाव एवं प्रत्येक के प्रति व्यवहार के बारे में ज्ञान देना है ।सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए काम करने के लिए प्रेरित ही धार्मिक आयोजन का अभिप्राय है। भाजपा वरिष्ठ प्रकाश गोलछा ने बताया कि धार्मिक आस्था से जीवन में संस्कारों का विकास होता है। अत: हमें सदैव अपने जीवन में संस्कारों को याद रखना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनंजय सिंह सरपंच तेजबती निषाद, डीपेंद्र साहू, पंकज साहू, जितेश सिंहा, वीरेंद्र साहू, सोहनलाल सिन्हा, धनेश सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, लोकेश्वर मंडावी, तामेश्वर मरकाम, रोशन, हरीश, वीरेंद्र, जागेश्वर, सूरज, बलदेव, तिलक, अभिमन्यु साहू, लोकेश्वर कोर्राम, धीरेंद्र मंडावी, तामेश्वर सिन्हा, महेश्वर सिन्हा, सतीश कोर्राम, शिवा ध्रुव, टकेंद्र साहू, तेजराम मंडावी सहित बड़ी संख्या में रामधुनी सुनने श्रोतागण उपस्थित रहे।

# बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण

**धमतरी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय रायपुर से आज वर्चुअली

**जिले के 7 हजार 435 बेरोजगार युवाओं के खाते में आये 1 करोड़ 85 लाख 87 हजार 500 रूपये**

कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत प्रदेश के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के खाते में



छठवीं किस्त की राशि का अंतरण किया, जिसके तहत् धमतरी जिले के 7 हजार 4 35 बेरोजगार युवाओं के खाते में 1 करोड़ 85 लाख 87 हजार 500 रूपये सीधे बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 2500-2500 रूपये की राशि अंतरित की गई। बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को राशि का अंतरण कार्यक्रम के लिए कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आज वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम सहित बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवा भी मौजूद थे।

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले जिले के युवाओ को हुनरमंद बनाने के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि ये युवा अपने कौशल के आधार पर रोजगार, स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सके। साथ ही युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेला आयोजित कर इन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

# विभिन्न गांवों एवं शहर के वार्ड में बनेगा शीतला माता मंदिर प्रांगण में भवन



**धमतरी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास के प्रति सजग रहकर कार्य करने वाली क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू की अनुशंसा से विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों एवं शहर में शीतला माता मंदिर प्रांगण एवं अन्य धार्मिक स्थलों में धर्मशाला भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है, जिसके अंतर्गत डुबान क्षेत्र के कोड़ेगांव बी के शीतला माता मंदिर प्रांगण में धर्मशाला भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत सोरम के आश्रित ग्राम बेलतरा में शीतला माता मंदिर प्रांगण में धर्मशाला भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत पुरी के आश्रित ग्राम कांशीपुरी के शीतला माता मंदिर प्रांगण में धर्मशाला भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत ढीमरटिकुर के धार्मिक स्थल में धर्मशाला भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मुजगहन के शीतला माता मंदिर के पास धर्मशाला भवन निर्माण कार्य एवं धमतरी शहर के वार्ड क्रमांक 20 महात्मा गांधी वार्ड के शीतला माता मंदिर प्रांगण में धर्मशाला भवन निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, जिसके लिए ग्रामवासियों एवं वार्ड वासियों में हर्ष व्याप्त है एवं उन्होंने विधायक रंजना साहू का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किए हैं।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री और समीक्षा समिति की बैठक



**धमतरी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमति रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता मे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक रायपुर के सहायक महाप्रबंधक श्रीमति अदिति दुबे, आयुक्त, नगरनिगम धमतरी विनय पोयाम, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सुरेन्द्र पूरी गोस्वामी, सहायक निर्देशक पशुपालन एवं डेयरी महेश सिंह बघेल, मत्स्य विभाग सुश्री प्रियंका ध्रुव, जय प्रकाश वर्मा सहित बैंकों के संयोजक और शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक में पिछले तिमाही जून 2023 में बैंकों की उपलब्धि और शासकीय योजनाओं के तिमाही के लक्ष्य एवं उपलब्धि पर बैंकवार समीक्षा किया गया। इस मौके पर किसान क्रेडिट कार्ड-कृषि, पशुपालन, मत्स्य और पी.एम स्वनिधि के अंतर्गत बैंक ऋण स्वीकृति संतोषप्रद न होने पर नाराजगी प्रकट किया गया।

इसके अलावा बैंकर्स की अनुपस्थिति पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती यादव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया की उन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित किया जाए। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक सत्य प्रकाश ने सभी बैंकों की ओर से योग्य ऋण प्रकरणों को जल्द स्वीकृत करने एवं प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।

# सुआ नृत्य कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार



**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम गोपालपुर में नव युवक गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में सुआ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में किसान नेता अशवंत तुषार साहू उपस्थित थे। ग्रामीणो के द्वारा चंदन बंदन और फूल माला पहनकर अशवन्त तुषार साहू का स्वागत किया। सुआ नृत्य प्रतियोगिता में पहली प्रस्तुति लाफिंग कला से आए नृत्य दल ने प्रस्तुत किया गया। दल की युवतियां सुआ नृत्य की पारंपरिक वेशभूषा से सज्जित, मोर पंख की कलगी एवं कौड़ी पटिया लगाकर सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के लिए बेहतर मंच मिल रहा हैं। वहीं राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, लोक परम्पराओं आदि को जानने और समझने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवक गणेश उत्सव समिति गौतम साहू, ब्रिजमोहन यादव, लकी सेन, डायमंड निषाद, दुष्यंत निषाद, पोषण साहू,कुशल साहू ,नारायण, विजय बांदे आदि का योगदान रहा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

क्रमांक/257ज़प्र.नि./न.नि./2023/347 भिलाई, दिनांक 26.09.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | निविदा आवेदन की अंतिम तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निगम क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार एवं सम्पवेल का वर्ष में दो बार सफाई करने का कार्य | रू. 12.83 लाख | 17.10.203023 | 19.10.2023 | प्रथम निविदा |
| 2. | रॉ वाटर पाइप लाइन (एम एस पाइप) लिकेज संधारण कार्य (वार्षिक) | रू. 3.72 लाख | 17.10.203023 | 19.10.2023 | प्रथम निविदा |
| 3. | इंटकवेल के चारों तरफ जलकुंभी सफाई एवं अन्य गंदगी को दूर स्थानांतरित का कार्य | रू. 2.50 लाख | 17.10.203023 | 19.10.2023 | प्रथम निविदा |
| 4. | शिवनाथ इंटेकवेल के साइफन का सफाई कार्य (वार्षिक) | रू. 4.52 लाख | 17.10.203023 | 19.10.2023 | प्रथम निविदा |
| 5. | जलकार्य विभाग में सब-स्टेशन संधारण कार्य। | रू. 1.77 लाख | 17.10.203023 | 19.10.2023 | प्रथम निविदा |

निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाइट www.bhilainagar-nigam.com संचालनालय की वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से देखी जा सकती है।

**घर से निकलने वाले गीले एवं सूखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र ( रिक्शा ) को देवें।**

**अपील- समस्त शहर वासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी/कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजे।**

**प्लास्टिक का उपयोग छोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ो।**


**कार्यपालन अभियंता**
**जलकार्य, नगर पालिक निगम , भिलाई**

# नशे से बचाव पर छात्राओं को लोगों को जागरुक करने किया प्रेरित



**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में आज स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नशे से बचाव की जानकारी प्रदान करने हेतु प्रहरी क्लब का गठन प्रभारी प्राचार्य परस राम सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बीड़ी, सिगरेट, तम्बाखू, गुटखा, शराब, गांजा एवं अन्य नशाओ के दुष्प्रभाव, जन धन की हानि इसके प्रभाव से होने वाली बीमारियों के उपचार हेतु समय और पैसे की बर्बादी होने सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित समस्त कर्मचारियों एवं छात्राओ को प्रेरित किया गया कि समाज मे लोगो से निवेदन करे कि नशा न कर अपने आप को, अपने परिवार को,अपने समाज और अपने देश को सुरक्षित कर अपना भविष्य उज्जवल बनाये प्रहरी क्लब में नवमी से कुमारी वैशाली, गीतांजली, लीला, कुंती,कक्षा दसवीं से कुमारी लीलेश्वरी, मनीषा साहू, पूनम निषाद, कनिका निषाद, कक्षा ग्यारहवीं से कुमारी भुनेश्वरी, तानिया,तनुजा, चंचल कक्षा बारहवीं से कुमारी यामिनी, कोमल, पल्लवी, खुशबू को शामिल किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता गण रागिनी चन्द्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा व्यायाम शिक्षक ओम प्रकाश जायसवाल, शिक्षक रेणुका चन्द्राकर, महेंद्र ध्रुव, भानेन्द्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, मनीषा राजपूत एवं सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आम सभा में शामिल होने सर्व हिन्दू समाज ने किया आह्वान



**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्व हिंदू समाज द्वारा दुर्गा मंदिर शांति नगर में रविवार को आहूत बैठक में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से सभी में उत्साह व हर्ष व्याप्त है।

सर्व हिंदू समाज के सचिव एल. ईश्वर राव ने कहा कि वासुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को विश्व पटल पर पुष्ट करने वाले, सनातन मान बिंदुओं की नगरी अयोध्या, काशी का कायाकल्प करके श्री राम जन्मभूमि में श्रीराम लला का भव्य दिव्य मंदिर के निर्माण को पूर्णता की ओर ले जाने में महत्ती भूमिका निभाकर हमें गौरवान्वित किया है। सभी के विकास लिए समर्पित मोदी के स्वागत के लिए सर्व हिंदू समाज उत्सुक हैं। सर्व हिन्दू समाज की बैठक में सभी समाज प्रमुखों ने प्रधानमंत्री के सानिध्य को गौरवशाली क्षण बताते हुए। मोदी के 3 अक्टूबर मंगलवार को 11 बजे, स्थान-लालबाग मैदान, जगदलपुर में होने वाली विशाल आमसभा में सभी को सपरिवार उपस्थित सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान हिंदू समाज के अध्यक्ष अशोक अरोरा, संस्थापक सदस्य धर्मचंद शर्मा, विजय भारत, व्ही बालकृष्णन, कैलाश राठी, नरेंद्र पाणिग्राही,अनिल सामंत, अरुण दास, हशान चक्रवर्ती, आत्माराम जोशी, बालकृष्ण शर्मा, दिनेश पाणिग्राही, बी. जयराम, रंजीत पांडेय, गजेंद्र श्रीवास्तव, श्रीनिवास मिश्रा, डॉ श्रेयांस वर्धन जैन, डी. वेंकट राव, सुदर्शन पाणिग्राही, अश्विन हैप्पी मग्गू, कौशिक शुक्ला, शिवेश मिश्रा, विनोद पांडेय, एल. चंद्रशेखर राव, विभा सिंह, गायत्री बड़कश, स्मृता दुबे, ऋतु शर्मा, गीता शुक्ला, सतरूपा मिश्रा, सुधा श्रीधर आयर, श्रीमती नीलम मिश्रा, श्रीमती बुला चक्रवर्ती, निलमा पाठक, दीप्ति तिवारी, सुनील दास, आत्मा राम जोशी, अनिल शुक्ला, योगेश शुक्ला, राकेश साहू, योगेश ठाकुर, गणेश कुमार दहिया, मनोज ठाकुर, प्रेम खत्री, रमेश चांडक, नथमल चांडक, नवरत्न जलोटा, शारदा प्रशाद, प्रियंका नितिन सिंह, अलका सिंह सेंगर, मोहिनी दहिया, दुर्गा देवी अवस्थी, वंदना शुक्ला, चिमनाराम खत्र, नरेश कुमार, पारष मल खत्री, भीमल जैन, देवीचंद संचेती, अजय पालसिंह जयसवाल, डी. के. पराशर सहित समाज प्रमुख उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत 65**

**ईश्तहार**

**क्र./757/राजस्व विभाग/न.प./2023**
**गुरूर, दिनांक 25.09.2023**

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक

हस्तांतरण का नाम, पिता/पति का नाम श्री टीकाराम साहू पिता श्री झाड़ूराम, किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है नाम पिता/पति का नाम- श्री कामता प्रसाद साहू पिता श्री टीकाराम साहू, खसरा नंबर/रकबा 729/163, 206 रकबा 5925 का टुकड़ा 2075 वर्गफीट, पंचायत रिकार्ड क्र./सरल क्रमांक-04, नामांतरण का आधार-

**टीप-** उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन/मलबा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलबा संपत्तियों के नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति करना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपना आपत्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरूर**

**न्यायालय तहसीलदार, गुरूर जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम सरबदा को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुम्मनलाल पिता खम्हनलाल जाति कलार साकिन सरबदा तहसील गुरूर जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम सरबदा प.ह.नं. 13 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 253, 256, 257, 263/2, 288 हे. रकबा क्रमश: 0.12, 0.08, 0.15, 0.04, 0.20 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 0.59 हे. लगान 0.96 रू. की भूमि त्रिवेणीबाई पति खम्हन लाल जाति कलार के नाम पर दर्ज है। त्रिवेणी बाई पति खम्हनलाल जाति कलार की मृत्यु दिनांक 12.05.2021 को हो गया है। भूमिस्वामी त्रिवेणी बाई पति खम्हनलाल जाति कलार द्वारा आवेदक चुम्मनलाल आ. खम्हन जाति कलार के नाम पर वसीयतनामा दिनांक 06.04.2021 को निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि पर वसीयतग्रहिता चुम्मनलाल आ. खम्हन लाल जाति कलार का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन भूईया से प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06.10.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**गुरूर**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

# बुजुर्ग समाज के प्रकाश-स्तंभ, उनके अनुभवों के प्रकाश में नयी पीढ़ियां बढ़ती आगे हैं: भूपेश

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री बघेल संवेदनशीलता के साथ मंच से उतरकर स्वयं बुजुर्गों के पास पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर, चश्मा और हियरिंग एड सहित 825 सहायक उपकरण भी प्रदान किए। इस अवसर पर सभी जिलों के लगभग साढ़े छः हजार से अधिक वरिष्ठजन उपस्थित थे।



- मुख्यमंत्री भूपेश ने बुजुर्गों का शॉल और श्रीफल देकर किया सम्मान
- बुजुर्गों को 825 सहायक उपकरणों का किया गया वितरण

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मानव जीवन की तीन प्रमुख अवस्थाएं हैं- बाल्यावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था। मनुष्य की वृद्धावस्था उसके जीवनभर के ज्ञान और अनुभवों का निचोड़ है, उसकी जीवनभर की तपस्या का संचय है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग हमारे समाज के प्रकाश-स्तंभ हैं। उनके अनुभवों के प्रकाश में ही नयी पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि बुजुर्गों की सेवा करने से आयु, विद्या, यश और बल बढ़ता हैं।

श्री बघेल ने कहा है कि नये दौर के समाज में हमारे पुरातन जीवन-मूल्य बहुत पीछे छूटते जा रहे हैं। बुजुर्गों ने जीवनभर जिन लोगों के लिए मेहनत की, त्याग किया वे उन्हीं के द्वारा उपेक्षित कर दिए जाते हैं। राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिए सियान हेल्प लाइन नम्बर शुरू किया गया है। इस हेल्पलाईन का उपयोग दिव्यांग, विधवा और उभयलिंगी व्यक्ति भी कर सकते हैं। सियान हेल्पलाइन सेंटर और टोल फ्री नंबर के सेटअप की स्थापना के लिए बजट में एक करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हेल्पलाइन नंबर पर अभी तक 76 हजार से ज्यादा कॉल आ चुके हैं, इनमें से 1493 कॉल बुजुर्गों ने किए हैं। हमें खुशी है कि इस हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से हम बुजुर्गों की मदद कर पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राज्य सरकार द्वारा सियान जतन क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के आयुर्वेदिक अस्पतालों में भी बुजुर्गों के लिए विशेष ओपीडी और पंचकर्म सेवाएं दी जा रही हैं। राज्य में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में 72 प्रतिशत तक कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस योजना का लाभ भी हमारे वरिष्ठ नागरिकों को मिल रहा है।

समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने बुजुर्गों को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुजुर्गों, निराश्रितों, दिव्यांगों, किसानों सहित हर वर्ग का ध्यान सुचारू रूप से रख रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा पैसा नहीं देने पर भी राज्य सरकार ने योजनाओं के लिए अग्रिम स्वीकृति दी है, जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है।

कार्यक्रम में बुजुर्गों को 25 इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर, 600 हियरिंग एड और 200 चश्मा सहित 825 सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर दिव्यांग महाविद्यालय रायपुर के बच्चों द्वारा शानदार देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। बुजुर्गों का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यहां श्रवण और नेत्र जांच कर चश्मा प्रदान किया गया। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्गों को योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, विधायक सत्य नारायण शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, समाज कल्याण विभाग के सचिव अमृत खलखो सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# पढ़े-लिखे शिक्षित और जिम्मेदार अधिकारी भी ऑनलाइन ठगी के हो रहे शिकार

**गरियाबंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोशल मीडिया और डिजिटल युग आने के बाद ऑनलाइन धोखाधड़ी और ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताज्जुब की बात है कि इसमें पढ़े-लिखे शिक्षित और जिम्मेदार सरकारी अफसर भी ऑनलाइन ठगी के शिकार होने लगे है। हाल ने ही गरियाबंद जिले में एक सीएमओ आनलाइन ठगी के शिकार हो गए है। शातिर ठग ने नकली रिश्तेदार बनकर सीएमओ को 70 हजार की चपत लगा दी है। शिकायत के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गरियाबंद जिले के मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी आनलाइन ठगी के शिकार हो गए है। यह ठगी तो ऑनलाइन है लेकिन ठग द्वारा अपनाया गया पैतरा नया है। अब तक तो लोग बैंक कर्मचारी के नाम के फेक काल मैसेज तथा टेक्स्ट, व्हाट्स उप में आई लिंक के माध्यम से आनलाइन ठगी का शिकार हो रहे थे। इसमें थोड़ी जागरूकता आई तो ठगो ने अपना पैंतरा बदल नई तरकीब निकाल ली। इस बार ठग ने नकली रिश्तेदार (फूफा) बनकर सीएमओ को फोन किया, बुआ के एक्सीडेंट का हवाला देकर इलाज के नाम पर सीएमओ से अलग अलग किस्तों में 70 हजार रुपए चपेट लिए। सीएमओ ने भी पैसे ट्रांसफर करते समय जागरूकता नही दिखाई। बिना रिश्तेदारों से कंफर्म किए अनजान नंबर से आए फोन को सच मानकर पैसे ट्रांसफर करते रहे। जब नकली रिश्तेदार उन्हें बार बार कॉल कर और अधिक पैसे के लिए तंग करने लगे तब जाकर सीएमओ को ठगी की शंका हुई। उन्होंने एक बार रिश्तेदार से बात करना जरूरी समझा। जब रिश्तेदारों से बात हुई तब जाकर उन्हें पूरी हकीकत पता चली। जिसके बाद सिटी कोतवाली थाने में उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के बाद पुलिस भी मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।




- नगर पालिका सीएमओ को नकली फूफा बनकर ठग ने लगा दी 70 हजार की चपत

### जाने कैसे हुई ठगी...

नगर पालिका अधिकारी तिवारी ने पुलिस को बताया कि 29 सितंबर की शाम 6 बजे मोबाइल नंबर 9302884253 से काल आया कि तुम्हारा फूफा जी बोल रहा हूं। तुम्हारी बुआ जी का एक्सीडेंट हो गया है, जो कोमा में है ऑपरेशन के लिये पैसे की जरूरत है। एक्सीडेंट की बात सुनकर वे झांसे में आ गए और कालर 9302884253 को तत्काल 10,000/- रूपये एवं 15,000/- रूपये आनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद वाट्सअप में भेजे क्यूआर कोड में 20,000/- एवं कोटक महिन्द्रा खाता क्रमांक 8648709064 में 25,000/- रूपये कुल 70,000/- ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी कालर लगातार वाट्सअप कल कर पैसा डालने का दबाव बना रहा था, उन्हे धोखाधड़ी की शंका हुई। जब रिश्तेदारों को फोन किया तो पता चला कि बुआ का किसी प्रकार का एक्सीडेंट नहीं हुआ है। फर्जी कॉल था। जिसके बाद उसी दिन थाने पहुंच के मामले की शिकायत दर्ज कराई। सीएमओ को भावनात्मक बहना महंगा पड़ गया।

थाना प्रभारी जांगड़ा ने बताया कि सीएमओ की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है साइबर टीम की मदद से पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 60 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले मुख्यालय की सिटी कोतवाली पुलिस को अवैध गांजा तस्करी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को 60 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर रायपुर निकले थे, जिसे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गरियाबंद में ही घेराबंदी कर दबोच लिया। एएसपी डिसी पटेल ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी उड़ीसा के रहने वाले हैं। जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। गांजा की कीमत 6 लाख रुपए आंकी गई है।



जानकारी के मुताबिक आगामी चुनाव के मद्देनजर पुलिस अवैध कारोबार पर नकेल कसने में जुटी हुई है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लाल रंग की मारूति स्विफ्ट कार क्रमांक ह्र्ष 17-रू-6311 में दो युवक द्वारा मादक पदार्थ गांजा रखकर देवभोग से रायपुर की ओर जा रहे है। सूचना पर टीम गठित कर पुलिस ने नगर के फॉरेस्ट नाका के पास देवभोग से आने वाले वाहनों की सघन जांच की। इसी दरमियान उक्त लाल रंग की स्विफ्ट भी मौके पर पहुंची। जिसे तत्काल पुलिस ने रोक लिया। जांच में कार के सीट के नीचे गांजा के पैकेट बरामद किए। जिसके बाद मौके से ही दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया। बताए कि, 29 वर्षीय राजेश मंडल पिता बाबूराम मंडल व 34 वर्षीय विजय दोरा पिता आनंद दोरा दोनो उड़ीसा के कोरापुट जिले के सोनाबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमलीगुड़ा व जंगमपुट के रहने वाले है।

कार्यवाही में सायबर टीम एवं सिटी कोतवाली निरीक्षक कृष्णा प्रसाद जांगड़े, सहायक उप निरीक्षक टीकाराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक डिगेश्वर साहू, प्रहलाद थानापति, चूड़ामणि देवता, आरक्षक मुरारी यादव, योगेश जगने, रवि सोनवानी की विशेष भूमिका रही।

देशबन्धु पाठकों के लिए

माह सितम्बर 2023 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | = 120.00 |
| कुल 30 दिन | | 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 अक्टूबर 2023 तक बिल का भुगतान करें।

प्रसार व्यवस्थापक

NECC


| 02.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.10 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

# विसर्जन के बाद सफाई भी ज़रूरी

देश भर के विभिन्न शहरों, कस्बों एवं गांवों में 10 दिनों तक विराजमान रहने के बाद जन-जन के आराध्य और लोकप्रिय गणेश महाराज को कुछ आगे-पीछे शनिवार-रविवार तक विसर्जित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में भी गणपति प्रतिमाओं को जगह-जगह स्थापित किया गया था। शायद ही कोई ऐसा चौक-चौराहा या मैदान रहा होगा जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक गणेशोत्सव के आयोजन न किये हों। इसके अलावा घरों में बैठाये जाने वाली मूर्तियों की संख्या तो अनगिनत होती है। हर साल का यही नज़ारा होता है। धार्मिक त्यौहार भारतीय लोकजीवन का अभिन्न हिस्सा हैं जिससे सभी लोगों के बीच उत्साह का संचार होता है। यह सामाजिक मेलमिलाप का भी अवसर होता है इसलिये इस पर्व में लाखों लोगों का जुड़ाव होता है।

सैकड़ों जगहों पर उनके पूजन-अर्चन के बाद राज्य भर की नदियों-तालाबों में उनका विसर्जन किया जाता है। प्रतिमाओं का निर्माण अनेक तरह के रसायनिक पदार्थों, प्लास्टिक, कागज आदि से होता है। मूल ढांचा बेशक मिट्टी का होता है लेकिन उन पर लगने वाले अनेक तरह के रंग विभिन्न रसायनों से बने हुए घोल होते हैं। ज्यादातर मूर्तियां सार्वजनिक इस्तेमाल के जल भंडारों में विसर्जित होती हैं। इसके कारण क्या नुकसान होते हैं, इसके बारे में अनेक बार लोगों को आगाह किया जाता है। पर्यावरण वैज्ञानिक भी बार-बार कहते रहे हैं कि पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से प्रतिमाएं बनाई जानी चाहिये। पानी व मिट्टी को होने वाले नुकसान से तो सभी वाकिफ़ हैं लेकिन फिलहाल प्रशासन या लोगों के पास इसका कोई विकल्प नहीं है। कुछ लोग पूरी तरह से मिट्टी के बने गणेश बैठा रहे हैं जिनका कोई नुकसान नहीं होता। कहीं-कहीं घरों में ही कृत्रिम कुंड बनाकर या फिर बाल्टियों आदि में गणेश जी का विसर्जन करने की प्रशंसनीय पहल की जा रही है लेकिन ऐसे लोगों की तादाद बहुत कम है। लोग सार्वजनिक औत्सविकता का आनंद लेने के लिये रंग-बिरंगी मूर्तियां स्थापित करते हैं। उनका विसर्जन भी जहां समुद्र हैं वहां उनमें या नदी-तालाबों में विसर्जन किया जाता है।

हर साल मूर्तियों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके कारण विसर्जन द्वारा पानी में अधिक प्रदूषण होता जा रहा है। पानी के दूषित होने के अलावा इसके दुष्परिणाम जल के भीतर रहने वाले जीव-जंतुओं और उस पानी का उपयोग करने वालों पर भी होता है। मवेशी भी वही जल पीते हैं। साथ ही, नदी, तालाबों के किनारे उगने वाली वनस्पतियों पर भी प्रतिकूल असर होता है। इसे देखते हुए लोगों को पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। कोशिश यह भी हो कि जिन सामग्रियों से जल व मिट्टी पर असर होता हो, उन्हें पहले ही निकालकर रख लिया जाये। विसर्जन के बाद नदी, तालाबों की सफाई भी होनी चाहिये।

## उल्टा पुल्टा

टीचर- संजू, एक स्टोरी सुनाओ!
संजू- मैने उसको फोन किया वो सो रही थी!
फिर उसने मुझे फोन किया मैं सो रहा था!
मॉरल- जैसी करनी वैसी भरनी!!

# बाइक से नदी-नालों को पार कर कोर्रापाड़ पहुंचे मंत्री कवासी लखमा





**सुकमा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव की नजदीकियों के ध्यान रखते हुए मंत्री कवासी लखमा लगातार कोंटा विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी के तहत रविवार को मंत्री कवासी लखमा ने बाइक पर सवार होकर नदी नालों को पार करते हुए कोर्रापाड व पुनपल्ली पहुँचे। जहां लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इसे देख स्वयं कवासी लखमा खुद को रोक नही पाये और उन्होंने ढोल बजाकर ग्राम वासियों का अभिवादन किया। मंत्री कवासी लखमा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार जो कहती है वो करती है चाहे वो कर्ज माफी हो या 2500 में धान खरीदी या फिर आदिवासी विश्व दिवस की छुट्टी देनी हो। आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने से बस्तर में शांति हो रही है, नक्सल प्रभावित इलाकों में आज राशन, बिजली, पानी, रोड पहुँच रहा है। आज पोलमपल्ली में डामररोड का निर्माण हो रहा है इसके साथ ही मिसमा, पुनपल्ली, भेजी, रेगडगट्टा, गुफ़नपल्ली में रोड का निर्माण करवाये जाने की पहल की जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 साल की भाजपा की रमन सिंह की सरकार लोगों के राशन कार्ड को बनाने का कम काटने का ज्यादा करती थी। आज हमारी सरकार में सभी वर्ग के लोगो का राशन कार्ड बनवाकर वितरण करने का काम कर रही हैं। मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आदिवासियों के हित में काम करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी। आने वाले समय मे पुनपल्ली में 50 लाख की लागत से खेल मैदान का निर्माण करवाया जायेगा। आज आपके गांव में बिजली, पानी, सड़क पहुंच चुका है, ओर भी कोई समस्या है तो मुझे अवगत कराये। हमारी सरकार विभिन्न योजना जैसे गोबर खरीदी, गौ मूत्र ख़िरीदी, तेंदुपत्ता खरीदी, महुआ खरीदी, धान खरीदी आदि के माध्यम से गरीब के जेब में पैसा डालने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार आदिवासियों को वादा किये थे की जेल में बंद बेगुनाह आदिवासियों को छोड़ा जायेगा। सरकार बनते ही सबसे पहले बेगुनाह लोगों को छोड़ने का काम किया गया।

# पीएम मोदी की आमसभा को सफल बनाने बाफना व कार्यकर्ताओं ने कसी कमर



### ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न पंचायतों सहित शहर के वार्डों में ले रहे लगातार बैठकें

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व 3 अक्टूबर को जगदलपुर शहर के लालबाग मैदान में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा बस्तर संभाग में भाजपा के लिए काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही। जिसे लेकर बस्तर जिला भाजपा की पूरी टीम इसकी तैयारी में खूब पसीना बहा रही है। जिला कार्यालय में संगठन की बैठकों का दौर लगातार जारी है। मण्डल एवं मोर्चा पदाधिकारियों को लक्ष्य भी दिये जा रहे हैं। जिला संगठन से मिली जिम्मेदारियों के तहत् ही आम सभा को सफल बनाने भाजपा के पूर्व विधायक संतोष बाफना भी दिन-रात एक हुये है और पार्टी के ग्रामीण व शहीर क्षेत्र के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से जनसंपर्क करने में जुटे हुए हैं।

पूर्व विधायक बाफना के द्वारा पिछले दिनों जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत चोकावाड़ा, कस्तुरी, नगरनार, करनपुर, माड़पाल, मारकेल, हाटपदमूर, बेंगलूर, बड़ेकवाली, बड़ेमुरमा, छोटेमुरमा, नियानार, नकटीसेमरा, आड़ावाल, कुरंदी, पुसपाल, अलनार, साड़गुड़, सिड़मुड़, नानगुर, चिलकुटी, कोपागुड़ा में घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी की सभा में शामिल होने आमंत्रण पत्र बांटकर कॉंग्रेस की भ्रष्ट एवं निकम्मी सरकार को छत्तीसगढ़ प्रदेश से उखाड़ फेंकने का आव्हान किया। इसके पश्चात् आमसभा में शहरी क्षेत्र से भी अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुँचे इसके लिए प्रयास कर रहे। बाफना ने रविवार को प्रतापदेव वार्ड, सदर वार्ड एवं सुभाष वार्ड में आमजन व >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संसदीय सचिव ने कुम्हरावंड में 31 लाख से अधिक के कार्यों का किया भूमिपूजन



**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने ग्राम पंचायत कुम्हरावंड में 31 लाख 28 हजार रुपए के सी सी सड़क, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप हर क्षेत्र का सतत विकास किया जा रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। हमारी सरकार शहरों एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्र का विकास बराबर कर रही है। पूर्ववर्ती सरकार में जहां केवल शहरी क्षेत्र का ही विकास होता था पर आज हमारी सरकार में ग्रामीण क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। कुम्हरावंड शहर से लगा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र का विकास आवश्यक है अतः यहां छः कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर सरपंच दशमी बेलसरिया, उप सरपंच जया जोशी, जमुना राणा, लता ठाकुर, नीला नाग, शंकर पोयाम, धनीराम नाग, रघु कश्यप, लीलाधर नायडू, कलावती निषाद, सोमो साहनी, राजेश निषाद, तुलाराम, चमरू राम, महेन्द्र पाण्डेय, अमरेश्वर पाण्डे, उमाकांत कवि, मोहन जोशी, श्रीमती नीलिमा रवि, केशर चेरपा, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, वरिष्ठ नेता हेमू उपाध्याय, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा, इंटक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय सिंह, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया, विनोद कुकडे, सुहेल अकबर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सनातन हिन्दू धर्माचार्य सम्मेलन का आयोजन




### सर्व हिन्दू समाज को जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट रहने की आवश्यकता : संत गण

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय संत समिति व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सनातन हिन्दू धर्माचार्य सम्मेलन का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाऊनहाल जगदलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी परमात्मानंद महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सर्व हिन्दू समाज को जात पात से ऊपर उठकर समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता है, तभी हम वर्तमान जैसे संकट से पार पा सकेंगे।

उक्त संत हिंदू धर्माचार्य सम्मेलन में हिन्दू धर्म, हिन्दू संस्कृति एवं हिन्दू समाज का संरक्षण कर हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करने के लिए कटिबद्ध हो सकें। समाज में व्याप्त वर्तमान संकट जैसे मतांतरण, जिहाद, लवजिहाद, लैंड जिहाद, जन संख्या असंतुलन, गौ तस्करी, घुसपैठ एवं हिन्दू समाज के उपर होने वाले सांस्कृतिक आक्रमण और मतांतरण का सामना कर उसपर विजय प्राप्त किया जा सकें। इसके लिए पूज्य धर्माचार्य गण, संगठन समाज, परिवार एवं व्यक्ति अपने अपने स्तर पर क्या करें, क्या ना करें इसको लेकर चर्चा की साथ ही समाज में व्याप्त वर्तमान संकट जैसे मतांतरण, जिहाद, लव जिहाद, ओड जिहाद, जन संख्या असंतुलन, गौ-तस्करी, घुसपैठ एवं हिन्दू समाज के उपर होने वाले सांस्कृतिक आक्रमण पर विजय प्राप्त किया जा सके। इसके लिए धर्माचार्य, संगठन समाज, परिवार एवं व्यक्ति अपने अपने स्तर पर क्या करें, क्या ना करें ? जिससे संकटों का समाधान होकर समाज विश्व कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकें, इसी उद्देश्य से सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में तेजी से हो रहे धर्मांतरण, लव जिहाद, जमीन, जिहाद जनसंख्या असंतुलन गौतस्करी गौमांस का व्यापार धार्मिक - सांस्कृतिक आक्रमण बाहरी घुसपैठ एवं हिन्दू समाज पर बढ़ते अत्याचार के विरुद्ध सर्व हिन्दू समाज को जात पात से ऊपर उठकर मैं सर्व प्रथम हिन्दू हूं के भाव से कार्य करने एवं समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले इस महा धर्म सम्मेलन में सम्पूर्ण संत पुजारी पंडा बैगा आचार्यों को एकत्रित कर सम्मिलित होने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख सर्प से महामंडलेश्वर स्वामी सर्वेश्वर दासजी महाराज, स्वामी नंदाचार्य महाराज, स्वामी राकेश महाराज, स्वामी वेदप्रकाशाचार्य महाराज, स्वामी शिवदासानंद महाराज, स्वामी प्रेमस्वरूपानंद महाराज, प्रांत >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शहर कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. परसराम भारद्वाज की जयंती



**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में पूर्व सांसद व अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष स्व.परसराम भारद्वाज की जयंती सादगीपूर्ण मनाई गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत स्व.परसराम भारद्वाज के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया जिसके बाद सभी ने स्व. भारद्वाज को श्रद्धांजली अर्पित कर नमन किया। कांग्रेस भवन में स्व. भारद्वाज की जयंती पर संगोष्ठी सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसजनों ने पार्टी के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व.परसराम भारद्वाज संगठन के प्रति समर्पित नेता थे। उनकी सोच सभी को साथ लेकर चलने व पार्टी को अधिक से अधिक मजबूत बनाने की रही। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण, छत्तीसगढ़ी वासियों को उनका अधिकार दिलाने में उनका अहम योगदान रहा। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कॉंग्रेसी सतपाल शर्मा ने संबोधित करते हुए स्व.भारद्वाज जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला व कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान सतपाल शर्मा, एम वेंकट राव, नरेंद्र तिवारी, अंगत प्रसाद, योगेश पाणिग्रही, जाहिद हुसैन, महेश ठाकुर, संदीप दास, उपेंद्र बांदे, शहनाज बेगम, शादाब अहमद, रजत जोशी, सुलो कश्यप, साहिल गुप्ता, मनोज साहनी, रविशंकर तिवारी, ललित नाहटा आदि मौजूद रहे।

# नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं होगा : केदार कश्यप



- स्थानीय भर्ती को कांग्रेस ने रोका और आदिवासी आरक्षण को भी किया प्रभावित, आज झूठा हल्ला मचा रही है कांग्रेस
- बस्तर को गरीब और अभावग्रस्त रखना चाहती है कांग्रेस

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुये कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव में अपनी स्पष्ट पराजय देख कर कांग्रेस निम्न स्तर की राजनीति पर उतर आयी है। रायगढ़, रायपुर, बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाओं में उमड़े अपार जनसमूह ने यह तय कर दिया है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन हो रहा है। हार के डर से बौखलाई कांग्रेस बस्तर में 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली आमसभा को प्रभावित करने निम्न हथकंडे अपनाने में आमदा है। सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं होगा, कांग्रेस भ्रम फैला रही है।

भाजपा जिला कार्यालय में आहूत पत्रवार्ता में श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर को कांग्रेस केवल गरीब व अभावग्रस्त रखना चाहती है। वर्ष 2003 के पहले बस्तर के कैसे हालात थे, यह किसी से छिपा नहीं है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया, भाजपा के 15 साल शासन में विकास की रौशनी बस्तर तक पहुँचाने का बड़ा कार्य हुआ। कांग्रेस ने प्रदेश में सरकार बनाते ही बस्तर और सरगुजा में भाजपा द्वारा आरंभ की गयी, स्थानीय भर्ती पर रोक लगा दी। बस्तर के हजारों युवा स्थानीय भर्ती के लाभ से वंचित हो गये। यह सब करने के बाद कांग्रेस उल्टा मिथ्या दोषारोपण कर रही है। केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने कभी आदिवासी संस्कृति व समाज के सम्मान की चिंता नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसामुण्डा के जन्म दिवस 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। 12 जनजातियों को आरक्षण की मान्यता दिलायी। माहरा समाज को भी एससी वर्ग में शामिल करने सार्थक पहल की। वहीं कांग्रेस ने आदिवासी आरक्षण और ओबीसी आरक्षण को प्रभावित किया। कांग्रेस के इस रवैये से आदिवासी युवा शासकीय नौकरी में आरक्षण से वंचित हुये हैं। वही कांग्रेस आज झूठा प्रचार कर हल्ला मचा रही है। श्री कश्यप ने कहा कि एनएमडीसी का कार्यालय हैदराबाद में कांग्रेस के शासन में ले जाया गया था। जब ऐसा किया जा रहा था उस समय कांग्रेस के नेता क्या कर रहे थे। बस्तर के हित व विकास के लिये भाजपा सदैव संकल्पित है। नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं होगा।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वाधिक बार बस्तर आने वाले प्रधानमंत्री है, जो बस्तर व >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शहरवासियों ने श्रमदान कर लिया शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प



### शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हम सब का दायित्व : रेखचंद जैन

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडियन स्वच्छता लीग स्वच्छता ही सेवा के तहत एक अक्टूबर को स्वच्छता जागरूक अभियान में पूरे शहर में एक घंटा का श्रमदान कर शहर वासियों ने स्व.महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दिया। रविवार सुबह 10 बजे से एक घण्टा पूरे शहर में स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, श्रमदान में संसदीय सचिव एवं विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। इस श्रमदान में शहर के 48 वार्डों, प्रमुख स्थलों, दलपत सागर, दंतेश्वरी माई मंदिर के सामने, नया बस स्टैंड, गोल बाजार, मेंन रोड, शहीद पार्क के अलावा अन्य प्रमुख स्थलों में नागरिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान में निगम के पार्षद गण, वार्ड के नागरिक, विभिन्न सामाजिक संगठन, रोटरी क्लब, व्यापारी बंधु, स्काउट गाइड के छात्राए, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, वन विभाग, एनडीआरएफ की टीम, बैंक के कर्मचारी, डाक विभाग के कर्मचारी, निगम के कर्मचारी, स्वच्छता दीदीया, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, 201 कोबरा बटालियन, 80 बटालियन सीआरपीएफ, युवोदय के वालंटियर एवं अन्य संगठनों ने बढ़ चढ़कर शहर की साफ सफाई में अपना योगदान देकर स्वच्छता का संदेश देते स्वच्छता का संकल्प लिया। श्रमदान में स्थलों में साफ सफाई के साथ, फॉगिंग, खरपतवार की सफाई, व सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया गया। श्रमदान अभियान में हजारों की संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने जुड़कर एक साथ बढ़ चढ़कर सफाई अभियान को सफल बनाने में अपना अपना सहयोग दिया। स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में नगर निगम प्रशासन के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शासन के निर्देश अनुसार श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश एवं जन जागरूकता लाने का उद्देश्य को सफल बनाने में शहर के सभी वर्गों ने जनप्रतिनिधियों ने सहयोग कर एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दिया। 2 अक्टूबर को स्वच्छता पर आयोजित डांस, कबाड़ से जुगाड़, ड्राइंग प्रतियोगिता में भी भागीदारी लेकर स्वच्छता ही सेवा में सम्मिलित हो। 2 अक्टूबर का आयोजन शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

# मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने किया प्रधानमंत्री प्रवास की तैयारियों की समीक्षा



**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने रविवार को जगदलपुर में 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के बस्तर प्रवास की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए समय पर पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर एडीजी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के. एसएसपी जितेन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आम सभा स्थल को पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए विभिन्न सुरक्षा बलों के अधिकारी जुटे हुए। आयोजन स्थल के चक्की चक्की पर नजर रखी जा रही है। विभिन्न उपकरणों और डॉग स्क्वायड से निरंतर जांच की जा रही है।

# बारसी उतारनी पूजा विधान के साथ दशहरा फूल रथ निर्माण कार्य प्रारंभ



**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के लिए रथ निर्माण का कार्य रविवार को वार्षिक उतारने पूजा विधान के साथ शुरू हुआ। ग्राम बेड़ा उमरगांव और झार उमरगांव के रथ निर्माण करने वाले कारीगर रविवार को अपने औजारों के साथ सिरहासार भवन पहुंचे। दोपहर 3:00 बजे बसर की परंपरा के अनुसार पूरे विधि विधान के साथ बारसी उतारनी पूजा विधान रथ निर्माण करने वाले कारीगर दल के मुखिया दलपति और उनके साथियों के द्वारा संपन्न किया गया। इस पूजा विधान में रथ निर्माण लकड़ी की साफ सफाई कर उसे पर रथ निर्माण के औजार को रखकर, अंडा, लाई के साथ चावल नारियल पूजा सामग्री समर्पित किया गया। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कलेक्टर को भ्रष्टाचार के लिए मोहरा बना रही भूपेश सरकार

## दंतेश्वरी कारीडोर व अन्य निर्माणाधीन कार्यों के लोकार्पण पर भड़की भाजपा

**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दंतेश्वरी कारीडोर समेत करोड़ों के आधे-अधूरे निर्माण कार्यों का लोकार्पण किये जाने पर भाजपा ने भी मोर्चा खोल दिया है। भाजपाईयों ने इसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा बताया है। पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष चैतराम सहित दर्जन भर पदाधिकारियों ने कहा है कि यह अपने आप में हास्यास्पद है कि निर्माणाधीन कार्यों का प्रशासन ने मुख्यमंत्री से लोकार्पण करवा दिया। भूपेश सरकार, कलेक्टर विनीत नंदनवार के कंधे पर बंदूक रखकर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रही है। भाजपा इसकी शिकायत राज्यपाल से करेगी।

पत्रवार्ता में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी, पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, अंति वेक, ममता गुप्ता, लता मरकाम, दुर्गा प्रकाश सिंह चौहान, आशीष चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यू सोनी जैसे पदाधिकारी मौजूद थे। इन पदाधिकारियों ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने चुनाव को देखते हुए दंतेश्वरी कारीडोर, ज्योति कलश भवन, एकता परिसर का लोकार्पण कर दिया, जबकि ये अपूर्ण हैं। इसी तरह प्रवेश द्वार, हर्बल गार्डन, आदिवासी संग्रहालय,



**राज्यपाल से शिकायत की तैयारी, घटिया निर्माण को सरकार की मुहर**
**प्रदेश के इतिहास में पहली बार अधूरे कार्यो का सीएम से कराया लोकार्पण**

चितालंका तालाब, बारसूर गेट को भी लोकार्पित किया गया है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार को एक तरह से प्रशासन ने अपनी हरी झण्डी दिखा दी है। आनन-फानन में लोकार्पण कर सरकार और प्रशासन, घटिया निर्माण को छिपाने की कोशिश कर रही है। चुनाव में जनता को यह भ्रमित करने की कोशिश है। इन्द्रावती नदी पर पुल बनकर तैयार हुआ था, भाजपा सरकार में यह पूर्ण हुआ, लेकिन समय नहीं था तो इसका लोकार्पण नहीं किया गया था। भूपेश सरकार ने इसका लोकार्पण किया, यह राजनीति में ईमानदारी और पवित्रता की निशानी है, जिसे भाजपा की रमन सरकार ने निभाया था। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी भूपेश सरकार अपनी झूठ फरेब की राजनीति में दंतेश्वरी मांई के मंदिर को भी नहीं छोड़ रही है, यह दुखद और आश्चर्यजनक विषय है। भाजपा अध्यक्ष चैतराम व अन्य पदाधिकारियों ने आगे कहा कि इस मुद्दे पर वे कलेक्टर से मुलाकात करेंगे तथा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे और जनता को अवगत करायेंगे कि किस तरह प्रदेश की भूपेश सरकार दंतेवाड़ा के रहवासियों के जन भावना से खेल रही है। इस मौके पर नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के प्रति सरकार संवेदनहीन है और उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। ओजस्वी मंडावी ने कहा कि इस फर्जी लोकार्पण का भाजपा विरोध करेगी और दंतेवाड़ा का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कटेकल्याण के जर्जर अस्पताल भवन का मुद्दा भी उठाया। रामू नेताम ने कहा कि डंकनी नदी पर जो पुल बना है, वह भाजपा सरकार की देन है। अभी दंतेश्वरी कारीडोर की लागत इस पुल से भी ज्यादा हो गई है। स्कूल भवन के निर्माण से ज्यादा उसकी रंगाई-पोताई में खर्च हो रहा है। 96 लाख में प्रवेश द्वार बन रहा है। कुल मिलाकर कांग्रेस का नाम ही भ्रष्टाचार मान ले तो वह बुरा नहीं होगा। चैतराम अटामी ने कहा कि कांग्रेस गांधी जयंती पर भरोसा यात्रा निकाल रही है, यह भरोसा यात्रा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की यात्रा है।

धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि उन्हें प्रशासन की ओर से पालिका उपाध्यक्ष की हैसियत से वर्चुअल भूमि पूजन के लिए आमंत्रण मिला था। जाने पर पता चला कि प्रशासन निर्माणाधीन कार्यों का भी लोकार्पण मुख्यमंत्री से करवा रहा है। फर्जी और गोपनीय टेण्डर से निर्माण यहां आम बात है, अब लोकार्पण भी गोपनीय ढंग से हो रहा है। भाजपा इसे चुनाव में मुद्दा बनायेगी।

# हत्या और लूट में शामिल पांच नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नक्सल विरोधी अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल को नीलावाया के जंगल से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। इनमें एक ईनामी नक्सली भी शामिल है। पत्रकार वार्ता में एसपी गौरव राय ने यह जानकारी दी।



एसपी श्री राय ने बताया कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित कैम्प पोटाली से 15वीं बटालियन सीएएफ का बल ग्राम नीलावाया के जंगल/पहाड़ी की ओर सर्चिंग पर रवाना हुई थी। इसी दौरान नीलावाया मिलकनपारा के जंगल/पहाड़ी में पुलिस को देखकर कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। थाना अरनपुर लाकर इनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में इन लोगों ने अपना नाम क्रमश: आयता कोर्राम नीलावाया पंचायत मिलिशिया कमाण्डर, मासा मडकाम नीलावाया संघम सदस्य, देवा हेमला मिलिशिया सदस्य, देवा कोवासी डीएकेएमएस सदस्य एवं भीमा हेमला नीलावाया पंचायत जनताना सरकार सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इनमें से आयता कोर्राम पर 1 लाख का ईनाम घोषित है। ईनाम की राशि सीएएफ के जवानों में बांटी जायेगी। ये सभी नक्सली पोटाली धुरवापारा के माड़वी भीमा और हरेन्द्र कोर्राम की हत्या में शामिल थे। इसके साथ ही अरनपुर थाने में विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध है। उल्लेखनीय है कि जिले में आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कटेरिया के मार्गदर्शन और एसपी गौरव राय तथा एडिशनल एसपी राम कुमार बर्मन के निर्देशन में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी कामयाबी हासिल हो रही है।

# चिकित्सकों ने की जिला अस्पताल में साफ-सफाई



**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में आयुष्मान भव कैंपेन के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सेवा पखवाड़ा के तहत साफ सफाई अभियान चलाया गया।

**स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाया अभियान**
**रेड क्रॉस सोसाइटी भी अभियान में जुटी**

इसी क्रम में रेड क्रास सोसायटी जिला दंतेवाड़ा के द्वारा जिला चिकित्सालय में साफ सफाई अभियान किया गया। साफ सफाई के माध्यम स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी डॉक्टर संजय बसाक, डॉक्टर एस. मंडल जिला संगठक रेड क्रास सोसायटी, अंकित सिंह, विनीता गुप्ता, ममता पाल, मनोज हालदार रेड क्रॉस सोसाइटी के समस्त सदस्य एवं चिकित्सालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान

**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज जिला मुख्यालय के ग्रंथालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके तहत न केवल उन्हें श्रवण यंत्र, स्टिक एवं दिव्यांग चेयर इत्यादि प्रदाय किया गया साथ ही उन्हें स्वीप कार्यक्रम के मतदान के महत्व, मतदान प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी कुमार बिश्वरंजन ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ नागरिक समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और आने वाली पीढ़ी को उनके योगदान को कभी नही भुलना चाहिए। उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने वरिष्ठ मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के महत्व के संबंध में नवीन पीढ़ी को अवश्य अवगत कराये और अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करें।

इसके साथ अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की



**वृद्धजनों को प्रदान किया श्रवण यंत्र, स्टिक, दिव्यांग चेयर, स्वीप के तहत मतदान प्रक्रिया की भी दी जानकारी**

शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में माता, पिता को ईश्वर के समकक्ष दर्जा दिया गया है। अत: हम सभी का परम कर्तव्य है कि माता, पिता की देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य की उचित देखरेख करें साथ ही अन्य बुजुर्गों के प्रति भी सम्मान की भावना रखें। मतदाता जागरूकता एवं उस में वृद्धजनों की भूमिका के संबंध में उन्होंने कहा कि वे अपने पूर्व अनुभव को लेकर अधिक बेहतर तरीके से मतदाताओं को मतदान के महत्व के संबंध में अवगत करा सकते हैं। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो ने इस मौके पर विभाग द्वारा वृद्धजनों के हित में चलायी जा रही योजनाओं एवं उससे लाभान्वित होने की प्रक्रिया के संबंध विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के दौरान कला पथक मंडलियों द्वारा लोकतंत्र के महत्व, मतदान प्रक्रिया के संबंध में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गयी। इसमें लोकगीत ईया ईया काय दादा, दीदी वोट दे तोर आय, नानो दादो वराट बोट वाटाकाल तथा प्रहसन आदि शामिल थे। इसके अलावा वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलायी गयी। इसके साथ इस अवसर पर वृद्धजनों को श्रवण यंत्र, स्टिक, दिव्यांग चेयर एवं श्रीफल, गमछा भी प्रदाय किया गया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम दंतेवाड़ा,गीदम सहित अन्य अधिकारी एवं वृद्धजन उपस्थित थे।

*__जगदलपुर।__ शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर विराजित गणपति मूर्तियों के विसर्जन कार्यक्रम आज चौथे दिन भी जारी रहा। आकर्षक झांकियां के साथ बैंड बाजे की धुन पर झूमते नाचते श्रद्धालुओं में गणपति मूर्तियों का विसर्जन किया।*



# गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु ड्यूटी में लगे पुलिस बल के साथ अभद्र व्यवहार

**दो युवतियों पर बस्तर पुलिस की कार्यवाही**




**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पनारापारा में गणेश विजर्सन डियूटी में तैनात बल के साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौच व मारपीट करने वाले दो युवतियों पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। 30 सिंतम्बर को शहर में गणेश प्रतिमा विजर्सन हेतु डियूटी में तैनात बलों के साथ दो युवतियों ने नशे की हालत में पनारापारा में अपने स्कुटी क्रमांक-सीजी 17 डब्ल्यू 4582 से आये और रूके पुलिस बल को देख कर दो महिलाओं ने अश्लील गाली गलौच कर धक्का मुक्की हाथापाई करते हुये चोट पहुंचाये और शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न की। प्रार्थिया कु. गीता मौर्य के रिपोर्ट पर दोनों युवतियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

# आंवराभाटा हाई स्कूल में स्वच्छता अभियान



**दंतेवाड़ा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत आज शासकीय हाई स्कूल आवाराभाटा विद्यालय के प्रांगण व आसपास में श्रमदान करते हुए नागरिक सुरक्षा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला, प्राचार्य सुनीता गोस्वामी, सीएससी फुलेश सोरी, जयश्री चौहान, गौतम गावड़े, किरण एक्का, लिली मंजु टोप्पो, कीर्ति साहू, कविता भोगामी, ज्योति मण्डावी सहित विद्यालयीन बच्चे उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**पीएम मोदी की आमसभा को...**

कार्यकर्ताओं की बैठकें भी ली। इस दौरान बाफना ने कहा कि, प्रदेश एवं जगदलपुर विधानसभा की जनता कॉग्रेस के शासन से परेशान हो चुकी है इस बार यहॉ के लोग वोटों के माध्यम से कॉग्रेस और उनके जनप्रतिनिधियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा के अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

**सनातन हिन्दू धर्माचार्य...**

कार्यध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, कुंवर राज बहादुर सिंह राणा, रवि ब्रह्मचारी, लखीधर बघेल, प्रेम चालकी, पं.पंकज मिश्रा, सरिता यादव, हरि साहू, कमलेश विश्वकर्मा, अनिल अग्रवाल, घनश्याम नाग, होमेश राठौर, महेश कश्यप, मुन्नाा बजरंगी, पवन राजपूत समेत हजारों की संख्या में सनातनी शामिल रहे।

**नगरनार इस्पात संयंत्र का...**

आदिवासी क्षेत्रों के प्रति प्रधानमंत्री की चिंता को बताता है। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आदिवासी महिला है। जो देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश की नई संसद में सर्वप्रथम महिला आरक्षण बिल बिना अवरोध के दोनों सदनों में पारित कराया। यह मातृशक्तियों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदर व सम्मान का भाव है। वहीं कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल को पिछले 30 साल से लटकाये रखा और अभी भी ऐसी ही मंशा पर काम कर रही है। सुश्री उसेण्डी ने कहा कि नौ वर्ष में भारत शक्तिशाली बन कर विकास की राह में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी है। जिसे देखते हुये कांग्रेस षड्यंत्र कर रूकावटे डालने का काम कर रही है। यह कांग्रेस की ओछी राजनीति है। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, किरण देव, जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, डा. सुभाऊ कश्यप, संतोष बाफना, श्रीनिवास राव मद्दी, कमल चंद भंजदेव, बैदूराम कश्यप, लच्छू राम कश्यप, राजाराम तोड़ेम, निरंजन सिन्हा,समुंद साय कच्छ,दीपेश अरोरा, मनीराम कश्यप, बाबुल नाग,विनायक गोयल, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा, मनोज पटेल, आशु आचार्य,दौलत राम योगी उपस्थित थे।

**बारसी उतारनी पूजा विधान...**

बस्तर की परंपरा के अनुसार मोंगरी मछली और बकरे की बलि भी दी गई। इस दौरान बस्तर दशहरा समिति के सचिव तहसीलदार जगदलपुर एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस विधान के बाद नए रथ निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। विदित होगी इस वर्ष चार चक्के के फूल रात का निर्माण किया जाएगा। फूल रथ की परिक्रमा कलश स्थापना के दूसरे दिन से शुरू होता है और सप्तमी तिथि तक प्रतिदिन शाम को फूल रथ की परिक्रमा होती है। इसके लिए काफी कम समय रह गया है कम समय में ही नए रथ का निर्माण किया जाना है।

# वृद्धजनों को मतदान से जोड़ने अभिनव पहल

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को सम्मानित

**सुकमा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस के निर्देशन में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शबरी आडिटोरियम भवन कुम्हाररास सुकमा में जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में जो 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं, उन वृद्धजनों का सम्मान किया। उन्हें मतदान प्रक्रिया से जोड़ने अभिनव पहल किया गया ताकि उनका मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिसमें कोंटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वृद्धजन सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान वृद्धजनों को साल एवम् श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों का श्रीफल एवं वॉकिंग स्टिक देकर सम्मानित किया गया। वृद्धजन सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में वृद्धजनों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है।सम्मान समारोह के बाद स्वीप की गतिविधियों जैसे निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित मतदाता भाषण एवम् वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम में स्वतंत्रता, निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा ने 80 वर्ष या उससे अधिक वर्ष आयु वर्ग के एवम् प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान सम्बंधी आधिकार से अवगत कराया। साथ ही ईवीएम का प्रदर्शन के दौरान, डिप्टी डीईओ ने वृद्धजन एवं युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। संयुक्त कलेक्टर दुलीचंद बंजारे ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मानव के जीवन में हर कदम में वृद्ध जनों की महत्व को बताया। साथ ही अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डीडी समाज कल्याण विभाग संजय पांडेण्य ने किया। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा वृद्धजनों के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर एसडीएम सुकमा प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर अजय मोड़ियम, सीएमओं सुकमा स्वीप नोडल प्रोफेसर शाहिद बापू राव पीजी कॉलेज महेश नागरची, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका सुकमा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवम् लगभग 500 वृद्ध जन एवं 1000 छात्रगण शामिल हुए।

# गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान

## जोन्दरा पदर में निकली स्वच्छता व नशा मुक्ति रैली





**कोण्डागांव,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती पर स्वच्छता ही 'सेवा अभियान' के तहत जोन्दरापदर में स्वच्छता एवं नशा मुक्ति रैली निकाली गई सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से सावधान किया और नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता ही सेवा के देशव्यापी अभियान में भागीदारी करते हुए प्राथमिक शाला जोन्दरापदर के बच्चों, शिक्षकों, ग्रामीण महिलाओं ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। स्कूल परिसर, सामुदायिक भवन, खेल ग्राउंड में फैली प्लास्टिक पन्नी, कचरा की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही नशा मुक्ति, प्लास्टिक उन्मूलन जागरुकता रैली निकाल ग्राम जोन्दरापदर के किराना दुकानदार, होटल में जाकर ग्रामवासियों पालकों को शिक्षिका मधु तिवारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा प्रबंधन व साफ सफाई के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ स्वस्थ सुंदर कोंडागांव जिला बनाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही नशामुक्त गाँव बनाने हेतु नशे से दूर रहने तम्बाकु, गुड़ाखु, सिगरेट, शराब के शरीर पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव व सामाजिक बुराइयों के प्रति सावधान करते हुए नशा मुक्ति शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर जोन्दरापदर के कर्मचारियों शिक्षिका स्मिता नेताम का भरपूर सहयोग रहा।

**कलेक्टोरेट परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान**

कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल के नेतृत्व में जिला कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर परिसर के उद्यान तथा पार्किंग स्थल की साफ-सफाई की गई। यहां उग आई झाड़ियों के साथ ही सुखे पत्ते, पन्नियां और कागज के कचरों की सफाई की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी उत्साह के साथ परिसर की साफ-सफाई की।

# नपा बीजापुर के सभी वार्डों में चला स्वच्छता अभियान का झाड़ू



## अधिकारियों सहित स्कूली बच्चों ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा

**बीजापुर ,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुबह 10 बजे से कलेक्टर, एसपी, सीआरपीएफ के जवान सहित जनप्रतिनिधि एवं नगरपालिका का पूरा अमला व आम नागरिकों ने हाथ में झाड़ू, फावडा, बाल्टी लेकर नगर के विभिन्न जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं कलेक्टर ने इस दौरान सभी दुकानदारो को स्वच्छता पर ध्यान देने, अपने-अपने परिसर को स्वच्छ रखने, डस्टबीन का उपयोग करने समझाईस दी। स्वच्छता अभियान अन्तर्गत पुराना पेट्रोल पंप, नया बस स्टैंड, मुख्य मार्ग के किनारे, पुराना बस स्टैंड सहित सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान के तहत लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बीजापुर नगरपालिका सहित नगर पंचायत भोपालपटनम एवं भैरमगढ़ में भी लोगों ने स्वच्छता अभियान में बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने आमजनों को इस स्वच्छता अभियान में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की थी। जिस पर लोगों ने सहर्ष स्वप्रेरित होकर एक घंटा स्वच्छता के लिए भागीदारी दी । इस दौरान पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों को बताया और स्वच्छता शपथ दिलाई। जिसमें स्वच्छता के लिए समय निकालने, सजग रहने, लोगों को जागरुक करने और स्वच्छ भारत का निर्माण करने में अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर नगर-पालिका अधिकारी वी.के.एस.पॉल दास जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी केएस मशराम, कार्यपालन अभियंता सीएसईबी डीएस उर्वसा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण, सीआरपीएफ एवं छ.ग. पुलिस के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शहीद वेंकटराव महाविद्यालय के विद्यार्थी , राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने भी सीआरपीएफ बटालियन के जवानों के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल होकर नगर के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया ।

# एनएमडीसी बचेली परियोजना मे राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह

**बचेली,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनएमडीसी बैलाडीला आयरन ओर माइन, बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनांक 30-09-2023 को प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सभी विभागाध्यक्ष, एसकेएमएस एवं एमएमडब्लयूयू के अध्यक्ष, सचिव एवं पुरस्कार विजेताओं अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के विजेता प्रतिभागी शिक्षकों की उपस्थिति रही। ज्ञातव्य है कि दिनांक 14-09-2023 से 29-09-2023 तक परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मार्गदर्शन, धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) सह सर्वकार्यभारी अधिकारी राजभाषा के समन्वय एवं सौरभ चढ़ार, कनिष्ठ प्रबंधक (राभा) के नेतृत्व में राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस तारतम्य में सौरभ चढ़ार, राजभाषा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष बीआईओएम, बचेली इकाई संकुल में भारत सरकार की राजभाषा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस वर्ष भी 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन पुणे में हुआ था। इस अवधि में बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों, कर्मचारियों, गृहणियों एवं शिक्षकों हेतु हिन्दी निबंध, हिन्दी टंकण, रिक्त स्थान भरें, चित्र देखें एवं लिखें, लघुकथा लेखन एवं लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह में मुख्य अतिथि के करकमलों से वर्ष 2022 के दौरान राजभाषा में श्रे?ठ कार्य निष्पादन हेतु सिविल विभाग को राजभाषा शील्ड एवं वित्त विभाग को राजभाषा कप प्रदान किए गए। तत?पश?चात राजभाषा पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने राजभाषा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार कंपनी एवं प्रोजेक्ट में अविरत रूप से किया जा रहा है। इस भाषा में अभिव्यक्ति अधिक प्रभावशाली है। स्वागत उद्बोधन धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया, तथा श्रमिक संघों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चढ़ार, कनिष्ठ प्रबंधक (राभा) एवं धन्यवाद ज्ञापन नरेन्द्र अम्बादे, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) द्वारा किया गया।



# कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर सम्पन्न



## दीपक, राजेश, मोहन जैसे दिग्गज नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिया चुनाव जितने के टिप्स

**कोण्डागांव ,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपक बैज, राजेश तिवारी, मोहन मरकाम जैसे दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की विधान सभा स्तरीय संकल्प शिविर सम्पन्न हुई जहां कार्यकर्ताओं को चुनाव जितने के टिप्स दिए गए।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा सभी विधान सभा में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बूथ कमेटी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को पार्टी की गतिविधियों व सरकार की योजनाओं को बताया जाता है एवं बूथ स्तर पर पार्टी कि मजबूती किस तरीके से हो इस बारे में भी पार्टी के नेताओं द्वारा बताया जाता है। कोंडागांव विधान सभा मे भी कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बूथ सेक्टर जोन के पदाधिकारी शामिल हुए, साथ ही स्थानीय सभी ब्लॉक जिला प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने शिरकत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह बस्तर सांसद दीपक बैज शामिल हुए, एआईसीसी सचिव सह मुख्य मंत्री सलाहकार राजेश तिवारी, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री सह कोंडागांव जिला प्रभारी करण देव, प्रदेश सचिव सह कोंडागांव विधान सभा प्रभारी मँहगु मरकाम सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए, चुनाव जितने के टिप्स दिए। चुनाव जितने सरकार बनाने के लिए बूथ जितना जरूरी है। आप अपने पर जीत कर आएं यह आपकी सबसे बड़ी व प्रमुख जिम्मेदारी है। चुनाव में सरकार की योजनाओं और जनहितैषी कार्यों को लेकर हम जनता के बीच जाकर वोट अपील करेंगे पार्टी हाई कमान चाहे जिसे भी टिकट दे कांग्रेस के पंजा निशान को प्रत्याशी मानकर चुनाव लड़नी है, साथ ही सभी मौजूद बूथ सेक्टर जोन के पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई की कांग्रेस के लिए कार्य करेंगे चाहे पार्टी किसी भी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाकर मैदान मे उतारे जीत कांग्रेस पार्टी की होगी यह बात पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कही। मोहन मरकाम ने कहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पार्टी है कार्यकर्ताओं से बड़ा नेता नहीं होता, चुनाव कार्यकर्ता लड़ते हैं, नेता नहीं। आपने हमें विधान सभा के नेतृत्व का मौका दिया, हमने भूपेश बघेल के नेतृत्व में विकास को आपके हर मांग को पूरा करते हुए आप तक पहुंचाने का काम किया, आगामी चुनाव में भी कांग्रेस की सरकार बन रही है, हमें पूर्ण विश्वास है, जो मांग अभी अधूरी रह गयी है, उन्हें भी पूरा करेंगे। कार्यक्रम में बूथ सेक्टर, मंडल, ब्लॉक, जिला के पदाधिकारियों के साथ जिला जनपद नपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि पंच सरपंच मौजूद रहे।

# भीरागाँव में हर्षोल्लास से मनाया गया गांयता जोहारनी कार्यक्रम



**कोण्डागांव,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग का सबसे बड़ा त्यौहार पूनांग पंडुम गांयता जोहारनी कार्यक्रम मुंडाक्षेत्र बुनागाँव के भीरागाँव में धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रत्येक गांव से आए पेन पुरखा-आंगादेव, बुढ़ादेव, जिम्मेदारीन आया, गुटाल देव को मांदरी बाजा के साथ नाचते हुए गाँयता, पुजारी, सिरहा, गुनिया और समाज प्रमुखों के द्वारा सेवा अर्जी कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि अंचल में नयाखानी पर्व के बाद प्रत्येक उपखंड में गांयता जोहारनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। पेन पुरखा को सेवा अर्जी कर सभी गांव से आए हुए गांयता-पुजारी, सिरहा-गुनिया और समाज प्रमुखों को सफेद पगड़ी बांधकर नये धान की चिवड़ा को टीका लगाया और कोरिया पत्ता में वितरण किया गया। बस्तर की आदिवासी संस्कृति के वैभवशाली विरासत को संजोए, सदियों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए आदिवासी पारंपरिक पोशाक में सज-धज-कर हजारों की संख्या में गोटूल के लया-लयोर और सगाजनों ने रेला-पाटा, मांदरी नृत्य किया। इस दौरान लिंगों का 18 वाद्य यंत्रों में प्रमुख बाजा हुल्की मांदरी, गुटा मांदरी और रेला-पाटा में सामुहिक नृत्य प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों और युवा लया-लयोर के द्वारा बस्तरिया लोकनृत्य ने सभी सगाजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज के गंगाराम नेताम ने पुनांग पंडुम, रीती-रिवाज, सतपाल नेताम ने पेशा कानून, वन अधिकार कानून, ग्राम सभा सशक्तिकरण, दीपिका मरकाम ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण, सुरेश नेताम ने संवैधानिक अधिकार, बलदेव मरकाम ने शिक्षा का महत्व, प्रतियोगी परीक्षा, अनित बघेल ने व्यवसाय और स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। भव्य आयोजन के अंत में सभी सगाजनों के द्वारा विशाल रेला-पाटा, मांदरी बजाते, गाते, नाचते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान मुंडा क्षेत्र के अध्यक्ष सैजू नेताम, सुरज नेताम, सेतमल नेताम, सुनिल, सुकमन नेताम, तुलसी नेताम, दिनेश कोर्राम, दया नेताम, उमेश नेताम, शंकर नेताम, मानसिंह मरकाम, योगेश मरकाम पीलू नेताम, अनिरुद्ध नेताम, मेहतू सोड़ी, चैतराम नेताम, दीपक कोर्राम, पूनम नेताम और 14 ग्राम पंचायत के 32 गांव के सगाजन मौजूद रहे।

# मुरारीपारा में मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस, वृद्धजनों को भेंट किया सम्मान




## कब-बुलबुल टीम ने निकाली स्वच्छता रैली

**कोण्डागांव,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी, राज्य आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से संबद्ध शालाओं में अंतर्राष्टीय वृद्ध दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बडेबेंदरी में कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में कब बुलबुल टीम द्वारा अंतर्राष्टीय वृद्ध दिवस के अवसर पर बुजुर्गों के सम्मान में ग्राम पंचायत बड़ेबेंदरी में स्वच्छता जन जागरूकता रैली निकाली गई। तत्पश्चात कब मास्टर पवन साहू एवं कब बुलबुल टीम की छात्र-छात्राओं द्वारा वृद्ध जनों में श्रीमती गिलोय मरकाम, श्रीमती सुगंतीन नाग एवं श्रीमती मानबाई भंडारी को मुख्य अतिथि सुरेश्वरी यादव, राजमती मरकाम, सुप्रिया कांगे के कर कमलों से श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित करने के साथ ही बुजुर्गों के सम्मान में कब मास्टर पवन साहू द्वारा कब बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं को उनकी सुरक्षा करने की शपथ दिलाई गई। ज्ञात हो कि 1 अक्टूबर को पूरे विश्व में इंटरनेशनल डे फॉर ओल्ड पर्सन यानी अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट संघ ने 1 अक्टूबर 1999 को बुजुर्गों के सम्मान में अंतरराष्टीय वृद्ध दिवस मनाने की घोषणा की।

# आम आदमी पार्टी ने किया सर्व अदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग के द्वारा किये जा रहे रैली और बन्द का समर्थन

**जगदलपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने अन्य पिछड़ा वर्ग और आदिवासी के दिनांक 2 अक्टूबर को नगरनार के निजी करण के विरोध में होने वाली रैली व बस्तर बन्द को समर्थन दिया है। जिस बात की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर ने दी है। विदित हो कि अन्य पिछड़ा वर्ग और आदिवासी समाज बस्तर के मूल निवासी के रूप में पूरे बस्तर संभाग के अंदर निवासरत है लेकिन पूर्ववर्ती सरकार और वर्तमान की सरकार ने वोट बैंक की राजनीति करते हुए इनके अधिकारों का लगातार हनन किया है जिसका विरोध लगातार इनके द्वारा किया गया है। वर्तमान में नगरनार स्टील प्लांट जगदलपुर में स्थापित किया जा रहा है। जिसे सरकार निजी हांथों में सौंप रही है जिसका विरोध आदिवासी समाज और पिछड़ा वर्ग समाज लगातार करते आया है। आप प्रवक्ता तरुणा साबे ने बताया कि बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण होना बहुत ही गलत है। आदिवासी समाज और अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के द्वारा चार सूत्रीय मांगों का हम समर्थन करते हैं। आम आदमी पार्टी ने नगरनार स्टील प्लांट के निजी करण का विरोध, नगरनार स्टील प्लांट में स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता, एनएमडीसी के कार्यालय को हैदराबाद से बस्तर संभाग में लाने व जातीय गणना कराने की मांग का नैतिक समर्थन किया है।

# एनएमडीसी बचेली परियोजना में स्वच्छता अभियान का आयोजन



## परियोजना प्रमुख बी.वेंकटेश्वरलु ने स्वछता की दिलाई शपथ

**बचेली,**1 अक्टूबर (देशबन्धु)। इस उपलक्ष्य में दिनांक 30.09.2023 को एनएमडीसी बचेली के प्रशासनिक भवन में स्वच्छता के लिए शपथ ली गई। परियोजना प्रमुख बी.वेंकटेश्वरलु के नेतृत्व में कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए संकल्प लिया। संकल्पों के अंतर्गत स्वच्छता का आरंभ स्वयं से, आस-पास के क्षेत्रों की सफाई, नगर में 1 घंटे श्रमदान करना इत्यादि को जीवन में धारण कर अनुसरण तथा पालन करना आदि को सम्मिलित किया गया।

स्वच्छता के कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 01.10.2023 को परियोजना प्रमुख श्री बी.वेंकटेश्वरलु की उपस्थिति में बचेली के मुख्य बाजार (मेन मार्केट) तथा उसके निकट स्थानों की सफाई की गयी। इस 1 घंटे के श्रमदान में परियोजना प्रमुख के साथ संजय बासु, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (अनु एवं से), धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक), टी. शिव कुमार, खनन प्रबंधक, गौरंग घोरई, महाप्रबंधक (संयंत्र), ब्रायन एंटनी, महाप्रबंधक (सामग्री), एम एम अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (सिविल), जागेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष, एसकेएमएस, टी.जे. शंकर राव, सचिव, एसकेएमएस, देबाषीश पॉल, अध्यक्ष, एमएमडब्ल्यूयू, नीरज कुमार, कमांडेंट, सीआईएसएफ व अन्य विभागाध्यक्षगण तथा कर्मचारी सम्मिलित हुए। परियोजना प्रमुख द्वारा सभी दुकानदारों को मार्केट परिसर में कूड़ा न फैलाने व साफ सफाई बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों व नगरवासियों ने अपना सम्पूर्ण सहयोग दिया एवं उत्सुकता दिखाई।

# स्वच्छता एक सेवा कार्यक्रम में की गई सफाई

## स्वच्छता अभियान में अधिकारी कर्मचारी एवं संघ पदाधिकारी हुए शामिल



**कोण्डागांव,**1 अक्टूबर (देषबन्धु)। विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में 01 अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता एक सेवा कार्य के रूप में विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए साफ सफाई की गयी। विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोंडागांव में स्वच्छता अभियान के तहत परिसर की साफ सफाई के साथ-साथ मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप का भी कार्यक्रम करने के क्रम में सभी को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित करने का संदेश दिया गया। इस स्वच्छता अभियान में विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, जिला सचिव संजय राठौर, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक टी.एंकट राव, व्यायाम शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष प्रभाकर सिंह, शिक्षक इरफान खान, सहायक ग्रेड 3 रूपेश झा, भृत्य भारत सिंह, रविन्द्र तुरकर, दुर्गेश्वरी मरकाम, चंद्र भारती, देवकी मरकाम, कमलदेव मरकाम सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

**डॉक्टर**- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
**बबलू**- टीचर के लिए।
**डॉक्टर**- पर क्यों?
**बबलू**- क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

**संपादकीय**

## विसर्जन के बाद सफाई भी ज़रूरी

*देश भर के विभिन्न शहरों, कस्बों एवं गांवों में 1 दिनों तक विराजमान रहने के बाद जन-जन के आराध्य और लोकप्रिय गणेश महाराज को कुछ आगे-पीछे शनिवार-रविवार तक विसर्जित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में भी गणपति प्रतिमाओं को जगह-जगह स्थापित किया गया था। शायद ही कोई ऐसा चौक-चौराहा या मैदान रहा होगा जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक गणेशोत्सव के आयोजन न किये हों। इसके अलावा घरों में बैठाये जाने वाली मूर्तियों की संख्या तो अनगिनत होती है। हर साल का यही नज़ारा होता है। धार्मिक त्यौहार भारतीय लोकजीवन का अभिन्न हिस्सा हैं जिससे सभी लोगों के बीच उत्साह का संचार होता है। यह सामाजिक मेलमिलाप का भी अवसर होता है इसलिये इस पर्व में लाखों लोगों का जुड़ाव होता है।*

*सैकड़ों जगहों पर उनके पूजन-अर्चन के बाद राज्य भर की नदियों-तालाबों में उनका विसर्जन किया जाता है। प्रतिमाओं का निर्माण अनेक तरह के रसायनिक पदार्थों, प्लास्टिक, कागज आदि से होता है। मूल ढांचा बेशक मिट्टी का होता है लेकिन उन पर लगने वाले अनेक तरह के रंग विभिन्न रसायनों से बने हुए घोल होते हैं। ज्यादातर मूर्तियां सार्वजनिक इस्तेमाल के जल भंडारों में विसर्जित होती हैं। इसके कारण क्या नुकसान होते हैं, इसके बारे में अनेक बार लोगों को आगाह किया जाता है। पर्यावरण वैज्ञानिक भी बार-बार कहते रहे हैं कि पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से प्रतिमाएं बनाई जानी चाहिये। पानी व मिट्टी को होने वाले नुकसान से तो सभी वाकिफ़ हैं लेकिन फिलहाल प्रशासन या लोगों के पास इसका कोई विकल्प नहीं है। कुछ लोग पूरी तरह से मिट्टी के बने गणेश बैठा रहे हैं जिनका कोई नुकसान नहीं होता। कहीं-कहीं घरों में ही कृत्रिम कुंड बनाकर या फिर बाल्टियों आदि में गणेश जी का विसर्जन करने की प्रशंसनीय पहल की जा रही है लेकिन ऐसे लोगों की तादाद बहुत कम है। लोग सार्वजनिक औत्सविकता का आनंद लेने के लिये रंग-बिरंगी मूर्तियां स्थापित करते हैं। उनका विसर्जन भी जहां समुद्र हैं वहां उनमें या नदी-तालाबों में विसर्जन किया जाता है।*

*हर साल मूर्तियों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके कारण विसर्जन द्वारा पानी में अधिक प्रदूषण होता जा रहा है। पानी के दूषित होने के अलावा इसके दुष्परिणाम जल के भीतर रहने वाले जीव-जंतुओं और उस पानी का उपयोग करने वालों पर भी होता है। मवेशी भी वही जल पीते हैं। साथ ही, नदी, तालाबों के किनारे उगने वाली वनस्पतियों पर भी प्रतिकूल असर होता है। इसे देखते हुए लोगों को पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। कोशिश यह भी हो कि जिन सामग्रियों से जल व मिट्टी पर असर होता हो, उन्हें पहले ही निकालकर रख लिया जाये। विसर्जन के बाद नदी, तालाबों की सफाई भी होनी चाहिये।*

# मोदी कहते हैं कि धान का एक-एक दाना खरीदेंगे, तो अभी जारी करें आदेश : भूपेश

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि मोदी जुमलेबाज है। यहाँ आते हैं और जुमलेबाज़ी करके लौट जाते हैं। कल बिलासपुर आए थे, और झूठ परोस कर चले गये। कहते हैं कि धान का एक-एक दाना ख़रीदेंगे, अगर ऐसा है तो इसका आदेश अभी से जारी हो जाना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छत्तीसगढ़ यात्रा के साथ भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने धान ख़रीदी को लेकर कहा कि केंद्र ने एक लाख करोड़ रुपए राज्य को दिया। छत्तीसगढ़ में जब तक डबल इंजन की सरकार रही, तब धान ख़रीदी लगातार कम होता गया। 2014 में केंद्र ने राज्य के किसानों को बोनस देने से भी मना कर दिया।



### पीएससी मामले में आरोप आएगा तो कराएंगे जांच

पीएससी मामले में प्रधानमंत्री के बयान के मामले पर भूपेश बघेल ने कहा कि प्रोम्पटर में लिखा हुआ पढ़ते हैं। पीएससी रिजल्ट मामले में कोई दोषी होगा, आरोप आएगा तो हम जांच कराएंगे, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई भी करेंगे। अबतक पीएससी को लेकर एक भी शिकायत नहीं आया है। अधिकारियों का बच्चा होना गुनाह है क्या। कोर्ट ये आदेश कर दे, या भारत सरकार आदेश कर दे कि अधिकारी और राजनेताओं का बच्चा पीएससी में भाग नहीं लेगा तो हम नहीं करेंगे।

.मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग हम पर आरोप लगाते हैं कि हमने बोनस नहीं दिया। हक़ीक़त ये है कि बोनस देने पर केंद्र ने ही प्रतिबंध लगा रखा है। भाजपा दोमुंही बात ना करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे के लिए छह हज़ार करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ को दिए। जब प्रधानमंत्री बिलासपुर आए थे तब भी 34 ट्रेनें रद्द थी। देश के इतिहास में इतनी ट्रेनें कभी रद्द नहीं हुई जितनी अभी हुई।

भूपेश बघेल ने कहा कि हम सात लाख लोगों को आवास देने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बनी तो सबको आवास देंगे। लेकिन 2011 के बाद से सर्वे हुआ ही नहीं। राज्य सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण कराया है। हम सर्वेक्षण के आधार पर आवास दे रहे हैं. प्रधानमंत्री फिर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उनसे आग्रह है कि केन्द्रांश की राशि दे दें। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में बहुत घोटाला हुआ है। एक बार अपने पूर्व मुख्यमंत्री का भाषण सुन लें, जिसमें उन्होंने कमीशन खोरी की बात की थी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कोयले की पेनाल्टी के तौर पर 4100 करोड़ रुपए केंद्र सरकार के पास बाकी है। चावल का 6 हजार करोड़ रुपया बचा है। नई पेंशन स्कीम का 17 हजार करोड़ रुपया बचा है। कुल करीब 37 हजार करोड़ रुपये हमें लेना है जिसे रोक कर रखा है।

# आज नया रायपुर से आजाद चौक तक किसान करेंगे पदयात्रा

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर नया रायपुर के विस्थापन प्रभावित किसानों को न्याय देने तथा पिछले भाजपा राज के बकाया बोनस को तत्काल अदा करने की मांग पर सैकड़ों किसान कल 2 अक्टूबर को नया रायपुर से पदयात्रा करेंगे। रायपुर में आजाद चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

जारी एक बयान में संयुक्त किसान मोर्चा की समन्वय समिति के संजय पराते ने कहा है कि नया रायपुर के भू-विस्थापित किसानों से किए गए वादे से भाजपा के बाद अब कांग्रेस सरकार भी मुकर रही है, जबकि किसानों की भूमि और आजीविका छीन जाने के बाद वे और बदहाल हो गए हैं। किसान मोर्चा ने कहा है कि पिछले पांच सालों से नया रायपुर प्रभावित किसान अपने लिए आवास भूमि और रोजगार के मुद्दे पर न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उन पर दमन ही किया गया है। सरकार की नाक के नीचे नया रायपुर प्रभावित किसानों की यह हालत है, तो बाकी प्रदेश में किसानों की हालत को आसानी से समझा जा सकता है। किसान मोर्चा ने कहा है कि यह कांग्रेस का ही वादा था कि भाजपा राज द्वारा रोके गए बोनस का वह भुगतान करेगी। यह बोनस किसानों का जायज अधिकार भी है, लेकिन सत्ता में आने के बाद कांग्रेस इससे मुकर गई है और किसानों का 4000 करोड़ रुपयों से अधिक का भुगतान आज तक लंबित है। संयुक्त किसान मोर्चा ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व इस राशि को अदा करने की मांग की है। पूरे देश में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसान पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी किसान पदयात्रा करेंगे और गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके अपने संघर्ष और न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे।

# पीएससी की गड़बड़ियों को लेकर शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कह बघेल फिर झूठ परोस रहे : ओपी चौधरी

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि पीएससी की गड़बड़ियों को लेकर शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने की बात कहकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल फिर झूठ परोस रहे हैं और प्रदेश को गुमराह कर रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएससी मामले में जाँच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी के बाद मुख्यमंत्री बघेल विचलित हो चले हैं और अब फिर शिकायत नहीं मिलने की बात कर रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल



को लगातार झूठ बोलने की इतनी बुरी लत लग चुकी है कि अब वह कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं से भी झूठ बोलने में जरा भी नहीं हिचकिचा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि छात्रों ने भूपेश बघेल के राज में छत्तीसगढ़ के पीएससी घोटाले की पोल उनके नेता राहुल गांधी के सामने खोल कर रख दी लेकिन अपने पापों पर परदा डालते मुख्यमंत्री बघेल झूठ का ढोल पीटने से बाज नहीं आये कि उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली, जबकि सत्य यह है कि उनके निवास कार्यालय में लिखित शिकायत देकर पीएससी घोटाले की सारी जानकारी दी गई थी और इसकी पावती इस बात की गवाही दे रही है कि भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के पद पर बैठकर सरासर झूठ बोलते हैं। उन्होंने सत्यनिष्ठा की शपथ की हर मामले में धज्जियां उड़ाई हैं। भूपेश विशुद्ध रूप से ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# मोदी की सभा में जनता को जाने से रोक रहे हैं भूपेश : अरुण साव

■ बस्तर बंद का आयोजन लोकतंत्र की हत्या और सत्ता का खुला दुरुपयोग

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जगदलपुर दौरे पर कांग्रेस के बस्तर बंद के आव्हान को ओछी राजनीति और सत्ता का दुरुपयोग करार देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री की सभा में जाने से रोक रहे हैं। यह लोकतंत्र



पर कांग्रेस की तानाशाही है, जिसे बस्तर और छत्तीसगढ़ की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। हर बाधा को पार कर बस्तर भाजपामय होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री साव ने मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि परिवर्तन यात्रा को पूरे प्रदेश में मिले अपार जनसमर्थन से कांग्रेस की नींद उड़ गई है। मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ही नहीं, बल्कि इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और गांधी- नेहरू परिवार के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही है। इनकी जुबान और हरकतों से बदहवासी बरस रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बेसिरपैर की बातें कर रहे हैं तो उनके कठपुतली प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी समाज को आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री साव ने मुख्यमंत्री द्वारा नगरनार पर दिए गए वक्तव्य के जवाब में कहा कि शराब ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर बनी सहमति, जल्द जारी होगी सूची



### बची सीटो पर कोर ग्रुप करेगा नाम तय

छानबीन समिति की बैठक में सभी 90 सीटो पर नाम तय हो पाए। लिहाजा अब बची हुई सीटो पर कोर ग्रुप विचार करेगा। रविवार को रात 9 बजे से कोर ग्रुप की बैठक शुरू हुई। जिसमे दावेदारों के बीच सहमति बनाने का काम किया जाएगा। सूत्रों की माने तो टिकट को लेकर हो रहे विरोध का निपटारा भी कोर ग्रुप को करना है।

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक रविवार को हुई। सभी 90 सीटों के लिए प्रत्याशी के नामों पर चर्चा की गई। स्क्रीनिंग कमेटी में ज्यादातर नामों पर सहमति बन गई है। अब केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों पर मुहर लगेगी। उसके बाद सूची जारी होगी।

बैठक को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि 90 सीटों की टिकटों पर विस्तार से चर्चा हुई। एकजुटता के साथ इलेक्शन कमेटी ने काम किया है। ज्यादातर नामों पर आम सहमति बन गई है। सभी नाम अब सीईसी में जाएगी, सीईसी के अप्रूवल के बाद नाम घोषित कर दिया जाएगा।

बताया गया कि छानबीन समिति ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, विधानसभाध्यक्ष, और सभी मंत्रियों के नाम को उनकी विधानसभा सीटों पर सिंगल रखा है। वैसे भी चार सीटों में सिंगल आवेदन आए हैं। इनमें मुख्यमंत्री के क्षेत्र पाटन के अलावा साजा, सुकमा, और खरसिया से तीनों मंत्रियों के अलावा किसी अन्य ने दावेदारी नहीं की है। बाकी मंत्रियों के नामों को भी सिंगल रखा जा रहा है।

पीएचई मंत्री गुरू रूद्रकुमार की सीट अहिवारा के बजाय नवागढ़ में सिंगल रखा गया है। अकेले मंत्री हैं जिन्हें सीट बदलने की अनुमति दी गई है। बाकी सभी अपनी सीटों से ही लड़ेंगे। इसके अलावा विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम केशकाल से, भरतपुर-सोनहत से गुलाब कमरो, अभनपुर से धनेन्द्र साहू, राजिम से अमितेष शुक्ला, रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, बिलासपुर शहर से शैलेष पांडेय, मरवाही से के.के. ध्रुव के अलावा बस्तर से लखेश्वर बघेल, बीजापुर से विक्रम मंडावी का नाम सिंगल रखा गया है। करीब 40 से अधिक नाम सिंगल रखा जा रहा है, और केन्द्रीय चुनाव समिति को भेजा जाएगा। इसके बाद संभवतः इसी हफ्ते एक सूची जारी हो सकती है।

राजीव भवन में छानबीन समिति के बैठक के पहले वीआईपी रोड स्थित एक होटल में अजय माकन वअन्य सदस्यों ने अलग-अलग टिकट के दावेदारों से मुलाकात भी की। छानबीन समिति के सदस्यों से मिलने धमतरी, कुरूद, मनेन्द्रगढ़, और बिलासपुर संभाग की सीटों के दावेदार भी पहुंचे थे। इसके बाद शाम में राजीव भवन में छानबीन समिति की बैठक में शामिल हुए। समिति में सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत भी सदस्य हैं।

कांग्रेस में प्रत्याशी चयन के लिए रविवार को छानबीन समिति के चेयरमैन अजय माकन, और दोनों सदस्य यहां पहुंचे। छानबीन समिति के चेयरमैन माकन के साथ सदस्य नेत्रा डिसूजा, और हनुमंता भी आए हैं। प्रदेश प्रभारी सुश्री सैलजा भी दिल्ली से यहां पहुंची हैं। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत मौजूद थे।

# उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने पीएम मोदी के साथ हुए विवाद पर सफाई दी, कहा कि दो अलग-अलग मंच होते हैं

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की ओर से पीएम मोदी की तारीफ को लेकर हुए विवाद पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को एक बार फिर सफाई देनी पड़ी है।

डिप्टी सीएम सिंहदेव ने कहा, दो अलग-अलग मंच हैं, जिसमें हम अलग-अलग तरीके से अपनी बात भी रखते हैं। एक सरकारी कार्यक्रम का मंच होता है, जिसमें सभी जनप्रतिनिधि अलग-अलग शिष्टाचार का पालन करते हैं। फिर एक मंच होता है जिस राजनीतिक मंच पर तीर छोड़े जाते हैं। केंद्र और राज्य सरकार के साझा मंच की एक अलग गरिमा होती है। राजनीतिक मंच पर हम भी खूब बातें करते हैं, लेकिन वह बात सामने नहीं आ पाती।



**क्या कहा था मोदी ने**- बता दें कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने उस बात का जिक्र करते हुए कांग्रेस की नीयत और नीति पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, पिछले पांच वर्षों में छत्तीगसढ़ को केंद्र सरकार से हजारों करोड़ रुपये मिला है।

पीएम ने कहा था, यहां सड़क, रेल, बिजली सहित अनेक विकास कार्य के लिए हमने छत्तीगसढ़ के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रखी। यह बात मैं कह रहा हूं ऐसा नहीं है यहां के उप मुख्यमंत्री जी ने सार्वजनकि सभा में कही थी। उप मुख्यमंत्री जी ने सच बोला तो कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक तूफान खड़ा हो गया। उन्हें फांसी पर लटकाने का खेल खेला जाने लगा।

# कांग्रेस आज निकालेगी 90 विधानसभा में भरोसा यात्रा

■ सभी नेता अपने क्षेत्रों में करेंगे यात्रा का नेतृत्व

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस अपने चुनाव अभियान के अगले चरण में प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में एक दिन की कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाल रही है। यह यात्रा 90 विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग निकलेगी। हर विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा पूरी विधानसभा क्षेत्र में 20 से 30 कि.मी. का सफर तय करेगी, अंतिम पड़ाव में सभा होगी। यात्रा के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं के पाम्पलेट वितरित करेंगे। साथ ही केंद्र सरकार की नाकामियों तथा 15 सालों के रमन सरकार के कुशासन को भी प्रचारित किया जायेगा। यात्रा में मोटरसाइकिल रैली, भरोसा रथ के माध्यम से होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन, प्रभारी कुमारी सेलजा, उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सक्ती, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में होंगे शामिल। सभी मंत्री, विधायक, सांसद गण अपने-अपने क्षेत्रों में यात्रा में शामिल होंगे।

# पशुओं के शिकार के लिए लागू नियम का पेड़ों को काटने में इस्तेमाल

■ वन मंत्री से शिकायत

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम के तहत अभयारण्य में पेड़ को काटने की अनुमति प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) नहीं दे सकते। लेकिन छत्तीसगढ़ वन विभाग के अधिकारियों ने असम से लाए गए वन भैंसे को राजकीय पशु बता कर भैंस बाड़ा बनाने के नाम पर इलाके के 113 पेड़ों को काटने और 35 पेड़ों की छटनी करने का आदेश दे दिए। मामले की शिकायत नितिन सिंघवी ने वन मंत्री से की है।

उन्होंने शिकायत में बताया है कि 2020 में जब वन भैंसा असम से बारनवापारा अभयारण्य लाये जाने थे, तब अभ्यारण में बनाए जा रहे भैंस बाड़ा (ब्रीडिंग सेंटर) के चारों तरफ 113 पेड़ों को काटने और 35 पेड़ों की छटनी करने का आदेश प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) ने दिया। उन्होंने शिकायत के साथ पेड़ काटे जाने को लेकर दिए गए आदेश का प्रमाण भी प्रस्तुत किया है। आदेश जारी करने के पूर्व बनाई गई नोटशीट के अनुसार पेड़ों को काटने के लिए वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम की धारा 12 (बब) का सहारा लिया गया। जबकि, यह धारा विशेष उद्देश्यों जैसे शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए वन्यजीव की हंटिंग की अनुमति देने की धारा है।

धारा 12 (बब) के तहत वैज्ञानिक प्रबंधन की अनुमति दी जाती है, जिसके तहत किसी वन्य पशु का किसी अन्य समुचित प्रवास के लिए स्थानांतरण की अनुमति या किसी वन्य पशु का वध किए बिना या उसे विष दिए बिना या नष्ट किए बिना पापुलेशन मैनेजमेंट की अनुमति दी जाती है। पेड़ों की हंटिंग ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को विकास के लिए दिए ज्यादा फंड : बृजमोहन

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सरकार के विकास के लिए ज्यादा फंड दिया है। ये सच है, जो छुप नहीं सकता। इनके उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मंच से धन्यवाद दिया है, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सिर्फ आरोप लगाते है, कुछ काम नहीं करते हैं। बृजमोहन अग्रवाल ने



कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ को सिर्फ 70,000 करोड़ रुपए मिले, जबकि पीएम मोदी के कार्यकाल में राज्य को पांच साल में 3 लाख करोड़ रुपये मिले।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उनको (भूपेश) कम से कम धन्यवाद तो देना चाहिए। वे एहसान तो मानते नहीं है, उनका केवल एक ही काम है आरोप लगाना, कुछ काम तो करते नहीं है।

# जरवाय गौठान में गायों की मौत, भाजपा आज करेगी कांग्रेस की सदबुद्धि के लिए प्रार्थना

**रायपुर**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जरवाय के गौठान में 6 गाय की मौत का मामला गरमाता जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने तय किया है कि वह रायपुर पश्चिम विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांधी जयंती के अवसर पर आज़ाद चौक स्थित गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर कांग्रेस की सदबुद्धि के लिए प्राथना करेंगे।

श्री मूणत ने रविवार दोपहर को अपने निवास कार्यालय में कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करके रायपुर में लगातार गौठानो में सामने आ रही अव्यवस्था की शिकायतों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी



पार्टी कांग्रेस सरकार ने गौमाता की सेवा का झूठे प्रचार करके गौठानो के माध्यम से भारी भ्रष्टाचार किया है। चाहे जरवाय की घटना हो या नया रायपुर में राहुल गांधी की सभा के बाद बड़ी संख्या में गायों की मृत्यु का मामला हो, कांग्रेस को उसपर लगे गौहत्या पर जवाब देना ही चाहिए, लेकिन बेशर्म कांग्रेस को अपनी करनी पर जरा भी अफसोस नही हो रहा है।

श्री मूणत ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी जी को मानने का भी ढोंग करती है, सच्चाई यह है कि कांग्रेस गांधी जी का ज़रा भी सम्मान नही करती है। उन्होंने कहा कि गांधी जी भगवान श्री राम के बड़े सच्चे भक्त थे, उनके मुह से अंतिम शब्द ही च्च्हे रामज्ज ही थे, लेकिन कांग्रेस ने न केवल सनातन का अपमान किया, बल्कि गौहत्या का भी पाप अपने सिर ले लिया है। फिर भी उसे पश्चाताप नही है।

मूणत ने कहा कि हमने जरवाय गौठान मामले ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन गौहत्या करने वालो को कांग्रेस सरकार बचा रही है। 24 घण्टे से अधिक का समय बीत चुका है, कोई कार्रवाई नही हुई है, इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदबुद्धि की कामना करनी चाहिए। श्री मूणत कल गांधी जयंती के दिन दोपहर 2 बजे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आज़ाद चौक में गांधी प्रतिमा के सामने रघुपति राघव राजा राम भजन करके गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और कांग्रेस की सदबुद्धि की कामना करेंगे।

# मोटरयानों के पंजीयन में 38 फीसदी की वृद्धि

## राज्य में नवरात्र तथा दशहरा-दिवाली के पहले से ही वाहनों की बम्पर खरीदी की शुरूआत

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था सहित जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए निरंतर नवाचारी पहल जारी है। गौरतलब है कि समाज के वंचित वर्ग के कल्याण और लोगों के उत्थान के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न न्याय योजनाओं का कुशलतापूर्वक संचालन किया। इन न्याय योजनाओं के फलस्वरूप राज्य में पांच सालों में दो लाख करोड़ रूपए से अधिक की राशि लोगों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई। यही वजह है कि आज राज्य के गांव, शहर और बाजार सभी जगह व्यापार-व्यवसाय से गुलजार हो गए हैं और नवरात्र तथा दशहरा-दिवाली के पहले से ही यहां वाहनों के बम्पर खरीदी की शुरूआत हो चुकी है।



## रायपुर आरटीओ में सबसे ज्यादा 8, 645 मोटरयानों का हुआ पंजीयन

इस तारतम्य में वाहनों की खरीद-बिक्री सुविधाजनक होने के फलस्वरूप प्रदेश में लगातार मोटरयानों के पंजीयन की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रदेश में सितम्बर 2022 में 30,597 मोटरयानों का पंजीयन हुआ था, वहीं सितम्बर 2023 में 42,186 मोटरयानों का पंजीयन हो चुका है। इस तरह माह सितम्बर 2022 की तुलना में माह सितम्बर 2023 में मोटरयानों के पंजीयन में लगभग 37.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में सितम्बर 2022 से सितम्बर 2023 तक रायपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत सबसे ज्यादा 8,645 मोटरयानों का पंजीयन हुआ। इनमें सरगुजा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 2,128, बिलासपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 3,187, दुर्ग क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 3,589, जगदलपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 1,215 मोटरयानों का पंजीयन हुआ है।

इसी तरह जिला परिवहन कार्यालय अंतर्गत बैकुंठपुर में 1,049, बालोद में 688, बलोदाबाजार-भाटापारा में 1,391, बलरामपुर में 655, बेमेतरा में 574, बीजापुर में 337, दंतेवाड़ा में 424, धमतरी में 1,035, गरियाबंद में 581, गौरेला-पेंड्रा-मारवाही में 366, जांजगीर-चांपा में 2,009, जशपुर में 1017, कांकेर में 1,029, कवर्धा में 913, कोंडागांव में 792, कोरबा में 2,469, महासमुंद में 1,385, मुंगेली में 685, नारायणपुर में 250, राजनांदगांव में 1,912, सुकमा में 267, सूरजपुर में 829 और रायगढ़ में 2,765 मोटरयानों का पंजीयन हुआ है। इन वाहनों में ट्रैक्टर, एम्बुलेंस, बस, ई-रिक्शा, माल वाहक, हारवेस्टर, टैक्सी (कैब), मोटरसाइकिल, भारी वाहन आदि मोटरयान शामिल हैं।

# गौठानों और रीपा के माध्यम से ग्रामीण रोजगार को मिला बढ़ावा : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में रविवार को विकास भवन कार्यालय में राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक हुई। बैठक में दिशा समिति अंतर्गत सामूहिक कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें साथ ही लक्ष्यों को समय से प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गौठानों और रीपा के माध्यम से ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिला है। राज्य सरकार द्वारा स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए सी-मार्ट की स्थापना की गई है। रोजगार बढ़ाने हेतु स्व-सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



## भूपेश बघेल ने ली राज्य स्तरीय दिशा समिति की समीक्षा बैठक

राज्य स्तरीय दिशा समिति की समीक्षा बैठक में केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा, निगरानी, मूल्यांकन तथा केन्द्र एवं राज्य के मध्य समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, शहरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, खाद्य, स्किल डेव्हलपमेंट, चिप्स, खनिज विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मनरेगा अंतर्गत कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि सितम्बर 2023 की स्थिति में मनरेगा अंतर्गत 19.92 लाख परिवारों को कार्य मिला है वहीं 01 लाख 36 हजार 838 कार्यों को पूर्ण किया गया है। मनरेगा अंतर्गत विगत पांच वर्षों में 5 हजार 690 नवीन तालाब, 2 हजार 915 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। आधार बेस्ड भुगतान में राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर 7वां स्थान है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना - 2 अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना - 3 अंतर्गत 5612 किलोमीटर लम्बाई की शतप्रतिशत की स्वीकृति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रथम है एवं समस्त लम्बाई पूर्ण कर ली गई है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रथम चरण में 175 ग्रामों का चयन किया गया है। उक्त चयनित सभी ग्रामों में वांछित संकेतकों को पूर्ण कर आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना अंतर्गत विगत वर्षों में 01 करोड़ 37 लाख से अधिक लोगों को नि:शुल्क जांच एवं दवाई वितरित की गई है। मातृ मृत्यु अनुपात 23 प्वाइंट के साथ देश में द्वितीय सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई है।



# राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा, ज्योति स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में बीते सप्ताह हुई 23वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में टेबल टेनिस में चार क्षेत्र बस्तर, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें चरोदा स्थित ज्योति स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते। खिलाड़ी प्रज्ञा पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा ने फाइनल मैच में बिलासपुर की खिलाड़ी को हराया। वहीं नैतिक सोनवानी, कृष्णकांत दीक्षित ने तीसरा स्थान, सूचित वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर भिलाई क्षेत्र का नाम रौशन किया। छात्रों की इस सफलता पर शाला की प्राचार्य सिस्टर सैरिल मेरी ने बच्चों का सम्मान किया।

# कहीं शिक्षक बहुत ज्यादा तो कहीं टोटा, हजारों स्कूलों में पीने का पानी तक नहीं दे रही सरकार : चंदेल

**रायपुर,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार और बुनियादी सुविधाएँ मुहैया कराने के प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दावे को फर्जी बताया है। श्री चंदेल ने कहा कि प्रदेश सरकार के नाकारापन के चलते बिलासपुर जिले में एक ओर जहाँ कुछ विद्यालयों में स्वीकृत सेट-अप से अधिक शिक्षक पदस्थ होने और कुछ विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े होने के कारण शिक्षा के मूल उद्देश्यों को हासिल नहीं किया जा सक रहा है, वहीं आदिवासी इलाकों में करोड़ों रुपए खर्च करके जुटाई गईं पीने के पानी की बुनियादी सुविधा दम तोड़ चुकी है।

प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने बताया कि बिलासपुर जिले के चारों विकासखंडों के कुल 210 हायर सेकेंडरी और हाई स्कूलों में 1876 व्याख्याताओं के पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से 54 स्कूलों में स्वीकृत सेट-अप से 126 व्याख्याता ज्यादा हैं जबकि 80 स्कूलों में व्याख्याताओं के 174 पद अब तक खाली पड़े हैं। तबादला उद्योग चलाने में मशगूल प्रदेश सरकार को इस बात से कोई सरोकार ही नहीं है कि यदि 126 अतिशेष व्याख्याताओं को उनके मूल विद्यालयों में भेजा जाए तो रिक्त पड़े 174 पदों की समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। श्री चंदेल ने कहा कि राजनीतिक पहुँच और संरक्षण के चलते शहरी और मुख्य सड़क पर स्थित स्कूलों में स्वीकृत पदों से काफी अधिक शिक्षक पदस्थ हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शालाओं में काफी पद रिक्त होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। श्री चंदेल ने कहा कि प्रदेश सरकार आत्मानंद स्कूलों के नाम पर ढोल पीटने में व्यस्त है और प्रदेशभर की स्कूलों की बदहाली से आँखें मूंदे बैठी है। जिन आत्मानंद स्कूलों का शोर मचाकर प्रदेश सरकार अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बन रही है, प्रदेश के अधिकांश उन आत्मानंद स्कूलों में अव्यवस्था की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे हालात में भी प्रदेश सरकार शिक्षा के नाम पर फर्जी दावे करके प्रदेश को बरगला रही है।



प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर प्रदेश सरकार सियासी ड्रामे तो खूब कर रही है, लेकिन आदिवासी इलाकों के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं तक मुहैया नहीं है। सरगुजा संभाग के जशपुरनगर जिले के 2296 प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों और 1500 आंगनबाड़ी केंद्रों में बेहाली का आलम यह है कि वहाँ पीने के साफ पानी तक की व्यवस्था ही चरमरा चुकी है। रनिंग वॉटर सप्लाई के नाम पर केवल स्कूलों पर 35 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी हालात ये हैं कि वहाँ बच्चे ढोंढ़ी का पानी पीने के लिए विवश हैं। श्री चंदेल ने कहा कि जिन स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में इस योजना के तहत काम हुए हैं, उनमें से ज्यादातर स्कूलों और आंबा केंद्रों में नल से पानी की आपूर्ति ही नहीं हो रही है। जब यह नल लगाए गए थे तो वहाँ पुरानी व्यवस्था में स्थापित हैंडपंप निकाल दिए गए थे।

अब न नल से पानी मिल रहा है और हैंडपंप रहे नहीं, सो बच्चों को या तो ढोंढ़ी का पानी पीना पड़ रहा है या बस्ती के कुँओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है। श्री चंदेल ने कहा कि जो सरकार पढ़ने वाले बच्चों को पीने के पानी की बुनियादी सुविधा तक नहीं दे पा रही है, वह आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के नाम पर झूठ बोलने में शर्म तक महसूस नहीं कर रही है।

## कैपिटल जोन का शेष...

**पीएससी की गड़बड़ियों को लेकर...**

हर मामले में झूठ बोलते हैं। वे झूठ के सिवाय कुछ नहीं बोलते। उनके नेता राहुल गांधी को अब समझ में आ जाना चाहिए कि किस झूठेश की बातों में आकर वे भी झूठ परोसने लग जाते हैं। श्री चौधरी ने पूछा कि पीएससी मामले में जब उच्च न्यायालय ने 18 लोगों की नियुक्ति पर रोक लगाकर इस पूरे मामले की जाँच का आदेश दे दिया है तो फिर मुख्यमंत्री बघेल को अब कार्रवाई करने में क्यों दिक्कत हो रही है? इसी प्रकार पीएससी की गड़बड़ी के एक ताजा मामले के खुलासे में यह आईने की तरह साफ नजर आ रहा है कि गलत उत्तर देने वाले अभ्यर्थियों को या तो पूरे या फिर सही उत्तर देने वाले अभ्यर्थी से अधिक अंक दिए गए हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा और अन्याय पीड़ित युवाओं ने बार-बार प्रदेश सरकार से इस पर ध्यान आकृष्ट कराया है, लेकिन मुख्यमंत्री बघेल मुँह में दही जमाए बैठे हैं। पीएससी की गड़बड़ियों को लेकर प्रदेश के पीड़ित युवाओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तक से शिकायत की, लेकिन मुख्यमंत्री बघेल के झूठ के आगे कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं के मुँह से एक बोल तक नहीं फूटा और दोनों नेता इस मुद्दे पर खामोशी ओढ़कर लौट गए। श्री चौधरी ने कहा कि अब भाजपा और अन्याय पीड़ित युवाओं के दबाव में मुख्यमंत्री बघेल कार्रवाई की बात तो कह रहे हैं लेकिन इससे पहले ही वे पीएससी घोटाले जिम्मेदारों को क्लीन चिट दे देते हैं। मुख्यमंत्री बघेल अफसरों-कांग्रेस नेताओं के बेटे-बेटियों की नियुक्ति पर उठाए जा रहे सवाल को लेकर विचलित क्यों हैं? आखिर एक ही परिवार से पाँच-पाँच लोगों की नियुक्ति पर सवाल उठने तो लाजिमी हैं।

**मोदी की सभा में ...**

की दुकानें ढंग से न चला पाने वाले मुख्यमंत्री संयंत्र क्या चलाएंगे। जैसे शराब में दो हजार करोड़ का घोटाला किया गया है, वैसी ही मंशा नगरनार के बारे में थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सड़कों पर गड्ढे तक न भर पाने वाले मुख्यमंत्री नगरनार संयंत्र चलाने का दावा करने चले हैं। जिस तरह की भर्राशाही भूपेश बघेल सरकार ने घोटालेबाजी के लिए की है वैसा केंद्र सरकार नहीं कर सकती। नियम शर्तों के मुताबिक जो हो सकता है, वही होगा। भूपेश बघेल अगर चाहते हैं कि उन्हें घोटाले करने के लिए कोई केंद्रीय संस्थान सौंप दिया जाए तो यह संभव नहीं है। खुद की कुर्सी का ठिकाना नहीं। सरकार जाने वाली है और वे अब भी भ्रम पैदा कर रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनता का धन उलीच कर राहुल, प्रियंका और खड़गे को राजनीतिक बातें करने मंच उपलब्ध कराया और ये छत्तीसगढ़ की जनता को झूठ परोसकर चले जाते हैं। छत्तीसगढ़ में किसे नहीं मालूम कि मोदी जी ने गरीबों को पक्के मकान दिए। भूपेश बघेल ने गरीबों को उनके हक से वंचित किया। मोदी जी ने गरीबों के 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना छत्तीसगढ़ से ही आरम्भ की। भूपेश बघेल ने गरीबों को इलाज से वंचित करके रखा था। आज भी इलाज का पैसा मोदी सरकार दे रही है। किसान के पूरे धान की खरीदी का पैसा मोदी सरकार देती है। हर घर नल का जल पहुंचाने मोदी सरकार ने पैसा दिया। उसमें भी धांधली कर दी। तब भी राहुल झूठ बोल जाते हैं कि इलाज कांग्रेस सरकार करा रही है। मकान भूपेश दे रहे हैं। इससे बड़ा सफेद झूठ और क्या हो सकता है। राहुल गांधी सुन लें कि कांग्रेस का एटीएम उखड़ने वाला है।

**पशुओं के शिकार के लिए ...**

करने की अनुमति इस धारा के तहत नहीं दी जा सकती। शिकायत में बताया गया है कि धारा 12 में एक भी बार पेड़ या वृक्ष शब्द का उपयोग नहीं किया गया है। फिर भी फरवरी 2020 में पदस्थ अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) ने इस धारा के तहत अनुमति दी और इसके लिए 15 अप्रैल 2020 को 113 का पेड़ काटने की और 35 पेड़ की छटनी की अनुमति दी गई और ये पेड़ काट दिए गए। 15 अप्रैल 2020 को ही असम से दो वन भैंसा बारनवापारा अभयारण्य लाये गए थे।18 अप्रैल 2023 को चार और लाए गए। इन वन भैसों को वंश वृद्धि के लिए ब्रीडिंग सेंटर में रखा गया है।

# न्यू गोदवारा और भनपुरी में पात्रों लोगों को पट्टा वितरण

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु) ।ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आज भनपुरी एवं न्यु गोदवारा क्षेत्र मे लोगों की बहु प्रतिक्षित मांग आज पूरी हो गई है ।पात्र हितग्राहियों को ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा के द्वारा पट्टा का वितरण किया गया। न्यू गोदवारा में ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पट्टा का वितरण किया। वहीं भनपुरी में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा पट्टा वितरण करने पहुंचे थेराज्य की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक पट्टा वितरण कार्यक्रम भी है जिसके अंतर्गत लोगों को उनका अधिकार दिया जा रहा है ।राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मालिकाना हक मिल पा रहा है ।जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच एवं जनहितैषी योजनाओं के कारण आज राजीव गांधी आश्रय योजना के फलस्वरूप गरीब जनता को उनका स्थायी पट्टा का वितरण हो पाया है। सरकार के द्वारा हर क्षेत्र चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, कृषि क्षेत्र हो, नवनिर्माण के कार्य हो लगातार नये-नये कार्य किये जा रहे हैं। आम आदमी के जीवन में उनके रहने के लिए घर का महत्व काफी ज्यादा है, इस आवश्यकता को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् पट्टा वितरण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत् पक्के आवास के लिए जरूरतमंद परिवारों को अनुदान प्रदान किया जा रहा है।



रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा और पंकज शर्मा ने किया वितरित

# सीग्राम के कैंपेन में जुड़े रोहित, बुमराह व सूर्यकुमार

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्लोबल स्तर पर क्रिकेट के साथ अपनी साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाते हुए सीग्राम रॉयल स्टैग दर्शकों के लिए लेकर आए हैं एआई- उन्मुख अ बिलियन फिल्म्स फॉर अ बिलियन फैन्स । इस कैंपेन में क्रिकेट जगत के तीन चेहरे नज़र आएंगे कैप्टन रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्य कुमार यादव 7 क्रिकेट की भावना के साथ ब्राण्ड ने युवा क्रिकेट प्रशंसकों के साथ जुड़ने का लक्ष्य तय किया है, जिनमें से ज़्यादातर व्यस्क के रूप में अपना पहला वर्ल्ड कप देखने जा रहे हैं। यह वर्ल्डकप भारत में होने वाला है और अब तक सबसे महान वर्ल्ड कप होगा ।ब्राण्ड के दृष्टिकोण लिव इट लार्ज के अनुरूप एआई उन्मुख यह अभियान हर प्रशंसक को इस पर्सनलाइज़्ड फिल्म में शामिल होने का मौका देगा । क्रिएटिव एजेन्सी पार्टनर्स एफसीबी इंडिया, डिजिटल एजेन्सी पार्टनर्स डेंटस इंडिया, टेक्नोलॉजी पार्टनर आर्टीज़ेन्स इवेन्ट्स तथा एक्सपेरिएंशियल सोल्युशन्स एवं मीडिया पार्टनर्स वेवमेकर के सहयोग से तैयार किया गया यह कैंपेन हर प्रशंसक को लुभाएगा। कैंपेन को आज के युवा प्रशंसकों को ध्यान में रखते किया गया है।

# पंजाब नैशनल बैंक ने किया श्रमदान



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय रायपुर द्वारा 1 अक्टूबर को वी श्रीनिवास, अंचल प्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक अंचल कार्यालय, रायपुर की अध्यक्षता में प्रात 10.00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्रमदान कार्यक्रम नया रायपुर सेक्टर 27 में आयोजित किया गया। पंजाब नैशनल बैंक के अंचल प्रबंधक, वी श्रीनिवास जी ने बैंक के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं आम नागरिकों को सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि थी। स्वच्छता ही सेवा अभियान पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा, हम सभी समय निकालकर स्वच्छता से जुड़े इस अभियान में पूर्ण सहयोग करें। अपनी गली, आस-पड़ोस, पार्क, सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो सकते हैं। धार्मिक स्थानों से लेकर राजमार्गों तक, सार्वजनिक स्थानों से लेकर घरों तक, अब कचरा मुक्त भारत का समय है। हमें इस अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। स्वच्छ भारत अभियान एक विशाल जन आंदोलन है जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ बनाना है। श्रमदान कार्यक्रम में पंजाब नैशनल बैंक, रायपुर शहर के समस्त वरिष्ठ अधिकारीगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# धान खरीदी को लेकर अपने झूठ का पर्दाफाश कर खुद प्रदेश सरकार ने माना कि छत्तीसगढ़ का धान केंद्र सरकार ही खरीदती है : बृजमोहन

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक व पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि धान खरीदी को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा लगातार फैलाए जाने वाले अपने झूठ का पर्दाफाश खुद प्रदेश सरकार ने कैबिनेट मीटिंग के बाद अब अपने विज्ञापन में भी कर दिया है और यह मान लिया है कि छत्तीसगढ़ का धान केंद्र सरकार ही खरीदती है। श्री अग्रवाल ने रविवार को छपे प्रदेश सरकार के एक विज्ञापन का हवाला देकर कहा कि प्रदेश सरकार को अब समझ आ गया है कि झूठ के पैर नहीं होते और सच को लंबे समय तक अंधेरे में ढँका नहीं जा सकता।

भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने पाँच साल की धान खरीदी के जो आँकड़े इस विज्ञापन में दिए हैं, उससे साफ प्रमाणित हो रहा है कि छत्तीसगढ़ के किसानों का धान केंद्र सरकार ही खरीदती है और चावल के रूप में 80 प्रतिशत से ज्यादा का भुगतान प्रदेश सरकार को करती है। यही बात भाजपा जब कहती है तो कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार इस पर झूठ बोलकर अपने दम पर धान खरीदी की बात करती रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि विज्ञापन में प्रदेश सरकार ने माना है कि भारत सरकार ही धान ख़रीदती है और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्के का उपार्जन इस वर्ष एक नवंबर से उपार्जन किया जाएगा। अपने दम पर धान खरीदी का दंभपूर्ण बयान देकर कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार जिस तरह प्रदेश के किसानों को बरगलाने का काम लगातार करती आ रही थी, पर अब कांग्रेस का यह झूठ और प्रपंच बेनकाब हो गया है। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी को लेकर कांग्रेस का वह दावा खोखला साबित हो गया है भूपेश सरकार बिना केंद्र के सहयोग के छत्तीसगढ़ में धान खरीद सकती है। भूपेश सरकार में इतना दम नहीं है कि वह मोदी सरकार के सहयोग के बिना छत्तीसगढ़ में धान खरीदी कर सके। धान की कीमत की 80 से 90 प्रतिशत राशि मोदी सरकार देती है। सच्चाई यह है कि राज्य सरकार जितना धान संगृहीत करती है, उसका लगभग 85 प्रतिशत धान चावल के रूप में मोदी सरकार खरीदती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि भूपेश सरकार धान खरीदी में काफी घालमेल करके झूठ परोस रही है और किसानों व प्रदेश को गुमराह कर रही है। केन्द्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ किसानों का पूरा का पूरा धान खरीदने के लिए तैयार है, पर भूपेश सरकार सहयोग नहीं कर रही है। पिछले खरीफ मौसम में प्रदेश सरकार को धान खरीदी के बाद 61 लाख मीट्रिक टन चावल भारतीय खाद्य निगम को जमा करना था। बाद में यह कोटा राज्य सरकार के अनुरोध पर घटाकर 58 लाख मीट्रिक टन किया गया लेकिन उसमे भी राज्य कि कांग्रेस सरकार ने केवल 53 लाख मीट्रिक टन चावल ही जमा कराया है, जबकि सरकार दावा कर रही है कि छत्तीसगढ़ में 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।



**धान तस्करी से पैसा खाने की योजना कांग्रेस बना चुकी है, इसलिए जब केंद्र सरकार बायोमेट्रिक एंट्री की बात कह रही है तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस बात को लेकर भयभीत है**

## निधन

**रमेश पाण्डेय**

**भिलाईनगर** 1 अक्टूबर। मदर टैरेसा नगर कैंम्प 01 के प्रतिष्ठित नागरिक एचएससीएल के पूर्व कर्मी रमेश पांडेय का इलाज के दौरान सुबह 2.30 बजे रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 72 साल के थे। आज रविवार को दोपहर 3 बजे उनके निवास से अंतिम यात्रा रामनगर मुक्ति धाम के लिये निकलेगी जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री, एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे कांग्रेस नेता मनोज कुमार पांडेय के पिता थे।



# विघ्नहर्ता को शाही विदाई देने रायपुरवासियों ने किया रतजगा

## झांकी देखने उमड़ी भीड़, डीजे की धुन पर थिरके लोग



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में गणेश विसर्जन का दौर दूसरे दिन भी जारी रहा इस दौरान मोहल्लों में विराजे भगवान गणेश को भक्तों ने शाही अंदाज में विदाई दी। इससे पहले शनिवार की रात को गणपति को विदाई देने के लिए रायपुर शहर ने रात्रि जागरण किया। जयस्तंभ चौक सहित शारदा चौक और पुरानी बस्ती जाने वाले रास्ते के दोनों ओर झांकियों के दर्शन करने के लिए कतार लगाए रहे। रात 8 बजे से गणेश विसर्जन की झांकियां देखने के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आधी रात 12 बजे के बाद जयस्तंभ चौक पर पैर रखने की जगह नहीं बची। श्रद्धालु दुकानों की बालकनीए घरों की छत पर चढ़कर झांकी का नजारा देखते रहे। लगभग 40 से अधिक बड़ी झांकियां और 50 से अधिक छोटी.छोटी झांकियां निकलती रही। पहली झांकी रात 8 बजे शारदा चौक से निकली और इसके पश्चात पूरी रात झांकियों के निकलने का क्रम जारी रहा। एक अनुमान के अनुसार दो लाख से अधिक श्रद्धालु सड़क पर झांकियों का नजारा लेते रहे।

### झांकी देखने पूरी रात सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

गणेश विसर्जन की झांकियां देखने के लिए शनिवार को पूरी रात राजधानी के अनेक इलाकों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस साल झांकियों में भगवान श्रीराम और हनुमान की लीलाओं पर आधारित झांकियां ज्यादा रहीं। खासकर नल.नील के नेतृत्व में वानरों द्वारा रामसेतु बनाकर लंका प्रस्थान करने, लंका दहन, राम.रावण युद्ध, सुग्रीव का राज्याभिषेक करने हनुमान द्वारा सीना चीरकर श्रीराम.सीता का दर्शन कराने और अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण की झलक झांकियों में देखने को मिली।

इसके अलावा महाकाल की भस्म आरती कैलाश पर्वत का नजाराए शिवलिंग पर जल चढ़ाने जाते कांवरियों का दल शिवजी की जटा से निकलती गंगा मैय्या सीता हरण सीता को बचाने रावण से लड़ते जटायु चीर हरण गणेश विवाह कृष्ण लीला और पाताल भैरवी की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

### बरसों की झांकी परम्परा को नई पीढ़ी भी उत्साह से बढ़ा रही, यह सबसे अच्छी बात : मुख्यमंत्री



- भूपेश बघेल जयस्तंभ चौक में झाँकी समारोह में हुए शामिल
- भगवान गणेश से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

गणेशोत्सव पर हर साल राजधानी के नागरिक भगवान गणेश की सुंदर झांकियों का इंतज़ार करते हैं। रायपुर में इसकी भव्य परंपरा है और पूरा शहर रात्रि जागरण कर भगवान गणेश की झांकियों के रूप में सुंदर लीलाओं का इंतज़ार करता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी रायपुर के अन्य नागरिकों के साथ सुंदर झांकियों से भक्ति रस का आनंद लिया और गणेश जी की पूजा की।

उन्होंने समिति के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि आप लोगों ने बहुत सुंदर झांकी तैयार की है। इससे नई पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक परंपरा की जानकारी मिलेगी। बघेल ने कहा कि आप सभी समितियां बरसों से उस परंपरा को चला रही हैं जिसे आपके मोहल्ले की पुरानी पीढ़ियों ने शुरू किया होगा। ये बहुत स्वागत योग्य बात है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर भगवान गणेश की विविध स्वरूपों में निकली झांकी का अवलोकन किया। झांकी में प्रमुख रूप से भगवान विष्णु के स्वरूप, कृष्ण भगवान के दही लूटने हेतु मटका फोड़ आदि की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# झांकी में चाकू, ब्लेड, कैंची व शराब लेकर आए 52 बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। गणेश विसर्जन झांकी में चेकिंग के लिए लगी विशेष टीमों की सक्रियता से झांकी में शामिल गुंडे बदमाश घटना करने से पहले की गिरफ्तार कर लिया गया। झांकी में चाकू, ब्लेड, कैंची, शराब लेकर आए 52 बदमाशों को पकड़ा गया। 23 के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम और नारकोटिक्स एक्ट व चोरी के प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। झांकी में विवाद कर शांति भंग करने की कोशिश करते 29 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एसीसीयू के अधिकारियों व कर्मचारियों को गणेश विसर्जन झांकी को इंसीडेंट.फ्री एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए गुंडा, बदमाशों, आपराधिक एवं शरारती तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने निर्देश दिए गए थे। निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में जिले के थाने चौकियों एवं एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के संयुक्त स्टाफकी 12 विशेष टीम गठित कर उन्हें गणेश विसर्जन झांकी गुजरने वाले मार्ग के शहर के मुख्य चौक चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों, अंदर के तंग गलियों, अपराध की दृष्टि से संवेदनशील जगहों पर तैनात कर उन्हें आपराधिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने व सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। जो गणेश विसर्जन झांकी के दौरान विशेष टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों पर बारीकी से नजर रखते हुए उन्हें चिन्हित कर उनकी तलाशी ली गई जिनके कब्जे से चाकू, रेजर, ब्लेड, पेचकस, चाकूनुमा रिंग, कैंची इत्यादि बरामद कर उन्हें अग्रिम कार्रवाई के लिए को सुपुर्द किया गया। इस दौरान नाबालिक सहित कुल 52 लोगों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट आबकारी अधिनियमए एनडीपीएस एक्टए चोरी व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई हैए जिसमें थाना कोतवाली में एक आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्टए थाना आजाद चौक में एक आरोपित के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना मौदहापारा में दो आरोपियों को पाकेटमारी चोरी करते रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस की सजगता से बड़ी घटना नहीं हुई।

# अवैध शराब के साथ 2 युवक गिरफ्तार



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से शराब परिवहन करते आरोपी लोकेश देवांगन एवं अवैध रूप से शराब के साथ आरोपी विश्वा मरकाम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 80 पौवा देशी शराब कीमती 8,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 34,2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# चुनावी रण में युवा मतदाताओं को साधने राजनीतिक दलों में होड़

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनावी रण में युवा मतदाताओं को साधने के लिए होड़ मची है। दल सत्ताधारी बनने को आतुर हैं और युवाओं के जरिए सत्तापथ की तलाश कर रहे हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो विधानसभा चुनाव 2023 में प्रदेश के युवा मतदाता किसी भी पार्टी के लिए किंगमेकर साबित हो सकते हैं। कांग्रेस और भाजपा को इस बात का अंदाजा है कि सरकार बनाने में युवा बड़ी भूमिका निभाएंगे। यही कारण है कि मतदाता सूची में शामिल प्रदेश में 18 से 29 वर्ष के 48 लाख युवाओं को साधने के लिए कांग्रेस.भाजपा ने मोर्चेबंदी कर ली है। पांच अक्टूबर को जारी होने वाले अंतिम मतदाता सूची में युवाओं की संख्या और बढ़ सकती है।

### युवा वोटरों को साधने भाजपा–कांग्रेस की मोर्चाबंदी

मोर्चेबंदी भी ऐसी कि दोनों पार्टियों ने युवाओं तक पहुंचने के लिए प्रदेशभर में एक लाख के करीब कार्यक्रमों का आयोजन कर लिया है। पार्टियों ने युवाओं तक अपनी बात पहुंचाने की जिम्मेदारी युवा संगठन को दी है। कांग्रेस के इंडियन यूथ कांग्रेस और भाजपा के भारतीय जनता युवा मोर्चा ;भाजयुमोद्ध ने कालेज से लेकर गली.मोहल्लों शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। साथ ही इंटरनेट मीडिया एक्स ट्वीटर, फेसबुकए इस्टाग्राम वाट्सएप आदि पर रोजाना हजारों पोस्ट शेयर किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव की सरगर्मी राजनीतिक गलियारों से होते हुए अब कालेजों के क्लास रूम और युवाओं के दिल तक पहुंच चुकी है। कालेजों और शिक्षण संस्थानों में कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चाएं शुरू हो चुकी है।



**18 से 29 साल के 48 लाख युवा वोटरों को साधने भाजपा–कांग्रेस की कोशिश**

### प्रदेशभर में मतदाता सम्मेलन

भाजपा 48 लाख युवा मतदाताओं को साधने के लिए भाजपा ने भाजयुमो को जिम्मेदारी सौंप दी है। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के मुताबिक प्रदेशभर में अभियान जारी है। कालेजों में प्रभारियों को नियुक्ति दे दी गई है। हाल ही में भाजयुमो ने युवा मतदाताओं से सुझाव लेने का अभियान शुरू किया हैए जो कि पांच अक्टूबर तक जारी रहेगा। भाजयुमो ने पीएससी घोटाले से लेकर बेरोजगारों के साथ छलावाए राज्य सरकार द्वारा कालेजों में लैपटाप योजना और सरस्वती साइकिल योजना को बंद करने आदि मुद्दों को लेकर युवाओं के बीच जा रही है। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहाए युवाओं के बीच हम ज्यादा से ज्यादा पहुंच रहे हैं। राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन.जन तक पहुंचा रहे हैं। सरकारी नौकरियां सहित युवाओं के लिए बड़ी घोषणाओं से तस्वीर बदली है। अब तक लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं। भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास मित्तल ने कहाए युवा इस चुनाव में सबसे बड़ी भूमिका निभाएंगे। राज्य सरकार की उन विफलताओं को हम युवाओं के सामने रख रहे हैं जिससे उन्हें नुकसान पहुंचा है। इस सरकार से युवा काफी निराश है। प्रदेशभर में अभियान के जरिए लाखों की तादाद में युवा हमसे जुड़े चुके हैं।

## मकान ब्रिकी के लिए बयाना लेकर की धोखाधड़ी

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। लाखों का बयाना लेकर 15 वर्षों से मकान की रजिस्ट्री न कराने वाले के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक पीयूष कॉलोनी अमलीडीह निवासी प्रताप संचदेव ने अपना कान बेचने अमृत भार्गव 45 से अक्टूबर .08 में इकरारनामा किया था। इस दौरान प्रताप ने 11.75 लाख रूपए का बयाना भी ले लिया था। उसके बाद से अब तक वह विक्रय रजिस्ट्री कराने टालमटोल करता रहा है। इस पर अमृत ने शुक्रवार रात न्यू राजेन्द्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 420 का मामला दर्ज कर दिया है

# विश्व जाग्रति मिशन ने श्रद्धा पर्व पर बुजुर्गों का किया सम्मान

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व जाग्रति मिशन ने 1 अक्टूबर को विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक गुरुदेव सुधांशु महाराज के मार्गदर्शन में श्रद्धा पर्व मनाया। इस अवसर पर मंडल रायपुर के सदस्य भारतीय संस्कृति में बड़े बुजुर्गो एवं माता पिता का साथ, उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद सौभाग्य माना जाता है इसी भाव के साथ मंडल के साधक छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय, तेलीबंधा रायपुर में आज 1 अक्टूबर को उपस्थित बड़ी संख्या में बुजुर्गो को शाल श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया

मंडल के अध्यक्ष सुनील सचदेव और मिडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया सुधांशु महाराज ने इस अवसर पर कहा आज का पर्व समर्पित है उन माता पिता को जिन्होंने हमे जन्म दिया। हमारा पालन पोषण किया ! हमे पढ़ा लिखाकर इस योग्य बनाया



कि हम समाज मे प्रतिष्ठित पद को पा सके ! उन माता पिता के ऋणों से हम ऋण तो नही उतार सकते परंतु कुछ तो कर सकते है ! हम अपने माता पिता का सम्मान करें ,इस दिन उनके साथ अधिक से अधिक समय व्यतीत करें ! उनको कही बाहर घूमाने ले जाएं ,उन्हें अच्छा भोजन कराएं, उपहार दें या उनकी पसंद की कोई वस्तु उन्हें भेंट करें जिसके माध्यम से हम अपना प्रेम अभिव्यक्त कर सकते है ।प्रत्येक दिवस ही श्रद्धा पर्व होना चाहिए– पूज्य महाराजश्री का निवेदन है की गुरु शिष्यों का प्रत्येक दिवस ही श्रद्धा पर्व होना चाहिए ! धन्यवाद करें अपने पूर्वजों का जिन्होंने हमे अध्यात्म के मार्ग पर चलना सिखाया ‘जिन्होंने हमे गुरु से जोड़ा ! गुरू के पथ पर अग्रसर किया ! क्योकि शांति का मार्ग तो यही से आरम्भ होता है ।

अपनी संतान को धन का वारिस बनाने से पहले धर्म का वारिस बनाओ मतलब धन तो मिल ही जायेगा ! परंतु धर्म भी जीवन मे जुड़ा रह सके यह ज्यादा महत्वपूर्ण है, आज का युग इतना विकृत हो गया है कि छोटी आयु के बच्चे भी गलत दिशा में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं इसलिए किशोर अवस्था से ही उन्हें अध्यात्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देनी चाहिए !

# राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में ज्योति स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में बीते सप्ताह हुई 23वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में टेबल टेनिस में चार क्षेत्र बस्तर, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें चरोदा स्थित ज्योति स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते। खिलाड़ी प्रज्ञा पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा ने फाइनल मैच में बिलासपुर की खिलाड़ी को हराया। वहीं नैतिक सोनवानी, कृष्णकांत दीक्षित ने तीसरा स्थान, सूचित वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर भिलाई क्षेत्र का नाम रौशन किया। छात्रों की इस सफलता पर शाला की प्राचार्य सिस्टर सैरिल मेरी ने बच्चों का सम्मान किया।

# गणेश विसर्जन में चाकूबाजी व मारपीट

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। गणेश विसर्जन के दौरान खरोरा से लेकर खमतराई में छोटी छोटी बात पर मारपीट के पांच मामले दर्ज किए गए हैं। खमतराई में तो चाकू ही मार दिया। पुलिस के मुताबिक शारदा मोबाइल शाप उस्कुरा के पास रहने वाले त्रिलोक यादव बीच बचाव करने गया था। विसर्जन की तैयारी के दौरान उसके चाचा विक्रम यादव और कौशल साहू, यशवंत साहू के बीच विवाद हुआ त्रिलोक बीच समझाइश के लिए या तो कौशल यशवत ने बहुत न्याय करने वाला बनता है कहकर मारपीट करने लगे। इसी बीच कौशल यशवंत में एक ने त्रिलोक के पीठ पर पीकू मारकर फरार हो गए। घायल त्रिलोक को इलाज लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। जदा हालत खतरे से बाहर है। इसी तरह से विर्सजन के दौरान छत्तीसगढ़ी गाना बजाने की बात पर मारपीट हो गाई भरतनगर, रामनगर अनुपान ठेले के पास कार्तिक साहू 25वर्ष ने गणेश पंडाल में कल रात छत्तीसगढ़ी गाना बजाने कहा। इस पर राजेश लहरे और मोनू यादव उसके साथ मारपीट करने लगे। उनका कहना था कि कार्तिक ने चंदा नहीं दिया और पसंद के गाने बजाने कह रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचे टीआई मोहसिन खान कि रिपार्ट पर गुढ़ियारी खाने में मामला किया गया है। उधर खरोर थाना इलाके में दो घटनाएं हुई खपरीखुर्द में विसर्जन के दौरान गाडी खड़ी करने को लेकर राजेश यादव और दीपक बारते के बीच गाली गलौज मारपीट हो गई। इसी तरह से ग्राम मधईपुर में बुवाई तालाब के पास दुलेश ग्रोवर विसर्जन की तैयारी कर रहा था तभी अरुण चौरू छपतोडे साथीयों के साथ वहां पहुंचाऔर गणेश महिना जानना कहकर मारपीट किया। इन सभी मामलों की पुलिस ने 186 353,294,506,332 34 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चुनाव ड्यूटी में जाने से पहले कोर्स पूरा कराने में जुटे शिक्षक

**रायपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्कूलों में पढ़ाई तेज कर दी गई है। अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर शिक्षक पाठ्यक्रम को पूरा कराने में जुटे हैं। कुछ ही दिनों में प्रदेश में आचार संहिता लग जाएगी। चुनाव की घोषणा होते ही शिक्षकों को चुनाव कार्य के लिए प्रशिक्षण देना शुरू हो जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी की तरफसे स्कूलों को समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया हैए ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। डीइओ कार्यालय की तरफसे शिक्षा सत्र शुरू होने के समय से ही कब तक कितना कोर्स पूरा हो जाना चाहिएए यह निर्धारित हो जाता है। लेकिनए इस वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के कारण निर्धारित समय.सारणी के अनुसार पढ़ाई करवाने से पाठ्यक्रम पूरा नहीं होगा। इसलिए स्कूलों के प्राचार्यों द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार कोर्स पूरा करने के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। चुनाव के दौरान लगभग एक महीने की पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए जाते हैं शिक्षकों की ड्यूटी लगती है।



### कहीं अतिरिक्त कक्षाएं लग रहीं तो कहीं पढ़ाई की गति बढ़ाई

**त्योहारी सीजन के चलते भी पढ़ाई होती है प्रभावित:** प्रदेश में चुनाव और त्योहारी सीजन साथ.साथ आते हैं। इसलिए भी पढ़ाई ज्यादा प्रभावित होती है। नवरात्रिए दीपावली जैसे बड़े त्योहारों में लगभग 10 दिनों की छुट्टी रहती है। त्योहार और चुनाव के कारण दो महीनों में लगभग 20 से 25 दिन की पढ़ाई प्रभावित होती है। अभी लगातार त्योहार होने के कारण छुट्टियां भी चल रही हैं।

### फरवरी–मार्च में होती हैं बोर्ड परीक्षाएं

प्रदेश में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं फरवरी के अंतिम अथवा मार्च के प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाती हैं। चुनाव के बाद बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों के पास ज्यादा समय नहीं बचता है। इसलिए दसवीं.बारहवीं कक्षाओं के कोर्स को पूरा करने के लिए शिक्षक ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। फरवरी में प्रायोगिक परीक्षाओं के बाद स्कूलों में छात्रों को प्रिपरेशन लीव दी जाती है। बोर्ड परीक्षार्थियों के पास तैयारी करने के लिए मुख्य समय अक्टूबर से जनवरी तक ही रहता है। इसी दौरान चुनाव भी है।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
बबलू- टीचर के लिए।
डॉक्टर- पर क्यों?
बबलू- क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

संपादकीय

## विसर्जन के बाद सफाई भी ज़रूरी

देश भर के विभिन्न शहरों, कस्बों एवं गांवों में 10 दिनों तक विराजमान रहने के बाद जन-जन के आराध्य और लोकप्रिय गणेश महाराज को कुछ आगे-पीछे शनिवार-रविवार तक विसर्जित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में भी गणपति प्रतिमाओं को जगह-जगह स्थापित किया गया था। शायद ही कोई ऐसा चौक-चौराहा या मैदान रहा होगा जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक गणेशोत्सव के आयोजन न किये हों। इसके अलावा घरों में बैठाये जाने वाली मूर्तियों की संख्या तो अनगिनत होती है। हर साल का यही नज़ारा होता है। धार्मिक त्यौहार भारतीय लोकजीवन का अभिन्न हिस्सा हैं जिससे सभी लोगों के बीच उत्साह का संचार होता है। यह सामाजिक मेलमिलाप का भी अवसर होता है इसलिये इस पर्व में लाखों लोगों का जुड़ाव होता है।

सैकड़ों जगहों पर उनके पूजन-अर्चन के बाद राज्य भर की नदियों-तालाबों में उनका विसर्जन किया जाता है। प्रतिमाओं का निर्माण अनेक तरह के रसायनिक पदार्थों, प्लास्टिक, कागज आदि से होता है। मूल ढांचा बेशक मिट्टी का होता है लेकिन उन पर लगने वाले अनेक तरह के रंग विभिन्न रसायनों से बने हुए घोल होते हैं। ज्यादातर मूर्तियां सार्वजनिक इस्तेमाल के जल भंडारों में विसर्जित होती हैं। इसके कारण क्या नुकसान होते हैं, इसके बारे में अनेक बार लोगों को आगाह किया जाता है। पर्यावरण वैज्ञानिक भी बार-बार कहते रहे हैं कि पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से प्रतिमाएं बनाई जानी चाहिये। पानी व मिट्टी को होने वाले नुकसान से तो सभी वाकिफ़ हैं लेकिन फिलहाल प्रशासन या लोगों के पास इसका कोई विकल्प नहीं है। कुछ लोग पूरी तरह से मिट्टी के बने गणेश बैठा रहे हैं जिनका कोई नुकसान नहीं होता। कहीं-कहीं घरों में ही कृत्रिम कुंड बनाकर या फिर बाल्टियों आदि में गणेश जी का विसर्जन करने की प्रशंसनीय पहल की जा रही है लेकिन ऐसे लोगों की तादाद बहुत कम है। लोग सार्वजनिक औत्सविकता का आनंद लेने के लिये रंग-बिरंगी मूर्तियां स्थापित करते हैं। उनका विसर्जन भी जहां समुद्र हैं वहां उनमें या नदी-तालाबों में विसर्जन किया जाता है।

हर साल मूर्तियों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके कारण विसर्जन द्वारा पानी में अधिक प्रदूषण होता जा रहा है। पानी के दूषित होने के अलावा इसके दुष्परिणाम जल के भीतर रहने वाले जीव-जंतुओं और उस पानी का उपयोग करने वालों पर भी होता है। मवेशी भी वही जल पीते हैं। साथ ही, नदी, तालाबों के किनारे उगने वाली वनस्पतियों पर भी प्रतिकूल असर होता है। इसे देखते हुए लोगों को पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। कोशिश यह भी हो कि जिन सामग्रियों से जल व मिट्टी पर असर होता हो, उन्हें पहले ही निकालकर रख लिया जाये। विसर्जन के बाद नदी, तालाबों की सफाई भी होनी चाहिये।

# गणेश विसर्जन के दौरान युवक की हत्या, तीन घायल

## शिवनाथ नदी के पास विसर्जन समितियों के दो गुट आपस में भिड़े, 8 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी के पुराने पुल के पास गत रात्रि गणेश विसर्जन के दौरान युवकों के दो गुटों के बीच उठे विवाद ने इस कदर तूल पकड़ा कि एक युवक राहूल साहू (22) की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। युवक ग्रीन चौक के पास का रहने वाला था। इसके अलावा तीन अन्य युवक घायल हुए है। इन तीन युवकों में मृतक का भाई राधे साहू, ब्रम्हदीप वासनिक, एवं आयूष वर्मा है। सभी लगभग 20-21 वर्ष की आयु के है। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गयौ है। पुलिस के अनुसार इन तीनों की स्थिति सामान्य है।





पुलिस व अन्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत रात्रि ग्रीन चौक गणेशोत्सव के युवकों की टोली गणेश विसर्जन के लिये धूमधाम से शिवनाथ नदी पुलगांव गई थी। यह घटना रात्रि लगभग डेढ़ बजे की है। इसी समय भिलाई व दुर्ग की अन्य समितियों के लोग भी गणेश विसर्जन के लिये वहां पहुंचे थे। इसी बीच मृतक राहूल साहू पास ही एक गुमटी में चाय पीने चला गया। वह चाय पी रहा था कि भीड़ के बीच धक्का मुक्की में चाय छलक जाने से किसी अन्य व्यक्ति के पैर पर चाय गिर गई। इसी बात को लेकर बात ने तूल पकड़ लिया। दोनों पक्षों के लोग वहां एकत्रित हो गये। एक गुट के लोग राहूल की पिटाई करने लगे। दूसरे गुट के कुछ लोगों ने बीच बचाव की कोशिश की मगर स्थिति शांत नहीं हुई। इसी बीच एक अन्य अज्ञात आरोपी ने राहूल साहू के पेट में चाकू मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया मगर स्थिति को देखते हुए परिजन शंकराचार्य अस्पताल लेकर गये मगर चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इधर पुलगांव पुलिस ने बताया कि उन्होंने 8 संदिग्ध व्यक्तियों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# गांधी जयंती पर शहरभर में चला स्वच्छता अभियान

## सांसद, विधायक, महापौर सहित नेताओं ने सफाई कर किया श्रमदान

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आज स्वच्छता अभियान पखवाड़ा शुरू किया गया है। आज प्रथम दिन नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने अलग अलग स्थानों पर झाड़ू लगाकर, कागज पन्नी व अन्य कचरा बीनकर, खपरपतवार उखाड़ कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।




उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अलग अलग माध्यमों से लोगों से गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक घंटे प्रतिदिन स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान करने की अपील की है। आज के इस स्वच्छता अभियान के तहत सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, विधायक अरूणवोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने अलग अलग स्थानों पर अपनी सेवाएं दी।

**सांसद सरोज पाण्डेय :** सांसद राज्यसभा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय ने आज अपनी पूरी भाजपा टीम के साथ पंचशील स्कूल नयापारा के परिसर में उग आई खरपतवार और झाड़ियों की कटाई की। डिस्पोजल कागज व प्लास्टिक पन्नियां उठाकर डस्टबीन में डाला। इस अभियान में भाजपा पार्षद, स्कूली छात्र छात्राएं एवं शिक्षिकाओं ने भी श्रमदान किया। इसी अवसर पर सांसद सरोज पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर घरों घर जाकर कलश के लिये मिट्टी व चांवल एकत्रित किया। वार्डवासियों ने सश्री सरोज पाण्डेय के पंचशील नगर नयापारा पहुंचने पर पटाखें व पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य उषा टावरी, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, दिनेश देवांगन, नरेन्द्र बंजारे, चंद्रशेखर चंद्राकर, अजीत वैद्य, राजा महोबिया, अनिल मनहरे, सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

**विधायक अरूण वोरा :** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर व पूरी टीम ने दादा दादी, नाना नानी पार्क में आज के अभियान की शुरूआत की। पार्क के अलावा लोककला मार्ग, राजेन्द्र पार्क चौक तक सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसेडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के एमआईसी प्रभारी हामिद खोखर, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, विज्ञान विकास विभाग छात्रावास की तीन सौ छात्राओं ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। गांधी चौक में गांधी प्रतिमा, राजेन्द्र पार्क के पास मोतीलाल वोरा की प्रतिमा की भी साफ सफाई की। विज्ञान विकास केन्द्र की प्रशासनिक अधिकारी उर्मिला ओझा एसडीएम मुकेश रावटे, एमआईसी सदस्य भोला महोबिया, अलताफ अहमद, सुरेशा, विकास यादव, रानी देशमुख, सहित अनेक लोगों ने अभियान में हिस्सा लिया। सभी ने खुद होकर सड़कों पर झाड़ू लगाई व कचरा डस्टबीन में फेंका।

**भाजपा :** भाजपा संगठन ने भी पृथक रूप से शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर एक घंटे श्रमदान किया। दुर्ग संभाग के चुनाव प्रभारी, उत्तरप्रदेश के संगठन सहप्रभारी संजीव चौरसिया, जिला ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## मतदाताओं को जागरूक करने निकाली गई रैली



**दुर्ग।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज मतदाताओं को प्रोत्साहित करने जगरूकता मतदाता जागरूक रैली निकली गई। नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि लोगो में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता सेवा पखवाडा कार्यक्रम के साथ-साथ अधिकारियों, कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों और विज्ञान विकास छात्रावास की छात्राओं ने शामिल होकर जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली में मतदाताओं को किया जागरूक मतदाता रैली निकालकर कहाँ मोर वोट मोर अधिकार, मोर जिम्मेदारी का नारा लगाते हुए राजेन्द्र पार्क चौक से होकर मुख्य मार्ग होते हुए उताई टेम्पो चौक से गुजरकर सिविल लाइन तक जागरूक नागरिको को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने छात्राओं के साथ नारे लगाते हुए कहा सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मोर वोट मोर अधिकार, मोर जिम्मेदारी जैसे नारे लगाए गए। शत प्रतिशत मतदान करने के लिए बढ़ चढ़ कर मतदान करने जागरूक किया। जिसमे स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, ब्रांड एम्बेसडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, विज्ञान विकास केंद्र की अधिकारी उर्मिला ओझा, सुरेश भारती, राजू सिंह, राहुल मोराने, मनीष यादव, कुलेश्वरचन्द्राकर, परमेश्वर, फरदीन सिद्धिकी, निगम सफाई कर्मी आदि मौजूद रहें।

# 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग ओवर ऑल चैम्पियन





**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण और समापन समारोह का आयोजन भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के सभागार में अरूण वोरा विधायक दुर्ग के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक दुर्ग भिलाई के विभिन्न खेल मैदानों में बाक्सिंग, लान टेनिस, कुराश, योगा और फुटबाल खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अधिक पदक प्राप्त कर दुर्ग संभाग ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। समापन अवसर पर आयोजन सचिव अभय कुमार जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने प्रतियोगिता के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी देते हुए सभी का कार्यक्रम में हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए धीरज बाकलीवाल महापौर दुर्ग ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य की भूपेश सरकार की जमकर सराहना की। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में हार जीत की बगैर परवाह किए खेल को खिलाड़ी भावना से खेलने के लिए खिलाड़ी बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर कल्पना स्वामी सहायक संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग, तनवीर अकील डीएसओ दुर्ग, अमित घोष, पांचों संभाग के दल प्रबंधक, व्यायाम शिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी बच्चे उपस्थित हुए।

फुटबाल बालक 19 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, बस्तर से रजत, रायपुर से कॉस्य पदक एवं बालिका 19 वर्ष के बस्तर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, सरगुजा से कॉस्य पदक शामिल है।

लानटेनिस बालक 14 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, बिलासपुर से रजत, दुर्ग से कॉस्य, 17 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, बिलासपुर से कॉस्य, 19 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, रायपुर से रजत, बस्तर से कॉस्य एवं लानटेनिक बालिका 14 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, बिलासपुर से कॉस्य, बालिका 17 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, रायपुर से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक तथा लानटेनिक बालिका 19 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक शामिल है।

कुराश बालक 14 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, रायपुर से रजत, सरगुजा से कॉस्य पदक, बालक 17 वर्ष के बिलासपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, रायपुर से कॉस्य पदक, कुराश बालक 19 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दुर्ग जिला न्यायालय भवन के लिये 10 से 12 एकड़ भूमि की व्यवस्था करें : सिन्हा

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने आज जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग, राजनांदगांव और भिलाई के नवीन न्यायालय भवन का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालयए दुर्ग के न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों का निरीक्षण किया गया। न्यायालय भवन की आधारभूत संरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं पायी गयी अधिवक्ताओं के बैठने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा दुर्ग के कलेक्टर पुष्पेन्द मीणा को निर्देशित किया गया कि नवीन न्यायालय भवन हेतु लगभग 10-12 एकड़ की एक बड़ी भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित करें निरीक्षण के समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग नीता यादव उपस्थित रही।

**जिला न्यायालय भवन की आधारभूत संरचना अधिवक्ताओं की बैठक व्यवस्था पर जताया असंतोष**

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण किया गया। वहां उन्होंने बंदीगृह के बैरकों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा जेल के अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। चिकित्सक से बात करते हुए बंदियों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली। उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह, वीडियो कान्फेसिंग रूम, लीगल एंड क्लीनिक इत्यादि का भी निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। बाल संप्रेक्षण गृह में निरूद्ध किशोरों की पेशी हेतु वर्चुअल माध्यम की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने जेल की केन्टिन, बंदियों द्वारा संचालित सिलाई बुनाई कक्ष, फर्नीचर फैक्ट्री इत्यादि का भी निरीक्षण किया। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## शिवनाथ नदी में पाया गया बुजुर्ग का शव

**दुर्ग,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत घर से तीन दिनों से गायब वयोवृद्ध व्यक्ति का शव रविवार सुबह शिवनाथ नदी में तैरते मिलने से सनसनी फैल गई ।

पुलिस से मिली सूचना पर परिजनों ने उसकी पहचान की । इसके बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया । अंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। अंडा पुलिस ने बताया कि शनिवार को थाने में खेमराज देवांगन( 55 ) निवासी चंदखुरी के गायब होने की सूचना परिजनों ने दर्ज कराई थी । पुलिस बुजुर्ग की तलाश कर ही रही थी कि कुछ लोगों से बताया कि शिवनाथ नदी के चंगोरी, भरदा ब्रिज के पास एक शव तैर रहा है। पुलिस जब पहुंची तो शव को देखने वाले लोगों की पुल के ऊपर भीड़ लगी थी । पुलिस ने वहां जाते ही लोगों को ब्रिज के ऊपर से इधर-उधर किया । इसके बाद शव को नदी से बाहर निकाला गया । इसके बाद खेमराज के बेटे हरि देवांगन और अन्य को सूचना देकर बुला या गया । उन लोगों ने शव की शिनाख्त खेमराज देवांगन के रूप में की । खेमराज के बेटे हरि देवांगन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता पत्थर घिसाई वाली मशीन चलाते थे। घर में वह और उसकी दो बहन और मां प्रभा बाई देवांगन हैं। डेढ़ साल पहले पिता को पैरालिसिस इस अटैक आया था । तब से वे काम पर नहीं जा रहे थे और दवा पर ही था । शुक्रवार को उन्होंने सभी के साथ बैठकर खाना खाया । इसके बाद सोने चले गए। देर रात अचानक बिना किसी को कुछ बताए वे चले गए। परिजनों ने रात भर उनकी तलाश की । जब वह नहीं मिले तो शनिवार को अंडा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर लिया है।





भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे व उनकी टीम द्वारा की गई सफाई



भिलाई महापौर नीरज पाल, आयुक्त रोहित ब्यास, एम.आई.सी सदस्य लक्ष्मीपति राजू व अन्य



नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, सीएमओ जे.पी.बंजारे, सी.बी.परगनिहा. विनोद कनोजिया, कृष्ण नारायण ताम्रकार, पुनीत वर्मा, मोहन वर्मा, महेन्द्र परगनिहा ने की सफाई



स्मृति नगर में सांसद विजय बघेल, ब्रजेश बिजपुरिया, संम्भू गुप्ता, श्रीमती निर्मला यादव निहारिका मिश्रा, विनोद कुमार देवांगन, उत्तम साहू, अनिल सोनी, योगेन्द्र सिंह ने तालाब परिसर में की सफाई



सेंट थॉमस महाविद्यालय कैलाश नगर फादर डॉ. जोशी वर्गीज, प्राचार्य श्रीमती डॉ. मरियम जैकब प्राध्यापको ने की सफाई



पावर हाऊस रेलवे स्टेशन पर सफाई में राजीव सोनी की अगुवाई में इन्द्र भोई, योगेश कुमार मिहोलिया, आशुतोष चंद्राकर, सुनील इत्यादि



केंद्रीय विद्यालय में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे , प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा, उप प्राचार्य श्रीमती पुष्पा बाद, कमल सोनी, डॉ अजय आर्य ने स्वच्छता अभियान में लिया भाग



श्रमिक नेता आर डी कोरी ने डॉ पन्नालाल मैरिसा, बी कोरलैया, एनके जोशी,गजानंद बंछोर, बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर, हरीश कोसर, विजय देवांगन के साथ सेक्टर-4 में की सफाई

# युवा समाज सेवा के कार्यों को दे प्राथमिकता-यादव



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान क्लब के सम्मेलन का आयोजन भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित कर विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई विधानसभा के हजारों युवाओं को मार्गदर्शन दिया एवं मितान क्लब के माध्यम से लगातार अपने वार्ड में सेवा कार्य करते रहने कहा एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच के अनुसार राजीव युवा मितान क्लब अपने दायित्वों का निर्वाह कर जन सेवा का उद्देश्य पूरा करने का मार्गदर्शन दिया। भिलाई नगर विधानसभा के 33 वार्ड के 66 क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य को संबोधित कर देवेंद्र यादव ने कहा कि अपने-अपने वार्ड में छत्तीसगढ़ की संस्कृति खेलकूद एवं समाज सेवा का कार्यक्रम युवा करते रहे जिससे जनमानस के प्रति समाज सेवा का कार्य पूरा किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं भिलाई नगर विधानसभा राजीव युवा मितान क्लब के समन्वयक सौरभ दत्ता ने कहा कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से युवा वर्ग प्रभावित है एवं उनके मार्गदर्शन में पूरे भिलाई में युवा वर्ग सामाजिक के दायित्वों का निर्वाह करने में अग्रसर है एवं राजीव युवा मितान क्लब इसे करने का अच्छा माध्यम है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि एवं महापौर परिषद सदस्य एकांश बन्धोर, साकेत चंद्राकर, उमेश साहू, सुनील गोयल, अफरोज खान, किरण नायडू, अशफाक देवेंद्र तिवारी, देवेंद्र तिवारी, अयूब खान, सुरेश युवा मितान क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विधायक प्रतिनिधि एवं पार्षद एकांश बन्छोर ने किया।

# सड़क हादसे में सैर कर रहे व्यक्ति की मौत



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त कर्मी की आज सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। गंभीर रुप से घायल सेक्टर-1 निवासी की जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 में इलाज के दौरान आज सुबह मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही घर में कोहराम मच गया। उनके साथ काम करने वाले कर्मचारी भी सदमे में आ गए हैं। हर कोई हैरान है। बीएसपी के पीबीएस से तीन साल पहले रिटायर होने के बाद डी.एन. शर्मा एक ठेका कंपनी के अधीन कार्य कर रहे थे। सेक्टर.1 में रहते थे। शनिवार को मार्निंग वॉक पर निकले हुए थे। नेल्सन चौक के पास किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उनके सिर, पैर में गंभीर चोट लगी। जिसकी जानकारी सुबह सैर पर निकल लोगों ने उनके घर वालों को दी और अस्पताल ले गए। अस्पताल में प्राथमिक उपचार उनकी हालत नाजुक होती चले गई। इसके बाद आइसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। चिकित्सकों के मुताबिक सिर में गंभीर चोट की वजह से जान नहीं बचाई जा सकी। रविवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि बीएसी के पीबीएस से 3 साल पहले रिटायर हो गए थे। मोटर मेंटेनेंस ग्रुप में थे। वे सेक्टर-1 में नेल्सन चौक के पास रहते थे। उनकी एक बेटी कतर में रहती है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही जवाहर उद्यान मार्ग पर सीएचएम के कर्मचारी मोहम्मद सिद्दीक की मौत भी सड़क हादसे में हो गई थी।

# सेंट थॉमस कॉलेज में मनाया विश्व पर्यटन दिवस



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने अपने एमओयू साझेदारों के साथ विश्व पर्यटन दिवस मनाया। भिलाई महिला महाविद्यालय के साथ मंडला चित्रकला और चॉक नक्काशी प्रतियोगिताओं का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। वाई.टी. पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में टेराकोटा कला और पिथोरा चित्रकारी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस वर्ष का विषय कला और शिल्प में परंपरा और आधुनिकता का था।सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई और उन्होंने कलात्मक शिल्प कौशल द्वारा सृजित अपनी कृतियाँ से दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.जी रॉयमोन थे। इस अवसर की विशिष्ट अतिथि वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.सपना शर्मा एवं वाणिज्य विभाग अतिरिक्त विभागाध्यक्ष डॉ. शीजा वर्की थी। डॉ. एम.जी रॉयमन ने अर्थ व्यवस्थाओं में पर्यटन की रूपांतरण क्षमता पर प्रकाश डाला। जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात उद्योग भी है। उन्होंने सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने में कला और शिल्प की महत्वपूर्ण भूमिका और वैश्विक स्तर पर कारीगर समुदायों के समर्थन की आवश्यकता पर भी चर्चा की। डॉ. सपना शर्मा ने इस तथ्य पर जोर दिया कि कला और शिल्प का मूल्य उनकी सौंदर्य से परे है क्योंकि वे सांस्कृतिक राजदूत के भांति अंतर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं। डॉ.शीजा वर्की ने उभरते कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना की। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। प्रशासक फादर डॉ.जोशी वर्गीस ने छात्रों के बीच पारंपरिक और आधुनिक कला और शिल्प को बढ़ावा देने की विभागीय पहल की। इस अवसर पर डॉ.रिन्सी बी अब्राहम, डॉ.सुनीता क्षत्रिय, डॉ. अदिति आचार्य, डॉ. प्रतीक कुमार शर्मा, डॉ. नीलम गांधी, तबस्सुम हसन उपस्थित थे। अन्ना शालोम मैथ्यू ने समारोह का संचालन किया। अबीश थॉमसए बिजॉय कुजूरए मिली मैथ्य, लक्ष्मी पटेल, दामिनी ने बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

# भिलाई माना भलाई करने वाला-जयंती दीदी



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में लन्दन से पधारी संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका एडिशनल चीफ बी.के. जयंती दीदी के भिलाई आगमन पर एनसीसी कैंडिडेटस के द्वारा गॉड ऑफ ऑनर देकर तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पंथी नृत्य द्वारा स्वागत किया गया। भिलाई में बसता है मिनी इंडिया इसी थीम पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा भिलाई में एकता और प्रेम से रहने वाले सभी धर्म के अनुयायियों के रूप में जयंती दीदी का अनोखे अंदाज में स्वागत किया। जयंती दीदी ने कहा कि आप भिलाई वालों का स्नेह, प्रेम को देखकर संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी ने भिलाई माना भलाई करने वाले का टाइटल दिया है आप सभी को जिसका स्वरूप इस सभा में देखने को मिल रहा है। उन्होने बताया की त्याग और तपस्या के बिना सफलता नहीं मिलती। आज राजयोगिनी दादियों ने मन की लेबोरेटरी में साइलेंस की शक्ति द्वारा परमात्म शक्तियों का एक्सपेरिमेंट कर इस ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के विशाल वट वृक्ष को संपूर्ण विश्व में खड़ा किया है। दादियों की तपस्या का फल हैं इतनी बड़ी सभा। उन्होनें कहा कि कई देशों के वैज्ञानिक जो भगवान में विश्वास नहीं रखते, उन्होंने भी दादी से मिलने के पश्चात परमात्मा की सत्ता को स्वीकार किया। जिसमें अच्छाई है उस पर परमात्मा की नजर जरूर है इस तथ्य को दादी ने राजयोग मेडिटेशन द्वारा परमात्म शक्तियों की अनुभूति उन वैज्ञानिकों को कराकर उन्हें नास्तिक से आस्तिक बना दिया। क्योंकि साइंस भी तब डेवलप होती है जब डीप साइलेंस में जाकर एकाग्रता की शक्ति से एक्सपेरिमेंट करते हैंद्य आपने महानता के बारे में बताते हुए कहा कि खुद में अगर महानता है तो आप अन्य आत्माओं को महान कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। आज हमें स्वयं को ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व को शांति का दान देना है। पंच कर्मेंद्रिय मुझे आत्मा को वश में करके रखी है लेकिन राजयोग द्वारा मुझ आत्मा को इन पांच कर्मेंद्रियां को वश में रखना है। परमात्मा की लीला को हम इस संपूर्ण संसार में प्रत्यक्ष होते देख रहे हैं आज पूरा विश्व भारत को विश्व गुरु के रूप में देख रहा है। कार्यक्रम में पाटन, दल्ली राजहरा, नंदिनी अहिवारा, बेमेतरा, उतई, डोंडी लोहारा, जामगांव, बेरला सहित भिलाई के सभी सेवा केन्द्रों के ब्रह्मावत्स बड़ी संख्या में पहुंचे थे। इसके पश्चात दो जगह एलईडी स्क्रीन प्रोजेक्टर के माध्यम से ब्रह्मावत्सो ने श्रवण लाभ लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से हंसा दीदी माउंट आबू, छतीसगढ़ एवं इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमा दीदी, उज्जैन से आई ऊषा दीदी उपस्थित रही। राजयोग भवन में आयोजित स्ट्रेस फ्री लाइफमें आपने भिलाई के प्रबुद्ध वर्ग को भी संबोधित किया। जिसमे मुख्य रूप से डॉक्टर, प्रिंसिपल, उद्योगपति, समाजसेवी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जयंती दीदी वर्तमान में पूरे देश व विदेश में अपनी गहरी साइलेंस पावर और आध्यात्मिक ऊर्जा से असंख्य आत्माओं की पालना कर रहे हैं। वे विगत 41 वर्षों से अधिक संस्था को यूनाइटेड नेशन संयुक्त राष्ट्र संघ जिनेवा में रिप्रेजेंट कर रहे हैं। लंदन में बीके इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटिंग ऑफिस ग्लोबल कॉरपोरेशन हाउस, ऑक्सफोर्ड में ग्लोबल रिट्रीट सेंटर के निदेशिका के साथ विश्व धर्म संसद परिषद की सलाहकार भी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में विश्व के वैज्ञानिकों को राजयोग एवं साइलेंस पावर पर संबोधित किया है।

# विधायक ने सोलर लाइट-सामुदायिक भवन की दी सौगात

**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की प्रगति यात्रा के दौरान विधायक लाखों की सौगात दे रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से बापूनगर के लोगों को करीब 1 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिली है। 15 लाख की लागत से मस्जिद एवं जलाराम मंदिर के दोनों ओर पेंवर ब्लॉक लगाने का कार्य संपन्न किया गया है। इसी प्रकार साढ़े 19 लाख की लागत से वार्ड 43 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य खुर्सीपार में पूरा कर लिया गया है। जिसका आज विधायक श्री यादव ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों से फीता कटवाकर लोकार्पण करवाया है। इसी प्रकार कई प्रकार के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया है। वार्ड 43 बापूनगर में प्रगति यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधायक ने वार्ड में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। कई समाजिक भवन का लोकार्पण भी विधायक श्री यादव ने किया। इस दौरान वार्डवासियों के साथ मिलकर विधायक श्री यादव ने प्रगति यात्रा के दौरान विकास कार्यों का भूमिपूजन किए और लोकार्पण भी किए। वार्ड में प्रगति यात्रा करते हुए पैदल.पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक.चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी। वार्ड 43 के अलावा विधायक श्री यादव ने आज कालीबाड़ी से बंगाली समाज के करीब 10 लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण करवाया जाएगा। जिसक भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव रहे। काली बाड़ी से जुड़े वरिष्ठ व सम्मानित नागरिकों के हाथों से विधि विधान के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम करवाया गया है। जल्द ही इसका काम शुरू किया जाएगा। 5 लाख की लागत से वार्ड 43 बापूनगर में गुरूघासीदास भवन के पास नहर किनारे मिनी गार्डन बनाया गया है। साढ़े 10 लाख की लागत से सौर ऊर्जा से चलित एलईडी लाइट लगाई गई हैं। 12 लाख की लागत से राजीव नगर दुर्गा पंडाल के समीप शेड निर्माण किया गया है। 8 लाख की लागत से सामुदायिक भवन सह शौचालय निर्माण कार्य किया गया है। 8 लाख की लागत से बापूनगर में बड़ी पुलिया बनाया गया है। जिसका आज विधायक श्री यादव ने वार्डवासियों के साथ मिलकर फीता काटकर लोकार्पण किया गया। 8 लाख की लागत राजीव नगर पीपल पेड़ के समीप शेड निर्माण किया जाएगा। 1 लाख की लागत से बापूनगर में बोर खनन किया जाएगा। 1 लाख की लागत से अन्य जगह पर बोर किया जाएगा। 10 लाख की लागत से बापूनगर अम्बेडकर भवन के अंदर डोमशेड निर्माण एंव भवन संधारण किया जाएगा। 1 लाख की लागत से बोर खनन किया जाएगा। इन सभी विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। इनका विधायक श्री यादव के हाथों भूमिपूजन किया गया।



# राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में राजस्थान जुडो संघ द्वारा राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में ही 37वीं राष्ट्रीय खेल गोवा हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा। प्रदेश जूडो संघ के खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। पुरुष खिलाड़ियों ओनेश कुडियाम-60 किलो वर्ग बीजापुर, हर्ष दुबे 66 किलो वर्ग दुर्ग, प्रियांशु नेताम-73 किलो वर्ग भिलाई, राहुल कुमार-81 किलो वर्ग भिलाई, अभिषेक जयसवाल-90 किलो वर्ग बिलासपुर, अनमोल सिंह-100 किलो वर्ग भिलाई, सुधीर चौहान-100 किलो वर्ग भिलाई, देवेश राउत-प्रशिक्षक, महिला खिलाडियो में पूर्णिमा कुमारी-48 किलो वर्ग भिलाई, तनु रानी साहू-52 किलो वर्ग भिलाइ, हर्षिता प्रसाद-57 किलो वर्ग भिलाई, दिव्या कुमारी-63 किलो वर्ग दुर्ग नंदिनी सिंह-70 किलो वर्ग दुर्ग, अनुष्ठा मित्तल-78 किलो वर्ग दुर्ग, स्नेहा नियोगी-78 किलो वर्ग भिलाई, मधु रानी साह-प्रशिक्षक श्रवण शर्मा प्रबंधक, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ओलंपिक संघ के पदाधिकारी ने प्रदेश के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। यह जानकारी भारतीय जूडो महासंघ के अशोक द्विवेदी ने दी है।

# मछुआरा समन्वय समिति के विरेन्द बने युवा प्रदेश संगठन मंत्री



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मछुआरा समन्वय समिति ने विरेन्द्र निषाद को युवा छः ग प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया। जिसमें विरेन्द्र निषाद ने अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप एकहार, निषाद एढीमर, भोई समन्वय समिति अदि के राष्ट्रीय समन्वयक राजाराम कश्यप, राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बाबा मार्तंड सिंह मांझी, नीरज कश्यप, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विंग, कोमल निषाद सचिव युवा महामंत्री, छत्तीसगढ़ प्रदेश समन्वय समिति उपाध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद, एस आर निषाद, प्रदीप कुमार केवट, छत्तीसगढ़ समन्वय समिति युवा अध्यक्ष दुष्यंत कुमार निषाद को आभार धन्यवाद किया एवं उनके पद मिलने पर उनके गांव समाज में हर्ष की माहौल है जिसमें दुर्ग जिला निषाद समाज अध्यक्ष घनश्याम निषाद, जी बुधरुराम निषाद, नरेंद्र निषाद, चोवा राम निषाद, वरिष्ठ समाजसेवी चिंताराम निषाद, ओम प्रकाश निषाद, विष्णु निषाद, सियाराम निषाद, भीम निषाद, वरुण निषाद, खुमान निषाद, ढालेश्वर निषाद, टीकेश्वर निषाद, लिकेश निषाद, शंकर निषाद, राजकुमार निषाद, सत्रोहन निषाद, प्रकाश निषाद, मनीष निषाद, शांतनु निषाद, दीपेश निषाद, दीपक साहू, लोकेश निषाद, चोवाराम यादव, पप्पू साहू, भीष्म साहू, काशी नरेश चौब, सोहन चक्रधारी, खिलेश्वर निषाद, ओकेश निषाद, तिलक निषाद, गौतारिया निषाद, डोमन निषाद, गोकुल ठाकुर, जोगेंद्र निषाद में हर्ष का माहौल है

# कसौंधन वैश्य समाज भिलाई की कार्यकारिणी गठित



**भिलाईनगर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसौंधन वैश्य समाज भिलाई की बैठक कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें पूर्व अध्यक्ष नमित गुप्ता ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया व नई कार्यकारिणी गठन करने का आवाहन किया। जिसे सर्वसम्मति से सुनील गुप्ता को अध्यक्ष एवं विजय गुप्ता एवं सुशील गुप्ता को उपाध्यक्ष, सचिव बालचंद गुप्ता, सह सचिव अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, युवा अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, युवा उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, राकेश गुप्ता, विक्रम गुप्ता, जयदत्त गुप्ता, भवन प्रभारी शिवदत्त गुप्ता, श्याम गुप्ता, सलाहकार समिति पुनमचंद गुप्ता , नंदकिशोर गुप्ता, गणेश गुप्ता, नमित गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, आलोक गुप्ता, शैलेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, चंद्र किशोर गुप्ता, किशोर गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, लालचंद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विष्णु दत्त गुप्ता, विकास गुप्ता, तेज प्रकाश गुप्ता श्री शशांक गुप्ता श्री मन्नू गुप्ता अखिलेश गुप्ता, रज्जन गुप्ता, नीरज गुप्ता, विनय गुप्ता, सूर्य प्रकाश गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, निहालचंद गुप्ता, संरक्षक संतोष गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष, दुर्गादत्त गुप्ता, इंद्रपाल गुप्ता, कैलाश चन्द्र गुप्ता, धनीराम गुप्ता, राम गोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रोफेसर ओमप्रकाश गुप्ता, बृज नारायण गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, शारदा प्रसाद गुप्ता, योगेश गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, जवाहर गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, सतीश गुप्ता, रामलाल गुप्ता, को संरक्षक नियुक्त किये गये। महिला मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें अध्यक्ष श्रीमती नीतु बालचंद गुप्ता, उपाध्यक्ष पल्लवी प्रमोद गुप्ता , श्रीमती रीना शारदा गुप्ता, श्रीमती गीता विजय गुप्ता, श्रीमती योगिता विकास गुप्ता, सचिव श्रीमती अल्का सुनील गुप्ता, श्रीमती नेहा कृष्णा गुप्ता, श्रीमती भारती भूपेंद्र गुप्ता, श्रीमती पल्लवी नमित गुप्ता सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती कीर्ति प्रशांत गुप्ता, श्रीमती रंजना नीरज गुप्ता, श्रीमती राखी गुप्ता, श्रीमती माया मन्नू गुप्ता , श्रीमती रोशनी गुप्ता, कार्यकारिणी श्रीमती रश्मि गुप्ता श्रीमती सोनम गुप्ता, श्रीमती निशा गुप्ता, श्रीमती रानी गुप्ता, श्रीमती संगीता गुप्ता, श्रीमती आरती गुप्ता, गीता गुप्ता, प्रीति विनय गुप्ता, कविता गुप्ता, रीता अखिलेश गुप्ता, प्रीति जय दत्त गुप्ता, रमन लालचंद गुप्ता, पूजा प्रभारी अर्चना गुप्ता, माया गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, सलाहकार समिति प्रभानंद किशोर गुप्ता, शीला महेश गुप्ता, सुनीता दिनेश गुप्ता, संरक्षण श्रीमती प्रभा गणेश गुप्ता, अनीता पूनम चंद गुप्ता, संजना योगेश गुप्ता , वंदना तेज प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ संरक्षक डॉक्टर अंजु गुप्ता, रंजना गुप्ता, कस्तूरी गुप्ता, प्रभा रामलाल गुप्ता, रेखा धनीराम गुप्ता, श्रीमती गीता सत्यनारायण गुप्ता, को नियुक्त किया गया है। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने सभी को शपथ के साथ समाज के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसमे राष्ट्रीय प्रमुख सलाहकार हरिनारायण गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्याय शिव कुमार गुप्ता, प्रदेश समिति से आशा गुप्ता, महिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता प्रदेश महासचिव भी शामिल थे।

# महिला ब्लाक कांग्रेस की बैठक आयोजित

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। विधानसभा डौंडीलोहारा के प्रदेश कांग्रेस महिला प्रभारी अमृता नेताम,जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संगीता नायर ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शममता शर्मा के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में तैयारी को लेकर विधानसभा प्रभारी ने कांग्रेस भवन डौंडीलोहारा मे महिला ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया गया। महिला पदाधिकारियों ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, लोकतंत्र का त्योहार आने वाला है कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओ की उपलब्धियों को पूरे ब्लाक के सभी बूथों में जन जन तक पहुंचाना है। ब्लाक महिला कांग्रेस के सभी बहनों को एक जूटता के साथ सार्थक भूमिका का निर्वाहन करते हुए फिर से प्रदेश के साथ क्षेत्र में कांग्रेस की सरकार बनाने में भीड़ जाना है ।जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नायर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की सफलताओं एवं 15 साल के भाजपा सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने मे हमारी बहनों की अहम भूमिका होनी चाहिए। उन्होने यह भी कहा की बूथ के कार्यकर्ता ही विधान सभा चुनाव जिताएंगे साथ ही यह भी कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के सभी वर्गो के आर्थिक मजबूती के लिए आर्थिक योजनाएं संचालित किये है जो की प्रदेश में फलिभूत हो रहे है किसान हितैषी न्याय योजनाओं से प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से सशक्त हुए है। इन्ही सब प्रदेश सरकार की जन हितैषी योजनाओं को गांव शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना है जिससे फिर से एक बार कांग्रेस की सत्ता स्थापित हो सके। ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता शर्मा ने भी कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित किया ।आभार व्यक्त करते हुए ब्लाक पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष सरोज पटेल ने कहा कांग्रेस की सरकार आना तो तय है फिर भी हमें सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में हमे सक्रिय भूमिका निभाना है ।इस अवसर बैठक में मंत्री प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति गुलाब भंसाली तारम सागर रमेश सिंहा चिदाकाश आर्य छबिला सिन्हा प्रदेश महिला सचिव डौडी जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा हसीना बेगम उषा सिंहा नगर पंचायत ,अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू अनीता साहू पार्षद सुनीता भांडेकर रुखसाना बेगम प्रदेश सचिव लक्ष्मी भोयर जनपद सदस्य वेद कुवंर नेताम जनपद सदस्य हेमलता साहु शांति भूआर्य ,डौडी एवं डौंडीलोहारा ब्लॉक महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता बहनें बड़ी संख्या में सम्मिलित हो कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सत्ता स्थापित करने संकल्प लिया है।



**किसान हितैषी न्याय योजनाओं से किसान आर्थिक रूप से हुए सशक्त:संगीता नायर**
**महिला कार्यकर्ताओं ने छ.ग में फिर से कांग्रेस की सत्ता स्थापित करने लिया संकल्प**

# अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने किया श्रमदान

**बेमेतरा,** 1 अक्तूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कलेक्टर पी.एस.एल्मा के मार्गदर्शन में ज़िले के सभी नगरीय निकायो के समस्त वार्डो में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत आज 1 अक्टूबर आयोजित किए जाने वाले एक तारीख एक घंटा - साफ/सफाई के लिए श्रमदान किया गया । इसमें अधिकारी,जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने गली,मोहल्ले व सार्वजनिक स्थानों में सामूहिक रूप से साफ़-सफ़ाई कर अपना श्रमदान किया। लोग शहरी स्वच्छता के लिए स्वामित्व लेने में उत्साहित नज़र आये। लोगों को स्वच्छता प्रति जागरूक करने रैली निकाली । ज़िला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री आशीष छाबड़ा ने उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्रीमती शकुन्तला मंगत साहूए पार्षदगण सहित सफ़ाई. कर्मी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायका मितामिन और समाजसेवी संगठन गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में विधायक श्री आशीष छाबड़ा ने भी स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छता दीदियों, मितानिन और समाज सेवी संगठनएसमाज सेवी संस्थाओं को सम्मानित किया । उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता का संदेश दिया ।उनका संदेश हम सबको स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सफ़ाई दीदियों और मितानीन के कार्यों की भूरी.भूरी प्रशंसा की ।नगर के समाज सेवी संगठनों की सफ़ाई और नगर को हरा.भरा करेने के काम कि तारीफ़ की। विधायक ने कहा कि सफ़ाई स्वच्छता हमारे जीवन और वातावरण को खुशनुमा बना देता है। स्वच्छता दीदियों ने नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिएए घर.घर से कचरा इकट्ठा करने वाली दीदियां ष्एक.एक घर को 1 अक्तूबर को एक घंटा नगर की सफ़ाई हेतु हेतु आमंत्रण दिया था। नागरिकों से अपने स्वच्छता उपकरण जैसे झाड़ूए बाल्टीए फावड़ा आदि लाने की अपील भी की थी।




बीते शनिवार को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 01 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की और गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रयास करने का आव्हान किया था। कार्यक्रम का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री भूपेन्द उपाध्याय ने किया।



# राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा, ज्योति स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में बीते सप्ताह हुई 23वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में टेबल टेनिस में चार क्षेत्र बस्तर, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें चरोदा स्थित ज्योति स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते। खिलाड़ी प्रज्ञा पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा ने फाइनल मैच में बिलासपुर की खिलाड़ी को हराया। वहीं नैतिक सोनवानी, कृष्णकांत दीक्षित ने तीसरा स्थान, सूचित वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर भिलाई क्षेत्र का नाम रौशन किया। छात्रों की इस सफलता पर शाला की प्राचार्य सिस्टर सैरिल मेरी ने बच्चों का सम्मान किया।

# डौण्डी में सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक स्वच्छता अभियान

**दल्लीराजहरा,**1 अक्टुबर (देशबन्धु) ।नगर पंचायत डोंडी में भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देश अनुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 01 अक्टूबर को 1 घंटा श्रमदान हेतु आम नागरिक, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवम् स्वच्छता दीदियों को श्रमदान करने हेतु आमंत्रित किया गया था इसका स्वागत सभी नागरिकों ने किया है और वे नगर स्वच्छता के लिए स्वामित्व लेने में उत्साहित रहे है ।कार्यक्रम में निकाय क्षेत्र के आम नागरिक, गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधो के सहयोग से आज 01 अक्टूबर को समय 10 बजे से 11 बजे तक वार्ड क्रमांक 01 से 13 वार्डो एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान किया गया जिसमें सभी वार्ड की सफाई की गई बाजार चौक, , गांधी चौक, जयस्तंभ चौक,गार्डन ,बस स्टैंड इत्यादि स्थलों का श्रमदान कर सफ़ाई किया गया। इस अवसर पर निकाय अध्यक्ष सोमेश कुमार सोरी उपाध्यक्ष डॉ रूपेश नायक ने सयुक्त रूप से गांधी जंयती के अवसर पर नगर के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने का आह्वन किया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य को लगातार स्वच्छतम राज्य का पुरूस्कार प्राप्त हुआ है,और यह सब आप सभी नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता का छत्तीसगढ़ मॉडल सफल हो रहा है ।इस अवसर पर पालिका के समस्त पार्षदगण, फुटबॉल प्लेयर,गणमान्य नागरिक, वार्डवासी,निकाय के अधिकारी - कर्मचारीगण, एपीएम , सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी उपस्तिथ रहे।



# 13 ग्राम पंचायतों को मंत्री चौबे ने किया सम्मानित

**बेमेतरा,** 1 अक्टूबर। जिले के विकासखंड साजा के ग्राम खैरझिटीकला में आज रविवार को लोकार्पण/भूमिपूजन एवं किसान सम्मलेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 13 ग्राम पंचायतो को पंचयात एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें मरतरा, अतरिया, बहेरा का, मल्दा, झाल, किरकी, टिपनी, राखी, सहसपुर, खुडमुडा, सिंगदेही, भिंभौरी एवं कुसमी शामिल हैं। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत किरकी को उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों के श्रेणी में राज्य स्तर पर 25 सितंबर 2023 को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री पी. एस. एल्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बंशी पटेल सहित सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# खपरी भोथीपार व पिनकापार मे विभिन्न विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन

गुण्डरदेही । संसदीय सचिव व विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम खपरी मे कला मंच निर्माण प्राथमिक शाला भवन निर्माण ग्राम भोथीपार में सीसी रोड़ निर्माण कला मंच निर्माण देवगुड़ी निर्माण ग्राम पिनकापार में नवीन खाद गोदाम किसान कुटीर भवन ग्राम सरेखा में शेड निर्माण देवगुड़ी निर्माण पुल पुलिया निर्माण आंगनबाड़ी सीसी रोड़ निर्माण का लोकार्पण व भूमिपूजन किया इस दौरान संसदीय सचिव ने ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं इस दौरान प्रमुख रूप से ममता निजानंद चंद्राकर जनपद सदस्य भोजराज साहू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डोमन देशमुख अध्यक्ष सरपंच संघ गुण्डरदेही नीतू साहू सरपंच जानकी चंद्राकर सरपंच भेष कुमार नीलमणि साहू योगेश चंद्राकर संजय चंद्राकर आदि उपस्थित थे



# आजादी के 75 साल बाद होगा ठाकुरटोला कोलेन्द्रा पुलिया का निर्माण

**विधायक बघेल की पहल रंग लाई, हुई 16 लाख रू स्वीकृत**

**डोंगरगढ़,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोलेन्द्रा - ठाकुरटोला समीप स्थित पुलिया निर्माण हेतु आजादी के 70 साल बाद विधायक भुनेश्वर बघेल की पहल पर राशि स्वीकृत की गई है ।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेन्द्रा, ठाकुरटोला सहित आसपास के ग्रामीणों द्वारा काफी लंबे समय से उक्त पुल निर्माण के लिए मांग की जा रही थी जिस पर गंभीरता दिखाते हुए क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने उक्त कार्य के लिए एक सतत प्रयास किया जिसके फलस्वरुप शासन द्वारा एस सी ए - एल डब्लू ई मद से लगभग 16 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है । बताया जा रहा है कि स्थित पुलिया काफी जर्जर अवस्था में हो गया था जिसमें ग्रामीणो को आवाजाही करने के लिए बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर 12 महीनो इस पुल से आवाजही करने मजबूत थे । समस्या को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा उक्त पुलिया निर्माण हेतु राशि स्वीकृत कराने विधायक से मांग की गई थी जिस पर विधायक श्री बघेल ने उच्च अधिकारियों से प्रस्ताव तैयार कर कलेक्टर से संपर्क कर पुलिया निर्माण हेतु प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया । शासन ने उक्त कार्य हेतु राशि जारी कर क्षेत्र को एक बड़ी सुविधा उपलब्ध कराई है ।अब आजादी के 75 साल बाद उक्त पुलिया का निर्माण हो जाने से क्षेत्र के 9 गांव के ग्रामीण प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। पुलिया की स्वीकृति की जानकारी मिलने पर ठाकुर टोला एवं कोलेन्द्र ग्राम वासियों ने खुशी जाहिर कर विधायक श्री बघेल का हृदय से आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया है ।



# मौत के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। बालोद थानान्तर्गत प्रार्थीया प्रेमबती साहू पति गणेष राम उम्र 25 साल साकिन वार्ड क्र 12 दसौंदी तालाब बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके ससुर मृतक शंकर लाल साहू पिता गिरधारी उम्र 65 साल साकिन वार्ड क्र 12 गंजपारा बालोद को 30 सितंबर के लगभग 09:00 बजे अपने घर के सामने बीड़ी पी रहा था जिसे आरोपीगण कल्पना क्षीरसागर पति संजय उम्र 48 साल, रोषन उर्फ बंटी पिता संजय क्षीरसागर उम्र 21 साल, होमेष उर्फ मोंटी क्षीरसागर पिता संजय उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्र 12 गंजपारा बालोद के द्वारा मृतक को बीड़ी मत पियो धुऑ हमारे घर तरफ आते है कि बात को लेकर मृतक के साथ झगड़ा विवाद कर मॉ बहन की अष्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर होमेष उर्फ मोंटी क्षीरसागर के द्वारा जान से मारने की नियत से मृतक शंकर लाल साहू जो सीढ़ी में बैठा था उसे हाथ से धक्का मार दिया जो धक्का मारने से मृतक का बांये भाग की तरफसे जमीन में गिर गया जिससे मृतक की मृत्यु होना बताया प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना बालोद के मर्ग कायम कर मर्ग जांच पर संज्ञेय अपराध का घटित का होना सबुत पाये जाने से आरोपीगण के विरूद्व अपराध कायम कर विवेचना में लेकर आरोपीगण का पता तलाष किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुऐ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुषील कुमार नायक मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी पर्यवेक्षण में तत्कालीन थाना प्रभारी बालोद उपनिरीक्षक राधा बोरकर के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक विषेष टीम तैयार कर आरोपीगण के सकुनत पर धेराबंदी कर पकड़ा जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को पेष किया गया। उक्त सभी कार्यवाही में उपनिरीक्षक राधाबोरकर, नंदकिषोर सिन्हा, सउनि इसरार अहमद खान, आरक्षक भोपसिंह साहू, लवणसिंह राजपुत, मनीष राजपुत, विवेक आनंदधीर, मनोज मेश्राम व थाना बालोद का सराहानीय भूमिका रही है।

# कच्ची महुआ शराब बेचने वाला गिरफ्तार

बालोद,1 अक्टुबर (देशबन्धु)। ग्राम नारागांव के ग्रामीणों द्वारा ग्राम नारागांव में हो रही कच्ची महुआ शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के संबंध थाना गुरुर को शिकायत आवेदन प्राप्त हुआ था। मुखबीर सूचना पर घटना 30 सितंबर को विशेष टीम गठित कर आरोपी रोहित ठाकुर के घर पर रेड कार्रवाई की गई रेड कार्यवाही दौरान घर की तलाशी लेने पर कमरे के अंदर रखे 5 लीटर के 3 नग जर्किन में कुल 15 लीटर कच्ची महुआ मिला जिसे गांव के समक्ष जब तक कर सील बंद किया गया। मौके पर संपूर्ण कार्यवाही कर आरोपी रोहित ठाकुर पिता अंजोर ठाकुर उम्र 50 वर्ष निवासी नारागांव मौके पर गिरफ्तार कर मामला अजामनतीय होने से आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक भानुप्रताप साव, सउनि हुसैन ठाकुर, प्रधान आरक्षक नर्मदा कोठारी आरक्षक योगेंद्र सिन्हा, पुलेश सिन्हा विशेष योगदान रहा।

## प्रादेशिकी का शेष...

**गणेश विसर्जन के दौरान ...**

को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अभी तक किसी के विरूद्ध मामला दर्ज नहीं किया गया है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। आरोपी युवक भिलाई की किसी समिति के बताये जाते है।

इस संबंध में कतिपय लोगों का कहना है कि गणेश विसर्जन से पूर्व हुई नागरिक समितियों की बैठक में तय किया गया था कि विसर्जन के दौरान मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखा जायेगा। इसके अलावा डीजे तथा रंगीन लाईटिंग लगाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। मगर वक्त पर न तो पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। इसी तरह देर रात डीजे का शोरगुल होता रहा इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का मानना है कि मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात होता और प्रशासनिक अधिकारी रहते तो घटना को रोका जा सकता था।

इधर घटना के बाद आज दिनभर पुलगांव थाने पर मृतक के परिजन व परिचितगण, सामाजिक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इन सभी की मांग है कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देकर मृतक के साथ न्याय किया जायें।

इधर पुलिस के अनुसार मृतक का पोस्टमार्टम कर शव उनके परिवार को सौंप दिया गया है। अंतिम संस्कार कर दिये जाने की सूचना अभी तक नहीं मिली है।

**गांधी जयंती पर शहरभर में...**

भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. सुनील साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता पोटिया चौक में इकट्ठे हुए और सफाई अभियान चलाया।

इस अवसर पर अजय तिवारी, संतोष सोनी, मदन बढ़ई, सुनील अग्रवाल, विजय ताम्रकार, डॉ. शरद अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी ने भी श्रमदान किया। कार्यक्रम के समापन में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी अनूप गटागट ने किया। सफाई अभियान में सुरेन्द्र कौशिक, विनायक नातू, चतुर्भुज राठी, शिवेन्द्र परिहार, सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

कन्या महाविद्यालय : शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं परिसर में सफाई की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई।

महाविद्यालय की एन.एस.एस. की छात्राओं एवं षिक्षकों द्वारा 5 बिल्डिंग क्षेत्र एवं यात्री प्रतिक्षालय तथा महाविद्यालय परिसर में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया गया।

महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचरियों ने यात्री प्रतीक्षालय को साफ-सुथरा बनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं वंदना बंजारे ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

**23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में...**

एवं कुराश बालिक 14 वर्ष के बिलासपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, रायपुर से कॉस्य पदक, बालिका 17 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, रायपुर से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक तथा बालिका 19 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, रायपुर से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक शामिल है।

योगा बालक 14 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक, बालक 17 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक एवं बालक 19 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, सरगुजा से कॉस्य पदक शामिल है। योगा बालिका 14 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक, बालिका 17 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, दुर्ग से रजत, सरगुजा से कॉस्य तथा बालिका 19 वर्ष के रायपुर संभाग से स्वर्ण, बस्तर से रजत, दुर्ग से कॉस्य पदक शामिल है।

बाक्सिंग 14 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, बिलासपुर से रजत, बस्तर से कॉस्य पदक, 17 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, रायपुर से रजत, बिलासपुर से कॉस्य एवं 19 वर्ष के दुर्ग संभाग से स्वर्ण, रायपुर से रजत, बिलासपुर से कॉस्य पदक शामिल है।

**दुर्ग जिला न्यायालय भवन के लिये...**

जेल अधिकारियों से बंदियों की संख्या की जानकारी ली जेल में स्वास्थ्य एवं साफ सफाई की सुविधा पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया ।

मुख्य न्यायमूर्ति सिन्हा द्वारा भिलाई के नवीन न्यायालय भवन का भी निरीक्षण किया गया। न्यायालय भवन की आधारभूत संरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप पायी गयी। न्यायालय की साफसफाई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

# हनुमान भक्तों ने किया उत्कृष्ट विसर्जन झांकियां को पुरस्कृत

**डोंगरगढ़,**1 अक्टुबर (देशबन्धु)। नगर में श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वाधान में श्री हनुमान चौक में गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ जिसमे नगर की 15 विसर्जन झांकीयो ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी सभी ने नगर के मान व गौरव बढने के लिये उम्दा प्रयास किया व सभी युवाओ के उत्साह के परिणाम स्वरूप भव्य दिव्य झांकी का दर्शन लाभ भक्तो को मिला समिति द्वारा श्री हनुमान चौक पर सभी समितियो का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही समिति के हनी गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष झांकियो प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार- स्टार क्लब,बुधवारी 11,000 रु व मुमेन्टो , द्वितीय पुरुस्कार- युवा व्यापारी संघ सेठ पारा 7,100 रु व मुमेन्टो , तृतीय पुरुस्कार- विनर क्लब भगत सिंह चौक 5,100 रु व मुमेन्टो , विशेष पुरुस्कार- तारण पिपलेश्वर महादेव थाना चौक 3100 रु व मुमेन्टो (श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) अन्य सभी झांकियो को सांत्वना पुरुस्कार -2100-2100 रु व मोमेंटो प्रदान किया गया। पुरुस्कार वितरण में हमारे अतिथि गनेश नरेडी, बब्बी भाटिया, शिव निषाद, विनोद तिवारी, लाल धीरेन्द्र प्रताप सिंह, श्याम सुंदर अग्रवाल, भगवानदीन साहू, घनश्याम तराने, बंटू तापड़िया, लाल विक्रम प्रताप सिंह, कमल किशोर शर्मा, नीरज चौरड़िया ,सुधीर चौरसिया, रजत देशपांडे, हिमाशु गुप्ता, भीष्म प्रताप सिंह ,राजन सिंह ,सन्दीप अग्रवाल, अक्षय चौरसिया, अविनाश पोद्दार ,निशांत शर्मा, त्रिलोक मालेकर ,वरुण अग्रवाल, पुष्प तराने, ओम देशमुख, युवराज साहू ,शुभम महोबिया अन्य समिति सदस्य व व्यपारी उपस्थिति रहे ।



## जनप्रतिनिधियों ने किये श्रमदान

**कुम्हारी**। रविवार 01 अक्टूबर को शहरी और आवास कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा क्षेत्र में श्रम दान किया गया । गांधी जयंती के एक दिन पूर्व समस्त 24 वार्डो के साथ साथ वार्ड क्र.4 लट्ठी बाबा चौक , गायत्री मंदिर रोड, शमशान घाट, कृष्णकुंज, बड़े तरिया एवं हॉस्पिटल में फैले गंदगी को पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर , जनप्रतिनिधि एवं पालिका के अधिकारियों द्वारा श्रम दान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर समस्त वार्डो में वार्डवासियों द्वारा भी श्रम दान किया गया एवं अपने अपने मोहल्ले व वार्ड को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर के अलावा मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा सहित समस्त पार्षदगण, एल्डरमेन एवं जिला समन्वयक गौरव केशरवानी, राजस्व निरिक्षक राकेश साहू , सहायक राजस्व निरिक्षक लखन साहू एवं समस्त नगर पालिका के कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक तथा मोहल्ला वासी उपस्थित थे।



## निधन

### रमेश पाण्डेय

**भिलाईनगर** 1 अक्टूबर। मदर टैरेसा नगर कैंम्प 01 के प्रतिष्ठित नागरिक एचएससीएल के पूर्व कर्मी रमेश पांडेय का इलाज के दौरान सुबह 2.30 बजे रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 72 साल के थे। आज रविवार को दोपहर 3 बजे उनके निवास से अंतिम यात्रा रामनगर मुक्ति धाम के लिये निकलेगी जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री, एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे कांग्रेस नेता मनोज कुमार पांडेय के पिता थे।



# महिलाओं को एक मंच में लाने का उद्देश्य तीज मिलन समारोह : मदन सोनबरसा



**बालोद**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। तीज मिलन समारोह कार्यक्रम महिलाओं को एक मंच में लाने का उददेश्य है। जिससे महिला जगत में एकता व संगठन मजबूत हो। और अपनी मन की बांतो को मंच के माध्यम से विचार व्यक्त कर सके। आज हमारे समाज में महिलाओं की समाजिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी उल्लेखनीय है। जो शिक्षा के साथ साथ सांस्कारिक भी और समाज में अनेक अनुकरणीय कार्य कर रही है। जिसका आज सुखद परिणाम है कि तहसील स्तरीय तीज मिलन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला माता व बननें उपस्थित हुई है। जो हमारे साहू समाज के लिए गौरव की बात है। उक्त बातें बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने तीज मिलन कार्यक्रम में उपस्थित हजारों की संख्या में महिलाओं को सबोाधित ररते हुए कहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजनी साहू संयोजिका जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ ने कहा कि जीज मिलन के माध्यम से समाज में महिलाओं का सम्मान हो रहा है वह हर्ष का विषय है। समाज को आगें बढाने में हमें पूरी निष्ठा के साथ रिती नीति पूर्वक कार्य करना चाहिए। हम महिलाओं का आपसी दूख दर्द बांटने का यह तीज मिलन समारोह एक अच्छा माध्यम है। समाज में तहसील साहू संघ बालोद द्वारा मातृ शक्ति का सम्मान हो रहा है यह बेहर सराहनीय प्रयास है। महिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू ने कहा कि अब हमारे समाज के नियमों में बहुत कुछ बदलाव किया गया है। जैसे छठठी शादी मृत्यु कार्यक्रम में हमारे द्वारा उन परिवारों को कपडा भेंट किया जाता है उसके जगह पर अब अपने तरफसे जो बन पडे उन परिवार को नगद आर्थिक मदद करें। जिससे उनकी आवश्यकता की चीजे पूरी हो सके। जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू ने कहा कि आज के तीज मिलन कार्यक्रम से हमारे समाज का गौरव बढा है। और हम महिला बहने गौरान्वित महसूस कर रहे है। तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष जयंत साहू ने कहा कि बालोद तहसील साहू संघ व तहसील साहू संघ महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में तहसील स्तरीय मातृ शक्ति स्नेह एवं तीज मिलन समारोह में हजारों की संख्या में माताएं व महिला बहनों की भीड दिख रही है यह हमारें साहू समाज की एकता व सफ्लता की मिसाल है। जो संगठित होकर समाज को नई दिशा में ले जाने का कार्य कर रही है। तीज मिलन समारोह को न्याय प्रकोष्ठ के राहित अठनागर, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, संगठन सचिव जिला साहू संघ दीपा साहू, महिला प्रकोष्ठ के चंद्रिका साहू, ने संबोधित किया। तीज मिलन कार्यक्रम महिलाओं के खेलकूद रंगोली, सुईधागा, मटका फोड, मेढक दौड, रस्सा खींच, जलेबी दौड, कुर्सी दौड, गोली चम्मच, सोंलह श्रृगांर, गायन एवं सांस्कृति कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा, उपाध्यक्ष जयंत साहू, महिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, हेमंत साहू, विनीता साहू, तुकेश हिरवानी, गंगा प्रसाद साहू, राधेलाल गुरूपंच, रिच्छेद मोहनर कलिहारी, कमलेश्वरी साहू, दिनेश साहू, जागेश्वरी साहू, त्रिलोचन साहू, द्रोणाचार्य साहू, लेखराम साहू, रेणुका साहू, रघुनंदन गंगबोईर, सुरेश साहू, छगन साहू, हिमांचल साहू, सरोज साहू, हिरौंदी साहू, वीणा साहू, खेमलता साहू, हेमलाल साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश साहू, मदन लाल साहू, डोमेन्द्र साहू, ध्रुव कुमार साहू, कुंजलाल साहू, मीडिया प्रभारी किशोर साहू दुर्गाशंकर साहू, हंसराज साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# माहेश्वरी समाज के 10 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान



**बेमेतरा**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महेश सेवा निधि ट्रस्ट के द्वारा हर वर्ष समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं जिसमे 10 वी में 95त्न से ऊपर, 12 वी में 90 त्न से ऊपर सीए,डॉक्टर इंजीनियर एवम अन्य छेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर सम्मान किया जाता है इसी तारतम्य में कल रायपुर में बेमेतरा के 10 छात्र छात्राओं को शिक्षा एवम अन्य छेत्रों में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूणेंदु सक्सेना रायपुर मुख्य अतिथि श्री शरद सोनी नागपुर अध्यक्ष अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन ,प्रबंध न्यासी श्री बालकिशन झवर दुर्ग के करकमलों से सम्मान किया गया

जिसमें ष्ट बनने पर कु प्रियल चांडक सुपुत्री श्रीमति मिना ईस्वर चाण्डक, कु साक्षी राठी सुपुत्री श्रीमती अंतिमा घनश्याम राठी, कु श्रेया राठी सुपुत्री श्रीमती छाया श्यामसुंदर राठी, शुभम बजाज सुपुत्र श्रीमति निर्मला श्यामसुंदर बजाज तथा बच्चों की डॉक्टर बनाने पर डॉ कु नेहा राठी सुपुत्री श्रीमती सिमा अशोक राठी तथा अखिल भारतीय स्तर में पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर कु स्मिता लाखोटिया सुपुत्री श्रीमति स्यामा श्याम लाखोटिया ,सबसे अधिक रक्तदान करने पर कु नीतू कोठारी सुपुत्री श्रीमती पुष्पा देवकिशन कोठरी, शोध वक्तव्य के छेत्र में सिंगापुर में आयोजित कार्यक्रम में स्थान पाने पर श्रीमति सृस्टि निखिल चाण्डक सुपुत्री श्रीमति मंजू अशोक भूतड़ा एवम योगकला के माध्यम से आँख में पट्टी बांधकर सभी चीजों को जानने पहचानने की कला में मेहुल चाण्डक सुपुत्र श्रीमती सुनीता मनीष चाण्डक, एवम 12 वी में 93 ? अंक प्राप्त करने पर सोहम राठी सुपुत्र श्रीमती प्रतिछा संजय राठी का सम्मान हुआ। दुर्ग जिला अध्यक्ष श्री देवरतन तापड़िया, माहेश्वरी सभा अध्यक्ष श्री अरुण राठी ,महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती हंसा अमित माहेश्वरी एवम युवा संगठन अध्यक्ष भाई दिलीप (बंटी) चाचा ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी ,कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी सभा के सचिव श्री चंद्रप्रकाश मुंदड़ा ने दी।

# नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभी वार्ड मे चला स्वच्छता श्रमदान



**गुण्डरदेही**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत शहरी अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत श्रमदान कार्यक्रम नगर पंचायत गुण्डरदेही के द्वारा विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें नगर के कृष्ण कुंज श्मशान घाट बाजार चौक चंडी मंदिर शनि देव मंदिर बस स्टैंड जनपद पंचायत परिसर के अलावा नगर के प्रमुख चौक चौराहे पर साफ सफाई किया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रानू हेमंत सोनकर केशव राम साहू पद्मश्री शमशाद बेगम पार्षद टीकाराम निषाद हरीश निषाद सुरेश कुमार सोनी थानमल जैन नगर पंचायत के सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा कृपाराम बर्मन उमेश ठाकुर छम्मन साहू व समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं सफाई कर्मी शामिल थे।

# राममंदिर के जमीन मे अनियमितता करने का आरोप भाजपा पार्षद पर

**बेमेतरा**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष एंव शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री राम मंदिर ट्रस्ट बेमेतरा द्वारा वर्ष 2014-15 के कृषि कार्य हेतु नीलामी में दी गई जमीन पर अनियमितता होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां पर वर्ष 2014 के कृषि कार्य हेतु ग्राम सिंघोरी पटवारी हल्का नंबर 28 के अंतर्गत तीन अन्य जमीन की नीलामी की गई जिसमें रकबा 5.40 धनहा जिसकी सरकारी बोली 9500 निर्धारित थी को 15700 में 1 वर्ष के लिए वर्तमान मे वार्ड 16 से पार्षद प्रवीण नीलू राजपूत को प्रदान किया गया इसी तरह राम मंदिर ट्रस्ट का एक अन्य 5 एकड़ भर्री जमीन जिसकी सरकारी बोली 47000 थी को इस व्यक्ति को 75500 में दिया गया तथा रकबा 1.81 एकड़ भर्री जमीन जिसकी सरकारी बोली ?9000 थी उसे एकमात्र बोलीदार प्रवीण नीलू राजपूत को 9100 में 1 वर्ष के लिए प्रदान किया गया। कुल मिलाकर कुल 5.40 एकड़ धनहा तथा 6.81 एकड़ भर्री जमीन को कुल 1 लाख 300 रुपए में 1 वर्ष के लिए उक्त व्यक्ति को प्रदान किया गया ।उक्त जमीन पर इनके



द्वारा कृषि कार्य कर अनाज का उत्पादन किया गया लेकिन नीलामी की राशि लगभग 98300 का भुगतान आज पर्यंत इनके द्वारा नहीं किया गया है इस तरह से उक्त पार्षद ने राम मंदिर ट्रस्ट को प्राप्त होने वाले राशि को जमा ना कर मंदिर समिति को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है ।यह ऐसे लोग हैं जो दूसरों पर तथ्यहीन झूठा आरोप लगाते हैं भगवान राम के नाम से राजनीति करते हैं पर स्वयं भगवान राम के नाम की जमीन का पैसा हड़पने से बाज नहीं आते। भगवान राम मंदिर ट्रस्ट की जमीन का उपयोग कर धन अर्जन करने के पश्चात निर्धारित राशि का भुगतान को ना कर ,क्या यह भगवान राम तथा सनातन धर्मियों के आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर रहे हैं ? जो भाजपा के लोग इनके द्वारा लगाए गए आधारहीन आरोप मे साथ खड़े दिख रहे थे क्या अब वे जिम्मेदार लोग ऐसे लोग को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की हिम्मत कर पाएंगे ? जिस समय की यह घटना है उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी आखिर इनको किसका संरक्षण संरक्षण प्राप्त था जल्द ही कांग्रेस पार्टी जिला प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की जांच कर कार्यवाही की मांग करेगी।

# जोगीमठ धाम मे चला स्वच्छता अभियान



**गुण्डरदेही**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संकल्प की पूर्ति हेतु सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को कलंगपुर के जोगीमठ धाम चारभांठा में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी मंडल महामंत्री सौरभ चोपड़ा भाजयुमो अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा स्वच्छ भारत अभियान के जिला सह संयोजक चेतन साहू लेखराम साहू नेमचंद साहू ईश्वर यदु मोपेन्द्र साहू शंकर ठाकुर तुलसी साहू पोषण साहू भेष कुमार साहू आदि कार्यकर्ता शामिल थे ।

# अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर सिंगारघाट के नवयुवकों ने बुजुर्गों के सम्मान का लिया संकल्प



■ बोझ नहीं हैं आशीर्वादक हैं बुजुर्ग: एडीजे कश्यप

**खैरागढ़**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार 1अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर सिंगारघाट में शिविर का आयोजन किया गया जहां कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चन किया गया तत्पश्चात उपस्थित बुजुर्गों का न्यायाधीशगण एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप, सीजेएम विवेक गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट गुरु प्रसाद देवांगन द्वारा गुलाल लगाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि मानवीय शरीर की क्षीण काया भी परिवार की मजबूत नींव के रूप में स्थान रखती है। जिस प्रकार एक पुरानी एवं मजबूत नींव मकान की विशालता का सबूत देती है। ठीक उसी तरह परिवार के वृद्धजन उस परिवार की संगठन शक्ति का उदाहरण होते है। जिन परिवारों में वृद्धों का आशीर्वाद बना रहता है, उन परिवारों की संपन्नता और सुख शांति अनुशासन की कहानी कहती दिखाई पड़ती है। परिवार के बुजुर्गों को बोझ मानने वाले अपने जीवन कर रसास्वादन सही रूप में नहीं कर पाते है। बुजुर्गों का अनुभव और उनकी संघर्ष यात्रा ही वह ताकत है, जिसके बल पर एक परिवार बुलंदी पर पहुंच सकता है। फिर वह परिवार रतन टाटा का हो या बिड़ला का, परिवार का मुखिया ही वह मार्ग दिखाता रहता है, जहां ऐश्वर्य के साथ आनंद की प्राप्ति होती रही है। वृद्धावस्था के प्रति उपेक्षा, अवमानना एवं घृणा का भाव पाश्विक सभ्यता का ही परिचायक हो सकता है। यह बात हमेशा ध्यान में रखनी होगी कि परिवार के वृद्धजन अनदेखी की श्रेणी में नहीं आते है। बल्कि वे अनुभव की भट्ठी में तपकर सही मार्ग दिखाने वाले सच्चे और प्रेयक वर्ग से संबंध रखते है। वे व्यापक व्यवहारिक प्रशिक्षण के बल पर परिवार के सबसे ज्यादा हितकर सदस्य होते है। उन्होंने युवा पीढ़ी से बुजुर्गों को सम्मान करने का आह्वान किया जिससे प्रेरित होकर नवयुवकों ने बुजुर्गों के सम्मान का लिया संकल्प

इसके तहत उन्होंने वृद्धावस्था पेन्शन, नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा, वाहन किराए में छूट, माता-पिता के भरण पोषण अधिनियम, आयकर में छूट, विधवा पेन्शन, बैंककारी सुविधाओं, रेल किराया आदि विषयों एवं योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया गया। उनके अधिकारों का हनन नही हो, एवं वह अपना जीवन सम्मानपूर्वक व्यतीत कर सकें श्री कश्यप ने आगे मोटर यान अधिनियम, साइबर अपराध, पोक्सो एक्ट, आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। सीजेएम विवेक गर्ग ने इस विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से ग्राम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों एवं राज्य सरकार द्वारा उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

आगे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुरु प्रसाद देवांगन ने धारा 125 भरण पोषण अधिनियम के संबंध में विस्तार से चर्चा किया।

कार्यक्रम का संचालन पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू द्वारा किया गया इस अवसर पर ग्राम सरपंच मनीषा साहू, सरपंच प्रतिनिधि बैतल साहू, सचिव भागबली वर्मा, मनोहर, खुमान, परमेश्वर साहू, सहित अन्य बुजुर्गगण उपस्थित रहे।

# कोटरा के 35 भाजपाइयों ने थामा कांग्रेस का दामन



■ भूपेश सरकार से खुश है किसान, मजदूर

**खैरागढ़**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा के ग्राम कोटरा में श्री राम भक्त दुर्गा गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में जगराता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में क्षेत्रीय विधायक यशोदा वर्मा उपस्थित रही। यशोदा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम कोटरा में लगातार धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने से छत्तीसगढ की संस्कृति व धार्मिक कार्यक्रमो से लोग लगातार जुड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की परंपरा एवं धार्मिक त्योहारों को मनाने के लोग एकजुट हो रहे है।

छत्तीसगढ सरकार की योजनाओ से प्रभावित होकर भाजपा के युवाओं ने खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा के समक्ष कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण किया है विधायक ने युवाओं को कांग्रेसी गमछा भेटकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार हमेशा युवाओं किसान, मजदूर वर्ग के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके विपरीत केंद्र की मोदी सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है मोदी की सरकार केंद्र में आने से पहले युवाओं को 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया गया था मगर सरकार में आने के बाद उसके विपरीत युवाओं से रोजगार छीनने का काम केंद्र में बैठी मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है युवाओं ने कहा कि खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा जब से विधायक बनी है तब से विकास कार्य व जनसंपर्क कर रहे हैं सरल सरल स्वभाव होने की वजह से उनसे जुड़ना उनसे हमारे समस्याओं की बात करना आसान है जिसके वजह से हम उनसे प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं। युवाओं ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में खैरागढ़ विधानसभा में जीत का परचम लहराएंगे जिसमें उपस्थित रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य नीलांबर वर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, प्रमोद सिंह, नरेंद्र सेन, ओम प्रकाश साहू, सरपंच कामिनी एमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कोटरा के ग्रामीण उपस्थित थे।

# कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों के 110 वार्डों में चला सामूहिक स्वच्छता अभियान

■ कलेक्टर, एसपी, नपा अध्यक्ष सहित आम नागरिकों, गणमान्य नागरिकों कवर्धा के वार्डो में पहुंचकर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए

**कवर्धा**, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान और स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर आज जिले के सभी नगरी निकायों के सभी वार्डों में श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के सुधा वाटिका में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वन मंडलाधिकारी चुड़ामणि सिंह, योग आयोग के सदस्य गणेशनाथ योगी, श्रीमती गंगोत्री योगी, पार्षद मोहित महेश्वरी, सुनील साहू, एल्डरमैन दलजीत पाहुजा, कौशल कौशिक, राजकुमार तिवारी, संतोष नामदेव, श्रीमती तारिनी ठाकुर, सीएमओ नरेश वर्मा सहित नर्सिंग कॉलेज के छात्राएं, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

स्वच्छता ही सेवा अभियान और स्वच्छता श्रमदान अभियान कवर्धा नगर पालिका के अलावा स्वच्छता अभियान जिले के सभी नगर पंचायत पंडरिया, पाण्डातराई, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पिपरिया, इंदौरी के वार्डों में सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक चौराहा, गलियां, तालाब, धार्मिक स्थलों और कार्यालय की भी सफाई की गई। इसी तरह सभी जनपद पंचायतों के एक-एक ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया।

विदित है कि मुख्यमंत्री ने 01 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की थी



और राष्टपिता महात्मा गांधी जयंती 02 अक्टूबर के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रयास करने का आव्हान किया था। छत्तीसगढ़ राज्य को लगातार स्वच्छतम राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिससे स्वच्छता का छत्तीसगढ़ मॉडल सफल हो रहा है। हर नगरीय निकाय ने स्वच्छता अभियान के लिए हर वार्ड में स्थलों का चयन किया था।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि 02 अक्टूबर महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस पर राज्य शासन के निर्देश पर कबीरधाम जिले के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में आज शहर के सार्वजनिक उद्यान में यह अभियान चलाकर विशेष साफ-सफाई की गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को हमेश सजग रहना चाहिए। जिले के हर नागरिक, हर परिवार को भी अपने घर के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर समय-समय पर श्रमदान करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण एंव संवर्धन के लिए समाज को भी आगे आने की जरूरत है। हमे प्लास्टिक, पॉलिथिन की उपयोगिता नहीं करना चाहिए। इसके जगह हमे कपड़े और जूट से बने थैला का उपयोग करना चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने कहा कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के आवह्न पर स्वच्छता ही सेवा अभियान आज कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के काली गार्डन में चलाया गया। कवर्धा नगर पालिका को स्वच्छ बनाने के लिए शहर के वार्ड 01 से लेकर 27 वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन, बुजुर्ग, जनप्रतिनिधियों, मडिया साथी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई है।

कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के इन वार्डो में चला स्वच्छता ही सेवा अभियान- कवर्धा नगर पालिका के सीएमओ श्री नरेश वर्मा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कवर्धा नगर पालिका परिषद के वार्ड 1 राम नगर, वार्ड 2 मॉ कर्मा वार्ड, 3 कैलाश नगर, 4 संत रविदास नगर, 5 दीनदयाल वार्ड, 6 महामाया वार्ड, 7 डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड, 8 शंकर नगर, 9 सतबहिनिया वार्ड, 10 मठ वार्ड, 11 बुढ़ा महादेव वार्ड, 12 रामजानकी वार्ड, 13 महबुब शाह दातार वार्ड, 14 शक्ति वार्ड, 15 मारूति वार्ड, 16 मॉ दन्तेश्वरी वार्ड, मिनीमाता वार्ड, 18 गुरूघासी दास वार्ड, 19 मॉ शीतला वार्ड, 20 राधा कृष्ण वार्ड, 21 बहादुर गंज वार्ड, 22 महाराणा प्रताप वार्ड, 23 गुरूगोविन्द सिंह वार्ड, 24 मॉ काली वार्ड कवर्धा, 25 ठाकुर देव चौक, 26 गुरू गोविन्द सिंह वार्ड और वार्ड 27 मॉ विंध्यावासिनी वार्ड कवर्धा में अभियान चलाया गया।

# नवनिर्मित खाद्य गोदाम सह कार्यालय का नवाज ने किया लोकार्पण

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने रविवार को खैरागढ़ जिले अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपुर साल्हेवारा में नव निर्मित खाद्य गोदाम सह कार्यालय का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जिला पटेल समाज की महत्वपूर्ण बैठक में भी शामिल हुए। ज्ञात हो बीते दिनों नवाज के प्रयासों से ही जिले के पटेल समाज को सीएम के हाथों एक एकड़ भूमि और 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायत सामाजिक भवन के लिए मिली थी।

अपने दौरे कार्यक्रम के तहत रविवार को खैरागढ़ विधानसभा के वनांचल ग्राम रामपुर साल्हेवारा पहुंचे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने नव निर्मित खाद्य गोदाम सह कार्यालय के लोकार्पण के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन पर जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव लगातार विकास के नए आयाम हासिल कर रहा है। इसी कड़ी में 25 लाख 56 हजार की लागत से इस खाद्य गोदाम का सह कार्यालय भी शामि है। इस कार्यक्रम मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पटेल समाज अध्यक्ष हंस लाल मुन्ना पटेल, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार जंगल, सुरेश पटेल, सुकृत पटेल, दिनेश पटेल, जिला महिला पटेल अध्यक्ष भागीरथी पांचे, उपाध्यक्ष शकुन पटेल, दिनेश पटेल, रामजी मात्रे, चंद्रभूषण यदु, सुरेंद्र जायसवाल, शेर सिंह मरावी, तौहीद खान, पटेल समाज के वनांचल प्रमुख चमरा लाल पटेल, राजेश मरावी, सरपंच महेंद्र यादव एवं पटेल मरार समाज के हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।



पटेल समाज की बैठक में हुए शामिल

### समाज में दिखा उत्साह

लोकार्पण के कार्यक्रम के बाद बैंक अध्यक्ष नवाज खान खैरागढ़-गंडाई-छुईखदान जिला पटेल समाज की महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान ही नवाज ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार लगातार हर समाज को बढ़ाने का काम कर रही है। इसी के तहत सीएम भूपेश बघेल के द्वारा गंडई में 1 एकड़ जमीन 50 लाख रुपए पटेल समाज को भवन बनाने दिया गया था। उन्होंने कहा कि आगे भी समाज की प्रगति के लिए हर संभव मदद प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी।

# गांधी जयंती के पहले प्रदेशभर में स्वच्छता श्रमदान अभियान

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता दिवस के तहत ज़िला पशु चिकित्सालय राजनांदगाँव प्रभारी डॉ रजनीश अग्रवाल एवं स्टाफ़ द्वारा स्वच्छता अभियान की कड़ी में पशु चिकित्सालय एवं परिसर की साफ़ सफ़ाई की गई।




डॉ रजनीश अग्रवाल ने बताया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी स्वच्छता को सेवा मानते थे उनकी जयंती के पावन अवसर पे उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए ज़िला पशु चिकित्सालय ने भी अपने परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ़ सफ़ाई की गई।

साथ ही डॉ रजनीश अग्रवाल ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 01 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की थी।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 02 अक्टूबर के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रयास करने का आव्हान किया था।

छत्तीसगढ़ राज्य को लगातार स्वच्छतम राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिससे स्वच्छता का छत्तीसगढ़ मॉडल सफल हो रहा है।स्वच्छता के प्रति लोगों को हमेशा सजग रहना चाहिए। जिले के हर नागरिक, हर परिवार को भी अपने घर के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर समय-समय पर श्रमदान करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण एंव संवर्धन के लिए समाज को भी आज आगे आने की जरूरत है। डॉ रजनीश अग्रवाल ने कहा कि हमे प्लास्टिक, पॉलिथिन का उपयोग नहीं करना चाहिए।पॉलीथिन के सेवन से पशुओं की मृत्यु होती है।

# सड़क पर गड्ढे नहीं, गड्ढे में है सड़क

## गिर्दरी से उमरवाही मार्ग जर्जर बड़े हादसा होने का डर

**खुज्जी,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। खुज्जी गिर्दरी से उमरवाही मुख्यमार्ग जो एक तरफ से बालोद जिला को जोड़ती है तो दूसरी तरफ से मोहला मानपुर चौकी जिला के क्षेत्र से लगभग 12 किलोमीटर पर संपर्क बनाती है वही तीसरी और अपने जिले के लिए मुख्य मार्ग है, वर्षो से इस सड़क का नवनिर्माण नही हो पाया, बेस लेबल से ऊंचा सड़क होना चाहिए परंतु यहा सड़क नीचे धस गई है जिसके कारण बरसात का पानी सड़कों में जगह जगह गड्ढे बनकर नाला का स्वरूप बना लेती है और पूरे सड़क में पानी दौड़ती है जिसके इस मार्ग में आने जाने वाले राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है स्थिति ऐसी है की सड़क में गड्ढे नहीं गड्ढे में सड़क है। आय दिन जनप्रतिनिधियों का चुनावी दौरा होने के बाद भी जिला पंचायत क्षेत्र से जुड़े सभी प्रीतिनिधियो का ध्यान इस ओर अपेक्षित है इसी मुख्य मार्ग से हो रोज कई बस और मोटर साइकिल से सफर करते है परंतु किसी ने भी सड़क की परवाह नही की, बीते दिनों स्थानीय लोगो ने घेराव व आंदोलन की



बात कही थी तो इनका मुंह बंद करने के लिए पीडब्ल्यूडी के गैर जिम्मेदार अफसर लिपा पोती करके चले गए थे, इस समय बजरी डस्ट डाल कर गड्ढे पाटे जा रहे है परंतु यह विकल्प मात्र कुछ दिनों के लिए होता। अब तक पी डब्लू डी द्वारा पानी निकासी का कोई साधन नहीं बनाया है इस लिए बरसात का पानी सड़कों पर ही बहती है, सड़क इतनी सकरी है की दो चारपाई वहां को क्रासिंग मिलने में भी काफी दिक्कतों का सामाना करना पड़ता है बरसात के कारण सड़क के किनारे पर वाहन फसने का भी अच्छा खासा चांस बना रहता है। यह क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ बताया जाता है परंतु दुर्भाग्य है की जहा कांग्रेस के विधायक और सरकार दोनो ही है वहा पर सड़क के लिए स्थानीय और क्षेत्रवासी एक अच्छे सड़क के लिए लोग तरस रहे है। इस मार्ग के किसान और ग्रामीण जन। शीघ्र ही बड़े आंदोलन करने की योजना बनाई है इनकी जानकारी पहले से ही पूरे क्षेत्रवासी संबंधित विभाग को दे चुके हैं।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस भ्रम फैलाना बंद करे: खूबचंद पारख

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ दौरे पर आए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महिला आरक्षण के संबंध में दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से अब तक महिलाओं को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। 30 साल से महिला आरक्षण बिल कांग्रेस की वजह से लटका रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह कदम उठाया है और इस पर भी कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस ने राज्यसभा में जो महिला आरक्षण बिल पारित कराया था, वह किसी काम का नहीं था। मोदी जी ने संसद के दोनों सदनों में जो महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया है, वह स्वयं में संपूर्ण है। सुनिश्चित किया गया है कि देश की महिलाओं को उनका हक मिले। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महिला आरक्षण को चुनावी जुमला बता रहे हैं, वह भूल रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की लटकाने और भटकाने वाली सरकार नहीं है। यह निर्णय मोदी जी की मजबूत सरकार ने लिया है जिसने धारा 370 जैसे कानूनों को समाप्त किया है।



कांग्रेस अध्यक्ष खडगे के बयान पर जताई आपत्ति

उन्होंने कहा, भाजपा प्रारंभ से ही महिला आरक्षण की समर्थक रही है जबकि मनमोहन सरकार की सहयोगी कई पार्टियां इसका लगातार विरोध करती रही। उनके दबाव में की आड़ में कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण विधेयक को लटकती रही। अब वही विरोध करने वाली पार्टियां न केवल मोदी सरकार के प्रस्ताव को मजबूरी में समर्थ किया बल्कि अभी भी आरक्षण के नाम पर उलझने की कोशिश कर रही हैं। देश की माता बहनें सब देख रही हैं, समय आने पर अपना जवाब देंगी।

श्री पारख ने कहा कि यह बात सामान्य व्यक्ति भी जानता है कि कोई भी निर्णय एकदम से लागू नहीं किया जा सकता। एक प्रक्रिया के तहत ही देश चलता है। कांग्रेस संविधान और संवैधानिक व्यवस्थाओं में भरोसा करती ही नहीं है। उसके नेताओं और एक परिवार विशेष के लिए वह एक अलग संविधान की कल्पना करते हैं। भाजपा की सरकार संविधान के अनुसार काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने जो आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस नेताओं के पीछे सारी जांच एजेंसियों को लगा दिया है तो सवाल उन्हें कांग्रेसियों से करना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों करना पड़ा। यदि जनता का धन चुराएंगे तो ऐसा करने वाले कहां जाएंगे? उन्हें करनी का फल तो भुगतना ही पड़ेगा। जैसा किया है कांग्रेसियों को वैसा दंड कानून देगा। हम कानून पर भरोसा करते हैं, इसलिए सारे मामले पूरी पारदर्शिता के साथ कानून के हवाले किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ की जनता देख रही है कि केंद्रीय एजेंसियों के छापों में क्या क्या मिला है और जो गिरफ्तार किए गए हैं, उन्हें कई महीनों बाद भी अदालत से जमानत नसीब नहीं हुई है। इसका मतलब स्पष्ट है कि भ्रष्टाचारियों और उनके भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसा गया है। यह छत्तीसगढ़ के हित में है। छत्तीसगढ़ की जनता के हित में है।

# हाकी की राष्ट्रीय खिलाड़ी सांईका साहू महापौर हेमा देशमुख के हाथों सम्मानित



**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ राजनांदगांव के अंतर्गत तहसील साहू संघ राजनांदगांव चौखड़िया पारा स्थित साहू भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम व सम्मान समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें सदभावना यात्रा सम्मेलन के मुख्य अतिथि के द्वय रूप में टहल साहू हेमा देशमुख महापौर राजनांदगांव, क्षेत्रीय पार्षद एवं महापौर परिषद के सामान्य प्रशासन विभाग के चेयरमेन - राजेश गुप्ता चंपू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष, भागवत साहू, अंजनि साहू, मधु गजपाल, कुलेश्वर साहू नगर अध्यक्ष, उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रमुख पदाधिकारी में मोती साहू सलाहकार, संरक्षक कमल किशोर साहू, महामंत्री नीलमणी साहू कोषाध्यक्ष नोबेल साहू, अशोक साहू, उपाध्यक्ष नीरा साहू, मदन साहू महेश्वर साहू, मदन साहू, मातेखेड़ा राजेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, मिलाप साहू, माधव साहू, डॉक्टर महेश साहू, कुलेश्वर साहू, अध्यक्ष नगर साहू संघ, महेंद्र साहू, अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू, डोंगरगढ-हेमंत साहू, डोंगरगांव -नरेंद्र साहू उपाध्यक्ष महेश साहू, जमुना देवी तीजेश्वरी साहू - संयोजिका, मनोज साहू, उपाध्यक्ष -शिव कुमार साहू सचिव -दिलीप साहू पूर्व सचिव मुनेश्वरी साहू नगर संयोजिका - नूतन साहू, सह सचिव चंद्रशेखर साहू, किरण साहू गिरजा साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष गण तिलक साहू, इतवारी साहू, तूल दास, कामता साहु, रमाकांत, हेमनाथ साहू, दिनेश साहू, जिला साहू संघ मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहु सहित समस्त समाजिक पदाधिकारी की उपस्थिति में *छत्तीसगढ़ राजनांदगांव संस्कारधानी की प्रतिनिधित्व करने वाली नगर की होनहार बालिका सांईका साहू पिता अंकालू साहू को स्कूल गेम × डेवलपमेंट फांउडेशन फेडरेशन मिनिस्ट्री आफ यूथ अफयर्स × स्पोर्ट्स गारमेंट्स आफ इंडिया द्वारा एमकेसीएस दिल्ली में तीन दिवसीय आयोजित नेशनल चेम्पियनशीप दिनांक 25 से 27 अगस्त 2023 के हाकी में उत्कृष्ट, बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम स्थान एवं मेन आफ द मैच की प्राप्ति पर जिला साहू संघ एंव तहसील साहू संघ द्वारा आयोजित साहू भवन निर्माण भूमिपूजन व हाल लोकार्पण समारोह में पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के प्रथम नागरिक महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने अपने करकमलों से राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी सांईका साहू के माथे पर चंदन तिलकाभिषेक करते हुए, शाल ओढ़ाकर व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।अपने उदबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि शहर की बेटी सांईका साहू कि उक्त उपलब्धि ढेर सारी बधाइयां देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामनाएं करती हूं तथा उनके पालक को भी बधाई देते हूं कि सांईका के परिश्रम में मेहनत रही।

# गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चला कर विधि महाविद्यालय के छात्रों ने किया सफाई अभियान कर श्रमदान




**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चला कर विधि के छात्रों ने किया सफाई अभियान कर श्रमदान* भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के सचिव से प्राप्त पत्र के परिपालन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देशों के तारतम्य मे राजनांदगांव स्थित पंडित किशोरी लाल शुक्ला विधि महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर अलका चौहान के मार्गदर्शन मे महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 01 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम राजनंदगांव के जी रोड स्थित बर्फानी धाम में किया गया महाविद्यालय के समस्त छात्रों द्वारा महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर अतुल श्रीवास्तव एन एन कन्नौज चांदनी गुप्ता और महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के तहत समूचे बर्फानी आश्रम के प्रांगण को झाड़ू से सफाई किया गया तत्पश्चात उपस्थित छात्रों द्वारा बर्फानी आश्रम स्थित मंदिर का दर्शन भी बाकायदा जल से शुद्ध होकर किया गया यह बताना लाजिमी होगा कि प्रोफेसर प्राचार्य डॉक्टर अलका चौहान के कुशल मार्गदर्शन से लगातार महाविद्यालय परिसर में विविध रचनात्मक आयोजन किए जाते रहे हैं जिसमें महाविद्यालय में संगोष्ठी को लेकर जो आयोजन किया जा रहे हैं वह निश्चित रूप से विधि महाविद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा और विधि के छात्र एक अधिकृत वक्ता के रूप में समाज में अपनी उपस्थिति बेहतर अधिवक्ता के रूप में प्रस्तुत कर सकेंगे।

# नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत विधायक ने किया श्रमदान

**डोंगरगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा है इसी उद्देश्य को लेकर 1अक्टूबर को एक घंटा श्रमदान के अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र में सभी वार्डों में स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम कर स्वच्छता जनजागरूकता अभियान चलाया गया है कार्यक्रम मुख्य रूप विधायक दलेश्वर साहू और जयश्री साहू तथा नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा के साथ साथ सी एम ओ डी एस पाल और नगर पंचायत की टीम ने नगर के शिव मंदिर से लेकर विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान में अपना के पुरा योगदान दिया गया इस अभियान में नगर पंचायत कार्यालय कृषि उपज मंडी परिसर शनिचरी बाजार, सप्ताह चौक हटरी चौक पीपल चौक, बड़े तालाब, चौक कालेज रोड मेनरोड मुक्तिधाम के अलावा इत्यादि जगह की साफ सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के संबंध जागरूक कर सभी को विशेष जानकारी दिया गया स्वच्छता रैली और स्वच्छता कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अध्यक्ष, पाषर्दगण, एल्डरमेन, व युवा मितान क्लब, एरिया लेबल फेडरेशन के सदस्य, विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह सदस्य, नगर पंचायत के स्वच्छता दीदी, नगर स्वच्छता कमी ?, समस्त आफिस के कर्मचारी, गण मुख्य नगर पालिकाअधिकारी, अभियंता और एपीएम एवं पीआईयू इत्यादि उपस्थित थे।



# छत्तीसगढ़ी एमए के छात्रों ने स्थानीय साहित्यकारों से भेंट कर लिए टिप्स

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। एम.ए. छत्तीसगढ़ी प्रदेश छात्र संगठन के छात्रो का शनिवार को साहित्यिक धरा राजनांदगांव आगमन हुआ। छ0ग0एम ए के छात्रों ने यहां आकर एक संगोष्ठी के माध्यम से यहां के स्थानीय साहित्यकारों से छत्तीसगढ़ी भाषा संबंधित टिप्स लिए और गौरवान्वित महसूस की। छात्र संघ के अध्यक्ष रितु राज साहू व जिले के सक्रिय सदस्य रमेश साहू के अगुवाई में छत्तीसगढ़ी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने व भाषा बनाकर छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में शामिल करने सहित कालेज में छत्तीसगढ़ी के प्राध्यापक पद सृजित करने की मांग को लेकर राजनांदगांव पहुंचे छात्रों ने वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू सहित छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति-जिला इकाई के अध्यक्ष एवं छ0ग0 राज भाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 卐अमात्य卐 कवि/समालोचक महेंद्र बघेल 卐मधु卐 ओमप्रकाश साहू 卐अंकुर卐 लखन लाल साहू 卐लहर卐 आदि से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान बसंतपुर स्थित जिला साहू भवन में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया जिसमें में छात्रों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ी के वरिष्ठ साहित्यकार, आत्माराम कोशा 卐अमात्य卐ने कहा ? कि छत्तीसगढ़ की धन्य धरा के साहित्यकार प0 सुंदरलाल शर्मा, डॉ, खूबचंद बघेल, ठा0 प्यारे लाल सिंह आदि जैसे मूर्धन्य जन सन् 1952 से पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की मांग करते चले आ रहे थे। जिसका सपना 48 साल बाद एक कवि हृदय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के हाथो साकार ?हुआ ।अब हम प्रदेश में छत्तीसगढ़ी भाषा की प्रतिष्ठा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। हांलांकि इस लड़ाई ?के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा मिल चुका है। लेकिन इसे केन्द्र की आठवीं अनुसूची में शामिल करना बाकी है। इस संबंध में ऋतुराज साहु ? के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी एम0ए0छात्र संगठन के छात्रों ने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के ? लिए जो निवेदन व प्रयास किया वह निश्चय ही तारीफ के काबिल है। श्री कोशा ने इसके लिए उन्हें शाबाशी दी। इस दौरान दुर्ग से आए गीतकार गिरवर दास मानिकपुरी, महेंद्र बघेल मधु, लखन लाल लहर जनपद सदस्य योगेंद्र वैष्णव ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी मे छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रितु राज साहू ने छत्तीसगढ़ी जुडाव यात्रा के उद्देश्य के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में साकेत साहित्य परिषद -सुरगी, शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के कवि/ साहित्यकारों सहित लोक सांस्कृतिक संस्था ? धरती के सिंगार भोथीपारकला के संचालक महेश्वर प्रसाद साहू पुरवाही साहित्य समिति के संयोजक ओमप्रकाश साहू 卐अंकुर卐 पवन यादव 卐पहुना卐 आंनद राम सार्वा डोहर दास साहू आदि की उपस्थिति रही।जिनके द्वारा विभिन्न रसोद्रेक से पूरित कविताओं का पाठ किया गया। राजधानी रायपुर से छत्तीसगढ़ी संदेशा जुड़ाव अभियान कार्यक्रम के दौरान सिंघोला की मां भानेश्वरी का दर्शन कर राजनांदगांव पहुंचे छात्र संगठन के रमेश साहू, दुर्गा साहू, जितेन्द्र वर्मा, अजय पटेल, योगेंद्र, सुग्रीव साहू, तारकेश्वर साहू, संजीव साहू, गगन सिंह गुरू, विनय बघेल, जिनेन्द्र यादव, खिलेन्द्र यादव, भागचंद सिन्हा, राज निषाद सहित 40 से अधिक छात्र छात्राओं ने शहर के दिग्विजय कालेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों का भ्रमण किया और गर्वोन्नत महसूस करते हुए साहित्यिक मनीषी पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानन माधव 卐मुक्तिबोध卐 बल्देव प्रसाद मिश्र, कुंजबिहारी चौबे, नंदूलाल चोटिया की धरती को प्रणाम किया। वे सभी यहां से मां बम्लेश्वरी के दर्शन ? करने धर्म नगरी डोंगरगढ़ के लिए प्रस्थान किए।कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश साहू अंकुर व उपस्थितों का आभार प्रदर्शन संजीव साहू एम.ए.छत्तीसगढ़ी छात्र ने किया।



रायपुर से साहित्यिक धरा राजनांदगांव पहुंचे एमए के छात्र

# प्रथम हॉकी इंडिया सब जूनियर बालक/बालिका वेस्ट ज़ोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का दायित्व छत्तीसगढ़ हॉकी को

**राजनांदगांव,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी 9 से 16 अक्टूबर तक राजनांदगांव में वेस्ट जोन सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका एवं बालक हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त चैंपियनशिप में वेस्ट ज़ोन से 7 राज्य राजस्थान, गोवा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात, तथा दमनदीव(नागर हवेली) की टीमें भाग लेगी प्रतियोगिता उक्त राज्यो की टीमों से 300 से अधिक बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ी, निर्णायक, कोच मैनेजर, सलेक्टर आदि भाग लेंगे। हॉकी इंडिया ग्रासरूट् से हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की हॉकी प्रतियोगिता पहली बार करा रहा है। एक विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि हॉकी इंडिया और छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा विगत वर्ष2011, व 2016 में हॉकी की दो बार जूनियर बालक/ बालिका राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप राजनांदगांव में, 2016 (रायपुर) में और सबजूनियर राष्ट्रीय बालक हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 2019 (रायपुर और बिलासपुर) तथा हाल ही में विगत माह 16 से 26 मार्च 2023 को वेस्ट ज़ोन जूनियर बालक/बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजनांदगांव में कराने के बाद, अब हॉकी इंडिया और छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा एक बार फिर हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले शहर राजनांदगांव में आगामी 09 से 16 अक्टूबर 2023 तक एक साथ बालक एवं बालिका दोनो वर्ग का वेस्ट जोन राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में राजस्थान, गोवा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात तथा दमनदीव (नागरहवेली)की बालक और बालिका हॉकी टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता 7 टीमों में 300 से अधिक बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ी एवं ऑफिशियल भाग लेंगे।



छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव में इस प्रतियोगिता से जुड़े सभी कार्यों की तैयारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला प्रशासन, हॉकी छत्तीसगढ़ तथा जिला हॉकी संघ द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। खिलाड़ियों के आवास व्यवस्था, भोजनस्थल, ट्रांसपोर्ट आदि से लेकर आयोजन के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं का अवलोकन कर आगे की कार्य योजना की तैयारी जोरों से की जा रही है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि हॉकी इंडिया ने ग्रास रूट से हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए इस वर्ष से पहली बार सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप को चार जोन में विभाजित किया है चारों जोन में पड़ने वाले राज्यों का आपस में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे टीमों से बेस्ट खिलाड़ियों को चयनित कर एक टीम बनाई जाएगी।यह चयनित टीम इंटर जोन प्रतियोगिता में भाग लेगी। इंटर जोन प्रतियोगिता में सभी जॉन से 1=1 टीम के अलावे साई से 02 टीम तथा देश के विभिन्न हॉकी अकादमी से चयनित 02टीम सहित देश के कुल आठ टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता से भविष्य की भारतिय जूनियर हॉकी टीम के लिए खिलाड़ी चयनित किये जायेंगे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला हॉकी संघ के कार्यकरिणी सदस्यों की बैठक अंतरास्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर सम्प्पन की गई जिसमें टूर्नामेंट से संबंधित कार्यो के बारे मे जानकारी दी गई छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि टूर्नामेंट में लगभग 26 लाख रुपये का अनुमानित व्यय होगा तथा बहुत जल्द ही स्टेडियम में ब्राडकास्टिंग के काम के लिए ओडिसा की टीम राजनांदगांव आएगी। जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष एवँ आयोजन सचिव भूषण साव ने हॉकी नर्सरी के सभी खेल प्रेमियों से आयोजन को सफल बनाने हेतु सहयोग करने की अपील की है। आज आयोजित बैठक में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अजय झा, ज्ञानचंद जैन, गणेश प्रशाद शर्मा, रणविजय प्रताप सिंग, अशोक मेहरा, प्रकाश शर्मा, नीलमचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, छत्तीसगढ़ हॉकी के कोषाध्यक्ष सुश्री आशा थामस, अब्दुल कादिर, महेंद्र सिंह, गुणवंत पटेल, मोहम्मद जावेद, साई के कोच अमित माथुर, शकील अहमद (खेलो इंडिया कोच) दीपक यादव, अभिनव मिश्रा, राजेश निर्मलकर, खुशाल यादव, हारून खान, तौफीक अहमद, कृष्णा यादव, आदि उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

टीचर-संजू एक स्टोरी सुनाओ!
संजू -मैने उसको फोन किया वो सो रही थी!
फिर उसने मुझे फोन किया मैं सो रहा था!
मॉरल- जैसी करनी वैसी भरनी!!

संपादकीय

## विसर्जन के बाद सफाई भी ज़रूरी

देश भर के विभिन्न शहरों, कस्बों एवं गांवों में 10 दिनों तक विराजमान रहने के बाद जन-जन के आराध्य और लोकप्रिय गणेश महाराज को कुछ आगे-पीछे शनिवार-रविवार तक विसर्जित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में भी गणपति प्रतिमाओं को जगह-जगह स्थापित किया गया था। शायद ही कोई ऐसा चौक-चौराहा या मैदान रहा होगा जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक गणेशोत्सव के आयोजन न किये हों। इसके अलावा घरों में बैठाये जाने वाली मूर्तियों की संख्या तो अनगिनत होती है। हर साल का यही नज़ारा होता है। धार्मिक त्यौहार भारतीय लोकजीवन का अभिन्न हिस्सा हैं जिससे सभी लोगों के बीच उत्साह का संचार होता है। यह सामाजिक मेलमिलाप का भी अवसर होता है इसलिये इस पर्व में लाखों लोगों का जुड़ाव होता है।

सैकड़ों जगहों पर उनके पूजन-अर्चन के बाद राज्य भर की नदियों-तालाबों में उनका विसर्जन किया जाता है। प्रतिमाओं का निर्माण अनेक तरह के रसायनिक पदार्थों, प्लास्टिक, कागज आदि से होता है। मूल ढांचा बेशक मिट्टी का होता है लेकिन उन पर लगने वाले अनेक तरह के रंग विभिन्न रसायनों से बने हुए घोल होते हैं। ज्यादातर मूर्तियां सार्वजनिक इस्तेमाल के जल भंडारों में विसर्जित होती हैं। इसके कारण क्या नुकसान होते हैं, इसके बारे में अनेक बार लोगों को आगाह किया जाता है। पर्यावरण वैज्ञानिक भी बार-बार कहते रहे हैं कि पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से प्रतिमाएं बनाई जानी चाहिये। पानी व मिट्टी को होने वाले नुकसान से तो सभी वाकिफ़ हैं लेकिन फिलहाल प्रशासन या लोगों के पास इसका कोई विकल्प नहीं है। कुछ लोग पूरी तरह से मिट्टी के बने गणेश बैठा रहे हैं जिनका कोई नुकसान नहीं होता। कहीं-कहीं घरों में ही कृत्रिम कुंड बनाकर या फिर बाल्टियों आदि में गणेश जी का विसर्जन करने की प्रशंसनीय पहल की जा रही है लेकिन ऐसे लोगों की तादाद बहुत कम है। लोग सार्वजनिक औत्सविकता का आनंद लेने के लिये रंग-बिरंगी मूर्तियां स्थापित करते हैं। उनका विसर्जन भी जहां समुद्र हैं वहां उनमें या नदी-तालाबों में विसर्जन किया जाता है।

हर साल मूर्तियों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके कारण विसर्जन द्वारा पानी में अधिक प्रदूषण होता जा रहा है। पानी के दूषित होने के अलावा इसके दुष्परिणाम जल के भीतर रहने वाले जीव-जंतुओं और उस पानी का उपयोग करने वालों पर भी होता है। मवेशी भी वही जल पीते हैं। साथ ही, नदी, तालाबों के किनारे उगने वाली वनस्पतियों पर भी प्रतिकूल असर होता है। इसे देखते हुए लोगों को पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। कोशिश यह भी हो कि जिन सामग्रियों से जल व मिट्टी पर असर होता हो, उन्हें पहले ही निकालकर रख लिया जाये। विसर्जन के बाद नदी, तालाबों की सफाई भी होनी चाहिये।

## तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत



### 15 सदस्यीय दल ने सम्मेद शिखर में मनाया दस दिवसीय पर्युषण पर्व और पुण्य लाभ लिया साधना शिविर में

**नवापारा राजिम,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर की दिगंबर जैन समाज द्वारा गत 19 सितंबर से 28 सितंबर तक संयम पूर्वक धर्म आराधना करते हुए पर्वधिराज पर्युषण पर्व सानंद संपन्न हुआ। अनंत चतुर्दशी को सभी जीवों से क्षमा मांगते हुए संवतसरी मनाया। रविवार को श्री जी की भव्य शोभायात्रा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुन: वर्णी भवन पहुंची। जहां श्री जी की अभिषेक और शांतिधारा संपन्न हुई।

### तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत

नगर का 15 सदस्यीय दल पर्युषण पर्व की आराधना करने तीर्थराज सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी स्थित गुणायतन में आचार्य विद्यासागर जी के सुशिष्य मुनि प्रमाण सागर जी की सानिध्य में होने वाले श्रावक साधना शिविर पहुंचे। जहां सभी ने दशों धर्म की आराधना संपन्न की। पश्चात रविवार को सभी तीर्थयात्री नगर पहुंचे। जहां पूरी समाज के सभी वर्गों ने उत्साह से सभी का स्वागत किया। जैन भवन से बैंड बाजा के साथ वर्णी भवन पहुंचे जहां सभी का समाज की ओर से सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के सभी वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

### ये रहे तीर्थयात्री

चंदाबाई जैन, शशि देवी जैन, ममता चौधरी, शकुन चौधरी, सुरेखा पहाड़िया, कामिनी चौधरी, कुसुम चौधरी, अरुणा चौधरी, मधु जैन, गजरा जैन, सुषमा जैन, सुधा सिंघई, अरुणा जैन, अनीता जैन, प्रमोद जैन।

## आज कांग्रेस का भरोसे की यात्रा निकलेगी जिले के सभी विधानसभाओं में



### जिला कांग्रेस में बैठक कर लिया गया निर्णय

**बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेश पर जिले के सभी विधानसभाओं में भूपेश सरकार के शानदार 5 साल की जनहितकारी कार्यो व योजनाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा भरोसा यात्रा आज 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर निकाली जाएगी जो विधानसभा बलौदाबाजार, भाटापारा व कसडोल के अलग-अलग जगहों से लगभग 30 से 35 किलोमीटर की यात्रा होगी। इस सम्बंध में विगत दिनों जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में वरिष्ठ काँग्रेसजनों व पदाधिकारियों की बैठक कर यात्रा की सफ्लता के लिये महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने बताया कि भरोसा यात्रा के माध्यम से कांग्रेस की भरोसे की सरकार की 5 सालों की उपलब्धि को जन जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम होगा। जिसमें सफ्लता पूर्ण भरोसे की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की जानकारी और आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी सरकार को पुन: लाने के लिए कांग्रेस की तैयारी को लेकर भरोसे की इस यात्रा का शुभारंभ प्रत्येक विधानसभा के अलग-अलग स्थानों से प्रारंभ होगा। जिसमे बलौदाबाजार के सोमनाथ मंदिर से प्रारंभ होगा। भाटापारा विधानसभा की यात्रा सिंगारपुर से प्रारंभ होगा। कसडोल विधानसभा की यात्रा पलारी से प्रारंभ होगा और सभी यात्राओं में निर्धारित रुट चार्ट के अनुसार गाँवों में नुक्कड़ सभा की जाएगी। जहां प्रमुख वक्ताओं का संक्षिप्त उद्बोधन होगा जिसमें कांग्रेस पार्टी के द्वारा किए गए पिछले वादों और मजबूत इरादों की सफ्लता की जानकारी देंगे। वहीं जन सामान्य के बीच पहुंचकर प्रदेश में अबकी बार 75 पार के संकल्प के साथ चुनावी समर में उतरे प्रत्याशी को जितवाने की अपील करेंगे और जन आशीर्वाद से पुन: लोगों का भरोसे पर खरे उतरेंगे कांग्रेस पार्टी द्वारा पुन: यह भरोसा दिलाया जाएगा।

इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने जिले के सभी काँग्रेसजनों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में शामिल होने की अपील की है।

## परिवहन सेवा केन्द्र का नवीनीकरण नहीं होने से लोगों को हो रही है परेशानियां

**बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ शासन द्वारा परिवहन सेवा केन्द्र का नवीनीकरण नही किये जाने के कारण जिले के संबंधित नागरिकों को अनेक असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आबंटित परिवहन सेवा केन्द्र बलौदाबाजार, भाठापारा, बिलाईगढ, पलारी के सभी परिवहन सेवा केन्द्र को रिनीवल नही किये जाने से बंद है। जिसकी वजह से क्षेत्र के संबंधित आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसके पूर्व उक्त स्थानों के परिवहन सेवा केन्द्र संचालन होने से लोगों को जो सुविधाएं मिलती थी वह अब नवीनीकरण नही होने के कारण नही मिल पा रही है। आम नागरिकों ने उक्त परिवहन सेवा केन्द्रों का नवीनीकरण किये जाने की मांग छत्तीसगढ शासन परिवहन विभाग से की है।

## मछुआ महासंघ बलौदाबाजार जिला का चुनाव संपन्न

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति रायपुर पंजीयन क्रमांक 2577 के विस्तार के तहत आज बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष का चुनाव केंवट समाज सामुदायिक भवन कसडोल में संपन्न हुआ। जिसमें बलौदाबाजार जिला से उपस्थित सभी सदस्यों ने उपस्थित कसडोल विकासखंड के ग्राम खपरीडीह निवासी अर्जुन कैवर्त को सर्व सम्मति से मछुआ महासंघ बलौदाबाजार जिले का जिलाध्यक्ष चुना गया। उक्त चुनाव हेतु केंवट कर्मचारी उत्थान समिति के अध्यक्ष बसंत कैवर्त एवं केंवट समाज कसडोल परिक्षेत्र के सचिव धर्मेन्द्र जलतारे को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए थे। जिनके दिशा निर्देश में चुनाव संपन्न हुआ।



### अर्जुन कैवर्त चुने गए सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष

इस अवसर पर केंवट (निषाद) समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कैवर्त, मन्नू निषाद भाटापारा, दुलास फेकर, हेमलाल, रूपराय सहसराम, भुनेश्वर निषाद, रामजी निषाद, अर्जुन निषाद, बाबूलाल कैवर्त, कुलेश्वर निषाद, पुरुषोत्तम कैवर्त, मनीराम कैवर्त, दीपचरण कैवर्त, गौकरण, खम्हन, मनहरण, रामलाल, दिलीप, खीखराम, तेरस, फिरत राम, उदयराम, चिंता, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 40 वर्षीय व्यक्ति ने लाज में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मामाभांचा निवासी रितेश जैन पिता त्रिलोकचंद जैन शनिवार 30 सितंबर को रायपुर से महासमुंद पहुंचा। मृतक रायपुर के मोवा कृष्णा अपाटमेंट मेडिकल में काम करता है जहां से मोटर साइकिल से महासमुंद आया था। मोटर साइकिल खराब हो जाने के कारण रात्रि में रायपुर रोड स्थित एक लाज में ठहर गया। रविवार की सुबह उठकर उसने अपनी मोटर साइकिल टीक करवाई और पुन: कमरे में चला गया। इसी बीच मामाभांचा से उसके परिजन फोन करते रहे। फोन रिसिव नही होने पर लाज संचालकों से संपर्क किया तो वे जाकर देखे तो रितेश पंखे के हुक में फंदा बनाकर झूलता पाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## नगरीय निकायों में चला सामूहिक स्वच्छता अभियान

**बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान और स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर आज जिले के सभी नगरी निकायों के सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। इसी के तहत नागरिक सेवा समिति बलौदाबाजार के सदस्यों के द्वारा 1 अक्टूबर को प्रात: 6:30 बजे नगर के नया बस स्टैंड के पास महामाया मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रगान के बाद स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई की गई। जिसे नगर के लोगों ने काफी प्रसंशा की। समिति का यह प्रयास प्रति रविवार जारी रहेगा। समिति के अध्यक्ष श्याम शुक्ला के नेतृत्व में सफाई अभियान पूरे 1 घंटे तक चला। इस सफाई अभियान को सफ्ल बनाने में रामनाथ वर्मा, शिवकुमार वर्मा, पुनीत राम वर्मा, तारण सिंह ठाकुर, राजनारायन केशरवावानी, कोमल वर्मा, शिवशंकर अग्रवाल, राजेश्वर सेन, राजेंद्र जायसवाल, माखन वर्मा, दिलीप कनौजे, देवेंद्र कश्यप, रोहित वर्मा, वेदराम वर्मा, चंद्रराम अजगले, परमेश्वर यदु, सोनचंद वर्मा, भूपेंद्र वर्मा आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



- नागरिक सेवा समिति, जनप्रतिनिधि ने ली सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा
- सर्वाजनिक स्थलों, चौक-चौराहे की हुई सफाई

वहीं इस अभियान के तहत नगर में सफाई कर्मी के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगरी निकायों के वार्डों में सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक चौराहा, गलियां, तालाब, धार्मिक स्थलों और कार्यालय की भी सफाई की गई। इसी तरह सभी जनपद पंचायतों के एक एक ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की थी और गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अनाचार के आरोपी को 20 साल की सजा

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाबालिग को बहलाफुसलाकर भगाकर ले जाने और अनाचार के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विशेष न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक ने पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम तोरला निवासी 23 वर्षीय डेविड गजेंद्र उर्फ बबलू पिता एवेंद्र गजेंद्र को पाक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए से दंडित किया है। इसी तरह धारा 363 के तहत पांच वर्ष व एक हजार रुपए अर्थदंड तथा 366 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास व दो हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर क्रमश: 6 माह, 1 माह, 2 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। जानबूझकर सदोष छिपाने के आरोप में आरोपी के पिता एवेंद्र गजेंद्र को धारा 368 के तहत पांच वर्ष के सश्रम कारावास और दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर अलग-अलग सजा भुगतनी होगी। शेष सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार 10 फरवरी 2022 को पटेवा थाना में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नतनीन स्कूल से शाम 5 बजे लौटी और अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी करीब रात्रि साढ़े 7 बजे खाना खाने बुलाने कमरे में गए तो वह कमरे में नही थी। आसपास पता करने पर कोई जानकारी नही मिली। इस पर गुम इंसान कायम कर जांच किया गया। 24 फरवरी 22 को अभियोक्त्री के बरामदगी होने पर उसने पुलिस को बताया कि डेविड गजेंद्र शादी का प्रलोभन देकर बहलाफुसलाकर अपने पिता के घर ग्राम बोकरामुंडा ले गया जहां दो दिनों तक रही उसके बाद बागबाहरा ले आया। इस दौरान उनके साथ अनाचार किया। पुलिस ने विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था जहां आरोप दोष सिद्ध होने पर पिता-पुत्र को सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने की।

## शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, 20 साल की सजा

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शादी का प्रलोभन देकर बहलाफुसलाकर ले जाने और नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा विशेष न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक ने अभियुक्त 19 वर्षीय जंघोरा निवासी महेश निषाद पिता रघुनाथ को सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह भादस की धारा 363 के तहत पांच वर्ष और भादस की धारा 366 के तहत 7 बर्ष के सश्रम कारावास व एक व दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर क्रमश: 6,1 व 2 माह की सजा पृथक से भुगतनी होगी। शेष सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार पिथौरा थाना क्षेत्र में 15 जनवरी 2023 को प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री दुकान से सामान लाने जा रही हूं कह कर निकली जो वापस नही लौटी। आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश करने पर कोई जानकारी नही मिली। प्राथी की शिकायत पर 363 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। 19 फरवरी 23 को अभियोक्त्री की बरामदगी होने पर उसने पुलिस को बताया कि महेश निषाद से जान पहचान होने मोबाइल से बातचीत करती थी। एक दिन घर में मिलने आया और जबरदस्ती शारीनिक संबंध बनाया। 15 जनवरी को शादी का प्रलोभन देकर गोरखपुर के ईट भट्ठी ले गया और उसे पत्नी बताकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोंजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने पैरवी की।

## अर्जुनी में जनसमूह द्वारा साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत अर्जुनी के बाजार चौक, रंगमंच, बाजार परिसर में एक अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के तहत लगभग 100 महिलाओं द्वारा साफसफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर आसपास के ग्राम के मितानिनो के द्वारा नगर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता से ही बीमारियों को दूर किया जा सकता है तथा साफसुथरा रहने का सभी लोगों को संदेश दिया है।

सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के नेतृत्व एवं निर्देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 1 अक्टूबर को एक दिन एक घंटा जिला स्तरीय स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन सीईओ जिला पंचायत बलौदाबाजार तथा जिला, जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणों सह युवाओं के उपस्थिति में किया गया है। शासन द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में यह कार्यक्रम समस्त शासकीय अशासकीय विभागों द्वारा जिला, जनपद, ग्राम पंचायत व ग्राम सभी स्तरों पर एक साथ एक ही समय 10 से 11बजे पर तय किए गए स्थल इवेंट अनुसार किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों व शासकीय, अशासकीय अमलों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें समूह की दीदी, एनएसएस, स्काउट, एनसीसी व स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम अंतर्गत हाट बाजार व प्रमुख स्थलों के आस-पास स्वच्छता श्रमदान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, हांथ धुलाई कार्यक्रम, स्वच्छता संवाद कार्यक्रम, तालाब के आस पास की स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम, घरों व दुकानों में डोर टू डोर संपर्क कर स्वच्छता >> शेष पृष्ठ 9 पर >



## पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तार के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम परसदा ब में एक करोड़ की लागत से पानी टंकी निर्माण के साथ ही पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्रामीणों की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पानी टंकी निर्माण और पाइपलाइन विस्तारीकरण के बाद घरों में पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। ग्राम पंचायत परसदा ब में पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, गौरव चंद्राकर मौजूद रहे। सर्वप्रथम संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पानी टंकी निर्माण और पाइपलाइन विस्तारीकरण के बाद घरों में पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर है। आने वाले दिनों में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को तेज करने और ग्रामीणों को सुविधा मुहैया करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है। क्षेत्र के विकास की दिशा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर उनका आभार जताते हुए कहा कि जो भी मांग की जा रही है उसे पूरा किया जा रहा है। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से क्षेत्र में द्रुत गति से विकास हो रहा है। शहर के साथ गांवों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समुन देवदास, सोहद्रा ध्रुव, पुन्नी विश्वकर्मा, पार्वती ध्रुव, कमला देवदास, रूखमणीए द्रोपती, पुष्पा विश्वकर्मा, बेना ध्रुव, जमुना धुव, बेनू चंद्राकर, परमिला ध्रुव, गौरी आदि उपस्थित थे।



## नशामुक्ति जागरूकता के लिए सात सूत्रीय मांगों को लेकर छग मातावाहिनी द्वारा जारी है धरना-प्रदर्शन



**महासमुंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। छग मातावाहिनी समाज जन कल्याण संघ द्वारा नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पटवारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन पांच दिनों से किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन स्थल पर बिरकोनी, झारा, अछोली, परसाडीह, लोहारडीह, डूमरपाली, खट्टा, तुसदा, खुटेरी आदि गांवों के मातावाहिनी के सदस्य धरना स्थल पर डटे हुए है। उनके द्वारा धरना स्थल पर ही भोजन बनाया जा रहा है। राशन सामग्री के साथ धरना दे रहे मातावाहिनी जनकल्याण संघ की सात सूत्रीय मांगें है जिसको लेकर उनके द्वारा धरना दिया जा रहा है। उक्त संस्था एक पंजीकृत स्वयंसेवी संगठन है जिनके द्वारा नाशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने शासन से मांग किया है कि कई वर्षो से भारतमाता वाहिनी के सदस्य नशामुक्ति का कार्य कर रहे है उसे मानदेय दिया जाए। इसी तरह 15 वर्षो से नुशिक्त सेवा देते आ रहे संयोजक शत्रुहन लाल साहू प्रशासन की भारतमाता वाहिनी सदस्य चयन समिति में सम्मिलित किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा औपचारिकता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गाँधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस का भरोसे का सम्मेलन व पदयात्रा

**सरायपाली** 1 अक्टूबर (देशबंधु)2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर परविधायक किस्मत लाल नन्द के नेतृत्व में कांग्रेस का भरोसे का सम्मेलन पदयात्रा का आयोजन सुबह 10 बजे सरायपाली पुराना मंडी प्रांगण से शुरू होकर कुटेला चौक में नुक्कड़ सभा। कुटेला चौक से तोरेसिंहा होते हुए सेमलिया से सिरपुर में नुक्कड़ सभा के साथ कार्यक्रम का समापन किया होगा विधायक नन्द ने कांग्रेस के सदस्यों समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण से शामिल होने की अपील की है

# स्थानान्तरित उपनिरीक्षक अजय सिंह को व्यापारी एवं नागरिकों ने दी भावभीनी विदाई

**गरियाबंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में पदस्थ यातायात प्रभारी (उप निरीक्षक) अजय सिंह के स्थानान्तरण पश्चात् शनिवार रात नगर के व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिको ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इसके साथ ही उनके स्वस्थ एवम उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेंद्र नायक भी उपस्थित थे।



ज्ञात हो कि हाल में पुलिस विभाग द्वारा निकाले गए तबादला सूची में उप निरीक्षक अजय सिंह का गरियाबंद से धमतरी जिला स्थानांतरण हो गया है। जिले में वे बीते 12 वर्षो से पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान उनका व्यवहार काफी मिलनसार रहा। यही कारण है कि अलग अलग पेशा वर्ग से आने वाले लोगो ने एक साथ मिलकर उन्हें विदाई दी।

इस अवसर पर उप निरीक्षक अजय सिंह ने कहा कि गरियाबंद में वे 12 साल साल पदस्थ रहे। यही उन्हें पदोन्नति भी मिली। इस दौरान उन्हें नगर के व्यापारी, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, अधिवक्ता, मीडिया सहित हर वर्ग का भरपूर सहयोग मिला। उच्च अधिकारियों के कुशल मार्ग दर्शन, सबके स्नेह और आत्मीयता के चलते उन्हें अपने दायित्व के निर्वहन में कई सफलता मिली।उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिला शांति प्रिय जिला है। आम जनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध है जिसके चलते यहां अपराधिक गतिविधियों में कमी है। लोगों का व्यवहार भी सहयोगी और पारिवारिक है। इसके कारण बीते 12 वर्षों का अनुभव काफी अच्छा और यादगार है। जिसे भूलना कभी संभव नहीं है।

इसके पहले एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और आम जनता के बीच सामंजस्य होना जरूरी है। अजय सिंह, अपने कुशल व्यवहार और विवेकशीलता से इस सामंजस्य की महत्वपूर्ण कड़ी रहे। गरियाबंद में उनके बेहतर कार्यशैली से पुलिस प्रशासन को काफी मदद मिली। उन्होंने कहा की बहुत ही बिरले अधिकारी कर्मचारी होते है जो हर वर्ग में सामंजस्य बैठा कर अपने कर्तव्यों का पालन करें, उनमें भी अजय सिंह, पुलिस विभाग के अजय योद्धा है।

कार्यक्रम में वीर सुरेन्द्र साय कालेज के प्राचार्य आर के तलवारे, वरिष्ठ चिकित्सक एवम सर्जन डॉ हरीश चौहान, वरिष्ठ पटवारी मनोज खरे, चेंबर मंत्री विनय दासवानी तथा युवा नेता पार्षद संदीप सरकार ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने अजय सिंह के कुशल व्यवहार, कार्य दक्षता, काम के प्रति निष्ठा भाव, ड्यूटी में प्रति समर्पण भावना की मार्मिक शब्दो में सराहना की। कहा कि नगर में शांति व्यवस्था और हर छोटी बड़ी समस्याओं के निराकरण में अजय सिंह ने हमेशा लोगों की मदद की। उनमें खास बात यह रही कि वे लोगों की मदद कर कभी सामने नहीं आते थे न ही कभी जिक्र करते थे। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के मंत्री विनय दासवानी, लिपिक बीएल देवांगन, विवेक टेमरे, पार्षद ऋतिक सिन्हा, इंजी अश्वनी वर्मा, आरक्षक सुशील पाठक इत्यादि उपस्थित थे।

# स्वच्छता अभियान मे वस्त्र व्यवसायियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया



**नवापारा-राजिम,** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। आज सुबह 10 बजे से वस्त्र व्नाव्यापरियों ने हाथ में झाडू, फावडा, बाल्टी लेकर नगर मे नगर पालिका से कृषि उपज मंडी तक स्वच्छता अभियान चलाया एवं इस दौरान सभी दुकानदारो को स्वच्छता पर ध्यान देने, अपने-अपने परिसर को स्वच्छ रखने, डस्टबीन का उपयोग करने समझाईस दी।इस स्वच्छता अभियान के तहत व्यापारियो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में नवापारा नगरपालिका सहित नगर के वार्डो मे भी लोगो ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। वस्त्र ऐसोसियेशन के अध्यक्ष संतोष बोथरा ने गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों को बताया और स्वच्छता शपथ दिलाई। जिसमें स्वच्छता के लिए समय निकालने, सजग रहने, लोगों को जागरुक करने और स्वच्छ भारत का निर्माण करने में अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर सन्तोष बोथरा ,ईश्वर जगवानी ,रमेश चौधरी ,सपन चौधरी ,स्वप्निल जैन सहित अनेको व्यापारियो ने भाग लिया ।

**नगर पालिका से कृषि उपज मंडी तक स्वच्छता अभियान चलाया**

# सभापति वीणा सिन्हा के साथ वार्ड 10 के निवासियों ने लिया स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा

**मगरलोड,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु) नगर पंचायत मगर लोड के वार्ड 10 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में स्वच्छता ही सेवा को लेकर वार्ड की इंदिरा आवास पारा, अस्पताल परिसर, आंगनबाड़ी परिसर, रामलीला मैदान एवं वार्ड के गली मोहल्ले में अपने वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए पार्षद सभापति वीणा सिन्हा नगर पंचायत मगरलोड के नेतृत्व में मोहल्ले के सभी नागरिकों ने सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस वार्ड को स्वच्छ बनाने में वार्ड के सबसे उम्र दराज के बुजुर्ग सियान किसुन जगत 80 वर्षीय को देखकर वार्ड 10 के सम्माननीय नागरिक बशीर खान, विष्णु यादव, हीरऊ ध्रुव, भूनु बघेल, दौलत साहू, खेम पटेल, घनश्याम मानिकपुरी पोखराज साहू गुन्नू ध्रुव स्वच्छ भारत मिशन के प्रबंधक मनोज पटेल नगर पंचायत कर्मचारी उत्तम ध्रुव, भुलाऊ, तोरण ध्रुव, वार्ड की महिलाएं देवेंद्रि साहू, झनेश दीवान, नाजमा खान, सीता कंवर, खुमेश यादव, सविता देवदास, बुगाला,नंदिनी सोनी पुष्पा ध्रुव, लक्ष्मी बघेल, सहित बड़ी संख्या में वार्ड 10 के निवासियों ने वार्ड को स्वच्छता बनाने में अमूल्य सहयोग किया स्वच्छता अभियान के बाद पार्षद वार्ड 10 सभापति श्रीमती वीणा सिन्हा ने अपने साथ सभी श्रमदान करने वालों को अपनी तरफ से स्वल्पाहार कराया सभी को स्वच्छता अभियान में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया स्वच्छता ही सेवा पर नगर पंचायत मगरलोड वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद सभापति श्रीमती वीणा सिन्हा को 1 अक्टूबर 2023 को एक घंटा श्रमदान में योगदान देने के लिए आवासन एवम् शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र भी प्रदान की गई



**80 साल के बुजुर्ग सियान से लेकर पार्षद सहित आम जनताओ ने लिया भाग**
**पार्षद वीणा सिन्हा के द्वारा श्रमदान करने वालों को कराया स्वल्पाहार**

# ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबने से नाबालिग की मौत



**गरियाबंद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु) गरियाबंद जिले के पांडुका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहसपुर में एक ट्रैक्टर ट्राली के अनियंत्रित होकर पलटने से 12 साल के नाबालिक बच्चे चंदन साहू की दबकर दर्दनाक मौत हो गई।

घटना रविवार रात 8 बजे की है। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर मिट्टी भरकर खाली करने जा रही थी, कच्ची सड़क में पहिया धसने से ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर एक साइड पलट गई। जिसमे ट्रैक्टर के सामने मुंडी में बैठा 12 साल का चंदन साहू गिर कर ट्रैक्टर और ट्राले के बीच दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके भीड़ एकजुट हो गई। सूचना के बाद पाण्डुका पुलिस मौके पर भी पहुंची। काफी मशक्कत के बाद पुलिस और ग्रामीणों ने नाबालिक का शव का बाहर निकाला।

पाण्डुका थाना प्रभारी भोलाराम ने बताया कि ट्रैक्टर मिट्टी लेकर वापस गांव आ रहा था, इसी दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में 12 वर्षीय चंदन साहू की मौत हो गई। शव को पीएम के लिए पाण्डुका स्वास्थ्य केंद्र भेजा हैं। ड्राइवर मौके से फरार है। पुलिस मार्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## गाँधी जयंती पर डोलचंद के नेतृत्व में बाइक रैली आज

**सरायपाली,**1 अक्टूबर(देशबंधु)पूर्व जिला पंचायत सदस्य कांग्रेसी नेता ग्राम कँवरपाली निवासी डोल चंद पटेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 02 अक्टूबर सोमवार को गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी रैली झिलमिला पेट्रोल पंप से प्रारंभ हो कर जय स्तंभ चौक थाना चौक बस स्टैंड तहसील कार्यालय होते हुए घटेश्वरी मंदिर से फोर लेन पदमपुर मार्ग से नई मंडी पहुँचेगी दोपहर साढेतीन बजे सभा आयोजित की गई हैं युवा नेता डोलचंद पटेल ने बताया कि सभा में युवाओं की सहभागिता अधिक होगी युवा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सरायपाली अजा सीट के लिए अपना सर्वमान्य नेता का चयन कर निर्दलीय प्रत्याशी घोषित करेगें पटेल ने कहा कि युवा नेता गाँव गरीब की परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझता है इसी वजह से युवा नेतृत्व को चुनाव में उतारना है उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी पार्टी के लिए लड़ना नहीं है क्षेत्र की जनता की भलाई के लिए लड़ना है

# नपा तिल्दा में श्रमदान का आयोजन




**तिल्दा-नेवरा,** 1 अक्टूबर। नगरपालिका परिषद तिल्दा नेवरा में स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत एक कदम स्वच्छता की ओर स्वच्छता श्रमदान का आयोजन नगरपालिका परिषद तिल्दा नेवरा द्वारा समस्त 22 वार्डो में श्रमदान दिनांक 01.10.2023 को समय 10.00 बजे से 11.00 बजे तक किया गया जिसमे अध्यक्ष महोदया श्रीमती लेमिक्षा गुरू डहरिया जी, पार्षदगण, गणमान्य नागरिकगण मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अनीश ठाकुर जी, श्री सचिन भागवत उपअभियंता, श्री विवेक दिनकर एपीएम, सफाई कर्मचारीगण, स्वच्छता दीदियों एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक अधिकारी आम जनता की पहुंच से दूर हुए-कृष्णकांत

**कुरूद,** 1 अक्टूबर (देशबंधु)। राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा सभी शासकीय कार्यालय एवं अधिकारियों को संपर्क हेतु शासकीय नंबर जारी किया गया है। ताकि वह सुगमता से दूरस्थ अंचल में निवास रत गरीबों की भी आवाज सुन सके किंतु दुर्भाग्य की बात है, धमतरी जिला के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा फोन नहीं उठाते जिस कारण कई घटनाएं घटित हो जाती है जिसे टाला जा सकता है। जिसके कारण कई सार्वजनिक संपत्तियों का नुकसान सरकार को उठाना पड़ता है। उपरोक्त बातें कुरूद विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता कृष्णकांत साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता एवं अडीयल रवैया के कारण आम आदमी का भरोसा सरकार पर से उठते जा रहा है उदाहरण के लिए कुरुद सिविल अस्पताल का बीएमओ के कारण कई आपातकाल स्थितियों में मरीजों को दूसरे शहर की ओर जाना पड़ता है जिससे उन्हें आर्थिक बोझ तो पड़ता ही है। कई बार इलाज में देरी होने से जान से भी हाथ धोने का भय बना रहता है ।बमो अक्सर शनिवार रविवार को और छुट्टी के दिनों कार्यालय से नदारत रहते है ।विधायक प्रतिनिधि ने कहा है कि कुरुद एसडीएम की लापरवाही के कारण खुले आम खनिज संपदा की चोरी हो जाती है जिसकी सूचना देने के लिए नागरिकों द्वारा की गई फोन नहीं उठाने से राज्य को आर्थिक क्षति झेलनी पड़ती है ऐसे आनेको उदाहरण देखने को मिलता है।



# लवन में सफाई अभियान मानव सेवा दल ने चलाया




**लवन,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु) ।श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से पूजनीय महात्मा विलक्षणा बाई जी की उपस्थिति में मानव सेवा दल जिला-बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत लवन में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। आसपास स्वच्छता होने से हम स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है इसलिए जरूरी है कि हमें बाहर की सफाई के साथ ही साथ अपने मन की भी सफाई की आवश्यकता है और मन की सफाई सेवा करके ही प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश साहू उप प्रान्तपाल मानव सेवा दल छत्तीसगढ़,अश्वनी कुर्रे उप मण्डल प्रमुख,बी आर कुर्रे जिला प्रधान,चन्द्रप्रकाश तुरकाने जिला प्रमुख, बद्री, अमरदास,कुमार, हृदयप्रकाश, शेखर, मूलचंद, सनत, ऋषि, कागज राम,छत राम, अजय, अनिल का सहयोग सराहनीय रहा।

## म.प्र. के तीन कवि करेंगे कुंदन काव्य पाठ

**राजिम,** 01 अक्टूबर (देशबंधु)। हिन्दी पखवाड़ा समापन अवसर पर जबलपुर म प्र के तीन अ भा हास्य कवि सम्मेलन में नगर के हास्य व्यंग्य कवि काशीपुरी कुंदन काव्य पाठ करेंगे। कुंदनजी ने बताया कि यह कवि सम्मेलन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं साहित्य कला मंच जबलपुर के तत्वावधान में अलग-अलग स्थानों पर 03 से 05 अक्टूबर तक सम्पन्न होगा। जिसमें देश के सुप्रसिद्ध कवि गण शिरकत करेंगे।



## प्रादेशिकी का शेष...

**मछुआ महासंघ बलौदाबाजार...**

जम्बू, रामायण, दयानन्द, तिजू, कृष्णा कैवर्त, रौशनी कैवर्त, राजकुमार निषाद, जीवन लाल, मनी केंवट, लीलाराम, गोपाल, लक्ष्मीनारायण, कुमार प्रसाद, इंदल, जनीराम सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने अर्जुन कैवर्त को अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

**नगरीय निकायों में चला...**

सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रयास करने का आव्हान किया था। 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शहरों में स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान का आह्वान किया गया था। विदित है कि छत्तीसगढ़ राज्य को लगातार स्वच्छतम राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिससे स्वच्छता का छत्तीसगढ़ मॉडल सफल हो रहा है। हर नगरीय निकाय ने स्वच्छता अभियान के लिए हर वार्ड में स्थलों का चयन किया था।

**अर्जुनी में जनसमूह के द्वारा...**

संवाद, स्वच्छता शपथ कार्यक्रम, मानव श्रंखला का निर्माण, स्वच्छता रैली बैनर व तख्ती सहित, स्वच्छाग्राही दीदियों का सम्मान,अन्य कार्यक्रम शासन व जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में किया गया। आज के कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**नशामुक्ति जागरूकता के लिए...**

निभाने के लिए निष्क्रिय एवं अयोग्य लोगों की टीम बनाकर प्रशासन को भेजा गया है ।इस दिशा में कार्य कर रहे वंचित हो रहे है। गांव-गांव में कार्य कर रहे संगठन के महिला एवं पुरूष सदस्यों को पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाए व फर्जी प्रकरण जिन सदस्यों के खिलाप बनाया गया है उसे वापस लेने के साथ इस तरह की कार्रवाई पर रोक लगे। संघ ने पुर्ण शराबबंदी की मांग की है।

# स्वच्छता अभियान में सभी की भागीदारी आवश्यक साथ ही स्वच्छता को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत

**सरायपाली** 01 अक्टूबर (देशबंधु)स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय (सेजेस) एवं शा आदर्श उच्च.माध्य.विद्यालय सरायपाली के स्टॉफ द्वारा संयुक्त रूप से वृहद रूप में सामुदायिक सेवा कार्य हेतु स्वच्छता ही सेवा एक तारीख- एक घंटा अंतर्गत विद्यालय परिवार,नगर पालिका परिषद् स्टॉफ, एनसीसी,स्काउट गाइड,रेडक्रास,ईको क्लब,यूथ क्लब आदि के विद्यार्थियों एवं समर्पित शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ स्वच्छता हेतु विद्यालय परिसर एवं निकटवर्ती न.पा.प. सरायपाली के वार्ड में स्वच्छता श्रमदान कर इस राष्ट्रव्यापी स्वच्छता महाभियान में शामिल होकर सहभागिता दी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा) एवं अध्यक्ष एसएमडीसी शा आदर्श उ.मा.वि.सरायपाली प्रदीप गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में सबकी भागीदारी आवश्यक है साथ ही स्वच्छता को जीवन में आत्मसात करने की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि शुरुआत हमेशा अपने आप से होनी चाहिए। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ -साथ सामुदायिक क्षेत्रों की स्वच्छता भी नितांत आवश्यक है। उन्होंने बड़ी संख्या में सेवाभाव से स्वच्छता श्रमदान हेतु शाला परिसर में उपस्थितों को देखकर सराहना करते हुए अनुकरणीय बताया। नोडल प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल एवं सेजेस सरायपाली प्रभारी प्राचार्य लता साहु के संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में व्याख्याता कृष्ण कुमार पाणिग्राही,रवीन्द्र कुमार पटेल, आनन्द कुमार भोई,जोगीलाल पटेल, महेश नायक,नरेश पटेल,मनोज पटेल,मीना एस.प्रकाश,सुब्रत प्रधान,दिनेश कर,साकेत रजवाड़े, प्रभारी प्रधान पाठक द्वय मनोज पटेल एवम् यशवंत कुमार चौधरी,शिक्षक राजकुमार पटेल,विनोद कुमार चौधरी, श्याम सुन्दर दास,दिनेश कुमार पटेल, सुनील कुमार दास,गजानंद प्रधान,रश्मि रा.जा, विशिकेशन नैरोजी, प्रधान पाठक आशा शर्मा,सहायक शिक्षक एल.बी.पात्रो,धनपत सिदार,भारती सिदार,नेतराम पटेल,प्रयोगशाला सहायक गुलाब चौहान,हिमाद्री प्रधान,भृत्य रामेश्वर चौहान, घसियाराम चौहान,केशव प्रसाद चौहान,गीती बरिहा,गोमती बरिहा,बेदमोती बंछोर आदि ने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर श्रमदान किया। वरिष्ठ व्याख्याता के.के.पाणिग्राही द्वारा सामुहिक रूप से स्वच्छता हेतु संकल्पित होने सबको स्वच्छता शपथ दिलाया ।झाड़ू, फावड़ा,बाल्टी,डस्टबिन लेकर साफ सफाई अभियान में प्रातः10 बजे से व्याख्याता/ एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर जोगीलाल पटेल के नेतृत्व में शाला प्रांगण की सफाई कार्य किया गया वहीं व्याख्याता महेश नायक के नेतृत्व में शाला द्वार के आसपास की साफ़ सफ़ाई किया गया वहीं एचडब्ल्यूबी स्काउटर यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में समीपस्थ वार्ड में सामुदायिक रुप से साफ सफाई कर जागरूकता अभियान चलाया गया । एनसीसी,ईको क्लब स्काउट गाइड,रेडक्रास के विद्यार्थियों ने स्वच्छता स्लोगन,नारे की तख्तियां हाथों में लिए स्वच्छता संबंधी खूब नारे लगाकर वातावरण बनाकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान प्राचार्य जे.पी.पटेल एवं सेजेस की प्रभारी प्राचार्य लता साहु ने स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ाने पर जोर देते हुए स्वच्छता संबंधी संदेश दिया और संस्था को क्लीन - ग्रीन- ईको फ्रेंडली विद्यालय के रुप में संवारने सबकी सहभागिता हेतु अपील किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया।



## निधन

### रमेश पाण्डेय

**भिलाईनगर** 1 अक्टूबर। मदर टैरेसा नगर कैम्प 01 के प्रतिष्ठित नागरिक एचएससीएल के पूर्व कर्मी रमेश पांडेय का इलाज के दौरान सुबह 2.30 बजे रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 72 साल के थे। आज रविवार को दोपहर 3 बजे उनके निवास से अंतिम यात्रा रामनगर मुक्ति धाम के लिये निकलेगी जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री, एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे कांग्रेस नेता मनोज कुमार पांडेय के पिता थे।



# कुरुद सिविल अस्पताल में भंडार क्रय निविदा में नियमों की अनदेखी

## 21 की जगह केवल 6 दिन में ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा रही

**कुरुद,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिविल अस्पताल कुरुद द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों के भोजन व्यवस्था हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा निविदा आमंत्रण हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें भंडार क्रय नियम को दरकिनार कर 6 दिन में निविदा प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है जबकि भंडार क्रय नियम में प्रथम निविदा हेतु 21 दिवस, द्वितीय निविदा हेतु 15 दिवस, तृतीय निविदा हेतु 7 दिवस निर्धारित है मगर खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरुद के लिए शासन द्वारा बनाये नियम मायने नहीं रखता स्वयं नियम तैयार कर आमजनों एवं शासन प्रशासन को आइना दिखाया जा रहा इससे लगता है कि इनके लिए शासन का नियम कागज में ही ठीक है।

भोजन हेतु आमंत्रित किये जाने वाले निविदा को अपने चहेते समूह को देने के उद्देश्य से आनन फानन में कम समय देकर निकाला गया है ताकि और कोई दूसरा समूह दस्तावेज पूर्ण न कर निविदा में सम्मिलित न हो सके और एक समूह को निविदा देकर मनमानी किया जा सके। अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिये जिस स्थान पर भोजन बनाया जाता है उसके बाजू में किचन से निकलने वाले सभी प्रकार के अपशिष्ट गड्ढे में इकट्ठा होता है। जहाँ से असहनीय बदबू आता है उस स्थान में कीड़े मकोड़े आदि पनपने से मरीजों को और बीमार बना सकता है एवं गंभीर बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ रहता है। किचन से निकलने वकले अपशिष्टो के बेहतर प्रबंधन के लिए अस्पताल प्रशासन जीवन दीप समिति द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जाता है।

उच्च अधिकारियों को चाहिए कि जीवन दीप समिति मद से सिविल अस्पताल कुरुद में हुए खरीदी और करवाये



जा रहे कार्यो का जाँच कर उचित कार्यवाही कर शासन को हुए हानि का वसूली किया जाये। अस्पताल परिसर में बने पुराने लैब के साथ साथ नये बिल्डिंग को तोड़वाकर वहाँ से निकले बहुत से सामग्रियों को भंडार क्रय नियम का पालन किये बगैर और न हि शासकीय प्रक्रिया अपनाकर उसका उपलेखन किया गया है। बल्कि स्वयं लाभ के लिए सामग्रियों को बेचकर पैसा डकार लिया है।

### विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू ने लगाए गंभीर आरोप

शासन द्वारा कुछ दिन पूर्व संलग्नीकरण समाप्त करने हेतु आदेश जारी किया गया था जिसमे ऐसे अधिकारी कर्मचारी जिनको पदस्थापना स्थल से अन्य स्थान पर संलग्न कर रखा गया है आदेश के तहत संलग्नीकरण समाप्त कर मूल पदस्थापना स्थल में वापस भेजना था पर खंड चिकित्सा अधिकारी अपने चहेते लोगों पर शासन द्वारा जारी आदेश को अनदेखा करते हुए दो तीन लोगों पर लागू कर दर्जन भर संलग्न अधिकारी कर्मचारियों के ऊपर लागू न करते हुए सिविल अस्पताल कुरुद में संलग्न कर रखा गया है। यहाँ के अधिकारी शासकीय वाहन होते हुए शासकीय वाहन का उपयोग न कर निजी किराये के वाहन का उपयोग विभागीय कार्यो के साथ साथ निजी कार्यो हेतु उपयोग किया जाता हैं। जिससे शासन को बहुत आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा जबकि शासन द्वारा डीजल हेतु पर्याप्त राशि विभाग को दिया जाता है। जब प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी को पक्ष जानने के संबंध में संपर्क करना चाहा तो कुरुद में नही थे तत्पश्चात समय शाम 07~00 बजे मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया गया तो इनके द्वारा फ़ोन स्वीकार नही किया गया प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी के अनुपस्थिति में बीपीएम रोहित पाण्डेय से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी फोन स्वीकार नहीं किया। सिविल अस्पताल कुरुद में विकासखंड के 100 से अधिक ग्रामीणों के साथ साथ विकासखंड धमतरी, मगरलोड एवं और भी विकासखंड के मरीज उपचार हेतु आते है लेकिन यहाँ व्यवस्था के नाम पर शून्य है। जबकि शासन प्रशासन द्वारा बहुत सारी सुविधाएं मुहैया करवा रही है और राशि भी दे रही है पर प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी अपने निजी लाभ वाले कार्यो में राशि व्यय कर मरीजो के सुविधाओं से संबंधित कार्यो को नजरअंदाज कर दिया जाता है ये अधिकारी जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर अपने हित को ज्यादा तब्बजो दे रहे है। इनके द्वारा मरीजो के परिजनों का फ़ोन भी स्वीकार नहीं किया जाता है। लंबे समय से जमे होने के कारण यहाँ के अधिकारियों का हौसला बुलंद हो गया है। पूर्व में इसी प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र देने का मामला प्रकाशित हुआ था जिससे कई पात्र अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य विभाग में निकले नौकरी के भर्ती प्रक्रिया में संदेह है। उक्त खबर प्रकाशित होने के बावजूद भी किसी प्रकार की कार्यवाही न होने से इनके हौसला और बुलंद हो गया है। शासन प्रशासन को चाहिए कि ऐसे अधिकारी पर उचित कार्यवाही हो ताकि आमजनों को और अस्पताल आने वाले मरीजों को न्याय मिले और मरीज हित में कार्य होने के साथ साथ मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सके। वर्तमान में जिस समूह द्वारा भोजन प्रदान किया जा रहा उनका कार्यकाल को बिना किसी आपातकालीन स्थिति के तीन माह आगे बढ़ा दिया गया है जबकि उक्त समूह का कार्यकाल 1 वर्ष का था इससे प्रतीत होता है कि यहाँ के अधिकारी का नियमों से किसी प्रकार का लेना देना नहीं है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसके मंडल का कहना है, कि फ़ोन में जानकारी नहीं दे सकता। कार्यालयआ जाइए वर्जन दे दूंगा। विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू ने कहा कि नियमों को ताक में रखकर स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए गुपचुप तरीके से निविदा अल्प समय के लिए प्रकाशित किया गया है।

# हम पांच, रखते हैं दिल का ख्याल...

**भाटापारा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। हल्दी, लहसून, काली मिर्च, धनिया और अदरक। इन पांच मसालों में कोलेस्ट्रोल को काबू रखने के गुण मिले हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मसाले, हृदय के सुचारू संचालन में न केवल मदद करते हैं बल्कि अटैक के बाद होने वाली स्वास्थ्यगत परेशानियां भी खत्म करते हैं।



उच्च या निम्न रक्तचाप आम बीमारी हो चली है। कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना कई बीमारियों का जनक बन रहा है। दवाइयां तो हैं लेकिन इसे स्थाई समाधान नहीं माना जाता क्योंकि अनियमित दिनचर्या और असंतुलित आहार इसमें बड़ी बाधा है। ऐसे में हृदयाघात जैसी खतरनाक स्थितियों से बचने के लिए वैज्ञानिकों ने मसालों की पांच ऐसी प्रजाति की खोज की है, जिसमें ऐसे महत्वपूर्ण औषधिय तत्व होने की जानकारी मिली है।

### हम पांच

हल्दी बढ़ते एच डी एल कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखता है। लहसून में होते हैं एंटीफंगल प्रॉपर्टीज और जीवाणु रोधी तत्व की प्रचुरता। कालीमिर्च, शक्तिशाली ऑक्सीडेंट और भरपूर वैनेडियम। धनिया बीज, हाइपोलिपिडेमिक क्रिया को बढ़ाता है। अदरक में एंटी इन्फ्लेमेंटरी तत्व के होने की जानकारी सामने आई है।

### मदद इस स्थिति में

गैस, पेट और दांत दर्द को रोकती है हल्दी। सीने में होने वाला दर्द भी रोका जा सकता है। शक्ति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एंटी ऑक्सीडेंट होने की वजह से यह फेफड़ों की बीमारियां दूर करने में सक्षम है। लहसून को रक्त की तरलता कम करने में सक्षम पाया गया है, तो उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में रखता है। काली मिर्च को सबसे ज्यादा शक्तिशाली माना गया है क्योंकि इसके सेवन से हृदयाघात के बाद कार्डियक फंक्शन को रिकवर किया जा सकता है। धनिया बीज हाइपोलिपिडेमिक क्रिया करता है। इसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड कम होता है। अदरक में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण होने की वजह से यकृत को क्रियाशील रखता है।

### दिनचर्या में बदलाव

अनुसंधान में फास्ट फूड का मानक से ज्यादा सेवन को प्रतिकूल स्थितियों के लिए जिम्मेदार माना गया है, तो खाद्य सामग्रियों में अपद्रव्य पदार्थों का मिश्रण सर्वाधिक नुकसानदेह बताया गया है। प्रभावी कानून तो हैं लेकिन रोक के लिए जिम्मेदार, कोसों दूर हैं। लिहाजा दैनिक खानपान में इन 5 मसालों का सेवन हेल्दी हार्ट बनाने में सहायक होगा।

### स्वस्थ आहार का सेवन जरूरी

एक स्वस्थ हृदय सुखी जीवन की कुंजी है द्य यह तभी प्राप्त किया जा सकता है जब आप स्वस्थ आहार और जीवन शैली का पालन करते हैं द्य हमारे आस-पास कई मसाले हैं, जिनका नियमित रूप से सेवन करने से आपको स्वस्थ हृदय प्राप्त करने में मदद मिल सकती है द्य वे आहार में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य संभावित बायोएक्टिव यौगिकों के सस्ते स्रोत है।

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# स्वच्छता अभियान चलाया गया



**पिथौरा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 1 अक्टूबर से देशभर में स्वक्षता अभियान पखवाड़ा मनाया जा रहा है इस क्रम में पिथोरा नगर में स्वक्षता अभियान मनाया गया, जिसके तहत पिथौरा नगर के सभी वार्डो में साफ सफाई अभियान चलाया गया चौक चौराहों, गालियां तालाब, धार्मिक स्थलों के पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर के बस स्टैंड पुष्प वाटिका बाजार गांधी चौक बस्ती पर तालाब खेल मैदान पर चौक सहित विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई किया गया, नगर पंचायत अध्यक्ष नगर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया एवं समस्त नगर वासियों को शपथ दिलाया कि हम अपने आसपास एवं नगर को हमेशा स्वच्छ रखेंगे।

विदित हो मुख्यमंत्री ने 1 अक्तूबर को श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान से जुड़कर सहयोग करने की अपील की थी गांधी जयंती के अवसर पर हर गली मोहल्ले को सेवा ग्राम मनाने अपील किया था, जिसके तहत नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव के नेतृत्व में पार्षदों सफाई कर्मी, वन विभाग, रेडक्रॉस समेत अन्य लोगो ने जनभागीदारी निभाते हुए मुख्य बाजार में साफ सफाई की इस अवसर पर नगर पंचायत आत्माराम ने कहा कि नगर की स्वच्छता नगर के सभी परिवारजनों की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसमें जनभागीदारी बहुत ही अहम है. इस अवसर आत्माराम यादव तरुण पांडे राजू सिन्हा खीरू पटेल टेकू साहू योगेश्वर गोलू डडसेना नगर पंचायत सी एम ओ महेंद्र गुप्ता रेंजर गण्डेचा नगर पंचायत कर्मचारी फॉरेस्ट कर्मचारी रेडक्रॉस स्काउट सहित सफाई कर्मी भी उपस्थित रहे।

# कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान दिया स्वच्छता का संदेश

**खरोरा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। टेकारी स्थित कोलंबिया कॉलेज ऑफ़ फॉर्मेसी के छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना और एक कदम स्वच्छता के तहत कॉलेज के छात्र/छात्राओं द्वारा 2 अक्टूबर को आने वाला राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शनिवार को कोलंबिया कॉलेज आफ फार्मेसी के छात्राओं द्वारा कॉलेज स्तर में सफाई अभियान चलाया गया सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमे कॉलेज के स्टूडेंट्स द्वारा परिसर की पूरी साफ सफाई की गयी और क्लास रूम को सुव्यवस्थित तरीक़े से साफ सफाई किया गया, । इस मौके पर कॉलेज के रिंष्ट्रीय सेवा योजना के कॉलेज के सयोंजक महेन्द्र साहू ने कहा कि यह सफाई अभियान कॉलेज परिसर तक ही सिमित नहीं रहेगा बल्कि इस का और आस पास के गांवों में जाकर हमे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हमे स्वच्छता का संदेश देना है जिससे लोग जागरूक हो, साथ ही



### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को किया याद

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को गांधी के सिद्धांत अहिंसा परमोधर्म पर चलने का आह्वान किया। वही मनोज वर्मा ने छात्रों को अस्वच्छता से होने वाले नुकसान और स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे मे बताया और सभी को अपने आसपास को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया इस अभियान से भारत को गन्दगी रहित बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत अभियान को क्लीन इंडिया मिशन व क्लीन इंडिया ड्राइव भी कहा जाता है। स्वच्छ भारत का सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सपना था इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हमे हमारे आस पास के गंदगी को साफ कर, गंदगी रहित बनाए साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जयंती के अवसर पर कॉलेज में एक संगोष्ठी भी आयोजित किया गया जिसमें कॉलेज के स्टूडेंट्स बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए और राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी जी के संघर्ष भरे जीवन और उनके आदर्शों को भी गीत, कविता, वीडियो और भाषण के जरिए स्मरण किया और उनके बताए मार्गों पर चलने के लिए सभी कॉलेज के स्टूडेंट्स प्रतिबद्ध हुए इस मौके पर डॉ आशिष मजमुदार सर एच ओ डी, अल्का बघेल मैम, महेन्द्र साहू सर मनोज वर्मा सर प्रियंका विश्वकर्मा, शेलिना जीवा, भास्कर साहू सर, चंचल मैम, दीक्षा मैम, के साथ समस्त टीचर्स एवं बड़ी संख्या में कॉलेज के स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

# तोड़ा नियम, तो 20 हजार का जुर्माना

**भाटापारा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। 94791-90629। पुलिस कंट्रोल रूम के इस मोबाइल नंबर पर की जा सकेंगी, ध्वनि प्रदूषण और संबंधित शिकायतें। मानक से ज्यादा डेसीबल पर साउंड सिस्टम चलाने से हो रही असुविधा के बाद जिला पुलिस प्रशासन ने यह नंबर जारी किया है ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

नियंत्रण से बाहर जा चुके डीजे और धूमाल संचालकों को, ना केवल ध्वनि प्रदूषण रोकने के नियमों का परिपालन करना होगा बल्कि अपने कर्मचारियों को परिचय पत्र भी देना होगा। यह इसलिए क्योंकि प्रतिकूल स्थितियों में पहचान सुनिश्चित हो सके।

**...तो 20 हजार का अर्थदंड**

रात्रि 10~00 बजे से सुबह 6~00 तक की अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र और डीजे बजाने पर रोक होगी। सार्वजनिक या निजी जगह पर 60 डेसीबल से ज्यादा ध्वनि की अनुमति नहीं होगी। मालवाहक वाहन में डीजे धुमाल यदि वाहन से बाहर पाया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों में चमकीली लाइट नहीं लगाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। संचालन के पूर्व सक्षम अधिकारी की अनुमति जरूरी है। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन होना पाया गया तो संबंधित के खिलाफ न केवल विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी बल्कि 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया जाएगा।



**प्रभावी यह नियम भी**

स्कूल, अस्पताल, न्यायालय परिसर और वृद्ध आश्रम के क्षेत्र साइलेंट जोन में रखे गए हैं। याने इन चारों जगह पर डीजे, धूमाल और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा डीजे, धुमाल संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि ऐसे गाने नहीं बजाएं, जिससे धार्मिक सद्भावना खराब होने की आशंका बनती हो। संचालन के दौरान संबंधित कर्मचारियों के पास, परिचय पत्र का होना अनिवार्य होगा ताकि प्रतिकूल परिस्थितियों में पहचान सुनिश्चित की जा सके।

**शिकायत इस नंबर पर**

94791-90629। पुलिस कंट्रोल रूम के इस मोबाइल नंबर को जारी करते हुए, जिला पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से कहा है कि नियमों के पालन को लेकर कोई डीजे, धुमाल या लाउडस्पीकर संचालक लापरवाही दिखा रहा है, तो इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दें ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# गांजर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करने से ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

**बागबाहरा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस थाना बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम गांजर ? ? में शरारती एवं असमाजिक तत्वों ने हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित कर दिया है। जिससे ग्राम वासियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की है।

गांजरवासियों ने कल शनिवार को बागबाहरा थाना पहुंचकर दोषियों की तलाश कर कड़ी कार्रवाई करने हेतु थाना प्रभारी महेश साहू को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा कृत्य हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ है, जो बर्दास्त योग्य नहीं है। क्षेत्र के जनपद सदस्य जगमोहन चंद्राकर, केशव चंद्राकर, हुलास चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, दीपक चंद्राकर ने बताया कि गत 29 सितम्बर को गांजर-मुनगाशेर रोड में नदी के पास मंदिर, जुन्ना तालाब के पास शनिदेव मंदिर, नया तालाब के किनारे दो मंदिरों एवं बागबाहरा मार्ग में बजरंग बली मंदिर की तोड़फोड़ कर मूर्तियों को खंडित किया गया है। शनिदेव, गणेश जी, नंदी एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर हिन्दुओं की आस्था पर ठेस पहुंचाया है। जिससे ग्रामवासी आहत है। ऐसे कृत्य होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त कृत्य से आहत ग्रामीणों ने गांव में एक बैठक बुलाकर उक्त घटना की कड़ी निंदा करते हुए बागबाहरा थाना पहुंचकर अपने देवी-देवताओं की सुरक्षा एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ग्रामीणों ने इस मामले का जल्द उचित कार्रवाई कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। ताकि इसकी पुनरावृति कहीं भी कभी भी न हो।

# शतरंज के लिए 9 खिलाड़ियों का चयन




**बागबाहरा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जिसमें बलौदाबाजार एवं महासमुंद जिले के विभिन्न कॉलेजों के 72 प्रतिभागियों ने शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें पुरुष वर्ग में धर्मेंद्र बागबाहरा, बिट्टू राजा पिथौरा, प्रियतम देवांगन बागबाहरा, शिवम यदु कोहका, मनीष कुमार भाटापारा ने प्रथम पांच स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में नमिता यादव सराईपाली, संजीता पिथौरा, कुसुम चौहान लवन, नेहा प्रधान सरायपाली ने प्रथम चार स्थान प्राप्त किया। इन सभी खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जो 5 अक्टूबर से महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज रायपुर में आयोजित है। इस शतरंज प्रतियोगिता के निर्णायक राष्ट्रीय आर्बिटर रॉकी देवांगन, कोमल ध्रुववंशी, डॉ. लक्ष्मण साहू एवं शिव गोपाल रात्रे थे। समापन समारोह में प्राचार्य बी.एस. ठाकुर ने कहा कि यह खेल मानसिक विकास को बढ़ावा देता है। यह खेल हमारे जीवन में चल रही घटनाओं के समान ही है। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गेहूं में जलवायु प्रतिरोधी किस्म बहुत जल्द...!

**भाटापारा,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। बढ़ता तापमान, घटता उत्पादन। जरूरत अब गेहूं में ऐसी किस्म की महसूस की जा रही है, जिसमें बढ़ता तापमान सहने की क्षमता हो। सब कुछ सही रहा, तो किसानों को जलवायु प्रतिरोधी किस्म के गेहूं बीज बहुत जल्द मिलने लगेंगे।

जलवायु परिवर्तन के घेरे में अब गेहूं उत्पादक किसान भी आ चुके हैं। बोनी और फसल वृद्धि के मौके पर बढ़ता तापमान न केवल उत्पादन पर असर डाल रहा है बल्कि भूजल का स्तर भी तेजी से गिरा रहा है। इसलिए किसान अब गेहूं में जलवायु प्रतिरोधी किस्म की प्रतीक्षा में हैं, जिस पर अनुसंधान लगभग पूरा हो चुका है।

**इसलिए जलवायु प्रतिरोधी:** गेहूं की बोनी नवंबर माह के अंत से लेकर दिसंबर अंत तक हर हाल में हो जाना चाहिए लेकिन यह काम इसलिए नहीं हो पाता क्योंकि मध्य और विलंब से तैयार होने वाली धान की फसल लेते हैं, प्रदेश के किसान। इसकी कटाई 15 नवंबर तक होती देखी गई है। इसलिए गेहूं की बोनी के समय तापमान 28 से 29 डिग्री सेल्सियस की जगह 30 से 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा हुआ होता है। असर, फसल की वृद्धि के समय तापमान इससे कुछ ज्यादा होता है।



**परिणाम, कमजोर उत्पादन:** मार्च के महीने में जैसा तापमान गेहूं की फसल के लिए होना चाहिए, यदि वह 32 से 35 डिग्री सेल्सियस तक हो जाता है, तो इस बरस गेहूं उत्पादन में 19.03त्न तक की गिरावट के प्रबल आसार हैं। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि विलंब से बोनी के बाद मार्च महीने का तापमान इसके आसपास ही दर्ज किया गया है। यह ठीक वह महीना है, जब पौधों में पुष्पन और परागण की प्रक्रिया होती है।

**प्रतीक्षा इन प्रजातियों की:** केंद्रीय शुष्क भूमि कृषि अनुसंधान संस्थान हैदराबाद और नेशनल इनोवेशन इन क्लाइमेट अडॉप्टेबल एग्रीकल्चर ने जलवायु प्रतिरोधी गेहूं की कुछ किस्में विकसित की हैं। भारतीय गेहूं और जौ संस्थान करनाल ने सात ऐसी प्रजातियां तैयार की हैं, जिन्हें जलवायु परिवर्तन रोधी किस्म माना जा रहा है। इधर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में भी 6 प्रजातियां तैयार की जा चुकीं हैं, जो गर्मी सहनशील हैं। बताते चलें कि बीटीसी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बिलासपुर में भी कुछ प्रजातियों पर काम हुआ है।

**रखना होगा इसका ध्यान:** जलवायु प्रतिरोधी किस्म की बोनी में, समय का ध्यान बेहद अहम होगा क्योंकि बोनी करने के 100 से 110 दिन बाद पौधों में फूल लगने लगते हैं। बाद में परागण की प्रक्रिया में 4 से 5 दिन लगते हैं। नई किस्मों में इस दौरान 30 डिग्री सेल्सियस तापमान को सही माना गया है। यह स्तर बना रहा, तो दानों का वजन सही और उत्पादन का स्तर भी बना रहेगा।

**बीज के लिए शासन स्तर पर पहल जरूरी:** प्रदेश की भूमि और तापमान को देखते हुए नवंबर अंत से दिसंबर तक का पूरा माह सही माना गया है। नई जलवायु प्रतिरोधी किस्म के बीज के लिए शासन और प्रशासन का प्रयास जरूरी है क्योंकि प्रदेश के किसानों का रुझान नई किस्म की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

**- डॉ एस आर पटेल, रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर**